सूर्योदय : 6:15
सूर्यास्त : 5:23
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 21.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-136 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 07 नवम्बर 2024
04 जमादियुल-अव्वल 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




## अमेरिका चुनाव : ट्रम्प को मिला बहुमत, फिर बनेंगे राष्ट्रपति

# अमेरिका में फिर ट्रंप युग

- दूसरे विश्वयुद्ध के बाद पहले राष्ट्रपति जो हारकर फिर जीते
- अमेरिकी संसद में बढ़ा भारतवंशियों का दबदबा
- भारतीय मूल के 6 सांसदों ने मारी बाजी
- कमला को 224 वोट मिले

**277** इलेक्टोरल वोट ट्रंप को मिले



### यह पल अमेरिका को उबारने में मददगार होगा: ट्रंप

**वेस्ट पाम बीच।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन खेमे को अभूतपूर्व जनादेश देने के लिए उनका आभार जताया और कहा कि यह पल देश को उबरने में मदद करेगा। ट्रंप ने कहा, 'मैं अमेरिका का 45वां राष्ट्रपति चुने जाने के बाद अब 47वां राष्ट्रपति चुने जाने के अत्यधिक सम्मान के लिए अमेरिकी जनता का शुक्रिया अदा करता हूं। उन्होंने फ्लोरिडा में अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा, ''अमेरिका ने हमें अभूतपूर्व और शक्तिशाली जनादेश दिया है। हमारे पास सीनेट का नियंत्रण वापस आ गया है। वाह, कितनी अच्छी बात है।''

### लोगों की बेहतरी के लिए करेंगे कामः मोदी



राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी ट्रंप को बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि मेरे दोस्त डोनाल्ड ट्रंप को ऐतिहासिक चुनावी जीत पर हार्दिक बधाई। जैसा कि आप अपने पिछले कार्यकाल की सफलताओं को आगे बढ़ा रहे हैं, मैं भारत-अमेरिका संबंधों और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए हमारे सहयोग की आशा करता हूं। आइए हम सब मिलकर अपने लोगों की बेहतरी के लिए काम करें और वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा दें।

**वाशिंगटन।** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की जीत का औपचारिक एलान हो चुका है। समाचार एजेंसी एपी ने के मुताबिक अधिकांश मतगणना पूरी हो चुकी है और रिपब्लिकन प्रत्याशी ट्रंप को विजेता घोषित किया गया है। स्थानीय समय के मुताबिक बुधवार शाम 4 बजे तक घोषित परिणाम के अनुसार ट्रंप को 277 इलेक्टोरल वोट मिले हैं। रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रंप की प्रतिद्वंद्वी और डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रत्याशी कमला हैरिस को 224 वोट मिले हैं। भारत, ब्रिटेन समेत कई देशों ने डोनाल्ड ट्रंप को जीत की बधाई दी है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जीत वैश्विक तौर पर कई मायनों में अहम मानी जा रही है। पुरी में रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक ने रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप को सैंड आर्ट बनाकर बधाई दी। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने डोनाल्ड ट्रंप को जीत के लिए बधाई दी। कीर स्टार्मर ने कहा कि ट्रंप के जीत हासिल करने के बाद ब्रिटेन और अमेरिका के बीच विशेष संबंध नए अमेरिकी प्रशासन के तहत भी समृद्ध होंगे। स्टार्मर ने कहा कि आपके ऐतिहासिक चुनाव जीत पर राष्ट्रपति-चुनाव ट्रंप को बधाई।

### भारतीय मूल के इन प्रतिनिधियों की जीत



**वॉशगटन।** अमेरिकी संसद में भारतवंशियों की संख्या बढ़ गई है। भारतीय मूल के छह अमेरिकी प्रतिनिधि सभा का चुनाव जीत गए हैं। मौजूदा कांग्रेस (अमेरिकी संसद) में इनकी संख्या पांच थी। सभी पांच मौजूदा भारतवंशी सांसदों को प्रतिनिधि सभा के लिए फिर से चुन लिया गया है। संसदीय चुनाव में कुल नौ भारतवंशी मैदान में उतरे थे। वहीं दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद शहर की रहने वाली सबा हैदर ने अमेरिका में हुए चुनावों में रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज की है। उन्हें ड्यूपेज काउंडी बोर्ड के चुनाव में जीत मिली है। अमेरिका में हुए चुनाव में वह डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ से चुनावी मैदान में थीं। अमेरिकी संसद में भारतीय मूल के सदस्यों को समोसा काकस के नाम से जाना जाता है। वर्तमान में अमी बेरा, राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना, प्रमिला जयपाल और श्री थानेदार इसके सदस्य हैं। एरिजोना के पहले संसदीय जिले से डा. अमीश शाह अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ मामूली अंतर से आगे हैं। अगर वह जीत हासिल करने में सफल होते हैं, तो प्रतिनिधि सभा में भारतीय अमेरिकियों की संख्या बढ़कर सात हो जाएगी।

# कार के लाइसेंस पर 7,500 किलोग्राम तक व्हीकल चलाने पर रोक नहीं : सुप्रीम कोर्ट

- पांच-सदस्यीय संविधान पीठ ने सुनाया फैसला
- सुप्रीम कोर्ट ने 2017 का फैसला बरकरार रखा



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने हल्के मोटर वाहन (एलएमवी) का ड्राइविंग लाइसेंस रखने वाले व्यक्तियों को लेकर बड़ा फैसला सुनाया है।

कोर्ट ने व्यवस्था दी है कि एलएमवी का ड्राइविंग लाइसेंस रखने वाला व्यक्ति 7,500 किलोग्राम से कम वजन वाले तक परिवहन वाहन को चलाने के हकदार हैं। कोर्ट ने कहा कि ऐसे कोई आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं, जिससे यह साबित हो सके कि देश में सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि के लिए एलएमवी लाइसेंस धारक जिम्मेदार हैं। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय ने प्रधान न्यायाधीश सहित चार न्यायाधीशों की ओर से फैसला लिखते हुए कहा कि यह मुद्दा हल्के मोटर वाहन लाइसेंस धारकों वाले चालकों की आजीविका से संबंधित है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली पांच-सदस्यीय संविधान पीठ इस पर फैसला सुनाया। यह कानूनी सवाल दुर्घटना मामलों में बीमा कंपनियों की तरफ से मुआवजे के दावों के विवादों का कारण बन रहा था, जिनमें एलएमवी ड्राइविंग लाइसेंस धारकों की तरफ से ट्रांसपोर्ट वाहन चलाए जा रहे थे। बीमा कंपनियों का कहना है कि मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (एमएसीटी) और अदालतें उनके आपत्तियों की अनदेखी करते हुए उन्हें बीमा दावे का भुगतान करने के आदेश दे रही हैं। बीमा कंपनियों का कहना है कि अदालतें बीमा विवादों में बीमाधारकों के पक्ष में फैसला ले रही हैं। यह सवाल 8 मार्च 2022 को तीन-सदस्यीय पीठ की तरफ से संविधान पीठ को भेजा गया था, जिसमें जस्टिस यूयू ललित (अब सेवानिवृत्त) शामिल थे। यह मुद्दा सुप्रीम कोर्ट के 2017 के मुकुंद देवांगन बनाम ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड मामले से उठा था। मुकुंद देवांगन मामले में, अदालत ने कहा था कि 7,500 किलोग्राम तक वजन वाले ट्रांसपोर्ट वाहन को एलएमवी की परिभाषा से बाहर नहीं किया गया है।

# मेधावी छात्रों को मोदी सरकार का तोहफा

**मोदी कैबिनेट**

## बैंकों और वित्तीय संस्थानों से लोन लेना होगा आसान

- हायर एजुकेशन के लोन पर 75 प्रतिशत क्रेडिट गारंटी मिलेगी
- 860 संस्थानों के 22 लाख छात्रों को मिलेगा फायदा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पीएम विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी दी है। इस योजना का मकसद है कि मेधावी छात्रों की पढ़ाई में अड़चन न आए।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि पीएम विद्यालक्ष्मी योजना का लाभ एजुकेशन लोन में मिलेगा। उन्होंने बताया कि जरूरतमंद बच्चों की पढ़ाई के लिए बैंकों से 10 लाख रुपये तक का शिक्षा ऋण सस्ती दरों पर लिया जा सकेगा। वैष्णव ने बताया कि मेधावी बच्चे बैंकों से लोन उच्च शिक्षण संस्थानों से पढ़ाई के लिए लोन ले सकेंगे। इस योजना के दायरे में देश के प्रमुख 860 हायर एजुकेशन सेंटर्स के 22 लाख से अधिक छात्र आएंगे। इस योजना के प्रभाव से अब पैसे की कमी के कारण बच्चों की उच्च शिक्षा में कोई अड़चन नहीं आएगी। शिक्षा ऋण गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा संस्थान में प्रवेश लेने वाले छात्रों के पाठ्यक्रम से संबंधित ट्यूशन फीस और अन्य खर्चों की पूरी राशि को कवर करेगा। वैष्णव ने बताया कि बैंकों और वित्तीय संस्थानों से समर्थन-मुक्त गारंटर-मुक्त ऋण लिया जा सकेगा। वैष्णव ने बताया कि ऐसे परिवार जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 8 लाख रुपये है। इन परिवारों के छात्रों की पढ़ाई के लिए पीएम विद्यालक्ष्मी योजना के तहत 10 लाख रुपये तक के ऋण पर तीन प्रतिशत ब्याज अनुदान मिलेगा। 7.5 लाख रुपये तक के ऋण पर भारत सरकार 75 प्रतिशत क्रेडिट गारंटी देगी।

### स्पेस सेक्टर में 1,000 करोड़ खर्च करेगी सरकार



भारत सरकार स्पेस सेक्टर में स्टार्ट अप को बढ़ावा देने के लिए 1,000 करोड़ रुपए खर्च करेगी। इसे पांच साल में खर्च किया जाएगा। 2025-26 में 150 करोड़, 2026-27, 2027-28 और 2028-29 में 250-250 करोड़, 2029-30 में 100 करोड़ खर्च होंगे। केंद्रीय मंत्री अश्विन वैष्णव ने यह जानकारी कैबिनेट बैठक के बाद दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बैठक की अध्यक्षता की। आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) ने इस दौरान रेल मंत्रालय के 6,798 करोड़ रुपए के दो प्रोजेक्ट को पास किया।

# हरदोई में डीसीएम आने से अनियंत्रित होकर पलटा टेम्पो, दस की मौत

- सीएम योगी ने हादसे पर जताया शोक



**हरदोई।** हरदोई जिले के बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र में एक टेम्पो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में दस लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है, जबकि पांच गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि हादसा रोशनपुर के पास बिल्हौर-कटरा स्टेट हाईवे पर हुआ है। यहां एक डीसीएम के अचानक सामने आने से टेम्पो अनियंत्रित होकर पलट गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू शुरू किया है। मिली जानकारी के अनुसार, रोशनपुर गांव के पास सामने से आ रहे डीसीएम के कारण टेम्पो अनियंत्रित होकर पलट गया। टेम्पो में सवार लोगों में से सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दम तोड़ दिया। घटना में टेम्पो सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए है। मृतकों में पांच महिलाएं, दो बच्चियां, एक बच्चा और दो पुरुष शामिल हैं। घायलों और शवों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलग्राम भेजा गया है। घटना की जानकारी पर पुलिस अफसर घटनास्थल के लिए जिला मुख्यालय से रवाना हो गए हैं। वहीं, घटना के बाद से डीसीएम का चालक व हेल्पर मौके से फरार हो गए। पुलिस मृतकों की पहचान कराने की कोशिश में जुटी हुई है। बिलग्राम क्षेत्र में हुए भीषण सड़क हादसे का सीएम योगी ने संज्ञान लिया है। उन्होंने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। साथ ही, अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए हैं और घायलो के समुचित उपचार की व्यवस्था करवाने के लिए कहा है।

### दिल्ली से लेकर एनसीआर में रहेगी छुट्टी

**नई दिल्ली।** छठ महापर्व को देखते हुए गुरुवार को गौतमबुद्ध नगर के यूपी बोर्ड, सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त कक्षा नर्सरी से 8 तक के स्कूलों में अवकाश रहेगा। बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार ने बताया कि उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से सभी स्कूलों में छठ महापर्व के लिए अवकाश घोषित किया गया है। शुक्रवार को सभी स्कूल अपने निर्धारित समय पर खुलेंगे। इसके अलावा गाजियाबाद में भी स्कूल बंद रहेंगे। इसको लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक, गाजियाबाद ने पत्र जारी किया है। वहीं यूपी की राजधानी लखनऊ में भी सात नवंबर को जिला स्तरीय अवकाश घोषित किया गया है। हालांकि, यह सार्वजनिक अवकाश नहीं है इसलिए सरकारी कार्यालय खुले रहेंगे। छठ पर अवकाश को लेकर लखनऊ के जिलाधिकारी ने फैसला लिया है।

## सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर एक्शन पर योगी सरकार को लगाई फटकार

# आप रातों-रात किसी का घर नहीं तोड़ सकते

- बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी
- घर खाली करने का मौका नहीं देते, मनमानी करते हैं



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के महाराजगंज जिले में बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को फटकार लगाई है। मामले की सुनवाई करते हुए सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जे बी पारदीवाला, जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने बेहद कड़े शब्दों का प्रयोग किया।

कोर्ट ने सड़क अतिक्रमण को लेकर यूपी के प्राधिकारियों द्वारा याचिकाकर्ता के घर पर बुलडोजर से तोड़े जाने पर नाराजगी जताई और कहा कि आप घर खाली करने का मौका तक नहीं देते, ये मनमानी है. अराजकता है। आप घर कैसे तोड़ सकते हैं। सीजीआई ने कहा कि आप इस तरह लोगों के घरों को कैसे तोड़ना शुरू कर सकते हैं? यह अराजकता है, किसी के घर में घुसना। यह पूरी तरह से मनमानी है, उचित प्रक्रिया का पालन कहां किया गया है? हमारे पास हलफनामा है, जिसमें कहा गया है कि कोई नोटिस जारी नहीं किया गया था, आप केवल साइट पर गए थे और लोगों को सूचित किया था. हम इस मामले में दंडात्मक मुआवजा देने के इच्छुक हो सकते हैं. क्या इससे न्याय का उद्देश्य पूरा होगा। जस्टिस जेबी पारदीवाला ने कहा कि आपने 1960 से क्या किया है? पिछले 50 साल से क्या कर रहे थे? बहुत अहंकारी, राज्य को एनएचआरसी के आदेशों का कुछ सम्मान करना होगा, आप चुपचाप बैठे हैं और एक अधिकारी के कार्यों की रक्षा कर रहे हैं। जस्टिस जेबी पारदीवाला ने यूपी सरकार के वकील से कहा कि आपके अधिकारी ने पिछली रात सड़क चौड़ीकरण के लिए पीले निशान वाली जगह को तोड़ दिया, अगले दिन सुबह आप बुलडोजर लेकर आ गए।

> सुप्रीम कोर्ट 2019 में सड़क चौड़ी करने की एक परियोजना के लिए मकान गिराए जाने से संबंधित मामले में सुनवाई कर रही थी। मामला महाजरागंज का है। मनोज टिबरेवाल आकाश की ओर से रिट याचिका दायर की गई थी। याचिकाकर्ता का तर्क है कि विध्वंस की कार्रवाई सड़क के चौड़ीकरण में गलत कामों के संबंध में याचिकाकर्ता द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के खिलाफ थी। पीठ ने कहा, यूपी सरकार से कहा कि आप ऐसा नहीं कर सकते कि बुलडोजर लेकर आएं और रातों रात मकान गिरा दें।


## कार्यालयः नगर पंचायत-कपिलवस्तु, जनपद-सिद्धार्थनगर

स्वच्छ सर्वेक्षण-2024


नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री


योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उ.प्र.


अरविंद कुमार शर्मा
मा. नगर विकास मंत्री


राकेश राठौर गुरू
मा. राज्य नगर विकास मंत्री


जगदम्बिका पाल
मा. सांसद




श्याम धनी राही
मा. विधायक


सुभाष यदुवंशी
मा. विधान परिषद सदस्य

### छठ पूजा के अवसर पर नगर वासियों से विनम्र अपील की जाती है-

- खुले में शौच कदापि न करें। शौचालय का प्रयोग करें।
- डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन में अपना सहयोग अवश्य करें एवं सूखा कूड़ा व गीला कूड़ा अलग करके कचरा संग्राहक को सौपें।
- नगर पंचायत द्वारा चलाई जा रही **'गाय के लिए रोटी'** वाहन में फलों, सब्जियों के छिलके, सूखा खाना एवं अन्य पदार्थ अवश्य दान करें।
- नगर में एकल प्रयोग वाली पालीथीन का प्रयोग पूर्णतया प्रतिबन्धित है। इसका प्रयोग ना करें। पर्यावरण को प्लास्टिक के प्रदूषण से मुक्त बनायें।
- कूड़ा-करकट आदि नालियों, सड़कों, खुले स्थानों में न फेंके, सफाई में सहयोग करें।
- पौधा लगायें, पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त बनाने में सहयोग करें।
- सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण न करें।
- जल ही जीवन है इसकी बचत करें और भूगर्भ जलस्तर को बनाये रखने में अपना सहयोग करें।
- गृहकर व सेल्फ असेसमेन्ट हेतु हाउसहोल्ड सर्वे में सहयोग प्रदान करें।
- जन्म और मृत्यु की सूचना 21 दिनों के भीतर कार्यालय में दर्ज करायें।
- पथ प्रकाश बिन्दुओं को क्षति ना पहुंचायें।
- कूड़ेदान का प्रयोग करें।
- किसी भी समस्या के लिए टोल फ्री नं. 1533 पर कॉल करें।
- यह नगर आपका है इसे स्वच्छ एवं सुन्दर बनाये रखने में सहयोग करें।

सुविधायें

- पानी की पूर्ति प्रतिदिन समयानुसार की जाती है।
- मुख्य सड़कों एवं प्रत्येक वार्डों में सफाई की समुचित व्यवस्था की गयी है।
- नगर पंचायत अपने संसाधन बढ़ाये जाने एवं इस निकाय को सुदृढ़ बनाये जाने हेतु तत्पर है।

**डॉ. राजा गणपति आर.**
जिलाधिकारी
जनपद- सिद्धार्थनगर

**उमाशंकर**
अपर जिलाधिकारी (वि./रा.),
जनपद-सिद्धार्थनगर


**आरती देवी**
अध्यक्षा,
नगर पंचायत-कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर

**नवीन कुमार सिंह**
अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत-कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर

सभी रोगों की एक दवाई। हमेशा रखो साफ-सफाई
समस्त सम्मानित सभासदगण

# छठ पूजा की तैयारियो का जायजा लेने सेठघाट पहुंचे डीएम-एसपी

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** सेठघाट पहुंचकर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल,



एसपी गणेश प्रसाद साहा ने लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के लिए की गई तैयारियों को परखा, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। तहसील, ब्लॉक, जिला पंचायत और नगर पालिका प्रशासन को पूजा से पूर्व सभी व्यवस्थाएं चाकचौबंद करने के निर्देश दिए डीएम-एसपी ने छठ पूजा आयोजन समिति के अध्यक्ष व संरक्षक से बातचीत की। इसके बाद पूजास्थल, घाट की साफसफाई, नदी में सुरक्षित दूरी तक बैरिकेडिंग सहित विभिन्न मूलभूत और जरूरी व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया, अधिकारियों को शांतिपूर्ण, व्यवस्थित ढंग से छठ पूजा संपन्न कराने के निर्देश दिए। डीएम ने छठ पूजा पर्व की दृष्टिगत अपनी घोषणा के क्रम में क्रिटिकल गैप से बनवाए सड़क मार्ग का निरीक्षण किया, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सभी जनपदवासियों व श्रद्धालुजनों को भगवान सूर्य की उपासना के महापर्व %छठ% की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छठी मइया की कृपा से लोक आस्था का यह महापर्व संपूर्ण सृष्टि के लिए सुख-समृद्धि तथा आरोग्यता का कारक बने, यही कामना है इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) पवन गौतम, अधिशासी अभियंता पीडब्लूडी निर्माण खंड प्रथम केके झा, एसडीएम (सदर) अश्वनी कुमार सिंह, सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी, बीडीओ ज्ञानेंद्र कुमार सिंह, ईओ संजय कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# नगर विधायक ने सड़क व नाली निर्माण कार्यों का शिलान्यास



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** नगर विधायक राजीव गुम्बर ने महानगर में कई स्थानों पर सड़क निर्माण कार्यो का शुभारंभ किया।

नगर विधायक राजीव गुम्बर ने आज महानगर के वार्ड 19 राधा विहार गोपाल नगर में देवी शर्मा के मकान से संजीव कुमार के मकान तक सीसी व नाली निर्माण तथा सडक के निर्माण कार्यो का शुभारंभ किया। इस दौरान नगर विधायक राजीव गुम्बर ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। आज उत्तर प्रदेश विकास की राह पर अग्रसर है।

उन्होंने कहा कि पूरे नगर में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कराए जा रहे है तथा सड़कों नाली निर्माण के कार्यो से क्षेत्रवासियों को लाभ मिलेगा और आवागमन में सुविधा होगी। इस अवसर पर पार्षद प्रियंका, अक्षु छाबड़ा, महामंत्री योग चुग, विनोद चोचड़, राजकुमार कालरा, राहुल, हितेश, गुरविंदर, नितिन काम्बोज, विष्णु काम्बोज, सुन्नी आहूजा समेत कई क्षेत्रवासी भी उपस्थित रहे।

# विधि विधान से हवन-पूजन के बाद फीता काटकर पर्यटन सत्र का किया शुभारंभ



अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** दुधवा नेशनल पार्क के नवीन पर्यटन सत्र का बुधवार को शुभारंभ कर दिया गया। आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु ने पलिया विधायक रोमी साहनी के साथ विधि विधान से हवन-पूजन के बाद फीता काटकर पर्यटन सत्र का शुभारंभ किया। सुबह 11 बजे से पूजा अर्चना शुरू हुई और 11 बजकर 51 मिनट पर फीता काटा गया शुभारंभ के बाद अतिथियों ने राजकीय हथिनी गंगाकली को गुड़, केला आदि खिलाकर आशीर्वाद लिया। सैलानी जंगल सफारी के वाहनों पर सवार हुए। इन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर पहले दिन निशुल्क भ्रमण के लिए जंगल रवाना किया गया। बड़ी तादाद में स्थानीय सैलानियों की भी भीड़ लगी रही। स्कूली बच्चों ने रंगोली सजाई और उनको भी दुधवा का जंगल पहले दिन निशुल्क घुमाया गया लखनऊ से वाया सड़क मार्ग से सीतापुर, लखीमपुर, पलिया होते हुए दुधवा जाया जा सकता है। इसके अलावा शाहजहांपुर से खुटार, मैलानी, पलिया होते हुए सैलानी दुधवा पार्क तक पहुंच सकते हैं। बरेली से दुधवा आने के लिए पहले खुटार और उसके बाद मैलानी होते हुए पलिया व दुधवा जाया जा सकता है। हवाई यात्रा की अगर बात करें तो यहां से सबसे नजदीक का एयरपोर्ट लखनऊ है, जो कि दुधवा से 238 किलोमीटर की दूरी पर है। लखनऊ हवाई जहाज से आकर वहां से निजी वाहनों या फिर ट्रेन, बस से दुधवा पार्क पहुंचा जा सकता है दुधवा नेशनल पार्क में इस बार गाइडों की परीक्षा का हर साल की तरह आयोजन किया गया था। इसमें दुधवा नेशनल पार्क प्रशासन द्वारा 90 गाइडों का चयन किया गया है। यह 90 गाइड दुधवा पार्क पहुंचने वाले सैलानियों को जंगल सफारी कराने के साथ ही दुधवा के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारियां देने का काम करेंगे। पार्क प्रशासन की मानें तो 55 गाइड दुधवा और 35 गाइडों को किशनपुर रेंज में सैलानियों को भ्रमण करने के लिए लगाया गया है।

# शामली क्रिकेट एकेडमी की टीम ने 83 रन के अंतर से जीता मैच



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** नालंदा क्रिकेट एकेडमी के तत्वावधान में आयोजित प्रेमवती देवी मेमोरियल लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में शामली क्रिकेट एकेडमी की टीम ने एक्सिलेंट क्रिकेट एकेडमी की टीम को 83 रनों के अंतर से पराजित कर दिया। मैच में ऑल राउण्ड प्रदर्शन करने वाले सक्षम सिंह को मैन ऑफ़द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया। स्थानीय मल्हीपुर रोड स्थित नालंदा वर्ल्ड स्कूल के मैदान पर आयोजित टूर्नामेंट में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए शामली क्रिकेट एकेडमी ने 39.2 ओवर में दस विकेट पर 257 रन बनाए। शामली की ओर से सक्षम सिंह ने 92 रन, सैफ ने 35 और वेदांश भार्गव ने 34 रन बनाए। एक्सिलेंट के गेंदबाजों सईद, सदन, समीर और अभिराज को दो-दो विकेट मिले। 298 रनों का लक्ष्य लेकर मैदान में उतरी एक्सिलेंट क्रिकेट एकेडमी की टीम 30.3 ओवर में मात्र 174 रन पर ऑल आउट हो गई।

# एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-1 से मिला व्यापारियों का प्रतिनिधि मण्डल

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल से जुड़े व्यापारियों ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष शीतल टंडन के नेतृत्व में राज्य कर विभाग के एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-1 व ग्रेड 2 को ज्ञापन सौंपकर जीएसटी से संबंधित व्यापारियों की समस्याओं का समाधान कराने की मांग की।



प्रतिनिधि मण्डल का नेतृत्व करते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष शीतल टण्डन ने बताया कि सचल दल द्वारा माल के आवागमन में मामूली तकनीकी कमी के कारण अनावश्यक रूप से माल रोक दिया जाता है, जिसके कारण क्रेता व विक्रेता व्यापारी को अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ती है। उन्होंने जीएसटी का सरलीकरण व टैक्स की दरों में कमी किए जाने की मांग की। उनका कहना था कि विक्रेता व्यापारी द्वारा क्रेता व्यापारी से बिल का पूरा भुगतान लेने के बाद भी यदि जीएसटी विभाग को नहीं चुकाया जाता, तो विभाग क्रेता व्यापारी से जीएसटी वसूल करने की कार्यवाही करती है। पूरी प्रणाली में यह सबसे अव्यवहारिक नियम है। विभाग द्वारा विक्रेता व्यापारी से ही टैक्स की वसूली की जानी चाहिए। उन्होंने जीएसटी की रिटर्न फाइल करने के विलम्ब शुल्क को भी समाप्त करने के साथ ही संशोधित रिटर्न का भी प्राविधान कराये जाने की मांग की। एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-1 धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि उनके विभाग के किसी भी अधिकारी द्वारा किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न नहीं किया जायेगा और यदि कर अपवंचना नहीं है, तो मामूली तकनीकी कमी के चलते भी माल नहीं रोका जाएगा। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों के बीच में लगातार समन्वय बनाने के लिए नियमित बैठके भी की जाएंगी। व्यापारी प्रतिनिधियों ने धीरेन्द्र प्रताप सिंह को तिरंगा पटका व पुस्तक भी भेंट की।

इस दौरान पर जिला महामंत्री रमेश अरोडा, जिला कोषाध्यक्ष कर्नल संजय मिडढा, मुख्य संरक्षक मेजर एस.के.सूरी, जिला संयोजक राजीव अग्रवाल व सुनील धमीजा के अलावा एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-2 विजय आनंद पांडे व डिप्टी कमिश्नर सचल दल पीपी सिंह व रामेन्द्र रत्नाकर भी मौजूद रहे।

## शायरी

ये खोना पाना,ये दुख और सुख ये जीत हार,
ये सब जीवन के पहलू हैं।
ये समझ बूझ, ये हंसी मजाक, ये अट्टहास ये चीत्कार,
ये सब जीवन के पहलू हैं।
वो गुजरा अतीत, ये वर्तमान वो भविष्य काल,
ये सब जीवन के पहलू हैं।
जैसे जीना है जियो इसे, ये बार बार नहीं मिलता।
ये जीवन है जी भर जी लो,
वे अवसर हर बार नहीं मिलता।।
ये सुगमता ये कठिनाई, ये शत्रु यार,
ये सब जीवन के पहलू हैं।
ये हंसना रोना, ये पाना खोना,
ये सब जीवन के पहलू हैं।
जी लो इस जीवन को हर हाल,
ये अवसर हर बार नहीं मिलता।।

**लेखक**
**अजय कुमार वर्मा**
**शाखा प्रबंधक इंडियन बैंक**
**शाखा विकास विभाग लखीमपुर-खीरी**



## 02 नफर वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा मु0नं0 2589/17 धारा 323/504 भादवि से सम्बन्धित 02 नफर वारंटी अभियुक्तों विनोद कुमार व महेश को ग्राम सुन्दरवल से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है।

## बरेली में 68बी राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आगाज, देशभर से आए खिलाड़ी दिखाएंगे खेल

**बरेली।** बरेली में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से राष्ट्रीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का बुधवार को राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान पर शुभारंभ हो गया। इस अवसर पर प्रतियोगिता में आए अतिथियों के सामने इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्राओं ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता के लिए देश के कई राज्यों से खिलाड़ी यहां आए हैं। मंगलवार को यह खिलाड़ी अभ्यास सत्र में मेहनत करते नजर आए। खिलाड़ियों को अभ्यास करने के लिए एफआर इस्लामिया समेत आसपास के अन्य कोर्ट में इंतजाम किए गए हैं। आयोजन स्थल पर भी मंगलवार को एक कोर्ट अभ्यास के लिए उपलब्ध कराया गया। प्रतियोगिता में कुल 68 टीमों को प्रतिभाग करना है। खिलाड़ियों के आने का क्रम देर रात तक जारी रहा। बुधवार को सुबह 11 बजे प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कमिश्नर सौम्या अग्रवाल व विशिष्ट अतिथि डीएम रविंद्र कुमार व सीडीओ जग प्रवेश रहे।

## 220 ग्राम का मेडल, 60 इंच ऊंची ट्रॉफी मिलेगी

**बरेली।** 68 वीं राष्ट्रीय विद्यालयीय वॉलीबाल प्रतियोगिता में विजेता टीमों के लिए विशेष रूप से बनवाई गई 60 इंच की ट्रॉफी दी जाएगी। दूसरा स्थान हासिल करने वाली टीम को 51 व तीसरे स्थान वाली टीम को 47 इंच की ट्रॉफी मिलेगी। विशेष रूप से डिजाइन किए गए मेडल भी विजेता टीम को मिलेंगे। स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक का भार 220 ग्राम रखा गया है। इसके एक ओर खेल से ख्याति का स्लोगन भी लिखवाया गया है।

## पंजीकरण काउंटर पर रही भीड़

**बरेली।** पंजीकरण के लिए मैदान के पास मे ही काउंटर बनाया गया है। मंगलवार को यहां दिनभर भीड़ रही। पंजीकरण के बाद खिलाड़ियों को एसजीएफआई की ओर से पहचानपत्र भी दिया जा रहा है।

# गन्ने का लाभकारी मूल्य रु 700 कुंतल तत्काल घोषित करें राज्य सरकारः वर्मा



अवधनामा संवाददाता

**देवबंद।** भारतीय किसान यूनियन वर्मा व पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने कहा कि प्रदेश की अधिकांश चीनी मिलों में पेराई सत्र शुरू होने के बावजूद अभी तक उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा गन्ने का मूल्य घोषित नही किया गया है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने जल्द ही गन्ने का लाभकारी मूल्य 700 रूपये कुंतल घोषित नहीं किया, तो गन्ना किसान सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेंगे। भगत सिंह वर्मा देवबंद विकास खंड के गांव गंगदासपुर जट में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अभी पिछले वर्ष का गन्ना भुगतान व पिछले वर्षो में देरी से किए गए गन्ना भुगतान पर लगा ब्याज चीनी मिलों पर बकाया है। त्रिवेणी शुगर मिल देवबंद पर पिछले वर्षो में देरी से किए गए गन्ना भुगतान पर लगा ब्याज 73 करोड रुपए बकाया है। इसी तरह पड़ौसी चीनी मिल गांगनौली पर भी पिछले वर्ष का गन्ना भुगतान व ब्याज अभी तक बकाया है। जिस पर प्रदेश की योगी सरकार चुप्पी साधे हुए है। उन्होंने कहा कि भाजपा की योगी सरकार गन्ना उत्पादन पर बढ़ती हुई लागत को देखते हुए गन्ने का लाभकारी मूल्य 700 रूपये कुंतल तत्काल घोषित करें। इस वर्ष गन्ने की उत्पादन लागत 550 रुपए कुंतल है। डॉ एम एस स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार गन्ने का लाभकारी मूल्य 825 रूपये कुंतल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन चीनी मिलों पर पिछले वर्ष का गन्ना भुगतान व ब्याज बकाया है उन्हें गन्ना किसानों से ढुलाई किराया काटने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कृषि यंत्र, खाद बीज, कीटनाशक, डीजल से जीएसटी हटाकर किसानों की फसलों की लागत कम कराने की भी मांग की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय सलाहकार हाफिज मुर्तजा त्यागी ने कहा कि पृथक पश्चिम प्रदेश निर्माण होने पर ही गन्ना किसानों की समस्याएं हल होगी। पृथक राज्य के लिए किसान, मजदूर, छोटे व्यापारी, दुकानदार, बुद्धिजीवी, वकील, पत्रकार युवा और छात्र आगे आकर संघर्ष में भागीदारी करें। बैठक का संचालन करते हुए प्रदेश महामंत्री आसिम मलिक ने कहा कि भाजपा की योगी सरकार किसान विरोधी है जो गन्ना किसानों की घोर उपेक्षा कर रही है जिसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# वाहन से टकराई तेज रफ्तार कार दो युवकों की दर्दनाक मौत



अवधनामा संवाददाता

**बरेली।** बरेली के बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में बुधवार को दर्दनाक हादसा हुआ। शाम को चार बजे बिथरी चैनपुर क्षेत्र के आलमपुर गजरौला में बड़ा बाइपास पर तेज रफ्तार कार किसी वाहन से टकरा गई। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दोनों शव कार के अंदर फंस गए। हादसे के बाद हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बुलडोजर की मदद से कार की छत को काटकर दोनों के शवों को बाहर निकाला। मृतकों के शिनाख्त नहीं हुई है। पुलिस ने शवों को मोर्चरी में रखवाया है। दोनों रामपुर जिले के बताए जा रहे हैं। कार में शादी के कार्ड भी मिले हैं। हादसे के बाद बड़ा बाइपास पर जाम लग गया था। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को हटवाकर जाम खुलवाया।

# कार की टक्कर से हुयी चचेरे भाई बहन की मौत, पुलिस ने दबोचा आरोपी



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** देवबंद कोतवाली पुलिस ने दीपावली के दिन गांव भायला में हुयी दो बच्चों की हत्या की घटना का खुलासा करने में सफलता हासिल कर ली। पुलिस चचेरे भाई बहनों की मौत कार की टक्कर से हुयी थी। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कार को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

कोतवाली देवबंद प्रभारी सुनील नागर ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् एक नवम्बर को वादी पूरण पुत्र स्व. इलम सिंह निवासी ग्राम भायला थाना देवबन्द की तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ वादी के 11 वर्षीय पुत्र व 07 वर्षीय भतीजी की हत्या कर देने के सम्बन्ध में थाना देवबंद पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। श्री नागर ने बताया कि पुलिस द्वारा घटनास्थल से देवबंद-बडगांव मार्ग, नानौता-सहारनपुर मार्ग, हरिद्वार-रूड़की/मंगलौर आदि मार्गो पर लगभग 500 सीसीटीवी कैमरो की वीडियो फुटेज को चैक करने व घटनास्थल से फिल्ड यूनिट द्वारा एकत्र किये गये गाडी के पार्टस व कैमरो के अन्वेषण के आधार पर एक संदिग्ध वरना कार प्रकाश में आयी थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना चौकी बोर्डर के राजबाहे के पास से गैर इरादतन हत्या के मामले में वांछित आरोपी शिवम शर्मा उर्फ कुनाल पुत्र मनोज शर्मा निवासी न्यू राम नगर कालोनी आर्य नगर चौक कस्बा व थाना ज्वालापुर जिला हरिद्वार को गिरफ्तार कर लिया।

उन्होंने बताया कि पूछताछ में दबोचे गये आरोपी शिवम ने खुलासा किया कि वह 31 अक्टूबर को अपने परिजनो के साथ कस्बा नानौता मे दीपावली की पूजा करने आया था और जब ननौता से वापस हरिद्वार जा रहा था, तो अचानक सामने से दूसरी गाडी की लाईट पड़ने के कारण बच्चे दिखाई नही दिये और गाडी उन बच्चो से टकरा गयी। ग्रामीणों के भय से उसने न तो गाड़ी रोकी और वहां से फरार हो गया था। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

## पुलिस ने चोरी की बाईक के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**सहारनपुर।** थाना जनकपुरी पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को दबोचकर उसके कब्जे से चोरी की बाईक बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

थाना जनकपुरी प्रभारी सतेन्द्र नागर ने बताया कि विगत् 2 नवम्बर को वादी हरवीर सिंह पुत्र रणजीत सिंह निवासी लिंक रोड थाना जनकपुरी की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ वादी की बाईक को लिंक रोड स्थित एक एजेन्सी से चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना जनकपुरी पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। श्री नागर ने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक यशपाल सोम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर तिकोना कोठी के पास से आरोपी जहांगीर पुत्र शब्बीर अहमद निवासी ग्राम तेल्लीपुरा बेहट रोड थाना कोतवाली देहात को गिरफ्तार कर लिया।

# आगरा के किरावली में असम की युवती को बंधक बनाकर गैंगरेप

अवधनामा संवाददाता

**आगरा।** किरावली थाना क्षेत्र में असम की युवती के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। दिल्ली रेलवे स्टेशन से आरोपी ने युवती को शादी का झांसा देकर अपने जाल में फंसाया था। आरोपी आगरा के किरावली में अपने दोस्त के घर युवती को लेकर आया। यहां दोनों ने उससे साथ गैंगरेप किया। युवती को दोनों ने तीन दिनों तक बंधक रखा। मंगलवार की सुबह एक महिला की मदद से पीड़िता किरावली थाने पहुंची। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

एक महिला के साथ मंगलवार सुबह किरावली थाने पहुंची युवती ने आरोप लगाया कि वह असम के धेमाजी जिले की रहने वाली है। वह राजस्थान में अपनी बड़ी बहन के पास आई थी। तीन दिन पहले वह ट्रेन से दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंची। यहां से उसे अपने भाई के पास केरल जाना था। इसके लिए दिल्ली रेलवे स्टेशन से ही उसे ट्रेन पकड़नी थी। केरल जाने वाली ट्रेन लेट थी। वह स्टेशन पर बैठी थी। इस दौरान पुणे का मनोज गायकवाड़ पहुंच गया। दोनों में बातचीत हुई। उसने बताया कि उसे भी केरल जाना है। इसके बाद टिकट लेकर युवती मनोज के साथ ट्रेन में बैठ गई।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि ट्रेन आगरा कैंट रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो मनोज ने उसे ट्रेन से उतार लिया। उसने कहा कि वह मेरे साथ शादी करेगा। इसके बाद मनोज ने अपने दोस्त कान्हा को कॉल किया। मनोज मुझे अपने साथ कान्हा के किरावली थाना क्षेत्र स्थित गांव भालरा में ले गया। यहां मनोज और कान्हा ने रेप किया। उनके चंगुल से निकलने की सोची। इस पर दोनों ने धमकाया। जबरन अपने साथ रखा। जब आरोपी मुझे किरावली में ही किराए पर कमरा दिलाने लेकर आए तो मैंने एक महिला को अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। इस पर वह महिला के साथ किरावली थाने पहुंच गई।

## आगरा पुलिस ने नकली डीएपी से भरा कैंटर पकड़ा, 4 गिरफ्तार

**आगरा।** एसटीएफ और थाना अछनेरा पुलिस ने डीएपी खाद की अवैध पैकिंग फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए भारी मात्रा में नक़ली डीएपी के पैकेट बरामद किए हैं। आरोपियों ने पुलिस टीम पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया पर पुलिस ने बचाव करते हुए चार लोगों को अपनी गिरफ्त में ले लिया है।

एसटीएफ में मुखबिर की सूचना पर थाना अछनेरा क्षेत्र में एक फैक्ट्री पर दबिश मारी। वहां भारी मात्रा में नकली छ्ककी पैकिंग का काम चल रहा था। आरोपियों को पकड़ने का प्रयास करने पर वहां खड़ी गाड़ी को चालक ने टीम पर चढ़ाने का प्रयास किया।

पुलिस ने बताया कि ये लोग सस्ती खाद को महंगे ब्रांड में पैक कर बाजार में बेच रहे थे। पूर्व में एसटीएफ़ ने लोडिंग वाहन में चेकिंग के दौरान नकली डीएपी पकड़ी थी। तभी से पुलिस टीम इस मामले के खुलासे में जुटी थी। एसटीएफ़ ने मौके से चार लोगों को पकड़ा है और उनसे पूछताछ की जा रही है।

पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपियों की क्रिमिनल हिस्ट्री है। पुलिस ने मौके से पैकिंग के उपकरण और खाली पैकेट भी बरामद किए हैं। पुलिस ने मौके पर जिला कृषि अधिकारी को भी बुला लिया था। उन्होंने मौके पर पहुंचकर नक़ली डीएपी के सैंपल भर लिए हैं। अब इनकी जांच की जाएगी।

## डीएम एवं पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह व पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी द्वारा पांचाल घाट पर छठ पूजा की तैयारियों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी द्वारा छठ पर्व पर पांचाल घाट पर लाईट की पर्याप्त व्यवस्था करने बैकअप के लिये जनरेटर,पूरे घाट को झालरों के द्वारा सजाने, नदी के किनारों पर बैरिकेडिंग करने, मेडिकल कैम्प लगाने, एम्बुलेन्स तैनात करने, तट का समतलीकरण कराने, साफ सफाई कराने, नाव,नाविक व गोताखोरों की तैनाती करने व नदी में वोट द्वारा पेट्रोलिंग कराने व पर्याप्त पुलिस व्यवस्था करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह,अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ संजय सिंह, ईओ नगर पालिका, डीपीआरओ व संबधित मौजूद रहे।

## नायाब तहसीलदार कायमगंज को ज्ञापन सौंपा



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** आज जय जवान जय किसान लोक शक्ति संगठन फर्रुखाबाद के जिलाध्यक्ष कमलेश राजपूत ने कोतवाली कायम गंज के कोतवाल की दबंगई मंडी समिति में टीन शैड के चबूतरों से व्यापारियों का अवैध कब्जा हटाने अजय सिंह शाक्य के मकान पर कब्जा हटाने तथा किसानो की कई समस्या को लेकर 8, 9, 10 नवम्बर को किसानो की महा पंचायत एवं धरना प्रदर्शन का एलान करते हुए तहसील कायम गंज के नायाब तहसील दार द्वारा जिला अधिकारी फर्रुखा बाद को ज्ञापन सौंपा जिला अध्यक्ष कमलेश राजपूत जी ने ये चेतावनी दी है यदि किसानो की समस्या हल नही हुई तो ये धरना अनिश्चित काल तक चलेगा जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन व शासन की होगी इस मौके पर जिला संरक्षक चंद्र सिंह जाट कानपुर मंडल मीडिया प्रभारी डा अजय शाक्य महिला नेत्री सुनीता शाक्य युवा तहसील अध्यक्ष कार्तिक गुप्ता युवा जिला उपाध्यक्ष अजय सिंह शाक्य आलोक शाक्य सहित बहुत से पदाधि कारी उपस्थित रहे।

## प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में बैठक



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद के विकासखंड कायमगंज क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक की अध्यक्षता खेतल सिंह ने और संचालन सचिव/प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने किया। समिति के अध्यक्ष खेतल सिंह ने बताया कि सभी बच्चों की अपार आईडी अनिवार्य रूप से बनेंगी जिसके लिए अभिभावकों को सहमति पत्र पर हस्ताक्षर देने होंगे। सचिव ने बताया कि छूटे हुए पेंतीस अभिभावकों ने फार्म भर कर जमा किए। तीन बच्चों की डीबीटी की धनराशि वापस हुई। नवंबर माह में आयोजित एनएटी परीक्षा में सभी बच्चों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों को बताया कि शासन ने हर गुरुवार को पौष्टिक आहार वितरण के आदेश दिए जिसके अंतर्गत कल पहले गुरुवार को तिल एवं मूंगफली की बनी गजक का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर जयवीर, देव सिंह, किशन सिंह, इसरार, नीलम, पूनम, चंचला सहित तीन दर्जन अभिभावक उपस्थित रहे।

## भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन



**जालौन अवधनामा संवाददाता।** भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा जालौन के द्वारा 20 विद्यालयों में भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय स्तर पर कराया गया। इस प्रतियोगिता में एक हजार सात सौ अट्ठहत्तर प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रत्येक विद्यालय से जूनियर तथा सीनियर वर्ग के प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले कुल 2 बच्चों की टीम दिनांक 7 नवंबर 24 को सुबह 10 बजे छौलापुर रोड स्थित महाराणा प्रताप एकेडमी इंटर कॉलेज जालौन में शाखा स्तर पर आयोजित भारत को जानो किज में प्रतिभाग करेंगे। शाखा स्तर की विजेता टीम 12 तारीख को एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल में प्रांतीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। उपरोक्त जानकारी अध्यक्ष मृत्युंजय श्रीवास्तव, सचिव प्रेम कुमार गुप्ता कल्लू बजाज कोषाध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

## व्यापारी नेताओं ने ज्ञापन सौंपा



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय रिपन कंसल ओर प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर उरई सदर के लोकप्रिय विधायक गौरीशंकर वर्मा जी को प्रदेश सरकार द्वारा व्यापारी हित ओर उनके मान सम्मान ओर विभिन्न मुद्दों से संबंधित एक ज्ञापन अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल संदीप बंसल गुट के जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता के नेतृत्व में जिला एवं नगर के पदाधिकारियों के साथ दिया गया। व्यापारी नेताओं ने उनसे निवेदन किया कि यह ज्ञापन आप अपने माध्यम से मुख्यमंत्री के पास भेज कर व्यापारियों ओर उद्यमियों को सरकार में उचित स्थान दिलवाकर व्यापारी समाज को अनुग्रहित करने की कृपा करें। इस अवसर पर प्रांतीय पदाधिकारी श्री अरुण त्रिपाठी जी जिला पदाधिकारी श्री बबलू दुबे श्री बंटू गुर्जर श्री संजीव सिपोलिया जी श्री उदय करण प्रजापति जी श्री बलवीर सोनी जी श्री प्रदीप शिवहरे जी युवा पदाधिकारी श्री गौरव राठौर जी नगर के पदाधिकारी श्री धर्मेंद्र कुलश्रेष्ठ जी श्री देवेंद्र यादव जी श्री विशाल कनकने जी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अलग-अलग जगह रेलवे ट्रैक पर मिले दो शव

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** आटा में अलग अलग जगह रेलवे ट्रैक पर दो शव मिलने से हड़कंप मच गया। रेलवे विभाग की सूचना पर मौके पर पहुँची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर उनकी शिनाख्त की। जिसमे एक चमारी व दूसरे की बीजापुर गाँव निवासी के रूप में पहचान की गई। पुलिस ने कागजी कार्यवाही के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वही पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टि में मामला ट्रेन से कटकर आत्महत्या का है। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह ज्ञात हो सकेगी भभुआ गाँव के पास रेलवे ट्रैक पर मिला शव बीजापुर निवासी गिरधारी पाल पुत्र केसवाबू उम्र 45 वर्ष का है। बीजापुर प्रधान द्वारा मिली जानकारी के अनुसार बताया गया कि मृतक गिरधारी को कोई ऐसी परेशानी नहीं थी। जिससे उसे आत्महत्या करनी पड़े। वह सोमवार की रात से ही वह गायब था। आज सुबह खोजबीन की गई तो पता चला कि भभुआ के पास ट्रेक पर एक शव मिला। परिजनों ने जाकर देखा तो उसी का था। मृतक के पिता के पास जो जमीन है उसी पर वह किसानी करता था। मृतक की दो बेटियां व एक पुत्र है। एक पुत्री की शादी ही हो चुकी है। वही गाँव में चर्चा है कि घरेलू क्लेश से परेशान होकर गिरधारी ने आत्मघाती कदम उठाया। चमारी निवासी सुरेश कुमार अहिरवार पुत्र नन्दू उम्र 50 वर्ष जोकि मानसिक रूप से विक्षिप्त थे। हर रोज गायब होने पर परिजन उन्हें खोजकर घर लाते थे।

# सीएमएस छात्रों ने निकाला 'चरित्र निर्माण मार्च', मेधावी छात्रों का सम्मान

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के हजारों छात्रों ने आज विशाल 'चरित्र निर्माण मार्च' निकालकर भावी पीढ़ी के चरित्र निर्माण की पुरजोर आवाज बुलन्द की। सी.एम.एस. छात्रों के विशाल मार्च का नेतृत्व सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी एवं सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने किया जबकि सी.एम.एस. के सभी कैम्पस की प्रधानाचार्याओं के साथ ही शिक्षा, समाज, साहित्य व पत्रकारिता आदि क्षेत्रों की प्रख्यात हस्तियों ने इस विशाल मार्च में शामिल होकर छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

सी.एम.एस. छात्रों का यह विशाल 'चरित्र निर्माण मार्च' आज प्रातः गोमती नगर एक्सटेंशन स्थित मकदूमपुर पुलिस स्टेशन से प्रारम्भ हुआ एवं सी.एम.एस. गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस ऑडिटोरियम पहुँचकर एक विशाल सभा में परिवर्तित हो गया, जहाँ विद्यालय के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। 'चरित्र निर्माण मार्च' के उपरान्त सी.एम.एस. गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस ऑडिटोरियम में 'मेधावी छात्र सम्मान समारोह' बड़ी भव्यता से सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि श्री राकेश कुमार पाण्डेय, जिला विद्यालय निरीक्षक, उ.प्र. शासन, ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत् उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि श्री राकेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि सी.एम.एस. के छात्रों ने सिर्फदेश व प्रदेश में ही नहीं अपितु सारे विश्व में लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि सोशल मीडिया के इस दौर में भटकाव से बचें और विवेकपूर्ण तरीके से अपने लक्ष्य प्राप्ति हेतु इसका

**'चरित्र निर्माण' की पुरजोर अपील की छात्रों ने**

उपयोग करें। सी.एम.एस. प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस अवसर पर कहा कि यह समारोह छात्रों के उज्जवल भविष्य को समर्पित है। उन्होंने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जीवन मूल्यों पर अडिग रहते हुए अपनी प्रतिभा व क्षमता को लगातार निखारने हेतु सदैव तत्पर रहें। प्रो. किंगडन ने छात्रों को ऐसे करियर अपनाने की सलाह दी जो उन्हें उत्साहित करें और जिससे वे समाज में रचनात्मक बदलाव ला सकें। इससे पहले, सी.एम.एस. की सुपीरियर प्रिन्सिपल एवं क्वालिटी एजुकेशन एवं इनोवेशन विभाग की हेड सुश्री सुष्मिता घोष ने मुख्य अतिथि समेत सभी सम्मानित अतिथियों, छात्रों व शिक्षकों का हार्दिक स्वागत किया।

## 25 सचिवों के एक दिन का वेतन रुका, स्पष्टीकरण तलब

**उन्नाव अवधनामा संवाददाता।** डीपीआरओ ने गूगल मीट में विकास कार्यों को लेकर हुई समीक्षा बैठक में न शामिल होने वाले 25 ग्राम पंचायत सचिवों का एक दिन का वेतन रोक दिया है। इसके साथ ही सभी से स्पष्टीकरण तलब किया है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है। बता दें 25 अक्तूबर को डीपीआरओ शाश्वत आनंद सिंह ने एडीओ पंचायत एवं सभी सचिवों को आवंटित ग्राम पंचायतों के मिनी सचिवालयों से वीडियो कांफ्रेंसिंग में जुड़कर ऑनलाइन समीक्षा बैठक में प्रतिभाग करने के आदेश दिए थे। इस ऑनलाइन बैठक में जनसेवा केंद्र स्थापना, अंत्येष्टि स्थल व पंचायत भवन निर्माण, मॉडल ग्राम पंचायत, व्यक्तिगत शौचालय, विद्युतीकरण आदि विकास कार्यों की समीक्षा की जानी थी। जिसमे जिले के 25 पंचायत सचिव बैठक में शामिल नहीं हुए। लापरवाह ग्राम पंचायत सचिवों से नाराज डीपीआरओ ने एक दिन का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोक दिया हैं। ग्राम पंचायत सचिवों में अमरेश कुमार, समीर तिवारी, आकाश वर्मा, गुड्डू श्रीवास्तव, हेमंत चक्रवर्ती, जगन्नाथ मिश्रा, दीपांशु, मुन्नीलाल, पूनम, आलोक अवस्थी, विनयराज पाल, अ?भिषेक वर्मा, दिलीप मिश्रा, कविता गौतम, रमेश सिंह, राजप्रकाश मौर्या, शशांक यादव, संजीव यादव, गंगाबक्स, गरिमा शुक्ला, जयकांत मिश्रा,, प्रद्युम्न प्रजापति, सकुशल सिंह, नेहा विश्वकर्मा व रणंजय सिंह सहित 25 सचिव शामिल हैं।

## बड़े पैमाने पर मिलाया जा रहा आटे में सेलखड़ी

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** पिछले तीन महीने के भीतर ही अलीगढ़ में आटे की दो बड़ी फैक्टरियों में सेलखड़ी पाउडर मिला आटा बरामद हो चुका है। खास बात यह है कि आटे के यह वह दो लोकल ब्रांड हैं जिनकी बड़े पैमाने पर बिक्री होती है। शहर से लेकर गांव तक सप्लाई थी। जुलाई माह में ही पंचवटी आटे में सेलखड़ी की मिलावट मिली थी। प्रयोगशाला से भी जारी रिपोर्ट में बताया गया था कि यह आटा सेहत के लिए खतरनाक है। अब फिर मिलावटी आटा पकड़ा गया है। बताया जाता है कि सस्ते के चक्कर में इस आटे की बिक्री ज्यादा होती है। बता दें कि अलीगढ़ में आटे का कारोबार बड़े पैमाने पर हो रहा है। यहां 100 लोर मिल हैं जबकि छोटी फैक्टरी की सं या भी 200 के करीब होगी। लोर मिल से आटे की सप्लाई अलीगढ़ के साथ ही आसपास के जिलों में भी होती है। कई लोर मिल अपने ब्रांड का आटा बनाकर सप्लाई करते हैं। यह पांच रुपये किलो के हिसाब से बिक रहा है। खाद्य सुरक्षा विभाग की चेकिंग में अभी तक कई आटा फैक्टरी पर सेलखड़ी पाउडर भारी मात्रा में मिल चुका है। कई छोटे दुकानदार जो खुला आटा बेचते हैं वह भी सेलखड़ी पाउडर मिलाकर आटा बेच रहे हैं।

# वृद्ध दुकानदार की ईंट से कुचल कर हत्या साथी दुकानदार ने वारदात को दिया अंजाम

अवधनामा संवाददाता





**उन्नाव।** बांगरमऊ नगर के संडीला मार्ग पर बस अड्डे पर दो दुकानदारों में मंगलवार शाम कहासुनी की रंजिश के चलते बुधवार तड़के एक दुकानदार ने अपनी गुमटी के बाहर गहरी नींद में सो रहे दूसरे दुकानदार की ईट से सिर कुचल कर हत्या कर दी। दुकानदार का लहूलुहान शव तख्त पर पड़ा देख आस पास के लोगों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बांगरमऊ के संडीला मार्ग स्थित रेलवे क्रासिंग के निकट बांगरमऊ - संडीला मार्ग पर संचालित निजी मिनी बसों का अड्डा है। अड्डे के बांई तरफ अपने मकान के आगे सज्जन कुमार पुत्र कमल किशोर लकड़ी की गुमटी में परचून और कोल्ड ड्रिंक की दुकान चलाता है। जबकि उसके ठीक सामने ग्राम काजीपुर निवासी लाल बहादुर पाल के प्लाट के आगे ग्राम जोगीकोट निवासी तुलसीराम (60) पुत्र रामभजन भी लकड़ी की गुमटी में परचून और कोल्डड्रिंक की बिक्री करता है। आसपास के लोगों के अनुसार मंगलवार की शाम दोनों दुकानदारों के बीच किसी बात को लकर झगड़ा हुआ था। तब चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर झगड़ा शांत करा दिया था। रंजिश के चलते बुधवार सुबह करीब साढ़े चार बजे सज्जन कुमार ने दुकान के बाहर तख्त पर सो रहे तुलसीराम के सिर पर ईट से हमला कर निर्मम हत्या कर दी। जानकारी पर बेटे प्रशांत कुमार पड़ोसियों की मदद से अपने पिता को आनन-फानन नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हत्या की सूचना पर हड़कंप मच गया। मृतक के पुत्र प्रशांत कुमार की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर पूछताछ करने में जुटी है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

## अन्तर्राष्ट्रीय खेल ओलम्पियाड 'स्पर्धा-2024' का भव्य उद्घाटन



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, आर.डी.एस.ओ. कैम्पस द्वारा आयोजित चार दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय खेल ओलम्पियाड 'स्पर्धा-2024' का भव्य उद्घाटन आज सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में धूमधाम से सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि श्री आशीष कुमार सिंह, विधायक, बिलग्राम-मल्लावां, हरदोई, ने दीप प्रज्जवलित कर 'स्पर्धा-2024' का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच विश्व एकता व विश्व शान्ति के गीत गाते देश-विदेश के बाल खिलाड़ियों की उपस्थिति से लघु विश्व का दृश्य साकार हो उठा। इससे पहले, 'स्पर्धा-2024' का शुभारम्भ सर्व-धर्म एवं विश्व शान्ति प्रार्थना से हुआ तथापि सी.एम.एस. छात्रों ने विभिन्न देशों के राष्ट्रीय ध्वजों को हाथों में लहराते हुए सारे विश्व में शान्ति रहे का सन्देश दिया। इस अवसर पर सी.एम.एस. छात्रों ने भारतीय संस्कृति का आलोक बिखरते एक से बढ़कर एक शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। देश-विदेश से पधारी टीमों के मार्च पास्ट को भी सभी ने खूब सराहा। विदित हो कि अन्तर्राष्ट्रीय खेल ओलम्पियाड 'स्पर्धा-2024' का आयोजन 6 से 9 नवम्बर तक किया जा रहा है जिसमें श्रीलंका, नेपाल एवं भारत के विभिन्न प्रदेशों से लगभग 500 से बाल खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं।

## चेयरमैन प्रभाकर दुबे ने घाटों का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** लोक आस्था के महापर्व छठ के तैयारी को लेकर




चेयरमैन प्रभाकर दुबे ने प्रशासनिक अधिकारी अमित नायक के साथ नगर पंचायत घघसरा के सभी वार्डो के पोखरे व घाटों का निरीक्षण करते हुए बिजली व्यवस्था को जांचा परखा। उन्होंने नगर के हनुमंत नगर, शहीद जेठू नगर, अटल नगर, डुमरी,परशुराम नगर, दीनदयाल नगर, अमर सिंह नगर, विंध्यवासिनी नगर, बिजौवा, अंबेडकर नगर सहित सभी वार्डो में कर्मचारियों को पर्व के सभी पुख्ता इंतजाम जल्द कर लेने का निर्देश दिया और सभी वार्डो में देखरेख के लिए कर्मचारियों की टीम गठित किया। जिसको अपने अपने वार्डो में व्यवस्था को सुचारू रूप से कर सके। जिस दौरान पूर्व प्रमुख कुंवर सिंह, अखिलेश गुप्त, हरिकेश मौर्य, राकेश सहित आदि लोग रहे।

## आरएमओ ने क्रय केंद्रों का किए निरीक्षण

**गोरखपुर।** सरकार ने किसानों के धान खरीद के लिए जगह जगह क्रय केंद्र खोल रखा है और जिम्मेदारों को निर्देश दिए है कि समय समय क्रय केंद्रों का निरीक्षण कर जो भी कमियां दिखाई दे उसे समय रहते ठीक करा ले। बुधवार को आरएमओ केशरीकांत सिंह ने क्रय केंद्र पाली प्रथम का निरीक्षण किए। यहां दो किसान जय प्रकाश पांडेय 20 कुंतल, डा सिंधु मिश्र 83 कुंतल धान बेचने के लिए आए थे। उन्होंने किसानों से केंद्र पर हो रही समस्या के बारे में जानकारी ली तो किसानों ने बताया कि धान खरीद में कोई समस्या नहीं है। इस दौरा आरएमओ ने क्रय केंद्र पर मौजूद किसानों को फूलमाला पहना कर स्वागत किया। इसके अलावा आरएमओ ने सहजनवां स्थित क्रय केंद्र प्रथम और द्वितीय का भी निरीक्षण किए यहां 6 किसानों से 150 कुंतल धान की खरीद की गई थी। उन्होंने ने जिम्मेदारों को निर्देश दिए कि जिन किसानों का सत्यापन हो चुका है। उनकी खरीद तत्काल की जाए। अंगूठा लगा कर उनके खाते में समय से धन मुहैया कराया जाये।

# छठ पर्व को लेकर जिले में दो सुपर जोनल 6 जोनल व 38 सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** छठ पूजा के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु जिला मजिस्ट्रेट विशाल भारद्वाज ने जनपद में त्यौहारों के समाप्ति तक ड्यूटी पर सुपर जोनल मजिस्ट्रेट/जोनल मजिस्ट्रेट तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट, नगर निकाय क्षेत्रवार/तहसील/पुलिस चौकीवार नियुक्त किए हैं।

जिला मजिस्ट्रेट ने सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र कसया, सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र हाटा, संपूर्ण तहसील क्षेत्र तमकुहीराज, हेतु सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में अपर जिला मजिस्ट्रेट वैभव मिश्रा को नामित किया है तथा सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र पडरौना, खड्डा, व कप्तानगंज हेतु सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में अपर जिला मजिस्ट्रेट न्यायिक प्रेम कुमार राय को सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में नामित किया है। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र कसया हेतु उप जिलाधिकारी कसया को जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में नामित किया है, इसी प्रकार संपूर्ण तहसील क्षेत्र हाटा के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट हाटा को, सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र तमकुहीराज के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट तमकुहीराज को, संपूर्ण तहसील क्षेत्र पडरौना के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट पडरौना को, संपूर्ण तहसील क्षेत्र खड्डा के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट खड्डा को, संपूर्ण तहसील क्षेत्र कप्तानगंज के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट कप्तानगंज को जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में नामित किया है। सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में 38 अधिकारियों को नामित किया गया है जिसके अंतर्गत तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी तथा अन्य जनपद, ब्लॉक, तहसील स्तरीय अधिकारियों को पुलिस चौकी वार, कस्बा चौकी वार, प्रमुख चौक वाइज नामित नामित किए हैं। इसके अलावे रिजर्व में 05 जोनल व 05 सेक्टर मजिस्ट्रेट भी नामित किए है। उन्होंने बताया कि समस्त मजिस्ट्रेट अपने-अपने तैनाती क्षेत्र में भ्रमण कर यह सुनिश्चित कर लेगे कि छठ घाट व सार्वजनिक स्थल पर कानून व्यवस्था के दृष्टिगत वहां कोई विवाद न हो तथा सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे।

**कंट्रोल रूम स्थापित**

कलेक्ट्रेट में एक कन्ट्रोल रूम बनाया गया है, जिसका सम्पर्क नम्बर-05564-240590 है। कन्ट्रोल रूम की प्रभारी नीरज कुमार गौड़ सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधन सहकारिता, कुशीनगर-7800296766 व आलोक कुमार प्रियदर्शी जिला पंचायत राज अधिकारी, कुशीनगर मो-7834948507 को बनाया गया है जो अपने-अपने स्टॉफ के साथ कन्ट्रोल रूम में उपस्थित रहेगें तथा प्रत्येक अधिकारियों को फोन कर उनकी लोकेशन प्राप्त कर जिलाधिकारी को अवगत करायेंगे।

## करंट की चपेट में आने से युवक की मौत



**ऊंचाहार।** कूलर में संचालित हो रहे करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है, वहीं इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। कोटिया चित्रा गाँव निवासी सूर्यबख्श सिंह का 21 वर्षीय बेटा ओमसिंह बुधवार की सुबह सोकर उठा, इसी दौरान उसने कूलर बन्द करने का प्रयास किया तभी उसमें प्रवाहित हो रहे करंट की चपेट में आकर झुलस गया, आनन फानन परिजनों ने उसे सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। बताया जा रहा है कि मृतक अपने माता पिता के साथ छत्तीसगढ़ प्रान्त में रहता था। दिसंबर महीने में उसके बहन की शादी होनी है इसलिए तैयारियों के लिए वो तीन दिन पहले मां के साथ गाँव आया था।वहीं इस घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज शुक्ल ने बताया कि मृत अवस्था में युवक को सीएचसी लाया गया था। कोतवाल सजंय कुमार का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, अग्रिम विधिक कार्यवाई की जा रही है।

# गाजियाबाद में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज का विरोध अलीगढ़ तक

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** गाजियाबाद में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। अलीगढ़ में वकीलों ने मंगलवार को भी अलीगढ़- मुरादाबाद हाईवे तीन घंटे तक जाम किया। इस दौरान लाठीचार्ज करने वाले पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग गूंजती रही। अधिवक्ताओं ने पहले दीवानी न्यायालय परिसर में विरोध जुलूस निकाला फिर न्यायालय के बाहर अलीगढ़-मुरादाबाद हाईवे को जाम कर दिया। पुलिस को भी ट्रैफिक डायवर्ट करना पड़ा।

अलीगढ़ बार एसोसिएशन के बैनर तले अधिवक्ता आंदोलित हैं। मंगलवार को उन्होंने घटना की कड़ी निंदा करते हुए विरोध किया और लाठीचार्ज करने वाले दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की, मांग उठायी।

**प्रदर्शन से पुलिस को ट्रैफिक डायवर्ट करना पड़ा**

उन्होंने न्यायालय के समक्ष अपनी मांगें उठाते हुए कानून व्यवस्था को बनाए रखने की अपेक्षा की। न्यायालय के गेट नंबर एक के सामने धरने पर बड़ी सं या में अधिवक्ता शामिल हुए और उन्होंने एकजुटता और न्याय की मांग उठायी। बार के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि शर्मा के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने सुबह 11 बजे जुलूस निकाला। इस दौरान वे दोषी पुलिसकर्मियों पर निलंबन की कार्रवाई करने की मांग कर रहे थे। अधिवक्ता जुलूस के रूप में पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए दीवानी न्यायालय परिसर से बाहर अलीगढ़-मुरादाबाद हाईवे पर आ गए और धरने पर बैठ गए। उन्होंने हाईवे को जाम कर दिया। यहां वक्ताओं ने कहा कि पुलिस द्वारा लाठियां और कुर्सियां फेंककर अधिवक्ताओं के संग बर्बरता की गई है। इसे अधिवक्ता समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने मांग रखी कि उत्तर प्रदेश में भी अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को तत्काल लागू किया जाए। जाम की सूचना पर पुलिस प्रशासनिक अधिकारी आ गए। उन्होंने अधिवक्ताओं को समझाया तब कहीं जाकर अधिवक्ता करीब तीन घंटे बाद दोपहर दो बजे हाईवे से हटे और जाम को खोला। प्रदर्शन में प्रतीक चौधरी, शैलेश रावत, पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, उमेश पाठक, हरेंद्र पाल सिंह, डीके गौतम, विपिन चौधरी, बंटी कुमार, गोपाल सिंह राना, योगेश सारस्वत आदि तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे। उधर, दि अलीगढ़ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ठा. दिनेश सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधि मंडल गाजियाबाद में चल रहे धरना- प्रदर्शन में शामिल हुआ।

## शॉर्ट सर्किट से खड़ी बस बनी आग का गोला, नकदी व सामान जलकर खाक




**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा थाना क्षेत्र के चकिया स्थित केसर ढाबा के सामने दिल्ली से बिहार जा रही बस में शार्ट सर्किट से आग लगने से पूरा बस जल कर खाक हो गया। तथा यात्रियों के रखे नकदी और सामान भी खाक हो गया। मिली जानकारी से छठ पर्व को देखते हुए दिल्ली के बदरपुर से बस करीब 100 यात्रियों को ठुसकर बिहार के लिए चली थी। बस के अंदर 56 सीट थी। अधिकतर यात्री स्टूल पर बैठ कर यात्रा कर रहे थे। दोपहर में बस सहजनवां थाना क्षेत्र के चकिया स्थित केसर ढाबा पर रुकी सभी यात्री ढाबे पर नाश्ता करने चले गए। उसी दौरान बस धू -घु कर जलने लगी। बस में निकलती आग को देखते यात्री और मौजूद लोग भयभीत हो गए। और पुलिस को सूचना दिए। एस ओ विशाल उपाध्याय अपने हमराहियों के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और फायरबिग्रेड को सूचना दिए। दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। इस दौरान दो मंजिला बस जल कर खाक हो गया। और यात्रियों का बस में रखा नकदी और सामान भी जल कर खाक हो गया। क्षति का अनुमान नहीं लगाया जा सका है। प्रशासन ने दूसरी बस मंगा कर यात्रियों को बिहार के लिए भेजा। इस संदर्भ एस ओ विशाल उपाध्याय ने कहा कि बस में शार्ट सर्किट से आग लगी है। जिसे बुझा दिया गया है। यात्रियों के नकदी और सामान जल गया है।

**Notice**

Anita Sehgal w/o Rajendra Kumar Sehgal , inform to all that' I have change my name to Anita Rani in future know and call me Anita Rani r/o New Naveen nagar, near sahi ram ki kothi , Saharanpur 247001 Uttar Pradesh

# बांह पर काली पट्टी बांधकर अधिवक्ताओं ने जताया आक्रोश उपजिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को दिया ज्ञापन



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** गाजियाबाद के अधिवक्ताओं पर पुलिस प्रशासन द्वारा बर्बरता पूर्वक बरसाई गई लाठियां तथा जिला जज कि बर्खास्तगी को लेकर बीकापुर संघ के आक्रोशित अधिवक्ताओं ने अध्यक्ष बैजनाथ तिवारी की अध्यक्षता में एक मीटिंग की। करीब चले 1 घंटे मीटिंग के बाद सैकड़ो की संख्या में पैदल मार्च करते हुए अधिवक्ताओं ने अपनी बाह पर काली पट्टी बांधकर अधिवक्ता एकता जिंदाबाद के नारे लगाते हुए बीकापुर तहसीलदार के माध्यम से एक ज्ञापन उत्तर प्रदेश राज्यपाल को दिया। बीकापुर के आक्रोशित अधिवक्ताओं ने गाजियाबाद बहुचर्चित अधिवक्ता घटना कांड की जांच हाईकोर्ट के कार्यरत न्यायाधीश से कराये जाने की मांग की है। गाजियाबाद प्रकरण को लेकर बीकापुर संघ के वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने हुंकार भरते हुए एक स्वर में अपनी अपनी तीखी प्रतिक्रिया प्रकट की अधिवक्ताओं ने कहा गाजियाबाद की घटना ने प्रदेश के सभी अधिवक्ताओं को हिला के रख दिया है। इस घटना की जितनी भी निंदा जाए कम है। कोर्ट रूम के अंदर अधिकताओं पर बर्बरता पूर्वक बरसाई गई लाठियां न्यायिक प्रक्रिया पर हमला करने जैसा है इसको कतई नहीं बर्दाश्त किया जाएगा। घटना के एक सप्ताह बीत जाने पर भी अभी तक दोषियों के विरुद्ध कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई और ना ही जिला जज को बर्खास्त किया गया। शासन प्रशासन से मांग की गई कि दोषियों के विरुद्ध तत्काल कार्यवाही करके उनकी गिरफ्तारी भी की जाए। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष आबाद अहमद, राम जगत तिवारी, शेख मोहम्मद इशहाक, पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, अवध राम यादव, पूर्व मंत्री ब्राहमा नंद मिश्र, राम सिंह यादव, मैनुद्दीन अहमद, मोहम्मद शोएब, अली रजा, सदानंद पाठक, आलोक सिंह, पुष्पेंद्र मिश्र, सुशील कुमार पांडे, अखिल यादव, श्याम नारायण पांडेय, श्याम मनोहर पांडे समेत सैकड़ो वरिष्ठ अधिवक्ता मौजूद थे।

# श्रीराम की नगरी में छठी मइया के महापर्व को दिव्य और भव्य बनाने में जुटी योगी सरकार

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** बिहार ही नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश में भी छठ महापर्व की धूम है। लोक आस्था का महापर्व छठ भी दिव्य व भव्य हो, इसे लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद भी कह चुके हैं कि इस पर्व के दौरान इसकी दिव्यता और भव्यता पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसे लेकर अयोध्या में भी प्रशासनिक अमले ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। घाटों पर सफाई व्यवस्था के साथ बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों की तैनाती की जा रही है। बता दें कि पूर्वांचल में बड़ी संख्या में लोग छठ महापर्व मनाते हैं। अयोध्या जिले के कोने-कोने में भी इस पर्व को मनाने के लिए श्रद्धालुओं में खास उत्साह देखा जा सकता है। अयोध्या में गुप्तारघाट और नयाघाट के अलावा गोसाईगंज, रुदौली में नदियों के तट पर व्रती महिलाएं अस्ताचलगामी



सूर्य को अर्घ्य देती हैं। बाजारों में फल और दौरा की बिक्री जोरों पर है।

**चार दिवसीय छठ में कब क्या**

चार दिवसीय छठ पूजा पांच नवम्बर को नहाय-खाय के साथ शुरू हो चुकी है। छह नवम्बर को व्रती महिलाएं खरना पूजन करेंगी। इसके बाद 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू होगा। सात नवम्बर को डूबते हुए सूरज को व्रती महिलाएं नदी में कमर तक पानी में खड़ी होकर अर्घ्य देंगी। अगले दिन आठ नवम्बर को घाट से उगते हुए सूरज को अर्घ्य देकर परिवार के सुख-समृद्धि की कामना की जाएगी।

**घाट कराए जा रहे साफ, प्रकाश व्यवस्था होगी उत्तम**

छठ महापर्व का मुख्य उत्सव नदियों के किनारे ही होता है। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर नगर निगम क्षेत्र के सरयू तटों पर साफ सफाई की व्यवस्था कराई जा रही है। प्रकाश व्यवस्था बेहतर रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि शाम और सुबह अर्घ्य देने पहुंची व्रती महिलाओं और उनके परिवारजनों की किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

**नगर से लेकर भरतकुंड तक बढ़ी सक्रियता**

चार दिवसीय छठ पर्व का आगाज होते ही बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है। शहर से लेकर देहात तक पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है। एसएसपी राजकरण नय्यर ने बताया कि सभी क्षेत्राधिकारियों को अलर्ट रखा गया है। बाजार से लेकर घाट तक निगरानी बढ़ा दी गई है।

## बाल संस्कार केंद्र का शुभारम्भ, निर्धन बच्चों को मिलेगी शिक्षा

**अयोध्या।** पुनीत फाउंडेशन और सेवा भारती द्वारा अयोध्या के सिधौना गांव में बाल संस्कार केंद्र की स्थापना करना एक सराहनीय कदम है, जिससे निर्धन और साधन विहीन बच्चों को शिक्षा और संस्कार मिलेंगे। इस पहल से न केवल बच्चों को शिक्षा मिलेगी, बल्कि उन्हें संस्कार और आत्मविश्वास भी मिलेगा, जिससे वे भविष्य में राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।मिल्कीपुर शिक्षा क्षेत्र के सिधौना गांव में पुनीत फाउंडेशन एवं सेवा भारती ने बाल संस्कार केंद्र की मोहल्ला कक्षा का शुभारम्भ किया गया। इसमें क्षेत्र के निर्धन एवं साधन विहीन बच्चों को शिक्षा दी जाएगी। पढ़ने वाले बच्चों को शैक्षिक सामग्री एवं आवश्यक स्टेशनरी सामग्री का वितरण भी किया गया।

## तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक में मारी टक्कर, मौत

**मसौली बाराबंकी।** सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम लक्षबर बजहा के निकट तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की चपेट मे आने से 48 वर्षीय बाईक सवार की मौके पर मौत हो गयी मृतक थाना क्षेत्र के ग्राम बाबा का पुरवा मजरे सैदाबाद का निवासी है। बुधवार की दोपहर करीब 12 बजे सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बाबा का पुरवा मजरे सैदाबाद निवासी 48 वर्षीय राम गोपाल पुत्र सियाराम लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित देवा डेयरी मे दूध देने के बाद अपनी बाइक नंबर यूपी 32 सी 8071 से बाराबंकी मंडी जा रहा था तभी लखनऊ की ओर से तेज रफ्तार मे आ रही स्कॉर्पियो नंबर यूपी 58 एम 5656 ने जोरदार टककर मार दी जिससे रामगोपाल की मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची सफदरगंज पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दुर्घटना के बाद स्कॉर्पियो चालक गाडी सहित फरार हो गया।

## विदेश भेजने के नाम पर ऐंठे पैसे,शिकायत

**जैदपुर बाराबंकी।** विदेश भेजने के लिए 95000 रूपये लेकर वापस करने पर हुये विवाद में पीड़ित को मारा पीटा जिसकी शिकायत जैदपुर थाना में करने पर पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मामला जैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मौथरी का जहां की पीड़ित मोहसिना बानो पत्नी मोहम्मद इस्लाम में बताया कि दुबई भेजने के लिए 95000 अजमतुल पत्नी सिराज अहमद निवासी रमई का इंदारा थाना पटरंगा को दिया था। पैसा न वापस करने पर शिकायत कुछ दिन पूर्व पटरंगा थाने में की गयी थी। जहां आपसी समझौते में पैसे देने की बात तय की गयी थी? परन्तु दिनांक 4,11, 2024 को शाम को जिसके माध्यम से पैसा दिया गया था उससे पैसे मांगने पर गांव के मुन्नी मोहम्मद राजा रफीक शाहिद पुत्र गांव राजा शाहीन बानो पत्नी तूफैल निवासी मौथरी ने एकजुट होकर गंदी-गंदी गालियां देते हुए घर में घुसकर मारा पीटा, पीड़िता ने थाना जैदपुर में इस बात की शिकायत की, शिकायत के आधार पर जैदपुर पुलिस में मुकदमा पंजीकृत जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# निस्वार्थ सेवा की प्रेरणा हनुमान जी से मिली: डॉ. इंद्रभान विश्वकर्मा

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** भगवान राम की नगरी अयोध्या में डेंगू, मलेरिया, और टाइफाइड जैसी बीमारियों का प्रकोप बढ़ने के कारण सैकड़ों लोग प्रभावित हो रहे हैं। इन बीमारियों से अस्पतालों में मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है और स्वास्थ्य सेवाओं पर भारी दबाव है। इस संकटपूर्ण समय में जिला श्रीराम अस्पताल के डॉक्टर इंद्रभान विश्वकर्मा ने अपनी निरंतर सेवा और समर्पण से स्थानीय जनता के लिए उम्मीद की किरण बनकर उभरे हैं।डॉ. इंद्रभान की निस्वार्थ सेवा और अथक प्रयासों को देखते हुए अयोध्या की जनता उन्हें एक आधुनिक समय के %संजीवनी प्रदानकर्ता% के रूप में मानने लगी है। उनका यह समर्पण उस समय की याद दिलाता है जब हनुमान जी ने लक्ष्मण जी के जीवन को संजीवनी बूटी से बचाया था। उसी प्रकार, डॉक्टर इंद्रभान बीमारियों से जूझ रहे मरीजों की जान बचाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।उनकी सेवा केवल इलाज तक सीमित नहीं है। वे बीमारियों के बारे में जागरूकता फैलाने, मरीजों को मानसिक रूप से प्रोत्साहित करने और उनकी उचित देखभाल के उपायों को साझा करने में भी सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। उनके इस समर्पण और सेवा भावना ने अयोध्या की जनता को राहत दी है और यह प्रेरणा का स्रोत बन गई है।स्थानीय प्रशासन से अपील इस कठिन समय में अयोध्या की जनता का मानना है कि जिला प्रशासन को इस संकट से निपटने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। डॉक्टर इंद्रभान जैसे समर्पित चिकित्सकों का साथ देते हुए प्रशासन को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाया जाए और बीमारियों की रोकथाम के लिए विशेष उपाय किए जाएं।डॉ. इंद्रभान विश्वकर्मा ने साबित कर दिया है कि समाज की सेवा में समर्पित चिकित्सक ही असली नायक होते



हैं। उनकी यह सेवा भावना पूरे शहर के लिए प्रेरणादायक है और उनके प्रयासों से अयोध्या की जनता को संजीवनी जैसी राहत मिल रही है। इस समय, अयोध्या के लोग डॉ. इंद्रभान के योगदान की सराहना करते हुए जिला प्रशासन से आग्रह कर रहे हैं कि इस महामारी को नियंत्रित करने के लिए और प्रभावी कदम उठाए जाएं ताकि अयोध्या फिर से स्वस्थ और सुरक्षित हो सके।

## राम जन्मभूमि परिसर में भवन निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक शुरू

**अयोध्या।** राम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण कार्य की गति पर चर्चा और समीक्षा करने के लिए भवन निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक आज से शुरू हो गई। बैठक की शुरुआत राम जन्मभूमि परिसर में निरीक्षण के बाद हुई, जिसमें भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने शिरकत की। नृपेंद्र मिश्रा ने इस अवसर पर कहा कि मंदिर निर्माण कार्य की गति पिछले एक महीने से पीछे चल रही है, जबकि दिसंबर 2024 तक मंदिर निर्माण का लक्ष्य रखा गया था।

# श्रीमद्भागवत कथा में कृष्ण जन्म की लीला का हुआ भावपूर्ण वर्णन

*अवधनामा संवाददाता*

**पूरा बाजार, अयोध्या।** ग्राम सभा जलालुद्दीन नगर स्थित पूर्व प्रधान अवध बिहारी सिंह के आवास पर चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन का कार्यक्रम बेहद हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। कथा व्यास कौशिल्या नन्द जी महाराज ने इस अवसर पर गजेंद्र मोक्ष, हरि अवतार, कश्यप अवतार, सूर्यवंश और चंद्रवंश का वर्णन करते हुए भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथा का विस्तार से वर्णन किया।कथा में भक्तों को गजेंद्र मोक्ष के प्रसंग से यह संदेश मिला कि परमात्मा सदैव अपने भक्तों की सहायता के लिए तत्पर रहते हैं। गजेंद्र की भक्ति और आर्त पुकार पर भगवान ने उसकी रक्षा की, जो यह दर्शाता है कि भक्ति और समर्पण से भगवान का साक्षात्कार किया जा सकता है। इसके बाद हरि और कश्यप अवतार के प्रसंगों का वर्णन किया गया, जिसमें भगवान के अवतारों के पीछे का उद्देश्य और धर्म की स्थापना पर प्रकाश डाला गया।कथा के विशेष आकर्षण का केंद्र श्रीकृष्ण जन्म की लीला रही, जिसे महाराज ने बड़े भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया। भक्तों को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और उनके जन्म के चमत्कारिक प्रसंगों को सुनने का अवसर मिला, जिससे सभी श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए।

जैसे ही श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का वर्णन किया गया, कथा स्थल पर मौजूद श्रद्धालु 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयकारों से गूंज उठे। श्रद्धालुओं ने भावुक होकर कृष्ण जन्म का स्वागत किया और भक्ति में लीन हो गए। पूरा बाजार में चल रही इस कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हो रहे हैं और भक्ति रस में डूब कर भगवान के दिव्य प्रसंगों का श्रवण कर रहे हैं।

# पंख कैरियर गाइडनेंस कार्यक्रम के तहत छात्राओं को मिली प्रेरणा, बेहतर भविष्य की दिशा में एक कदम और

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित पंख कैरियर गाइडनेंस कार्यक्रम के तहत बेटियों के कैरियर को बेहतर बनाने के लिए एक विशेष आयोजन सोहावल क्षेत्र के सलोनिया स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज (जीजीआईसी) में हुआ। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी ने शिरकत की और छात्राओं को उनके भविष्य के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित शिवा शीष तिवारी शास्त्री द्वारा शस्त्र वाचन के साथ हुई, और फिर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप जलाकर इसे औपचारिक रूप से आरंभ किया गया। प्रधानाचार्या तारावती देवी वर्मा ने मुख्य अतिथि डॉ. पवन कुमार तिवारी का स्वागत किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय चिकित्सा, शिक्षा और पुलिस विभाग से जुड़ी विशेषज्ञों ने छात्राओं को अपने अनुभवों से मार्गदर्शन किया। चिकित्सा क्षेत्र से आए चिकित्सकों, शिक्षा जगत के शिक्षकों और पुलिस विभाग से जुड़ी महिला उपनिरीक्षक ने छात्राओं को उनके सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित किया और उन्हें कई महत्वपूर्ण टिप्स दिए।

कार्यक्रम में छात्राओं ने स्वागत गीत, सरस्वती वंदना और ÷शिक्षित होने के क्या फायदे हैं?÷ जैसे नाटक प्रस्तुत कर आयोजन में रंग जमा दिया। डॉ. पवन कुमार तिवारी ने कार्यक्रम में छात्राओं के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि उनके उत्साह और प्रतिभा को देखकर यह साफ प्रतीत होता है कि वे न केवल अपने विद्यालय, बल्कि अपने गांव, प्रदेश और देश का नाम भी रोशन करेंगी।प्रधानाचार्या तारावती देवी वर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और इस कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए धन्यवाद दिया। इस



मौके पर डॉ. मृदुला चौधरी, कांति देवी, कल्पना, वंदना, सीमा रानी, श्वेता पांडे, सरिता मौर्य, डॉ. रेखा सिंह, सुषमा चौरसिया, शिल्पा पटेल और अन्य कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। बड़ी संख्या में छात्राएं और उनके अभिभावक भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

## अधिवक्ताओं ने जारी रखा विरोध प्रदर्शन

**अयोध्या।** गाजियाबाद में अधिवक्ताओं के ऊपर हुए लाठी चार्ज के विरोध में आज दूसरे दिन भी फैजाबाद अयोध्या बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन जारी रखा। प्रदर्शनकारियों ने एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट के शीघ्र लागू होने की मांग की, ताकि अधिवक्ताओं की सुरक्षा के मानक सुनिश्चित किए जा सकें।इस प्रदर्शन में एल्डर कमेटी के पूर्व अध्यक्ष कृपालचंद खरे के नेतृत्व में कई प्रमुख अधिवक्ताओं ने भाग लिया। इनमें राज कपूर सिंह, पूर्व अध्यक्ष अरविंद सिंह, लालजी गुप्ता, राजीव कुमार शुक्ला, मनोज कुमार सिंह, जितेंद्र श्रीवास्तव, प्रेम मालवीय, दिनेश सिंह समेत अन्य कई अधिवक्ता शामिल रहे।

# अलग अलग क्षत्रो में जमकर चले लाठी डंडे, दोनों पक्ष पहुँचे थाने

*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर बाराबंकी।** थाना क्षेत्र में तीन अलग अलग जगहों पर आपसी कहा सुनी व रंजिश हुयी जमकर मारपीठ पीड़ितों ने थाना जैदपुर में शिकायत करते हुये कार्यवाही की मांग की है। पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है?। जानकारी के अनुसार थाना जैदपुर के मौथरी गांव मुन्नी पत्नी रजा ने शिकायत करते हुये बताया कि शाम को सात बजे असलम, शाहे आलम, इस्लाम रजिया, अनीस, मंतशा आदि ने फर्जी गालियां देते हुये मारा पीटा, साथ ही उसकी लड़की व लडके को भी लात घूसों से मारा पीटा, जबकि, गोछौरा निवासी उर्मिला पत्नी गनेश प्रसाद ने शिकायती पत्र देते हुये बताया कि पडोस के केसो राम, सियाराम, पुत्र राम फल प्रार्थिनी की जमीन पर खम्भा लगा रहे थे,जब



इसका विरोध किया तो तो श्यामू की पत्नी रामू की पत्नी टिंकू की पत्नी रिंकू की पत्नी ने जमकर लात घूसों से मारा पीटा, इसी क्रम में वीरेंद्र निवासी रामपुर मजरे पाठ मऊ ने बताया कि प्रार्थी की पत्नी मंदिर पूजा करने गयी थी देर होने पर देखने गया तो रास्ते में गांव के पप्पू अजीत की पत्नी रामकली ने लोहे के पाइप से मार कर गिरा दिया। गांव वालों ने मिलकर छुड़ाया विपक्षी धमकी ने जान से मारने की धमकी देते हुये जिंदा ना छोड़ने की बात कही है। मारपीट में प्रार्थी के शरीर पर काफी छोटे आयी है। मौके पर 112 नंबर डायल कर सूचित किया गया था। वही इन तीनों शिकायतों के आधार पर जैदपुर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब का चुनाव 9 नवंबर को

**महराजगंज।** जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के जिला कार्यकारणी का वार्षिक चुनाव आगामी 9 नवंबर को जिला पंचायत सभागार में होगा। इसके लिए अधिसूचना जारी कर दी गई हैं। चुनाव की विस्तृत जानकारी देते हुए मुख्य चुनाव अधिकारी शैलेश पाण्डेय ने बताया कि क्लब का चुनाव पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नामांकन पत्र की विक्रय शनिवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 11बजे तक, नामांकन पत्र की वापसी दोपहर 11से 11¬30 बजे तक, नामांकन पत्र का जांच 11¬30 बजे से 12 बजे तक तथा मतदान 1से बजे होगा। उन्होंने बताया कि सहायक चुनाव अधिकारी अनिल वर्मा और अंकुश श्रीवास्तव के साथ चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न होगा।

# मनचला शोहदा उनके साथ छेड़छाड़ करे तो तुरन्त पुलिस




*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** नारी सशक्तीकरण व महिला सुरक्षा उद्देश्य हेतु चलाई जा रही जनकल्याण योजना मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के तहत बुधवार को मसौली पुलिस की महिला सुरक्षा दल द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय करपिया मे आयोजित मिशन शक्ति कार्यक्रम मे किशोरियो को जागरूक किया। अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक सनत मिश्रा ने कार्यक्रम मे उपस्थित छात्राओं से रूबरू होते हुए कहा कि स्कूल कॉलेज रास्ते आते जाते समय अगर कोई मनचला शोहदा उनके साथ छेड़छाड़ करता है तो घबराएं नहीं बल्कि यूपी सरकार द्वारा महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा के लिए जारी किए गए टोल फ्री नंबरों पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं,उन्हें तत्काल सहायता मुहैया कराई जाएगी तथा अपने साथ गलत होने पर चुप ना रहे क्योंकि एक बार की चुप्पी आगे जाकर बड़ा रूप ले लेती है हेड कांस्टेबल करूणेन्द्र पटेल कांस्टेबल सचिन सचान ने छात्राओ को साइबर क्राइम से बचने के भी उपाय बताएं। महिला सुरक्षा दल की महिला कांस्टेबल राधिका द्विवेदी ने कार्यक्रम मे मौजूद किशोरियो को जागरूक करते वूमेन पावर लाइन के लिए 1090,आपातकालीन सेवा के लिए 112,महिला हेल्पलाइन के लिए 181,चाइल्ड लाइन के लिए 1098, एंबुलेंस सेवा के लिए 108,स्वास्थ्य सेवा के लिए 102, फायर ब्रिगेड के लिए 101 तथा साइबर संबंधी सुरक्षा के लिए टोल फ्री नंबर 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज कराने की जानकारी दी। इस मौके पर आवासीय विद्यालय की वार्डन विभा मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## धान तौल का शुभारंभ,लक्ष्य पूरा करने का संकल्प

**नौतनवा (महाराजगंज)।** स्थानीय कस्बे में स्थित सहकारी क्रय विक्रय समिति पर धान तौल का शुभारंभ समिति के सभापति सतीश त्रिपाठी ने किया। तौल मशीन का विधि विधान से पूजन करने के उपरांत उन्होंने समिति के कर्मचारियों से अपेक्षा किया कि शासन द्वारा समिति को धान खरीद का जो लक्ष्य दिया गया है उसे हर हाल में पूरा किया जाए। केंद्र एवं प्रदेश सरकार की मंशा है कि धान क्रय केन्द्रो पर अधिक से अधिक किसान अपनी उपज का वाजिब दाम पाएं। इसके लिए उन्हें प्रोत्साहित भी किया जाए। श्री त्रिपाठी ने कहा कि समिति पर मानक के अनुरूप धान विक्रय करने वाले किसानों को सभी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। शुभारंभ के दौरान आरजी महुअवां के किसान घरभरन का लगभग 22 कुन्तल धान क्रय किया गया। इस अवसर पर सचिव विजय कुमार ने भी संकल्प लिया कि वह लक्ष्य के अनुरूप धान खरीद करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे तथा किसानों से संपर्क कर केंद्र पर धान बेचने की गांव गांव जाकर अपील करेंगे। इस मौके पर खैराटी समिति के सभापति कृष्ण शंकर सिंह उर्फ नन्हे सिंह ,प्रगतिशील किसान एवं एडवोकेट शमसुद्दीन, राजेश कुमार, राजकिशोर सहित कर्मचारियों के अलावा अन्य किसान भी मौजूद रहे।

## आगामी महाकुंभ मेला हेतु तैयारियां संपन्न

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** सिसवा ब्लॉक के अंतर्गत हरपुर पकड़ी स्थित बउरहवा बाबा मंदिर में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक में प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ मेले में श्रद्धालुओं की सेवा की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में जिलाध्यक्ष रवीश त्रिपाठी ने कहा कि बारह वर्षों के उपरांत प्रयागराज में महाकुंभ मेले का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। मेले में श्रद्धालुओं के निवास, भोजन व स्वास्थ्य परीक्षण शिविर हेतु विशेष सहभागिता अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल के द्वारा की जाएगी। इस बीच शुभम मिश्रा को सिसवा ब्लॉक अध्यक्ष व मनीष जायसवाल को ब्लॉक उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस मौके पर प्रांत अध्यक्ष विपुल जायसवाल, सोनू सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नहीं कोई चिट्ठी नहीं आदेश रामू का मनरेगा में जोर



*अवधनामा संवाददाता*

**कोठी बाराबंकी।** बॉलीवुड की अधिकांश फिल्मों में घर व होटल नौकर का नाम रामू होता है। यही किरदार सिद्धौर ब्लॉक में भी बखूबी निभाया जा रहा है। जहां कथित रामू गौतम नामक व्यक्ति का मनरेगा में एमबी बनवाने समेत अन्य फाइलों में सचिव व प्रधानों से हजारों रुपए वसूली करता है। जो बीडीओ सिद्धौर शह पर वर्षों से चल रहा है। जी हां, नहीं कोई प्रशासनिक आदेश, नहीं कोई बुलावा और नहीं कोई कॉन्ट्रेक्ट फिर भी रामू के इस किरदार से सचिव व प्रधान परेशान है। उनकी माने तो करीब सालों पहले चतुर्थ श्रेणी में काम करने देवकली गांव के रामू गौतम आए थे। जो मनरेगा योजना में हस्तक्षेप करने साथ वीडीओ से कर्मचारियों चुगंली शुरू कर दी। उसे उनका शह मिल गया। अब उसकी हैसियत यह हो गई है कि उसके बिना हस्तक्षेप के प्रधान की मनरेगा एमबी समेत महत्वपूर्ण फाइल नहीं होती है। यह गतिविधियां परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरा प्रतिदिन रिकॉर्ड होता है। आखिर कैसे रामू नाम का व्यक्ति ब्लॉक में जमा हुआ है। नाम नहीं छापने शर्त पर कई सचिव व प्रधानों ने बताया कि ही क्षेत्र के ही देवकली गांव निवासी रामू गौतम मनरेगा योजना में एमबी करवाता है।

इसके बदले हजारों रुपए बीडीओ नाम पर लेता है। इस निजी कर्मचारी से सब परेशानी है। मगर वृंदावन में रहना है तो राधे-राधे कहना है की तर्ज पर प्रधान व सचिव चुप है। क्योंकि उसे बीडीओ संरक्षण प्राप्त है। मगर पीसीएस रैंक बीडीओ पूजा गुप्ता चार्ज लेने से उनमें उम्मीद जगी है।

## मिश्रीलाल मास्टर रोल बनाने में सहयोग करता है

ब्लॉक के जानकार बताते हैं कि पूर्व में इस तरीके से मिश्रीलाल नामक व्यक्ति मास्टर रोल बनवाने व ब्लॉक के कार्य में सहयोग करता था। पंचायत चुनाव व अन्य अवसरों पर उसे ब्लाक स्तर प्रवेश पास आदि लिखा पढ़ी में दिया जाता था। इसके एवज में ब्लाक से उसे आर्थिक मदद धनराशि मिलती थी। जिसका वह निजी रजिस्टर मेंटेन करता था। कभी-कभार अधिकारियों के हस्ताक्षर भी बनवाता था।? मगर बाद में उसके हरकतों से उसे ब्लाक से हटा दिया गया। सूत्रों मुताबिक ब्लॉक में परमानेंट रखने के लिए उसने हाईकोर्ट में अपील कर दी। जो विचाराधीन है।

# जिलाधिकारी द्वारा आयुष्मान आरोग्य मन्दिर का किया निरीक्षण

## एएनएम व सुपरवाइजर से स्पष्टीकरण देने का दिया निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**लोटन सिद्धार्थनगर।** डीएम डा राजा गणपति आर द्वारा आयुष्मान आरोग्य मन्दिर वनियाडीह विकास खण्ड लोटन का बुधवार को निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर ने आरोग्य मन्दिर में होने वाली जांचों एवं टीकाकरण के बारे में पूछा गया। मौजूद कार्मचारी द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया कि केन्द्र पर सभी मशीने उपलब्ध है। गर्भवती महिलाओं की 05 प्रकार की जांच की जाती है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी जांच का 05-05 किट होना चाहिए। जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि बुधवार को 02 गर्भवती महिलाओ का जांच किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा गर्भवती महिला खुशबू से वार्ता किया गया। ए.एन.एम, आशा व आंगनबाड़ी द्वारा सही काम न करने के कारण जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। इसके साथ ही सुपरवाइज विजय प्रकाश पाण्डेय को भी स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा ड्यू लिस्ट को देखा गया। ड्यू लिस्ट अपडेट नही था। जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी।

# बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में संजना व अनन्या बनी चैम्पियन



**पौली अवधनामा संवाददाता।** पौली ब्लाक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय शनिचरा बाजार के परिसर में आयोजित दो दिवसीय ब्लाक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम पर मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षाधिकारी अर्जुन प्रसाद वर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर ध्वज को सलामी दी। उहोंने विजेता व उप विजेता छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि परिश्रम करने वालो की सफलता कदम चूमता है। जिसका परिणाम आप सभी को मिला है। इसी लगन निष्ठा से और मेहनत करने की जरुरत है। खिलाडी कभी हारता नही है उसे हमेशा लक्ष्य की तरफ बढने का प्रयास करना चाहिए। जूनियर बालिका वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय चकिया से संजना व उच्च प्राथमिक विद्यालय गोविंदगंज से अनन्या संयुक्त रूप से चैंपियन बनी। वही जूनियर बालक वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय हरिवंशपुर से हरिओम चैंपियन बने तथा प्राथमिक वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय तिलकुपुर कंपोजिट से बालिका वर्ग में कुसुम और बालक वर्ग में ओम का दबदबा रहा। कार्यक्रम का संचालन प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष उदय प्रताप यादव ने किया। वही ब्लाक व्यायाम शिक्षक सुनील कुमार, विपिन कुमार, भोलेंद्र यादव, महेश्वरी प्रताप श्रीवास्तव, रतीभान की देखरेख में प्रतियोगिता सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में एआरपी राजेंद्र यादव, राजेश गुप्ता, दिलीप कुमार, हरीराम यादव, आर्दश मणि त्रिपाठी, विनोद पांडेय, रतिभान चौधरी, हरिओम त्रिपाठी, अनिल कुमार, शिव कुमार मौर्य, कौशलेंद्र प्रताप सिंह, मुबारक अली, रतीभान, लक्ष्मी, बाबूलाल, अन्नू,अर्चना सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# आदर्श बार एसोसिएशन डुमरियागंज का हुआ गठन, 11 को होगा शपथ ग्रहण समारोह

- बार एसोसिएशन के नई कमेटी का हुआ गठन
- सर्व सम्मति से कृष्ण मोहन श्रीवास्तव संरक्षक, देवेंद्र प्रसाद पाठक अध्यक्ष व शैलेन्द्र कुमार रावत महामंत्री चयनित हुए

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने नई एसोसिएशन का गठन कर लिया है। नई एसोसिएशन को आदर्श बार एसोसिएशन डुमरियागंज का नाम दिया गया है। नई एसोसिएशन की कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से देवेंद्र प्रसाद पाठक को अध्यक्ष व शैलेंद्र कुमार रावत को महामंत्री चुना है। इसके अलावा कृष्ण मोहन श्रीवास्तव को संरक्षक, सुभाष श्रीवास्तव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजेश दुबे को कोषाध्यक्ष, राम बहादुर यादव, जलाल अहमद को उपाध्यक्ष, नदीम अहमद को कनिष्ठ उपाध्यक्ष, दुर्गेश श्रीवास्तव संयुक्त मंत्री प्रशासन, हरेंद्र मौर्या को संयुक्त मंत्री प्रकाशन, सुभाष विश्वकर्मा संयुक्त मंत्री पत्राचार चयनित किए गए। वही वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के रूप में हृदय राम, आशीष कुमार श्रीवास्तव, नौशाद हैदर रिज़्वी, अशोक श्रीवास्तव, मनोज मौर्या, सरस श्रीवास्तव व कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के रूप में प्रवीण श्रीवास्तव, रूपेंद्र मोदनवाल, अनुराग पाठक, बृजनंदन पाण्डेय, रंजीत पासवान, मन्तराम चौधरी, मिथलेश कुमार यादव को चुना गया है। बुधवार को आदर्श बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी बैठक अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार पाठक की अध्यक्षता में हुई, जिसमें सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया है कि नई चयनित कार्यकारणी का शपथ ग्रहण समारोह 11 नवम्बर दिन सोमवार को होगा।

# सीडीओ ने किया साधन सहकारी समिति गोदाम का औचक निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा विकास खण्ड खुनियांव के ग्राम पंचायत धनगढ़वा में साधन सहकारी समिति, गोदाम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय स्टॉक रजिस्टर के अनुसार यूरिया, डीएपी का सत्यापन किया। दुकान पर रेट लिस्ट नहीं लगाया गया है सचिव की तत्काल रेट लिस्ट लिखने के निर्देश दिया गया। स्टॉक रजिस्टर एवं विक्रय ई-पॉस मशीन के अनुसार यूरिया डीएपी पाया गया। यूरिया जमा हुआ पाया गयाद्य किसान का मोबाइल नम्बर अंकित किया जा रहा है। 03 किसान से मोबाइल पर वार्ता कर बिक्री का सत्यापन किया गया। सचिव को निर्देशित किया गया कि सभी किसान का मोबाइल नम्बर सही अंकित किया जाये।

# छठ पूजा को लेकर रानी लक्ष्मीघाट का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**बांसी।** जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर ने छठ पूजा को लेकर रानी लक्ष्मी मोह भक्त घाट छठ स्थलिये का निरिक्षण किया। मौके पर जिलाधिकारी ने एसडीएम प्रदीप कुमार को दिया आवश्यक दिशा निर्देश दिया। नगर पालिका प्रशासन जल्द से जल्द छठ स्थल का कार्य समय रहकर पूर्ण करायें। निरिक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने छठ घाट का निरीक्षण किया और नपा प्रशासन को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि घाट निर्माण में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होने कहा बैरिकेडिंग मजबूत होनी चाहिए और वाँचटावर, लाईट बढाई, तथा खोया पाया केंद्र स्वास्थ्य टीम लगाई जाए जिसके लिये संबंधित जिम्मेदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। छठ पूजा के दौरान बांसी के रानी मोहभक्त लक्ष्मी स्नान घाट पर भारी भीड़ जुटती है जिसको देखते हुए मैदान को काफी लंबा चौड़ा साफ कर कर वहां लोगों के जाने लायक बनानें के लिये कहा। इस दौरान क्षेत्राधिकारी बांसी मयंक दिवेद्दी, तहसीलदार प्रभारी निरिक्षक कृपाशंकर शुक्ला, जमील नगर पालिका के कर्मचारी अधिकारी मौजूद रहे।

# महापर्व की पवित्रता के लिए युद्धस्तर पर साफ-सफाई

## छठ पूजा का सफल संचालन के लिए बैठक हुआ विचार विमर्श

अवधनामा संवाददाता



**बिस्कोहर सिद्धार्थनगर।** आस्था का महापर्व छठ पूजा को मद्देनजर नगर पंचायत भारत भारी के ईओ नवीन कुमार सिंह व लिपिक सुधीर कुमार के नेतृत्व में निरीक्षण कर बैरिकेटिग व क्षेत्र में स्थित विभिन्न छठ पूजा समिति सदस्यों के साथ बैठक कर नप के द्वारा साफ-सफाई अभियान की रणनीति बनाई।

इस सिलसिले में बुधवार को नगर पंचायत भारत भारी के छठ पूजा की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश वर्मा उर्फ चंदू चौधरी व अधिशासी अधिकारी राजन गुप्ता उपस्थित थे। ईओ नवीन कुमार सिंह ने कहा कि क्षेत्र के अंतर्गत छठ घाट पर नगर पंचायत के द्वारा इस आस्था महापर्व की पवित्रता बनाए रखने के लिए युद्धस्तर पर साफ सफाई अभियान चलाकर छठ घाटों की सफाई, घाटों में चुना, ब्लीचिंग पाउडर इत्यादि का छिड़काव, छठ घाटों में लाईटिंग की व्यवस्था की जाएगी। हर बिंदु पर कैसे छठ पूजा का सफल तरीके से संचालन हो, बैठक में विचार विमर्श किया गया। समय से पहले नगर पंचायत के द्वारा छठ पूजा के अवसर पर सभी छठ घाट और शहर में साफ सफाई एवं सभी तरह की व्यवस्थाएं मुहैया कराई जाएगी। इस अवसर पर सुधांशु अग्रहरि, उदयभान अग्रहरि, सुपरवाइजर अरविंद पांडेय, अमरजीत तिवारी, शिवांशु मिश्रा, महेन्द्र, बुद्धिराम, दिलीप, राजकुमार, संतोष, राकेश, विनय, राजाराम, श्याम सुंदर, राम पाल, मथुरा प्रसाद आदि लोग मौजूद रहे।

# डेंगू के कहर से छह वर्षीय बालक की मृत्यु

**अम्बेडकरनगर।** नगर पंचायत इल्तिफातगंज के विद्युत नगर में भी डेंगू का कहर बढ़ गया है। बढ़ते मच्छरों के प्रकोप से डेंगू जैसे खतरनाक वायरस से बचने के लिए जनपद व क्षेत्र वासियों को सावधान एवं डॉक्टर्स के खास बातों का ध्यान रखना होगा। बीते मंगलवार को थाना इब्राहिमपुर क्षेत्र अंतर्गत कटरिया विद्युत नगर में बंशीलाल यादव पुत्र स्वर्गीय रामखेलावन का सबसे छोटा लड़का उम्र लगभग 6 वर्ष की डेंगू वायरस जैसे गंभीर परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। इस घटना से परिवार जनों में कोहराम मच गया। और परिवार जनों का रो रो कर बुरा हाल है। खबर फैलते ही पूरे गांव में सनसनी फ़ैल गई। वही वार्ड वासियों के प्राप्त जानकारी से पता चला कि बीते वर्ष नगर पंचायत इल्तिफातगंज के विस्तारीकरण से नगर व वार्ड नंबर 07 के वासियों के लिए स्वच्छ भारत अभियान के तहत तथा वार्ड नंबर 07 के साफ सफाई व्यवस्था नहीं है। केवल नाम का नगर पंचायत इल्तिफातगंज में ग्राम सभा कटरिया को डाल दिया गया है।

# निर्जला व्रत के साथ छठ पर्व को स्वच्छता कर मनाया

**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** छठ पर्व का दूसरा दिन करना होता है करना का मतलब शुद्धिकरण छत पर में सफाई व स्वच्छता का विशेष महत्व है इसीलिए करना भी महत्वपूर्ण है इसी दिन शाम से 36 घंटे के निर्जला व्रत का प्रारंभ भी हो जाता है इस दिन रोटी गुड़ की खीर और फल का भोग लगाया जाता है इस क्षेत्र का महाप्रसाद कहा जाता है करना वाले दिन ही सूरज भगवान का महाप्रसाद प्रति ही तैयार करते हैं शाम के समय भगवान को अर्पित करने के बाद इस प्रसाद को सभी लोग ग्रहण करते हैं करना से ही छठ का उपवास शुरू होता है जो सप्तमी तिथि को अर्थ देने के बाद समाप्त होता है। खन्ना के दिन ही मिट्टी के चूल्हे पर गुड़ की खीर बनाई जाती है जिसके लिए पीतल के बर्तन का ही प्रयोग किया जाता है शाम के समय प्रति कैमरा बंद करके खीर का सेवन करते हैं इसके बाद पूरा परिवार वृद्धि से आशीर्वाद लेता है। इस दौरान सुहागिन महिलाएं वृद्धि से सिंदूर भी लगवाती हैं शाम के समय केले के पत्ते पर खीर के कई भाग किए जाते हैं अलग-अलग देवी देवताओं को छठ मैया सूर्य देवता का हिस्सा निकाला जाता है इस पर खीर दूध के साथ बाकी पकवान भी रखे जाते हैं छठी मैया का ध्यान करके ही प्रसाद को ग्रहण किया जाता है छठी वृद्धि महिलाएं इस दिन भूमि पर सोती है इस दौरान तकिया आदि का प्रयोग नहीं किया जाता है ब्रह्मचारी व्रत का पालन किया जाता है।

# करंट लगने से व्यक्ति की मृत्यु

**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** तहसील जलालपुर थाना मालीपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत सुल्तानपुर खुर्द के गुड्डू राजभर उम्र 35 साल पुत्र बंसी राजभर कि आज सुबह बिजली के करंट लगने से घटना स्थल पर मौत हो गई आज सुबह गुड्डू पुत्र बंसी लोके लोहार के यहां काम कर रहा था सुबह करंट लग गया जिससे उसकी मौत हो गई परिजनों ने इसकी सूचना थाना अध्यक्ष मालीपुर को दिया खान थाना अध्यक्ष मालीपुर प्रतिभाकांत तिवारी दलबल के साथ पहुंचकर शव को बरामद करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती का आयोजन 10 को

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** सरदार पटेल स्मारक संस्थान (कुर्मी बोर्डिंग) बस्ती के छत्रपति साहूजी महाराज सभागार में 10 नवम्बर दिन रविवार को दिन में 11.00 बजे भारत रत्न, लौहपुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती समारोह का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में सांसद रामप्रसाद चौधरी मुख्य अतिथि होंगे साथ ही पूर्व विधायक दयाराम चौधरी, विधायक राजेन्द्र प्रसाद चौधरी, महेन्द्रनाथ यादव, कविन्द्र चौधरी, पूर्व सांसद अरविन्द चौधरी तथा जिपं.स संजय चौधरी उपस्थित रहेंगे। संस्थान के महामंत्री डा. सुरेन्द्र प्रसाद चौधरी ने संस्थान के सदस्यों व पदाधिकारियों को सपरिवार उपस्थित रहने की अपील किया है।

# ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** नगर स्थित नरेंद्र देव इंटर कालेज में बुधवार को ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने दौड़, लम्बी कूद, कबड्डी के मुकाबले में दमखम दिखाया। बालक एवं बालिका वर्ग में 600 मीटर दौड़ में उच्च प्राथमिक विद्यालय अजईपुर के नवनीत व उच्च प्राथमिक विद्यालय जगतूपुर की अंशिका ने बाज़ी मारी।

प्राथमिक स्तर पर महेशपुर के बालक वर्ग में राजवीर एवं बालिका वर्ग में प्राथमिक विद्यालय सम्मनपुर की आरज़ू 50 मीटर दौड़ मे आगे रहीं।बालक वर्ग में 100 व 200 मीटर दौड़ में प्राथमिक विद्यालय सकरा यूसुफपुर विशाल ने बाज़ी मारी।वहीं मालीपुर के हिमांशु व नवानगर की रीशू ने लम्बीकूद में जीत का परचम लहराया। उच्च प्राथमिक स्तर पर गोला प्रक्षेपण प्रतियोगिता में बालक वर्ग में कम्पोजिट विद्यालय इब्राहिमपुर के विनय एवं बालिका वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय बड़ागांव की अर्पिता आगे रही।बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित इस खेल कूद प्रतियोगिता में धौरुआ, मालीपुर, सुरहुरपुर, नगपुर, बड़ेपुर कांदीपुर समेत 14 न्याय पंचायतो के नौनिहालों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि तहसीलदार पद्मेश श्रीवास्तव ने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए फीता काट कर खेल का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि जीवन में शिक्षा ग्रहण करने के साथ खेल भी बहुत आवश्यक है। जिला व्यायाम शिक्षक मोहम्मद हसन, जिला स्काउट मास्टर रविन्द्र कुमार, ब्लाक व्यायाम शिक्षक रवीन्द्र कुमार वर्मा, मोहम्मद अनीस के मार्गदर्शन एवं खेल अनुदेशकों के संयोजन में खेल प्रतियोगिता हुई। खेल प्रतियोगिता मे ए आर पी मित्रसेन वर्मा, दिनेश वर्मा, राजेश वर्मा, सूर्यनाथ यादव, विक्रांत सिंह, आलोक यादव, मुईद अख्तर, मोहम्मद अलकमा, सुहैल अहमद व ब्लाक के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं व अनुदेशको ने खेल कूद प्रतियोगिता में सहयोग प्रदान किया। खेल प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्रों व विजेता टीम को खंड शिक्षा अधिकारी मीनाक्षी सिंह ने पुरस्कृत करने के साथ विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी भियांव विवेक द्विवेदी,जिला शिक्षक संघ अध्यक्ष बृजेश मिश्रा का माल्यार्पण कर और अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त खंड शिक्षा अधिकारी के पी सिंह ने आयोजक मंडल के साथ शिक्षा विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, खेल अनुदेशको, शिक्षकों को खेल प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए जमकर बधाई दी। प्रतियोगिता की अध्यक्षता प्रधानाचार्य लखमी चंद व संचालन रवि प्रकाश चौधरी व हरिश्चंद्र गौतम ने संयुक्त रूप से किया। उक्त अवसर पर किरन चौधरी श्वेता सिंह, मोहम्मद अलकमा, सत्यप्रकाश गुप्ता, निशात अहमद, मेंहदी रज़ा, संजय सिंह, स्नेहलता, जमाल अख्तर आदि मौजूद रहे।

# महान सेवा है चिकित्सा : डॉ. संजय माहेश्वरी



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित श्री गोरक्षनाथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के एमबीबीएस प्रथम बैच और गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के पंद्रह दिवसीय दीक्षारंभ समारोह के दूसरे दिन बुधवार को एमपी बिरला ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के मेडिकल डायरेक्टर एवं विश्व प्रसिद्ध कैंसर सर्जन डॉ. संजय माहेश्वरी का व्याख्यान हुआ। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि चिकित्सा पेशा नहीं बल्कि सेवा है। यह सेवा एक महान धर्म के समान है। डॉ. माहेश्वरी ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आपका महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय से जुड़ना एक असाधारण और ऐतिहासिक घटना है। आप चिकित्सक बनने आएं हैं और आप एक अच्छे चिकित्सक बनेंगे भी लेकिन अपने इस कार्य को हमेशा सेवा धर्म मानिए। उन्होंने कहा कि आपको चिकित्सक बनाने में माता-पिता के साथ आपके गुरुजनों का अहम योगदान होगा इनका सदा सम्मान करें। उन्होंने कहा कि कैडेवर (मृत शरीर), जिससे आप बहुत कुछ सीखेंगे, का आप सदा सम्मान करें। वह गुरु समान है। डॉ. माहेश्वरी ने विद्यार्थियों को चिकित्सा में एआई, रोबोट आदि की उपयोगिता के बारे में बताते हुए चिकित्सा में शोध को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी, कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव एमपी बिरला ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स की सर्जन डॉ. रेखा माहेश्वरी, श्री गोरक्षनाथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के प्रिंसिपल डॉ. अरविंद कुशवाहा, गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) के प्रिंसिपल डॉ. गिरिधर वेदांतम, डॉ. राजेश बहल, डॉ. गोपी कृष्ण, डॉ. शान्तिभूषण, डॉ. दीपू मनोहर, डॉ. प्रियंका, डॉ प्रिया समेत कई शिक्षक, बीएएमएस और एमबीबीएस के सभी नवप्रवेशित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# हमीरपुर जिले में हुई घटना को लेकर पत्रकार संगठन के पत्रकारों ने नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** युवा पत्रकार प्रेस क्लब तहसील इकाई शोहरतगढ़ सहित वरिष्ठ पत्रकारों ने हमीरपुर जिले में घटी घटना को लेकर शोहरतगढ़ के नायब तहसीलदार महमूब अंसारी को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की है। बताते चले इस ज्ञापन के मध्यम से सरीला नगर पंचायत क्षेत्र (जिला हमीरपुर) में घटी घटना की तरफ ध्यान आकृष्ट कराते हुए पत्रकारों ने बताया कि जानकारी के अनुसार सरीला क्षेत्र में दो पत्रकार बंधु अमित द्विवेदी एवं शैलेन्द्र मिश्रा को भाजपा नगर पंचायत अध्यक्ष पवन कुमार अनुरागी द्वारा नगर पंचायत सरीला में किए जा रहे भ्रष्टाचार मामले को उजागर किया था। जिसके बाद भाजपा चेयरमैन पवन अनुरागी ने अपने गुर्गो आकाश अनुरागी, अखिलेश राजपूत, विक्रम यादव, आरके सोनी, नरेन्द्र व दो अज्ञात लोगों द्वारा दोनों पत्रकारों को तीन घंटे तक बंधक बनाकर उनके साथ बर्बरता पूर्वक मारपीट की इसके बाद उन्हें बन्दूक के बल पर पेशाब पिलाया गया। अपराधियों के चंगुल से छूटने के बाद जब दोनों पत्रकार जरिया थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराने पहुंचे तो सता पक्ष की हनक दिखाते हुए नगर पंचायत चेयरमैन ने उल्टा साथी आकाश अनुरागी की तहरीर पर दोनों ब्राह्मण पत्रकारों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा जरूर दर्ज करा दिया। दोनों पत्रकारों के साथ किए गए इस अमानवीय बर्ताव की वजह से पत्रकार समाज में आक्रोश है। इस आशय का ज्ञापन सौंपते हुए लोगों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि भाजपा चेयरमैन सहित उसके गुर्गो की गिरफ्तारी करने व पत्रकारों पर हुए मुकदमे को ख़ारिज करने एवं जरिया थानाध्यक्ष को तत्काल हटाने का अनुरोध शासन स्तर पर प्रेषित करने की कृपा करें। जिससे पत्रकारों के साथ इस प्रकार की अमानवीय घटना पर रोक लगाई जा सके। इस दौरान प्रमुख रुप से अध्यक्ष श्रवण कुमार पटवा, महामंत्री धर्मेन्द्र चौधरी, वरिष्ठ पत्रकार राकेश तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार सरताज आलम, पीयूष सिंह, ओजैर खान, अखिलेश सिंह, सुशील कुमार खेतान, पंकज चौबे, चंद्रशेखर, राकेश पाण्डेय, परमात्मा उपाध्याय, अर्जुन यादव, सलमान हिंदी, मुकेश धर द्विवेदी, समीर (शनि) खान, सुग्रीम यादव, कानूनगो नज़मुल हसन आदि मौजूद रहे।

# सीएमओ के निरीक्षण में गैरहाज़िर मिले तीन चिकित्सक व चार कर्मी

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** सीएमओ डॉ. राजकुमार ने सोमवार को सीएचसी बसखारी का औचक निरीक्षण किया। इसमें तीन चिकित्सक व चार स्वास्थ्यकर्मी अनुपस्थित मिले। सभी का एक दिन का वेतन काटते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया। वहीं अस्पताल परिसर में फैली गंदगी देख सीएमओ ने नाराजगी जताई। सीएचसी प्रभारी को फटकार लगाते हुए स्पष्टीकरण देने को कहा।दीपावली पर्व के बाद अस्पतालों में इलाज व्यवस्था को परखने के लिए सोमवार को सीएमओ अस्पतालों के निरीक्षण पर निकले। वे सीएचसी बसखारी पहुंचे। आठ बजे से खुलने वाले अस्पताल में डॉ. विजय बहादुर, डॉ. रजनी सचान, डॉ. सुमन सिंह, एक्स रे टेक्नीशियन चंद्रभान सिंह, डाटा इंट्री ऑपरेटर हरिश्याम, डीपीएम नूरुद्दीन व बीएएम दिनेश कुमार साढ़े दस बजे तक अस्पताल नहीं पहुंच सके थे। इस पर सीएमओ ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने चिकित्सकों व कर्मियों का एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया। साथ ही स्पष्टीकरण भी देने को कहा। जवाब संतोषजनक न पाए जाने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी।सीएमओ ने यहां वार्डों का निरीक्षण किया तो चारों तरफ गंदगी फैली मिली। इस पर सीएचसी प्रभारी डॉ. भास्कर को जमकर फटकार लगाते हुए स्पष्टीकरण मांगा। कहा कि दोबारा निरीक्षण में सफाई व्यवस्था बेहतर न मिली तो वेतन रोक लिया जाएगा। उन्होंने वार्डों में भर्ती मरीजों और तीमारदारों से इलाज के बारे में जानकारी ली। सीएमओ ने चिकित्सकों को निर्देश दिया कि किसी भी मरीज को दवा व जांच बाहर की न लिखी जाए।

# सैनिक कल्याण बन्धु की बैठक हुई

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में सैनिक कल्याण बन्धु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुयी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा पूर्व सैनिक की समस्याओं को एक-एक करके गम्भीरतापूर्वक सुना गया। पूर्व सैनिको द्वारा बैठक में भूमि विवाद, नाली, किराया निर्धारण के संबंध में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी द्वारा सभी प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक का संचालन जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल देविन्दर गुहानी ने किया। इसमें एडीएम प्रतिपाल चौहान, एएसपी ओम प्रकाश सिंह, पीडी राजेश कुमार, एसडीएम सदर शत्रुध्न पाठक, ईओ नगरपालिका सुनिष्ठा सिंह, जिला सेवायोजन अधिकारी अवधेन्द्र प्रताप वर्मा, अधिशासी अभियन्ता विद्युत मनोज सिंह सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# उधार चुकाने के चक्कर में की थी घटना सीसीटीवी फुटेज में हुआ खुलासा



अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** जनपद के जलालपुर थाना अंतर्गत उर्दू बाजार पुलिया के पास कल सुबह हुई लाखों की लूट की घटना को पुलिस ने फर्जी करार दिया है।

एएसपी श्याम देव ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि सर्राफा व्यापारी विनय सोनी ने अपने साथियों के साथ मिलकर लूट की झूठी कहानी रची ताकि वह उधारी का पैसा चुकाने से बच सके।जानकारी के अनुसार, रफीगंज निवासी विनय सोनी की रफीगंज बाजार में सराफा की दुकान है। वह जलालपुर में अपने साथी विशाल सोनी की दुकान से सोने के आभूषण बेचने के लिए लाया करता था, लेकिन उसके ऊपर विशाल का लगभग तीन लाख रुपये का उधार बकाया था। उधारी का यह पैसा लौटाने से बचने के लिए विनय ने अपने मित्रों फरहान शेख और अनवर के साथ मिलकर लूट की यह मनगढ़ंत कहानी बनाई।एएसपी ने बताया कि जब विनय की कथित लूट की घटना के बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच शुरू की, तो चार टीमों का गठन किया गया। पुलिस ने घटनास्थल के करीब चार किलोमीटर तक के सीसीटीवी कैमरे खंगाले और जांच में पाया कि लूट की घटना पूरी तरह से नकली थी। पुलिस ने अब विनय सोनी और उसके सहयोगियों के खिलाफ झूठी सूचना देने और अफवाह फैलाने के आरोप में केस दर्ज करने का निर्णय लिया है। एएसपी ने बताया कि इस मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि भविष्य में ऐसे झूठे मामलों की पुनरावृत्ति न हो।

## कांग्रेस की सौदेबाजी खत्म

लोकसभा चुनाव के नतीजे भाजपा के लिये उतने उनुकूल नहीं रहे जितनी के लिये वह आश्वस्त थे, पर हरियाना चुनाव के नतीजे आने पर उसकी आवाज पुराने अन्दाज में आ गई। कांग्रेस का अन्दाज हताशा में बदल गया। विपक्षी नेताओं की आवाज भी कांग्रेस को लेकर बदल गई। वे कांग्रेस के खिलाफइतने मुखर हो गये कि कांग्रेस को सुरक्षात्मक कदम उठाने पड़ रहे है। उसके सौदेबाजी की क्षमता घट गयी। अपने दो पैदल यात्राओं से राहुल के नेतृत्व में कांग्रेस ने जो छवि बनाई थी और जिसका असर भी लोकसभा चुनाव में देखा गया कि भाजपा अपने अकेले दम पर स्पष्ट बहुमत नहीं ला सकी। पर हरियाना के नतीजे का सीधा असर जो कांग्रेस पर पड़ रहा है उसकी प्रभाव यूपी में होने वाले चुनाव में देखा जा सकता है। नौ सीटो पर होने वाले चुनाव के लिये सपा एक तरफा उम्मीदवार घोषित करने में लगी हुई हैं। पर्दो के पीछे कांग्रेस हालात सुधारने की कोशिश करती रही पर बात नहीं बनी तो त्यागी बन गई। लोकतन्त्र और संविधान बचाने का हवाला देकर एलान कर दिया कि चुनाव में वह कोई उम्मीदवार नही उतारेगी। कांग्रेस ने कहा सभी सीटों पर सपा को जिताने का प्रयास करेगी।

महाराष्ट्र विकासअधाड़ी के तीनो दलों में कांग्रेस अपने के सबसे बड़ी पार्टी बता रही थी। क्योकि पिछले लोकसभा चुनाव में विपक्षी दलों में जीतने पार्टियो के अपेक्षा उसके उम्मीदवारों की संख्या सबसे ज्यादा थी। इसलिये वह सबसे ज्यादा सीटे मांग रही थी। शुरूआती दौर में उसे उसके मांग के अनुसार सीटे देने का माहौल बन भी रहा था पर शरद पवार की अगुवाई में हुई बैठक ने माहौल बदल दिया। जो फार्मूला इस बैठक में बना उसके अनुसार कांग्रेस, शिवसेना, (यूबीटी) और एनसीपी (शरद) तीनो ने 85-85 सीटो पर लड़ना तय किया। निश्चित रूप पर कांग्रेस इससे मानने के लिये मजबूर है। कांग्रेस के घटे कद में इसके घटक दलों का तात्काल लाभ भले दिख रहा हो पर आगे चलकर यह कमजोर हो जायेगा। लोकसभा चुनाव में विपक्ष का बेहतर प्रदर्शन कांग्रेस के बल पर था। गठबन्धन को जोडे रखने के लिये एक मजबूत नेतृत्व जरूरी है जो गठबन्धन के बांधे रक्खे साथ ही मजबूती भी दे। विपक्ष को अगर सार्थक विकल्प में बने रहना है तो कांग्रेस को इस कमजोरी से उबरना होगा। पर अभी तक सीधे मुकाबले में भाजपा से हार जाने वाली पार्टी क तोहमत वह झेल रही है इसमें उसे उबरना होगा। कांग्रेस नेतृत्व में खड़गे, सोनिया का समीकरण कुछ ठीक नही दिख रहा है।

## अश्लीलता क्या है?

कलात्मक कृतियों में अश्लीलता का ताजा तरीन मामला बंबई उच्च न्यायालय में आया। मामला गंभीर था क्योंकि अभियुक्त द्वय शीर्ष के शिल्पी हैं। फ्रांसिस डीसूजा और अकबर पदमसी। दोनों की नग्न शिल्प कृतियों को मुंबई के सीमाकर अधिकारियों ने जब्त कर लिया। मसला हाईकोर्ट में उठा। नैतिकता का मुद्दा था। न्यायमूर्ति द्वय महेश सोनक और जितेंद्र जैन ने सरकार को फटकार लगाकर पूछा इस मंजर में आप कोणार्क और खजुराहो की मूर्तियों को भी जब्त करेंगे? कला की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अदालत ने कहा कि यह विवेकहीन कदम है।



के. विक्रम राव

प्रश्न फिर उठता है कि कला की अभिव्यक्ति की सीमायें क्या हैं? प्रतिबंध की मर्यादा कहां तक उचित है? प्रमुखता से विचारणीय बिंदु यह है कि अश्लीलता की परिभाषा करने से क्या सरकारी एजेंसी सक्षम हैं? वहीं जो फिल्म सेंसर बोर्ड के विषय में भी उठता है। मूलतः बेहूदापन की झलक दिखनी चाहिए। अर्थात अश्लीलता कोई भी कथन या कार्य है जो उस समय की प्रचलित नैतिकता को अपमानित करता है, और इस प्रकार अनैतिकता को प्रदर्शित करता है। यह शब्द लैटिन ऑब्सेनस, ऑब्सकेनस, बुरा संकेत, घृणित, अभद्र से लिया गया है, जिसकी व्युत्पत्ति अनिश्चित है। अमेरिका में मिलर बनाम कैलिफोर्निया में अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय के 1973 के फैसले ने यह निर्धारित करने के लिए क्या अश्लील था? एक त्रि-स्तरीय परीक्षण हुआ। कृति क्या केवल कामुक थी? न्यायालय की राय देते हुए, मुख्य न्यायाधीश वॉरेन बर्गर ने लिखा तथ्यों के आधार पर बुनियादी दिशा-निर्देश ये होने चाहिए (1) क्या औसत व्यक्ति, समकालीन सामुदायिक मानकों को लागू करते हुए, यह पाएगा कि कला का कार्य कामुक रुचि को आकर्षित करता है? (2) क्या कार्य स्पष्ट रूप से आपत्तिजनक तरीके से यौन आचरण को दर्शाता या वर्णित करता है, और (3) क्या कार्य में गंभीर साहित्यिक, कलात्मक, राजनीतिक या वैज्ञानिक मूल्य का अभाव है?

इस बहस के संदर्भ में एक पुराना चर्चित किस्सा भी हम याद कर लें। तब चित्रकार मकबूल फिदा हुसैन ने हिंदू देवी का नग्न चित्र रचा था। एक कला प्रदर्शिनी (आरूषि आर्टस का 'हार्वेस्ट') से मकबूल फिदा हुसैन का चर्चित अरबी घोड़ेवाला चित्र दिखाया नही गया। इसे हटाने का कारण था कि आयोजकों को गुमनाम फोन आये थे कि हंगामा बरपाया जाएगा। क्यों हो ऐसा? ऐसी असहिष्णुता की जड़ में तथ्य यही है कि चित्रकार हुसैन के प्रशंसक और हमलावर लोग बस प्रवाह के मुताबिक बहते रहे। उनका कोई सम्यक आकलन करने की कोशिश नहीं की गई। राग द्वेश से परे रहकर। हुसैन भी अपने स्वधर्मी सलमान रश्दी से एक हद तक साम्य रखते है। रश्दी को कुरान और पैगम्बर का मखौल उड़ाने में नैसर्गिक लुत्फ मिलता है। किताब बेचने का सरल तरीका है। हुसैन को केवल हिन्दु देवी देवताओं की नंगी तसवीर बनाने का फितूर है। इस तरह वे चर्चा में आते रहे और लाभान्वित भी रहे। एक इंटरव्यू में सम्पादक ने दिसम्बर 2006 ने हुसैन से पूछा कि आप पैगम्बर को भी उसी तरह चित्रित क्यों नहीं करते? वे खामोश रहे। तो क्या इस्लामी कट्टरपंथियों का खौफ था? मौन के मायने स्वीकृति होती है।

ऐसा ही एक वाकया था। तब जनता दल के सांसद प्रो. मधु दण्डवते ने अपने साथी सैय्यद शहाबुद्दीन से पूछा कि पन्द्रह सौ साल पहले कहीं गई बाते आज भी कैसे तर्कसम्मत मानी जा सकती है? इस पर शहाबुद्दीन जो बाबरी समिति के नेता भी थे, ने कहा कि कुरान मे जो लिखा है वह अपरिवर्तनीय है। तो क्या हुसैन के भीतर का चित्रकार भी ऐसा ही है? अब एक वैचारिक अन्तर होगा हिन्दुओं की सोच में। जब सलमान रश्दी की विवादित पुस्तक सेटानिक वर्सेज पर लखनऊ प्रेस क्लब में कांची कामकोटी के शंकराचार्य जगतगुरू जयेन्द्र सरस्वती से तक पत्रकार ने सवाल किया तो उनका जवाब सीधा था 'करोड़ो की लोक आस्था से खिलवाड़ करने का हक सलमान रश्दी को नहीं दिया जा सकता है।' मगर कुछ तथाकथित प्रगतिशील हिन्दुओं ने हुसैन द्वारा भारतमाता, देवी दुर्गा आदि को निर्वस्त्र चित्रित करने को कलात्मक बताया। भले ही बहुसंख्यकों की धार्मिक भावना आहत हो। कूचीकर्मी मकबूल फिदा हुसैन और साहित्यकर्मी तस्लीमा नसरीन के मुद्दों में काफी साम्य है। तस्लीमा इस्लामी मतांधता की शिकार रहीं। त्रासदी यह है कि जो प्रगतिशील जन हुसैन की पैरोकारी चिंघाड़ कर करते थे, तस्लीमा के मसले पर दुम दबा लेते हैं। ये दोनों असहिष्णुता तथा अतिवादिता के शिकार हुए। हुसैन के इन्तकाल पर उनकी प्रशंसा करते तस्लीमा ने कहा भी कि हुसैन को देश नहीं छोड़ना चाहिए था। फर्क दोनो में यह रहा कि तस्लीमा को इस्लामी बांग्लादेश ने भगा दिया। हुसैन स्वेच्छा से सेक्यलर भारत छोड़कर इस्लामी कतर देश के नागरिक बन गये। मगर विडम्बना यह रही कि हुसैन के कतर नागरिक बनने पर भी उनके चहेतों की कतार बनती रही। उन्होंने भारत लाने के लिए केन्द्रीय मंत्री से अपने को प्रगतिशील कहने वाले हिन्दू तक जुटे रहे। किन्तु तस्लीमा बेचारी गिड़गिड़ाती रही भारत में पनाह के खातिर।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

पिछले कुछ वर्षों में विज्ञान ने कैंसर के प्रकारों, कारणों और उपचारों में काफी विकास किया है। ऐसे तमाम आम और सेलिब्रेटी हैं, जिन्होंने कैंसर का सही समय पर जांच और इलाज करवाकर जीवन का सुख प्राप्त कर रहे हैं। इस दिशा में और भी जागरूकता और सतर्कता बढ़ाने की जरूरत है। कैंसर लाइलाज नहीं है, लेकिन इसका इलाज स्टेज 1 या स्टेज 2 में पता लग जाने और तुरन्त ऑपरेशन करके निकाल देने से संभव है। इन वर्षों में अनेक प्रभावी दवाइयों एवं इलाज प्रक्रियाएं भी सामने आयी है जैसे- टार्गेटेड थेरेपी है, इम्यूनो थेरेपी है।

# योग एवं अध्यात्म के सहारे कैंसर पर काबू पाये

वैश्विक स्तर साल-दर साल कैंसर रोगियों और मृतकों की संख्या बढ़ रही है। भारत में बीते सालों में कैंसर के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी देखी गई है। कैंसर की पहचान, रोकथाम और इलाज के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हर वर्ष भारत में राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस 7 नवम्बर को मनाया जाता है। प्रसिद्ध नोबेल पुरस्कार विजेता मैडम क्यूरी की जयन्ती पर उनकी स्मृति में यह दिवस मनाया जाता, जिन्होंने कैंसर के खिलाफ चल रही लड़ाई में बहुत योगदान दिया है। उनके उत्कृष्ट शोध ने परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में विकास और कैंसर के उपचार के लिए रेडियोथेरेपी के उपयोग में मदद की है। यह दिवस कैंसर से लड़ने की हमारी क्षमता पर मैडम क्यूरी के वैज्ञानिक प्रयासों के बड़े प्रभाव की याद दिलाता है।



ललित गर्ग

भारत में एक अनुमान के अनुसार 20 से 25 लाख कैंसर रोगी हैं, जिनमें से हर साल लगभग 7 लाख नए मामले सामने आते हैं। जब एक नए कैंसर के मामले का निदान किया जाता है, तो उनमें से दो-तिहाई पहले से ही लाइलाज अवस्था में होते हैं। इनमें से 60 प्रतिशत से अधिक कैंसर रोगी 35 से 65 वर्ष की आयु के बीच के हैं। बढ़ती जीवन प्रत्याशा और प्रगति के साथ बदलती जीवनशैली के कारण कैंसर के मामले अब की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक होंगे। हर साल, राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस एक अनूठी थीम अपनाता है, 2023-24 में, थीम 'देखभाल की कमी को पूरा करें' है, यह थीम कैंसर देखभाल, कैंसर की रोकथाम, शुरुआती पहचान और उपचार तक पहुँच में सुधार के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर केंद्रित है।

कैंसर एक ऐसा रोग है जिसके बारे में सुनकर ही लोग डर जाते हैं। कैंसर, वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ती गंभीर और जानलेवा स्वास्थ्य समस्याओं एवं बीमारियों में से एक है, जिसके कारण हर साल लाखों लोगों की मौत हो जाती है। ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज का अनुमान है कि दुनिया में हर छठी मौत कैंसर के कारण होती है। मेडिकल क्षेत्र में क्रांतिकारी प्रयोग और तकनीक विकास के चलते कैंसर अब लाइलाज बीमारी तो नहीं रही है, पर अब भी आम लोगों के लिए इसका इलाज काफी कठिन बना हुआ है। असाध्य बीमारी होने के बावजूद इस बीमारी को परास्त किया जा सकता है, अगर जिजीविषा एवं हौसला हो तो कैंसर को भी पस्त किया जा सकता है। हम जानते हैं कि हममें से हर एक में बदलाव लाने की क्षमता है, चाहे बड़ा हो या छोटा, और साथ मिलकर हम कैंसर के वैश्विक एवं राष्ट्रीय प्रभाव को कम करने में प्रगति कर सकते हैं।

मानव शरीर कई कोशिकाओं से मिलकर बना होता है। इनका समय-समय पर रिप्लेसमेंट होता है। जैसे-जैसे कोशिकाएं मरती जाती हैं उनकी जगह पर नई कोशिकाओं का निर्माण होता है। इन रिप्लेसमेंट के दौरान जो सेल मल्टिप्लीकेशन होता है उसके अंदर कोई एक विकृत कोशिका भी पैदा हो जाती है और यह असामान्य कोशिका ऐसी होती है जिस पर शरीर के सिस्टम्स का कोई नियंत्रण नहीं होता और यह सेल इस तरह मल्टीप्लाई करता है कि अंततोगत्वा यह ट्यूमर अथवा कैंसर का रूप अख्तियार कर लेता है। कैंसर कई प्रकार के हो सकते हैं, सभी उम्र के व्यक्तियों में इसका जोखिम देखा जा रहा है। शरीर के किसी हिस्से में असामान्य कोशिकाओं की वृद्धि और इसका अनियंत्रित रूप से विभाजन कैंसर का कारक होती है। आनुवांशिकता, पर्यावरणीय, लाइफस्टाइल में गड़बड़ी, रसायनों के अधिक संपर्क के कारण कैंसर होने का जोखिम बढ़ जाता है। महिलाओं में सर्वाइकल और ब्रेस्ट कैंसर और पुरुषों में फेफड़े-प्रोस्टेट और कोलन कैंसर का खतरा सबसे अधिक देखा जाता रहा है। पिछले कुछ वर्षों में विज्ञान ने कैंसर के प्रकारों, कारणों और उपचारों में काफी विकास किया है। ऐसे तमाम आम और सेलिब्रेटी हैं, जिन्होंने कैंसर का सही समय पर जांच और इलाज करवाकर जीवन का सुख प्राप्त कर रहे हैं। इस दिशा में और भी जागरूकता और सतर्कता बढ़ाने की जरूरत है। कैंसर लाइलाज नहीं है, लेकिन इसका इलाज स्टेज 1 या स्टेज 2 में पता लग जाने और तुरन्त ऑपरेशन करके निकाल देने से संभव है। इन वर्षों में अनेक प्रभावी दवाइयों एवं इलाज प्रक्रियाएं भी सामने आयी है जैसे- टार्गेटेड थेरेपी है, इम्यूनो थेरेपी है। उससे लोगों को काफी आराम मिलता है। उससे अनेक लोगों का खतरा पूरी तरह या कुछ मात्रा में कम हुआ एवं जीवन में कुछ वर्ष बढ़े हैं। कैंसर एक लाइफस्टाइल बीमारी भी है। इसलिये जीवन को संतुलित एवं संयममय बनाकर इस बीमारी को कम किया जा सकता है। आप कैसे रहते हैं, क्या खाते हैं, क्या आपकी आदतें हैं, क्या आपकी बुरी आदतें है, उसपर भी निर्भर करता है। लाइफस्टाइल और आहार को पौष्टिक रखने के साथ शराब-धूम्रपान को छोड़कर कैंसर के खतरे से बचाव किया जा सकता है।

**राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस**



असंतुलित जीवनशैली ने आज एक नहीं कई शारीरिक समस्याओं के जोखिम को बढ़ा दिया है। कैंसर भी ऐसा ही एक जोखिम है जो लंबे समय तक नजरअंदाज किये जाने के कारण अक्सर गंभीर रूप धारण कर लेता है। अगर कुछ सावधानियों को जीवन का हिस्सा बना लें तो हम ऐसी समस्याओं को आने से पहले ही रोक सकते हैं। कैंसर अब एक तरह से जीवनशैली से जुड़ी बीमारी बनती जा रही है। कई बार तो लंबे समय तक यह बीमारी पकड़ में ही नहीं आती। इसका एक बड़ा कारण जागरूकता का अभाव भी है। हालांकि, कैंसर पूर्व के कुछ लक्षण दिखते हैं, जिन्हें आमतौर पर नजरअंदाज कर दिया जाता है। मुंह में सफेद या लाल धब्बे, शरीर में कहीं गांठ बन जाना और उसका बढ़ना, लंबे समय तक खांसी, कब्ज की लगातार समस्या, अधिक थकान और वजन में गिरावट जैसे लक्षणों को कतई नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

कैंसर को नियंत्रित करने में अध्यात्म की महत्वपूर्ण भूमिका है। क्योंकि अध्यात्म से व्यक्ति को आत्मविश्वास व मानसिक बल मिलता है। अध्यात्म के सहारे से जीवन की यात्रा को सुगम व सरल किया जा सकता है। इसे एक पारंपरिक उपचार प्रणाली के रूप में जाना जाता है, जो पूरे शरीर, मन और आत्मा में ऊर्जा के संतुलन और प्रवाह को पुनर्स्थापित करती है। जिस प्रकार दवाई हमारे शरीर के अंदर जाकर बीमारी को ठीक करती है, ठीक उसी प्रकार आध्यात्मिक इलाज हमारे मन को मजबूत बना कर किसी भी बीमारी से लड़ने की हिम्मत देता है। सुख-दुख, विपदाएं, वेदना, परेशानियां, कठिनाइयां और बीमारियों का सामना करते-करते व्यक्ति के अंदर से सकारात्मक ऊर्जा खत्म होने लगती है, जिस कारण व्यक्ति थक जाता है और अंदर से टूट जाता है। यह टूटन एवं निराशा कैंसर की सबसे बड़ी बाधा है। अध्यात्म में वो शक्ति है, जो हारे हुए व्यक्ति के जीवन में नई ऊर्जा भर देता है। अध्यात्म के बहुत सारे अंग हैं जैसे- योग, प्राणायाम, मंत्र साधना, ध्यान, आदि। इसके माध्यम से व्यक्ति अपने आप को भीतर से मजबूत बना सकता है। यही वजह है कि जो व्यक्ति अपने जीवन में अध्यात्म को अपना लेता है, वो कैंसर से जुड़ी हर पीड़ा, वेदना एवं हर परिस्थिति का डटकर सामना करता है।

# जानलेवा होता सड़क जाम

हम सड़क पर वाहन चलाते हैं तो हमें पता चलता है कि सड़कों पर कहीं गड्ढे हैं तो कहीं टोल पर लंबी लाइनें। सड़कों पर कई कई घंटों के लंबे जाम हैं तो उसी जाम में धुल, धुएं और प्रदूषण भरी घुटन। क्या इसी दुर्व्यवस्था के बदले सरकार आम लोगों से वाहन व उसके नाम पर अन्य टैक्स वसूलती है? और सबसे बड़ी बात यह कि सरकार की ग़लत, पूंजीवादी व विवादित नीतियों का भुगतान आख़िर जनता क्यों करे।

रोड टैक्स अदा किये बिना यदि आप सड़क पर अपना वाहन चलाते हुये पकड़े गये तो आपका चालान, जुर्माना होना निश्चित है। और अब तो जगह जगह सड़कों पर लगे टोल वसूली बैरियर्स पर हर लेन में मोटे अक्षरों में लिख दिया गया है कि टोल दिये बिना भागने वाले से दस गुना टोल वसूली की जायेगी। इसी तरह इन्शुरेन्स के बिना या कार सीट बेल्ट लगाये बग़ैर या दुपहिया वाहन से हैलमेट लगाए बिना आप चलते हैं तो भी चालान को दावत दे रहे हैं। गोया आपके वाहन में कोई भी काग़ज़ की कमी है फिर तो आपका सड़क पर निकलना चालान, जुर्माना भरने को दावत देना है। यहाँ तक कि यदि किसी मजबूरीवश कोई वाहन स्वामी समय पर टैक्स नहीं दे सका तो सरकार उससे जुर्माने के साथ टैक्स वसूल करती है? परन्तु सवाल यह है कि टोल व मार्ग टैक्स व कमेटी टैक्स आदि के नाम पर धन वसूली करने वाली सरकार इस वसूली के बदले में जनता को क्या देती है?



निर्मल रानी

जब हम सड़क पर वाहन चलाते हैं तो हमें पता चलता है कि सड़कों पर कहीं गड्ढे हैं तो कहीं टोल पर लंबी लाइनें। सड़कों पर कई कई घंटों के लंबे जाम हैं तो उसी जाम में धुल, धुएं और प्रदूषण भरी घुटन। क्या इसी दुर्व्यवस्था के बदले सरकार आम लोगों से वाहन व उसके नाम पर अन्य टैक्स वसूलती है? और सबसे बड़ी बात यह कि सरकार की ग़लत, पूंजीवादी व विवादित नीतियों का भुगतान आख़िर जनता क्यों करे। उदाहरण के तौर पर गत एक वर्ष से पंजाब-हरियाणा के शंभु बॉर्डर पर दिल्ली अमृतसर मुख्य मार्ग पर किसानों के कई संगठन धरने पर बैठे हैं। परन्तु हरियाणा की भाजपा सरकार उन्हें दिल्ली जाने के लिये हरियाणा में प्रवेश नहीं करने दे रही। दिल्ली सल्तनत का फ़रमान है कि किसान दिल्ली से दूर रहें। हरियाणा सरकार उसी आदेश पर अमल करते हुये किसानों को बलपूर्वक शंभु बॉर्डर पर रोके हुये है। और इन्हीं किसानों के धरने के कारण सरकार ने देश का सबसे व्यस्ततम मार्ग रोक रखा है। किसानों की क्या मांगें हैं, सरकार क्यों पूरी नहीं कर रही, किसानों के दिल्ली जाने से सरकार को क्या परेशानी होगी ,इन बातों से आम लोगों का क्या वास्ता। वाहन टैक्स भरने वाले आम लोगों को तो बिना बाधा के सुचारु रूप से चलने वाला राजमार्ग चाहिये जो उसे सरकार नहीं दे पा रही है। नतीजतन अमृतसर -भटिंडा -जम्मू कश्मीर तक का वह ट्रैफ़िक जो राजपुरा -शम्भू -अम्बाला से गुज़र कर दिल्ली की ओर निकल जाता था अब उसे राजपुरा -ज़ीरकपुर से वाया चंडीगढ़ -डेराबसी-अम्बाला मार्ग से होकर गुज़रना पड़ रहा है। इस मार्ग परिवर्तन के चलते चंडीगढ़ -अम्बाला मार्ग लगभग 24 घंटे बाधित रहता है। और टोल पर भी लंबी क़तारें लगी रहती हैं।



सवाल यह है कि फिर सब्ज़ बाग़ दिखाने वाली ऐसे निरर्थक ख़बरों से जनता को क्या हासिल जो समय समय पर सरकार द्वारा अपनी पीठ थपथपाने के लिये विज्ञापनों के माध्यम से की जाती हैं कि देश में सड़कों का रिकार्ड निर्माण हो रहा है। सड़कों का जाल बिछ रहा है, आदि। यदि ऐसा है तो जाम की स्थिति क्यों? कुछ समय से सरकार ने प्रदूषण कम करने के नाम पर 10 -15 वर्ष पुराने वाहन का चलन बंद करने का निर्णय लिया है। दिल्ली में तो इनका प्रवेश पूर्णतयः वर्जित है। इस नीति की आलोचना करने वालों का मत है कि यह नियम पूंजीपतियों के मुनाफ़े की ख़ातिर बनाये गए हैं ताकि ज़्यादा से ज़्यादा वाहन बिक सकें। उधर जगह जगह फाइनेंसर भी कार लोन देने के लिए तैयार बैठे हैं। ऐसे में सड़कों पर उधार की चमचमाती हुई नई गाड़ियों की क़तार बढ़ना भी स्वभाविक है।

सड़कों पर लगने वाले इन दमघोंटू और जानलेवा जाम का प्रभाव केवल यही नहीं होता कि जाम में फंसे लोग 2-4 घण्टों के जाम के बाद अपने घरों को पहुँच जाते हैं। जी नहीं, इन्हीं जाम में फंसी बसों में अनेक यात्री ऐसे होते हैं जो चंडीगढ़,हिमाचल या अन्य क्षेत्रों से बसों में बैठकर अंबाला छावनी जाते हैं जहाँ से उन्हें यू पी -बिहार या अन्य राज्यों की लंबी दूरी की ट्रेन पकड़नी होती है। परन्तु रोज़ाना के इस जाम में घंटों तक फंसी होने वाली बसों के अनेक यात्रियों की ट्रेन रोज़ छूट जाती है। ज़रा सोचिये कि मुश्किल से महीनों पहले कराया गया आरक्षित टिकट होने के बावजूद लंबी यात्रा करने वालों की ट्रेन छूटने पर उस यात्री व उसके सहयात्री परिजन व बच्चों को इस जाम की क्या क़ीमत भुगतनी पड़ती होगी ? कम से कम सत्ता का सुख भोग रहे नेताओं को तो शायद इस बात का बिल्कुल नहीं पता?

इसी जाम में कहीं ऐम्बुलेंस फँस जाती है तो कोई अपनी परीक्षा या साक्षात्कार से हाथ धो बैठता है। खांसी दमे के तमाम मरीज़ों के लिये तो यह जाम दमघोंटू यहाँ तक कि जानलेवा भी साबित होता है। मगर सरकार के पास आमलोगों की इन परेशानियों का कोई समाधान नहीं। केवल एक चंडीगढ़-अम्बाला राजमार्ग ही नहीं बल्कि कहीं भी चले जाइये पहाड़ी क्षेत्रों में चंडीगढ़ - शिमला मार्ग हो या कुल्लू -मनाली मार्ग,एन सी आर में क्या ग़ाज़ियाबाद तो क्या दिल्ली गुड़गांव या दिल्ली के चारों तरफ़ का क़रीब 50 किलोमीटर का इलाक़ा तो रोज़ाना लगभग सारा दिन जाम का शिकार रहता है। इसी तरह देश के अन्य नगरों विशेषकर महानगरों में भी जानलेवा जाम लगे दिखाई देते हैं। क्या महाराष्ट्र, यूपी क्या बिहार तो क्या बंगाल हरियाणा पंजाब यानी देश का कोई भी राज्य ऐसा नहीं जहाँ ख़ासकर शहरों व क़स्बों में जाम न लगते हों।

फिर आख़िर भारी टैक्स भरने के बावजूद भी यदि जनता को इसी तरह के जाम का सामने करना पड़े तो इसका ज़िम्मेदार कौन है। जाम के कारण लाखों लोगों को रोज़ाना जो भारी नुक़्सान व परेशानियां उठानी पड़ती हैं वह जनता अपनी फ़रियाद लेकर कहाँ जाये? क्या यह हालात इस बात के लक्षण नहीं कि सरकार जनता से किसी न किसी बहाने टैक्स तो वसूल कर लेती है परन्तु उसके बदले में जनता को वह सुविधा मुहैय्या नहीं करा पाती जिसके लिये टैक्स वसूला गया है? अतः निश्चित रूप से यह केवल सरकार की ज़िम्मेदारी है कि वह जनता को जानलेवा होते जा रहे सड़क जाम से मुक्ति दिलाये।

# बहराइच में फ़िर्का-वाराना कशीदगी के दरमियान इत्तिहाद की अपील

**रेशम फ़ातिमा**

बुहरान के वक्त, ये बहुत आसान है कि जज़्बात ग़ालिब आ जाएं, लेकिन हमें अपने आपको याद दिलाना है कि दूसरे के मज़हबी अक़ाइद की इज्ज़त करना ही सालमियत और मुआशरती इत्तिहाद की बुनियाद है, ख्वाह वो मंदिर या मस्जिद, तेहवार या रसम रिवाज़ की इज्ज़त करना हो, हर अक़ीदा इज्ज़त का मुस्तहक़ होता है और सही ईमान उसकी क़दर करने और पहचानने में है ना कि इस की इजाज़त दी जाये कि उसे तक़सीम करने के आला के तौर पर इस्तेमाल किया जाये।

उत्तर प्रदेश के बहराइच ज़िला में हालिया फ़िर्क़ा-वराना तशद्दुद फिर एक-बार हिन्दुस्तान की इत्तिहाद के नाज़ुक मुआशरती ढाँचे को ख़राब कर दिया है। ये बदक़िस्मती वाकेयात वाक्य पज़ीर हुए हैं ये सिर्फ़ क़ानून और सालमियत के लिए ख़तरा नहीं है बल्कि एक तहज़ीबी रूह को भी नुक्सान पहुंचाने के बराबर हैं जो सदियों से हिन्दुस्तान की शनाख्त बनाई है। इन हालात में हिंदू और मुसलमान के लिए ज़रूरी है कि वो मुश्तर्का माज़ी के ज़ाहिर करें और इक़दार को याद करें जो उन्हें एक साथ बांध के रखते थे। हिन्दुस्तानी बर्र-ए-सग़ीर जो सक़ाफ़्ती इम्तिज़ाज और मज़हबी विरसा का एक घर है। गंगा जमुनी तहज़ीब का इस्तिलाह, हिन्दुस्तान में एक मुश्तर्का तहज़ीब की अलामत है, ख़ासकर के बिहार और उत्तर प्रदेश के इलाक़े में जहां पर इत्तिहाद की रूह परवान पाती है। मुस्लिम और हिंदू रिवायात की एक मुख्तलिफ़ इम्तिज़ाज है जहां पर तेहवार, रस्म-ओ-रिवाज मज़हबी हदूद से ऊपर हो जाते हैं। दीवाली से लेकर ईद की जश्न साथ में मनाते हैं सूफ़ी बुज़ुर्ग और भक्ती शायरों को पुर-जोश वाली इज्ज़त देने के लिए, मुश्तर्का तहज़ीब एक हम-आहंगी और बाहमी एहतेराम में उरूज पाते हैं। ये रूह सिर्फ़ मुश्तर्का माज़ी के बारे में नहीं है बल्कि इस मुस्तक़बिल के तसव्वुरात को भी ज़ाहिर करती है जहां पर मतनू का जश्न मनाया जाता है ना कि तक़सीम की वजह देखी जाती है। सदियों से हिंदू और मुसलमान एक साथ रहते हैं वो खाना, ज़बान, आर्ट, और मौसीक़ी का एक साथ इस्तेमाल करते हैं और ये एक बाहमी तहज़ीब को पैदा करता है जो दोनों क़ौम के लिए ख़ुशहाली के बाइस बनते हैं। यही वो विरसा है जिसे हमें भूलना नहीं चाहिए यहां तक कि कशीदगी और लड़ाई के बीच में भी।

बुहरान के वक्त, ये बहुत आसान है कि जज़्बात ग़ालिब आ जाएं, लेकिन हमें अपने आपको याद दिलाना है कि दूसरे के मज़हबी अक़ाइद की इज्ज़त करना ही सालमियत और मुआशरती इत्तिहाद की बुनियाद है, ख्वाह वो मंदिर या मस्जिद, तेहवार या रसम रिवाज़ की इज्ज़त करना हो, हर अक़ीदा इज्ज़त का मुस्तहक़ होता है और सही ईमान उसकी क़दर करने और पहचानने में है ना कि इस की इजाज़त दी जाये कि उसे तक़सीम करने के आला के तौर पर इस्तेमाल किया जाये। इज्ज़त सिर्फ़ बर्दाश्त करने के ऊपर तक जाती है जैसा कि ये दूसरों के जश्न मनाने के बारे में है। हिंदू और मुसलमान हमेशा एक दूसरे के मज़हबी और तहज़ीबी जश्न में शामिल होते हैं। हिंदू ख़ुदाओं की इज्ज़त करना सूफ़ी की रिवायत रही है उनके शैरों में और इस्लामी फ़न्ने-तामीर का असर हिंदू मंदिरों पर सिर्फ़ कुछ ऐसे मिसालें हैं जो ये बताते हैं कि दोनों कौमें एक दूसरे से कितने मुत्तसिल हैं। बहराइच, ये शहर जो एक मशहूर सूफ़ी बुज़ुर्ग सय्यद सालार मसऊद ग़ाज़ी के नाम से मशहूर है ये विरसा इससे ज्यादा हक़ रखता है, अब ये नाज़ुक दौर में है। इस कशीदगी के दरमियान, ये बहुत ज़रूरी है कि इन लोगों को रोका जाये जो अपने मतलब निकालने के लिए नफ़रत फैलाते हैं, इन नफ़रत फैलाने वाले लोग चाहे वो सियासी मवाक़े हों या इंतिहा पसंद अनासिर हों, वो तक़सीम करने की कोशिश करते हैं। वो अक्सर ऐसे हालात का ग़लत इस्तेमाल करते हैं ताकि वो उनकी जज़्बात को भड़काए जो तशद्दुद का एक सिलसिला को पैदा करता है और वो किसी को फ़ायदा नहीं देता। बहुत आसान है इश्तेआल-अंगेज़ तक़ारीर, अफ़्वाह और एजंडे को मान लेना बल्कि ऐसे दौर में जहां सोशल मीडिया मालूमात को चाहे वो हक़ीक़ी हो या झूट जंगल की आग की तरह फैलाता है। हालाँकि ये ज़रूरी है कि इन कोशिशों को पहचाना जाये कि वो क्या है, ये एक सोची समझी साजिश है दोनों क़ौमों को तक़सीम करने का जो सदियों से सालमियत के साथ एक साथ रहते आ रहे हैं। हमें याद करना है कि सच्चाई नफ़रत की आवाज़ को मंसूख़ करने में है। बावजूद उसके कि हमें इन तशद्दुद की इजाज़त नहीं देना है जो हमारे रिश्ते की शनाख्त करे, हमें मुकालमा, हमदर्दी और तफ़हीम पर अपनी तवज्जो मरकूज़ करना है। जारहियत का हर अमल एक ऐसे एजंडा को मज़बूत करता है जो हमें तक़सीम करने की कोशिश करते हैं।



दूसरा सबसे बड़ा सबक़ ये है कि तशद्दुद के हो वक़ूअ पज़ीर होने के वक्त क़ानून की हुकूमत पर भरोसा करना ज़रूरी है। एक मुहज्ज़ब मुआशरा में, इन्साफ़ क़ानूनी ज़राए तलाश किए जाते हैं ना कि इजतिमाई आमाल के ज़रिये और इजतिमाई इन्साफ़ सिर्फ़ कशीदगी और मुआशरती हम-आहंगी को ख़त्म कर देती है। हिन्दुस्तानी क़ानूनी निज़ाम, जो ग़लती से मुबर्रा नहीं है, उसे तशकील दी गई है इन्साफ़ और अदल सारे लोगों के लिए यक़ीनी बनाने के लिए। इजतिमाई तशद्दुद सिर्फ क़ानूनी ज़राए को कमज़ोर नहीं करता है बल्कि एक किस्म का इंतिशार भी फैलाता है जो इस तक़सीम को और गहरा कर देता है। ये हर शहरी के लिए ज़रूरी है उनके मज़हब से क़तआ-ए-नज़र कि इस निज़ाम पर भरोसा करें और इसी तरक्क़ी देने के लिए काम करे जहां उसकी ज़रूरत है ना कि क़ानून को अपने हाथ में लें। क़ानूनी ज़राए को अपना कर वो नाराज़गी को सही तरीक़े से हल कर सकते हैं और जो ज़िम्मेदार है तशद्दुद को भड़काने के लिए या जराइम करने के लिए उसे जवाबदेह बनाया जाये। कोई भी शिकायत, चाहे वो कितनी ही जायज़ क्यों ना लगे, तशद्दुद के ज़रिये हल नहीं की जानी चाहिए। ये कोई भी सालमियत पसंदी मुआशरा का रास्ता नहीं है, ना ही ये हिंदू और मुस्लिम के इक़दार की सही इज़हार करता है जो उन्हें पसंद है।

बहराइच में तशद्दुद के बाद, ये और ही अहम हो जाता है दोनों क़ौमों के लिए कि वो साथ में आएं ये सिर्फ़ मामूली फ़ायदा के लिए नहीं है बल्कि ऐसे वाकेयात दुबारा ना हो उसको रोकने के लिए है। गंगा-जमुनी तहज़ीब का विरसा को दुबारा याद किया जाये, ये सिर्फ़ माज़ी की याद नहीं है बल्कि ये ज़िंदगी गुज़ारने के आईडियल है जो हमारे मौजूदा और मुस्तक़बिल की तशकील करता है। दोनों मज़हबी क़ौमों के रहनुमा को मकालमे में शामिल होना चाहिए और भरोसा बनाने पर काम करना चाहिए और उन्हें मुश्तर्का तहज़ीब के फूलों को याद दिलाना चाहिए जो उन्हें एक साथ बांध के रखते हैं। शहरी मुआशरा, मीडिया और तालीमी इदारे भी अहम किरदार अदा कर सकते हैं, इन मुनक़सिम बयानियों से लड़ने के लिए और इत्तिहाद की कहानी को फ़रोग़ देने के लिए। चलिए हम याद करते हैं वो क्या चीज़ है जो हमें मुत्तहिद करती है वो कहीं ज्यादा मज़बूत है उनसे जो हमें तक़सीम करते हैं। हिंदू और मुस्लिम एक ख़ुशहाल, मुश्तर्का विरसा सदियों से बनाते रहे हैं कोई एक हादिसा या तशद्दुद का लम्हा इसे ख़त्म नहीं कर सकते हैं। सालमियत, इज्ज़त और क़ानूनी ज़राए को तशद्दुद के ऊपर अपना कर के, हम सिर्फ अपने माज़ी की इज्ज़त नहीं करते हैं बल्कि एक रोशन मुस्तक़बिल की तशकील देते हैं आने वाली नसल के लिए। आखिर में, ये वक्त है कि हम गंगा-जमुनी तहज़ीब के इक़दार को गले लगाएं और उन ताक़तों को ख़ारिज करें जो हमें तक़सीम करते हैं।

# सूर्य षष्ठी व्रत आज, महिलाएं रहेंगी निर्जला व्रत

## महिलाओं ने नहाय-खाय के बाद रखा खरना व्रत, संतान प्राप्ति व पुत्र के दीर्घायु के लिए महिलाएं रहती है व्रत

अवधनामा संवाददाता

**बलिया।** डाला छठ का महापर्व मंगलवार से आरंभ हो गया है। चार दिवसीय चलने वाले इस महापर्व के पहले दिन महिलाओं ने नहाय खाय के साथ व्रत की शुरुआत की। वही बुधवार को खरना व्रत रखा और शाम को पूरी खीर आदि खाकर पारण किया।



प्रतिकात्मक फोटो

बृहस्पतिवार को निर्जला व्रत रहकर डूबते सूर्य की पूजा करने के बाद अर्घ्य लेंगी। उसके अगले दिन उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर अपने से बड़ों का आशीर्वाद लेकर पारण करेंगी। इसकी तैयारी को लेकर नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक घरों में साफ-सफाई जारी है।

बुधवार को नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के बाजारों में लोगों ने फल, नारियल, सुपली, दउरी, गन्ना आदि की खरीदारी की। आलम यह रहा कि चौक क्षेत्र में भीड़ के कारण पैर रखने तक की जगह नहीं रही। यातायात व्यवस्था बाधित ना हो इसके लिए नगर में जगह-जगह बैरियर लगाए गए थे और यातायात पुलिस मुश्तैद रही। वहीं सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस मुस्तैद रही और चक्रमण करती रही।

छठ पर्व खासकर उत्तर प्रदेश, बिहार व झारखंड में आस्था और उत्साह के साथ मनाया जाता है। लेकिन अब यह पर्व कुछ प्रांतों को छोड़ हर जगह मनाया जाने लगा है। छठ का पर्व मंगलवार से नहाय खाय के साथ शुरू हो चुका हैं। बुधवार को छठ का दूसरा दिन यानी खरना मनाया जा रहा है। महिलाएं दिन भर निर्जला व्रत रही और शाम को गुड़ निर्मित खीर, रोटी व फल से पारण किया। खरना का अर्थ होता हैं शुद्धिकरण।

### पूजन, फल-फूल व अन्य सामग्री के लिए उमड़ी भीड़

नहाय-खाय के पूरा दिन उपवास रखकर केवल एक ही समय भोजन करके अपने शरीर से लेकर मन तक को शुद्ध करने का प्रयास करती हैं। यही कारण हैं कि इसे खरना के नाम से जाना जाता हैं। आज व्रती महिलाओं ने साफ मन से अपने कुल देवता और छठी मइया की पूजा करके उन्हें गुड़ से बनी खीर का प्रसाद चढ़ाया और प्रसाद ग्रहण किया।

बृहस्पतिवार को संतान प्राप्ति व पुत्र के दीर्घायु के लिए षष्ठी तिथि को महिलाएं निर्जला व्रत रहेंगी और शाम को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगी। इसके बाद सप्तमी तिथि को उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार के पुत्र के दीर्घायु व सुख समृद्धि की कामना करते हुए पारण करेंगी। छठ की तैयारी के लिए घरों में महिलाओं ने गेहूं धोना शुरू कर दिया है।

बुधवार को नगर में नारियल, अन्नानास, संतरा, नीबू, सुपली, दउरी, गन्ना, सेव, केला संतरा आदि की खरीदारी के लिए नगर में भीड़ उमड़ी रही। नगर में जाम न लगे इसके लिए यातायात पुलिस जगह-जगह बैरियर लगाकर मुश्तैद रही। सुरक्षा के मद्देनजर नगर में पुलिस चक्रमण करती रही।

### खरीददारी के लिए उमड़ी भीड़

**बलिया।** छठ को लेकर नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के बाजारों में बुधवार को भीड़ उमड़ी रही। इसको लेकर नगर के गड़वार तिराहा, गांधी नगर, चित्तू पांडेय चौराहा, स्टेशन रोड, चौक, विजय टाकीज रोड, रामलीला मैदान रोड, कासिम बाजार रोड सहित अन्य स्थानों पर सजे फलों की की दुकानों पर लोगों की भीड़ खरीददारी के लिए उमड़ी रही। जिसके चलते नगर में जाम की स्थिति उत्पन्न रही। हांलाकि जाम न लगे इसके लिए यातायात पुलिस जगह-जगह मौजूद रही। छठ पर्व पर बिक्री को लेकर दुकानदारों में काफी उत्साह देखा गया।

### घाट को अंतिम रूप देने में जुटे समिति के सदस्य

**बलिया।** नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के तालाब, पोखरा, सरोवर, गंगा व घाघरा घाट पर विभिन्न समितियों द्वारा साफ-सफाई तथा बेदी बनाई गई और समितियों द्वारा विद्युत उपकरण व प्रकाश आदि समुचित व्यवस्था की जा रही थी।

# वापसी के लिए भी ट्रेनों में मारामारी शुरू, शौचालय के आसपास फर्श पर बैठे यात्री

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** छठ पर्व शुरू हो गया है, लेकिन ट्रेनों में भीड़भाड़ अब भी काफी अधिक है। आलम यह है कि यात्रियों को आरक्षित सीटें मिल नहीं पा रही हैं और यही वजह है कि उन्हें जनरल बोगी में जैसे-तैसे यात्रा करनी पड़ रही है। वहीं, अब छठ के बाद वापसी के लिए भी सीटों की मारामारी शुरू हो गई है।



अगर भीड़ की बात की जाए तो ज्यादातर ट्रेनों के आरक्षित कोचों में प्रतीक्षा सूची वाले यात्रियों का ही कब्जा जमाए हैं। स्लीपर बोगियों में आरक्षण कराने वालों को ही सबसे ज्यादा समस्या भी झेलनी पड़ रही है। इसकी शिकायतें भी लगातार आ रही हैं, लेकिन व्यवस्था में सुधार नहीं हो पा रहा है। कुछ ट्रेनों की बोगियों में तो लोग शौचालय के आसपास भी फर्श भी बैठे दिख रहे हैं।

उधर, छठ के बाद वापसी के लिए भी लोग सीटों को आरक्षित कराने के प्रयास में जुटे हैं, लेकिन सफलता नहीं मिल पा रही। तेलीबाग के शिवकुमार बताते हैं कि समय पर टिकट नहीं करा पाए और अब मुंबई जाने वाली ट्रेनों में टिकट ही नहीं बन पा रहे। वह कहते हैं कि अब तत्काल का ही सहारा रह गया है।

काशी विश्वनाथ समेत छह ट्रेनें लेट

स्टेशन होकर चलने वाली छह ट्रेनें मंगलवार को अपने निर्धारित समय से विलंब से गईं। रिजर्वेशन बुकिंग सुपरवाइजर रमेश कुमार ने बताया कि 04497 बलिया से आनंद विहार जाने वाली स्पेशल ट्रेन अपने निर्धारित समय से पांच घंटा छह मिनट, 13006 अमृतसर से हावड़ा मेल 41 मिनट विलंब, 12355 पटना से तम्मूतवी अर्चना एक्सप्रेस 42 मिनट, 15076 टनकपुर से शक्तिनगर त्रिवेणी एक्सप्रेस एक घंटा, 04060 आनंद विहार से जयनगर स्पेशल एक घंटा 39 मिनट देरी से गई हैं। साथ ही 15127 बनारस से दिल्ली जाने वाली विश्वनाथ, 15128 दिल्ली से बनारस जाने वाली काशी विश्वनाथ अपने अपने स्टेशन से न चलने पर कई घंटे विलंब से बताई जा रही हैं।

# डीएम ने धान की क्रॉप कटिंग के कार्यों का किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**बलिया।** जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने बुधवार को सदर तहसील के ग्राम मिड्ढा में फसल धान की क्रॉप कटिंग के कार्यों का निरीक्षण किया। डीएम ने फसल धान की क्रॉप कटिंग कराकर उत्पादकता का आंकलन कर सीसीई एग्री ऐप पर अपलोड कराया तथा उपस्थित किसानों से अपील किया कि धान क्रय केंद्र पर ही धान का विक्रय करें व पराली न जलाएं। बताते चलें कि ग्राम मिड्ढा में फसल धान की उत्पादकता का आंकलन के लिए दो क्रॉप कटिंग कराया गया। किसान कुबेर सिंह के खेत के गाटा संख्या-686 पर प्रथम क्रॉप कटिंग किया गया। जिसमें तौल कराने पर उत्पादन 20.680 किलोग्राम पाया गया। किसान मोहन सिंह के खेत के गाटा संख्या-822 पर द्वितीय क्रॉप कटिंग हुआ। इसमें तौल कराने पर उत्पादन 9.770 किलोग्राम पाया गया। गौरतलब हो कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों को फसल क्षतिपूर्ति का भुगतान करने के लिए क्रॉप कटिंग आंकड़ों का अत्यधिक महत्व होता है। इस अवसर पर अपर सांख्यिकी अधिकारी सोभनाथ, तहसीलदार मनोज राय, राजस्व निरीक्षक संजय यादव एवं लेखपाल अंकिता पांडेय सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एथलेटिक्स में बड़ी बहन ने जीता गोल्ड

## राज्य स्तर तक पहुंची छोटी, वॉलीबॉल में वाराणसी ने जीती ट्रॉफी

अवधनामा संवाददाता

**वाराणसी।** पुआरी कला के बेदी गांव के एक ही परिवार के तीन भाई-बहन एथलेटिक्स में काशी के साथ-साथ माता-पिता का नाम रोशन कर रहे हैं। लालपुर में चल रही एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अंडर-16 के 600 मीटर में स्वर्ण जीतकर राष्ट्रीय के लिए क्वालिफाई कर चुकी शिवांगी यादव बुधवार को 400 मीटर दौड़ में भी प्रतिभा दिखाएंगी।

शिवांगी ने पिछले साल भी इसे प्रतियोगिता में 600 मीटर में ही गोल्ड जीता था। वह रोज सुबह और शाम को तीन-तीन घंटे स्टेडियम में अभ्यास करती हैं। स्टेडियम से उनके घर की दूरी 12 किलोमीटर है। वह रोज साइकिल से अभ्यास करने जाती हैं। खास बात यह है कि उनके नक्श ए कदम पर छोटी बहन और भाई भी चल रहे हैं।



लालपुर के डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में 68वीं प्रादेशिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सिंथेटिक ट्रैक पर मंगलवार को चार वर्ग की स्पर्धाओं में 600 एथलीट ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। बालिका वर्ग में वाराणसी जबकि बालक वर्ग में मेरठ मंडल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। दौड़, हैमर थ्रो, हर्डल दौड़, ऊंची और लंबी कूद में भी खिलाड़ियों ने प्रतिभा दिखाई। वाराणसी ने चार और मेरठ ने तीन गोल्ड जीतकर दबदबा बनाए रखा है।

अंडर-19 बालिका वर्ग के 3000 मीटर दौड़ में वाराणसी की श्रद्धा पटेल, अंडर-17 में अयोध्या की शाहिन बानो ने बाजी मारी। अंडर-19 बालक वर्ग के 400 मीटर हर्डल दौड़ में सैफई के राहुल यादव और बालिका वर्ग में मेरठ की राखी, अंडर-17 बालक वर्ग में बरेली के मोहित शर्मा, अंडर-14 बालिका वर्ग में सहारनपुर की अविका बालियान ने स्वर्ण पदक जीत राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई किया। संचालन राकेश सिंह, धन्यवाद जिला विद्यालय निरीक्षक अवध किशोर सिंह ने किया। इस मौके पर डॉ. हरेंद्र राय, अनुराधा पांडेय, अनुरमा, डॉ. जीतेंद्र, गोपाल, विनोद सिंह मौजूद रहे।

### 80 की जगह 10 हर्डल से हुई प्रतियोगिता

प्रतियोगिता में मंगलवार को उपकरणों की कमी का सामना करना पड़ा। जो स्पर्धा मिनटों में होनी थी उसे कराने में कई घंटे लगे। अधिकारी दानिश मोहसिन, जीएम एम इंटर कॉलेज, बेल्थरा रोड़, बलिया ने बताया कि आठ लेन के ट्रैक पर 80 हर्डल होने थे। हर ट्रैक पर 10 हर्डल जरूरी हैं। जबकि हर्डल केवल 10 थे।

### हैंडबॉल में स्टेडियम और एकेडमी चैंपियन

केराकतपुर स्थित स्कूल में खेली जा रही मंडलीय हैंडबॉल प्रतियोगिता मंगलवार को समाप्त हो गई। प्रतियोगिता में छह टीमों के 72 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। बालक वर्ग में बड़ालालपुर की टीम ने एसएन पांडेय हैंडबॉल एकेडमी को जबकि बालिका वर्ग में विकास हैंडबॉल एकेडमी ने विकास इंटर कॉलेज को हराकर ट्रॉफी जीत ली।

# सेंट्रो कार से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद



अवधनामा संवाददाता

**बलिया।** वाहन चेकिंग के दौरान दुबहर पुलिस ने बुधवार को एक संदिग्ध सेंट्रो कार से बिहार जा रहा अवैध शराब अधिक मात्रा में बरामद किया। इसकी जानकारी सीओ सिटी गौरव शर्मा ने थाने पर प्रेस वार्ता करके दी।

बताया कि दुबहर थाने के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह उप निरीक्षक उमापति गिरी कांस्टेबल तरुण मिश्रा सत्य प्रकाश पटेल मनोज कुमार आलोक सिंह लाल बहादुर यादव आदि पुलिसकर्मी जनेश्वर मिश्र सेतु के पास वाहनों की चेकिंग कर रहे थे तभी एक संदिग्ध सेंट्रो कर आती दिखाई दी जिसे रोकने के बाद उसकी तलाशी ली गई। जिसमें पिछले सीट के निचले हिस्से को मोडिफाइड कर उसमें चेंबर बनाकर 384 अदद ऑफिसर चॉइस का 180 द्रव्य का पाउच बरामद किया गया। जांच करने पर पता चला कि हुंडई सेंट्रो कार में जो नंबर लगा है वह फर्जी नंबर है। यह गाड़ी दिल्ली प्रांत में पंजीकृत है, लेकिन तस्करों द्वारा बिहार का नंबर डालकर इससे शराब तस्करी का काम किया जा रहा है।

# साइबर सिक्योरिटी में करियर की स्वर्णिम संभावनाएं : कर्नल पटनायक

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी-गांधीनगर, गुजरात के एडजंक्ट प्रोफेसर एंड ग्लोबल सर्विसेज़ व्हाइजेक टेक्नोलॉजीज़ प्रा.लि. के हेड कर्नल (डॉ.) मिलन पटनायक बोले, देश में साइबर सिक्योरिटी प्रोफेशनर्स की कमी है, इसीलिए युवाओं के लिए इस क्षेत्र में करियर की असीम और स्वर्णिम संभावनाएं हैं। साइबर सुरक्षा ट्रेनिंग प्रोग्राम की शुरूआत स्कूल स्तर से ही होनी चाहिए। कर्नल पटनायक बोले, कम्प्यूटर साइंस, एमबीए, बीबीए, बीए आदि कोर्सेज़ के संग भी साइबर सिक्योरिटी के प्रोग्राम चलाए जा सकते हैं। हमें साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक होना अनिवार्य है। कर्नल पटनायक तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की ओर से साइबर सिक्योरिटी एज ए करियर- आईटी वर्सेज ओटी पाथवे पर



आयोजित लीडरशिप टॉक सीरीज सेंशन-08 में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। इससे पहले कर्नल (डॉ.) मिलन, डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, टिमिट के निदेशक प्रो. विपिन जैन, एग्रीकल्चर के डीन प्रो. प्रवीण जैन आदि ने ऑडी में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके लीडरशिप टॉक सीरीज सेंशन-08 का शुभारम्भ किया। डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने स्वागत भाषण, जबकि प्रो. विपिन जैन ने वोट ऑफ थैंक्स दिया। टॉक सीरीज में मुख्य वक्ता को बुके देकर स्वागत किया गया।

कर्नल पटनायक बोले, गवर्मेंट, सेना, एयरोस्पेस, हैल्थकेयर आदि सेक्टर्स साइबर अपराध के मुख्य टारगेट हैं। साइबर अपराधी डार्कवेब से टारगेट क्षेत्र के डाटा को प्राप्त कर लेते हैं और साइबर अपराध को अंजाम देते हैं। उदाहरण के तौर पर एक देश दूसरे देश की मेडिकल हिस्ट्री का डेटा प्राप्त करके उस देश के हैल्थ स्टेट्स को जान सकता है। इस डाटा का प्रयोग करके वह सिविल वॉर या युद्ध जैसे हालात भी बना सकते हैं।

# विद्युत पोल से टकराई बाइक एक की मौत, दूसरा गंभीर

अवधनामा संवाददाता

**बलिया।** सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के बिहरा व कठौड़ा गांव के बीच मंगलवार की देर शाम मूर्ति विसर्जन कर वापस आते वक्त बाइक असंतुलित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई। जिससे एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्ज में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। जबकि दूसरे घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

बता दें कि बीते शाम कठौड़ा गांव निवासी जितेंद्र राजभर (26) पुत्र द्वारिका राजभर व पंकज राजभर (22) पुत्र ताराचंद राजभर बाइक से मूर्ति विसर्जन में शामिल होने गए थे। मूर्ति विसर्जन के बाद वापस अपने घर जा रहे थे। वह जैसे ही मालदह

### मूर्ति विसर्जन कर घर जा रहे थे बाइक सवार




और बिहरा गांव के बीच पहुंचे कि उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बिजली के खंभे से जा टकराई। इससे बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोग व 112 पुलिस की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों द्वारा जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। इसमें से जितेंद्र राजभर की जिला अस्पताल जाते वक्त रास्ते में ही मौत हो गई।

# स्मार्ट प्रीपेड मीटर में निकली गंभीर तकनीकी कमियां

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** पूरे उत्तर प्रदेश में जहां स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का काम जीएमआर पोलरिस इनटैली स्मार्ट सहित जीनस को दिया गया है वही आज उपभोक्ता परिषद एक बडा खुलासा करने जा रहा है।उपभोक्ता परिषद लगातार स्मार्ट प्रीपेड मीटर के अंदर चीनी कॉम्पोनेंट सहित घटिया क्वालिटी की बात उठाता चल रहा है प्रदेश में लगभग 2 लाख 75000 स्मार्ट प्रीपेड मीटर लग गए हैं ज्यादातर चाहे वह जीएमआर हो या इंटली स्मार्ट या पोलरिस वह एलाइड इंजीनियरिंग वर्क्स (ए0ई0डब्ल्यू) मेक, के मीटर लगा रही है जिसमें बहुत गंभीर तकनीकी कमियां सामने आई है उसके बाद पावर कॉरपोरेशन व बिजली कंपनियों में हडकंप मच गया क्योंकि अभी तक इसी कंपनी के 90 प्रतिसत स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगे है। उपभोक्ता परिषद ने पहले ही जब इन स्मार्ट प्रीपेड मीटर कंपनियों की जीटीपी अनुमोदित की जा रही थी तभी सवाल उठा दिया था कि यह घटिया क्वालिटी के मीटर देगी अभी से बिजली कंपनियों को चौकन्ना रहना चाहिए अंततः उपभोक्ता परिषद की बात सच साबित हुई।

### पावर कारपोरेशन ने पोलरिस इन टैलीस्मार्ट व जीएमआर के सीईओ को भेजा नोटिस

उपभोक्ता परिषद लगातार पावर कॉरपोरेशन से स्मार्ट प्रीपेड मीटर के आईटी पार्ट क्लीयरेंस की जांच कराने की मांग उठा रहा था अंतत जब पावर कॉरपोरेशन की एक उच्च स्तरीय टीम ने मीटरों की जांच की तो बडे पैमाने पर ए0ई0डब्ल्य मेक मीटर में कमियां सामने आई है पावर कॉरपोरेशन स्तर पर कमियां सामने आते ही हडकंप मच गया पावर कारपोरेशन के निदेशक कमर्शियल निधि कुमार नारंग ने तत्काल जीएमआर पोलरिस इनटैली स्मार्ट के सीईओ को नोटिस भेजते हुए स्मार्ट प्रीपेड मीटर की कमियों में तत्काल सुधार करने का निर्देश जारी किया क्योंकि यह तीनों कंपनियां इसी कंपनी का स्मार्ट प्रीपेड मीटर उत्तर प्रदेश में लगा रहे हैं।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा पावर कॉरपोरेशन की उच्च स्तरीय आईटी जांच में जो कमियां सामने आई है उसमें स्मार्ट प्रीपेड मीटर पावर फैक्टर गलत रिकॉर्ड कर रहा है उसकी आरटीसी 2 घंटे में ड्रिप कर रही है साथ ही पीटी रिसिवो गलत मल्टीप्लाइंग फैक्टर बता रहा है या तकनीकी मानक स्मार्ट प्रीपेड मीटर का मुख्य मानक होता है यदि इसमें इस प्रकार की कमियां सामने आई है तो आने वाले समय में स्मार्ट प्रीपेड मीटर की रीडिंग भार व टाइम सब गलत रिकॉर्ड करेगा।

# जनपद स्तरीय मिलेट्स मेला व प्रदर्शनी का हुआ शुभारम्भ

अवधनामा संवाददाता

**बलिया।** जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार एवं परिवहन मंत्री के अनुज धर्मेन्द्र सिंह ने कृषि विभाग द्वारा ऑफिसर्स क्लब में आयोजित एक दिवसीय जनपद स्तरीय मिलेट्स मेला व प्रदर्शनी तथा उत्तर प्रदेश मिलेट्स रेसिपी विकास उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। साथ ही सर्वाधिक मिलेट्स का उत्पादन करने वाले किसानों को सम्मानित किया गया।

जिलाधिकारी ने कृषि विभाग द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन तथा रेसिपी प्रतियोगिता के तहत लगाए गए स्टालों का अवलोकन करते हुए उत्साहवर्धन किया। डीएम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मिलेट्स अर्थात मोटा अनाज (श्रीअन्न) हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभदायक एवं पोषण से भरपूर हैं। हम सब लोगों ने गेहूं की फसल के कारण मोटे अनाज

### सर्वाधिक मिलेट्स का उत्पादन करने वाले किसानों को किया सम्मानित

को उपेक्षित कर दिया था। केंद्र सरकार ने मोटे अनाजों के उत्पादन पर विशेष बल दिया है। अब किसान श्री अन्न (मोटे अनाज) के उत्पादन पर विशेष ध्यान दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पहले गेहूं महंगा मिलता था व मोटा अनाज सस्ता रहता था। लेकिन अब स्थिति बदल गई है, मोटा अनाज महंगा है तथा गेहूं सस्ता है। किसानों से कहा कि अगर आप मोटे अनाज का उत्पादन करते हैं तो आप लोगों को काफी अच्छा मुनाफा होगा। आप लोग कृषि विभाग के अधिकारियों के संपर्क में रहें। सरकार की पहल पर क्रय केंद्र के माध्यम से किसानों से मोटे अनाज का क्रय किया जा रहा है। उन्होंने जनपद के किसानों से अपील करते हुए कहा कि अधिकाधिक श्रीअन्न (मोटे अनाज) का उत्पादन करें।

# कार्यवाहक डीजीपी प्रशांत कुमार को स्थायी कर सकती है योगी सरकार

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** डीजीपी के चयन और नियुक्ति के लिए कैबिनेट के फैसले ने कई आईपीएस अफसरों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। मनोनयन समिति के गठन के बाद मौजूदा कार्यवाहक डीजीपी प्रशांत कुमार को स्थायी करने पर मुहर लग सकती है। इससे उन्हें दो वर्ष तक डीजीपी की कुर्सी संभालने का मौका मिल सकता है। इससे वे 30 मई 2025 के बजाय 31 जनवरी 2026 को सेवानिवृत्त होंगे। उनकी सेवानिवृत्ति की अवधि पूरी होने के बाद 8 माह का अतिरिक्त समय मिलेगा।

दरअसल, प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद 8 डीजीपी तैनात किए जा चुके हैं। इनमें चार स्थायी थे। स्थायी में ओपी सिंह सर्वाधिक दो वर्ष तक डीजीपी रहे। अब कैबिनेट के हालिया फैसले से सीएम योगी के



भरोसेमंद अफसरों में शामिल प्रशांत कुमार को भी 2 वर्ष तक डीजीपी की कुर्सी संभालने का मौका मिल सकता है। हालांकि इससे कई आईपीएस अफसर बिना डीजीपी बने सेवानिवृत्त हो जाएंगे। इनमें पीवी रामाशास्त्री, आदित्य मिश्रा, संदीप सालुंके, दलजीत सिंह चौधरी, बिजय कुमार मौर्या, एमके बशाल, तिलोत्तमा वर्मा, आलोक शर्मा, अभय कुमार प्रसाद, दीपेश जुनेजा और नीरा रावत शामिल हैं। प्रशांत की सेवानिवृत्ति के बाद नए

### कैबिनेट के फैसले ने बदल दिए समीकरण

डीजीपी का चयन करने के लिए जुलाई 2026 के बाद ही सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों के नाम पर विचार किया जाएगा।

31 जनवरी 2024 को विजय कुमार के सेवानिवृत्त होने के बाद प्रशांत कुमार को कार्यवाहक डीजीपी बनाया गया था। वे 16 आईपीएस अफसरों को सुपरसीड करके कार्यवाहक डीजीपी बनाए गए थे। इनमें मुकुल गोयल, आनंद कुमार, शफी अहसान रिजवी, आशीष गुप्ता, आदित्य मिश्रा, पीवी रामाशास्त्री, संदीप सालुंके, दलजीत सिंह चौधरी, रेणुका मिश्रा, बिजय कुमार मौर्या, सत्य नारायन साबत, अविनाश चंद्रा, संजय एम. तरडे, एमके बशाल, तनूजा श्रीवास्तव, सुभाष चंद्रा शामिल थे।

# झूला व पार्किंग के लिए खुली बोली

**बलिया।** मुख्य राजस्व अधिकारी त्रिभुवन ने बताया कि ददरी मेला-2024 का सकुशल एवं व्यवस्थित आयोजन कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने पूर्ण पारदर्शिता एवं राजस्व में वृद्धि के दृष्टिगत अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बलिया को निर्देशित किया कि झूला एवं पार्किंग आदि राजस्व से संबंधित कार्यों को खुली बोली प्रक्रिया के अंतर्गत अधिक बोली लगाने वाले को स्थान आवंटित किया जाए।

इस कार्य में निर्देशों का अनुपालन न किए जाने व लापरवाही पाए जाने पर नगर पालिका की जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाएगी। ददरी मेला का आयोजन 15 नवंबर से 10 दिसंबर तक किया जाएगा। 12 नवंबर को भूमि पूजन किया जाएगा। 18 नवंबर को घुड़दौड़ का आयोजन होगा। ददरी मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। ददरी मेला में सुरक्षा के सभी मानकों का अनुपालन किया जाएगा, इससे किसी प्रकार की अप्रिय घटना न होने पाए।

# बड़ी कार्रवाई : 400 तोते तस्करों से कराए मुक्त

अवधनामा संवाददाता

**पिलखुवा (हापुड़)।** हापुड़ में कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत छिजारसी टोल प्लाजा पर एनिमल वेलफेयर आफिसर की सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई कर चार लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पिंजरे में बंद 400 तोता बरामद किए गए हैं। चारों आरोपित के अलावा तीन तस्कर सहित सात आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

सीओ अनिता चौहान ने बताया कि मेनका गांधी द्वारा संचालित पीएफए आर्गेनाइजेशन में कार्यरत गाजियाबाद राजनगर के एनिमल वेलफेयर आफीसर गौरव गुप्ता ने पिलखुवा पुलिस को सूचना दी थी कि जिला रामपुर के बिलासपुर गेट सराय जहांगीर के तौफीक खान व उसका भाई पूर्वी दिल्ली के मोहल्ला अशोक का शकील खान अपने गुर्गे के हाथ 400 तोता रामपुर से मुंबई भेजेंगे, इसकी

### मुंबई भेजने की थी तैयारी, पूछताछ में खुले कई राज



जानकारी मिली थी। पहले यह रामपुर से बाया बस जयपुर और उसके बाद जयपुर से मुंबई क्राफर्ड मार्केट जाएंगे। जहां से इन्हें गाजियाबाद के विजयनगर का रहने वाला वन्य जीव तस्कर रवि भटनागर उर्फ तमंचा ने मुंबई अपने अड्डे पर मंगाया है। इस समय रवि तमंचा मुंबई में मौजूद है और वह वहीं से वन्यजीवों के अंतरराष्ट्रीय तस्करी कर रहा है। वहीं, सूचना मिली कि तोता तस्कर एक बस से जयपुर जाएंगे और इस कार्य में बस के कंडक्टर व ड्राइवर व ट्रकलन का मालिक रिंकू की मिलीभगत से यह काम करवाते हैं।

# विद्या ही सबसे बड़ी विभूति है : आचार्य हेमंत

■ डोंडाघाट स्थित श्रीजी काम्प्लेक्स परिसर में श्रीमद् भागवत कथा जारी

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** तालाबपुरा डोंडाघाट स्थित श्रीजी काम्प्लेक्स के परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में बरसाना धाम से पधारे प्रसिद्ध कथा व्यास आचार्य हेमंत कृष्णजी महाराज ने कहा कि शिक्षा से बड़ा कोई धन नहीं है, विद्या ही सर्वश्रेष्ठ विभूति है। जिसे प्राप्त करके हम समग्र संसार वंदनीय हो सकते हैं। विद्वान व्यक्ति सर्वत्र वंदित होता है। महाराजश्री ने बताया कि देवी लक्ष्मी सत्य की अनुगामिनी है और कीर्ति त्याग के बाद ही प्राप्त होती है। जब आप दसों इंद्रिय पर विजय प्राप्त करके दशरथ हो जाते हैं तो देवता भी आपका सानिध्य प्राप्त करने के लिए लालायित रहते हैं। धर्म पर चर्चा करते हुए पूज्यश्री बोले कि धर्म ऐसा हो जहां किसीको नीचा दिखाने की भावना ना रहे और भक्ति ऐसी हो जहां किसी प्रकार की कोई कामना ना रह जाए। श्री हरि पर हमारा अनन्यता से विश्वास होना चाहिए, जैसा विश्वास द्रोपदी,उत्तरा ध्रुव और प्रहलाद आदि का था। महाराज श्री बोले कि आपको बड़ी सफलताएं तभी प्राप्त होंगी जब आप बड़े संकल्प लेंगे। अपनी योजनाओं को हमेशा प्रभु भाव से प्रेरित रखने पर श्रीगोविंद आपकी सहायता के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। कथा की आरती में मुख्य यजमान राकेश तामिया, अमन तामिया के अलावा गीता प्रभुदयाल तामियां, प्रिया अजय तामियां, निशी नीलांश तामियां, रितु विराज तामियां के अलावा रामस्वरूप तामियां, सीताराम तामियां, जगदीश तामियां, एड. राजेन्द्र तामियां, महेश तामियां, विनोद तामियां, मनीष तामियां रहे। जबकि व्यवस्था में सहयोगी के रूप में श्री रामलीला हनुमान जयन्ती महोत्सव समिति और श्री भारत सेवा मण्डल व्यायामशाला शामिल रहीं। इस कथा को सफल बनाने के लिए मनोरथी कविता राकेश तामियां ने लोगों से आह्वान किया है कि इस भव्य और दिव्य आयोजन में भागीदारी कर इसे सफल बनायें। इस दौरान पं.बृजेश चतुर्वेदी, श्यामकान्त चौबे, अजय प्रताप सिंह तोमर, डा.प्रबल सक्सेना, हरविंदर सलूजा, प्रभुदयाल तामिया, शिवकुमार शर्मा, अमित तिवारी, राजेश दुबे, अजय तामियां, छक्कीलाल साहू, अवधेश कौशिक, राजेंद्र ताम्रकार, चंद्रशेखर राठौर, धर्मेंद्र चौबे, विराज तामिया, मुन्नालाल त्यागी, महेश साहू, विनोद साहू, गौरी साहू, फूलचंद्र विश्वकर्मा, जगदीश सोनी, नीरज साहू, हरगोविन्द साहू, वृन्दावन यादव, दीपक यादव, कैलाश साहू, संतोष सोनी, प्रशान्त नामदेव, शोभा सोनी, मोनू सोनी, महेन्द्र यादव, वीरेन्द्र यादव, अभिषेक निरंजन इत्यादि के अलावा सैकडों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। उक्त श्रीमद् भागवत कथा का सीधा प्रसारण आचार्य हेमन्त कृष्ण ऑफीशियल के यू-ट्यूब चैनल पर किया जा रहा है।

## ब्रजरज महोत्सव में मतदाता पंजीकरण स्टॉल आकर्षण का केंद्र

**मथुरा।** बृजरज महोत्सव का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण एवं मथुरा की सांसद हेमा मालिनी ने फीता काटकर एवं बैलून छोड़कर किया। ब्रजरज महोत्सव के उद्घाटन पर स्वीप द्वारा मतदाता पंजीकरण स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहा। स्वीप स्टॉल पर डॉ0 दीन दयाल, जिला मास्टर ट्रेनर मनीष दयाल तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने मतदाताओं के पंजीकरण के लिए फॉर्म- 6, निर्वाचन नामावली से नाम ऐड एवं डिलीट करने के लिए फॉर्म-7 तथा पता परिवर्तन करने प्रतिस्थापन या दिव्यांगजन चिन्हित करने के लिए फॉर्म-8 के बारे में विस्तृत रूप से समझाया और राजकीय महाविद्यालय मांट, मथुरा के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं ने मतदाता पंजीकरणएक अभियान नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति की। इस अवसर पर स्वीप कोऑर्डिनेटर, प्रोफेसर पल्लवी सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना नोडल मथुरा, डॉ0 दीन दयाल, अंशु उपाध्याय एवं पवन का कार्यक्रम आयोजन में विशेष योगदान रहा।

# एक युद्ध नशे के विरुद्ध जागरूकता रैली निकाली गई

**अवधनामा संवाददाता**

■ बाल आयोग के अध्यक्ष ने रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**मथुरा।** मथुरा में एक युद्ध नशे के विरूद्ध रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का शुभारम्भ डा0 देवेन्द्र शर्मा, अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर) उ0प्र0 राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, लखनऊ के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया गया।

रैली सेठ बी0एन0 पोद्दार इंटर कॉलेज, मथुरा से आरम्भ होकर श्रीमती चम्पा अग्रवाल इंटर कॉलेज, मथुरा पर समाप्त हुई। इस दौरान उपस्थित सभी बच्चों एवं प्रतिभागियों द्वारा नशे के विरूद्ध शपथ भी ली गयी। रैली में जनपद मथुरा के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 8000 छात्र/छात्रायें, लगभग 500 अध्यापक / अध्यापिकायें, लगभग 250 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला संरक्षण इकाई, वन स्टाप सेन्टर, चाइल्ड लाइन, क्षेत्राधिकारी यातायात एवं लगभग 50 पुलिस कर्मचारियों द्वारा उक्त रैली में प्रतिभाग किया गया। डा0 देवेन्द्र शर्मा, अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर) उ0प्र0 राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, लखनऊ द्वारा कहा गया कि इस रैली का उद्देश्य आज की युवा पीढी को नशे के दुष्प्रभाव से बचाना है।

राज्य बाल आयोग द्वारा पूरे प्रदेश में नशे के समूलनाश हेतु एक युद्ध नशे के विरूद्ध÷ जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है एवं दण्डात्मक कार्यवाही की करायी जा रही है। पूरे प्रदेश में अब तक अरबो रूपयों की मादक पदार्थो को नष्ट किया जा चुका है। प्रदेश के विद्यालयों के 100 मीटर की परिधि में स्थिति नशीले पदार्थो की दुकानों को प्रतिबंधित किया गया है। बाल श्रम एवं भिक्षावृत्ति में संप्लित बच्चों को मुक्त कराकर शिक्षा एवं बाल कल्याण कारी योजनाओं से जोडने का कार्य किया जा रहा है। श्री विकास चन्द्र जिला प्रोबेशन अधिकारी, मथुरा द्वारा बताया गया कि आज की युवा पीढी नशे के कारण नाश की ओर अग्रसित हो रही है। इस रैली उद्देश्य युवाओं को नशे से दूरकर स्वस्थ समाज की स्थापना करना है। इसके उपरान्त रैली में उपस्थित मा0 अध्यक्ष जी, समस्त विभागाध्यक्षों, अध्यापकों, विद्यालयों के छात्र/छात्राओं आदि को रैली में प्रतिभाग करने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# अल क़दीर इन्टर कॉलिज मे तमसीली मुशायरा आयोजित किया गया



**अवधनामा संवाददाता**

**संभल।** अल्लामा इकबाल फाउंडेशन के बैनर तले अल क़दीर इण्टर कॉलेज मंडी किशन दास सराय, के तत्वाधान में उर्दू दिवस से संबंधित साप्ताहिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के एक कार्यक्रम के तौर पर विद्यालय परिसर में छात्र छात्राओं का तमसीली मुशायरा आयोजित किया गय। इस मुशायरे में अल क़दरी इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने देश के मशहूर शायरों की तमसील ख़ूबसूरत अंदाज और अदाकारी से करते हुए श्रोताओं से खूब दाद हासिल की। इस कार्यक्रम में शिक्षा एवं साहित्य जगत की कई बड़ी हस्तियां भी मौजूद रहीं।

तनवीर हुसैन अशरफ़ी और शान मियॉ ने अतिथियों का स्वागत सत्कार किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अल्लामा इकबाल फाउंडेशन, संभल के अध्यक्ष प्रोफेसर आबिद हुसैन हैदरी ने की। डॉ कैफ़ी संभली सैयद हुसैन अफ़सर मुशीर खां तरीन डॉ किश्वर जहॉ ज़ैदी ताहिर सलामी डॉ नावेद अहमद ख़ान डॉ रियाज़ अनवर डॉ मोहम्मद अहमद डॉ मुनव्वर ताबिश शाफ़ीक़उर्रहमान बरकाती तंज़ील अहमद इस कार्यक्रम में मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों के तौर पर उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने छात्रों के प्रस्तुतिकरण के अंदाज एवं अदायगी और अदाकारी की जम कर तारीफ़ की। श्रोताओं एवं विद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओं ने भी उनके इस कला कौशल को खूब सराहा और आनंद लिया। प्रोफेसर आबिद हुसैन हैदरी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में छात्र छात्राओं के सुंदर प्रस्तुतीकरण एवं सफल कार्यक्रम के आयोजन पर अल क़दीर इण्टर कॉलेज के शिक्षक शिक्षिकाओं एवं प्रबंध तंत्र को बधाई दी। उन्होंने कहा की छात्र छात्राओं ने जिस प्रकार से अपने कला कौशल का प्रदर्शन किया है वह इनके उज्जवल भविष्य की ओर इशारा करता है। मुशीर खॉ तरीन ने छात्रों की इस प्रस्तुति को देखकर खुशी का इज़हार किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के समापन पर इण्टर कॉलेज के मैनेजर डॉ मुन्तज़िम हुसैन ने सभी प्रतिभागियों एवं अतिथियों का धन्यवाद किया और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समय-समय पर होते रहने चाहिएं क्योंकि यह छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस कार्यक्रम में अल क़दीर इंटर कॉलेज के शिक्षक शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# विद्यालय के मुख्य गेट पर फेंका जा रहा कचरा



■ परेशान प्रधानाचार्या ने डीएम को लिखा पत्र

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** आजादपुरा स्थित सरस्वती ज्ञान मंदिर बालिका इण्टर कॉलेज की प्रधानाचार्या सोनम तोमर ने जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र भेजा है। शिकायती पत्र में प्रधानाचार्या ने डीएम को अवगत कराया कि विद्यालय के मुख्य गेट पर प्रतिदिन गन्दगी और बचा हुआ अवशेष खाना, दाल, चावल, रोटी, खीर, सब्जी यहां के लोगों द्वारा जानबूझ कर डाल दिया जाता है। मना करने पर उक्त लोग फेंका गया सामान जानवरों द्वारा खा लेने की बात कही जाती है, जबकि शासन की मंशा अनुसार स्वच्छ भारत मिशन चलाया जा रहा है। बताया कि विद्यालय भी प्रत्येक दिन सफाई कर्मी द्वारा सफाई करायी जाती है और कीटनाशक का छिड़काव कराया जाता है। बावजूद इसके पड़ौसियों द्वारा विद्यालय के पास गन्दगी फैलायी जा रही है, जिससे संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा तो बना हुआ है वहीं दूसरी ओर गन्दगी के कारण बच्चे भी शिक्षण कार्य ठीक से नहीं कर पा रहे हैं। प्रधानाचार्या ने डीएम से मामले की जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।

## छठ पूजा को जीरो वेस्ट इवेंट के आधार पर मनाए जाने के दिये निर्देश

**मथुरा।** बुधवार को नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने छठ पूजा को दृष्टिगत रखते हुये विश्राम घाट, राजा घाट, बंगाली घाट, असकुण्डा घाट एवं आदि घाटों का स्टीमर में बैठकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त द्वारा छठ पूजा को जीरो वेस्ट इवेंट के आधार पर बनाये जाने के लिए अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार को निर्देश दिये। उचित सफाई सुविधाओं के साथ मोबाइल टॉयलेट, सार्वजनिक शौचालयों की व्यवस्था सुनिश्चित की जायें तथा पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मचारियों की तैनाती की जायें। घाटों की ओर जाने वाले मार्गो पर विशेष सफाई, चूना छिड़काव, मार्गो को गड्ढा मुक्त कराया जायें। छठ पूजा वालें घाटों पर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जायें। घाटों के स्नान स्थल पर पर्याप्त बेरिकेडिंग एवं गहरे पानी में न जाने हेतु चेतावनी बोर्ड आदि लगाये जायें। छठ पूजा के उपलक्ष्य पर यमुना किनारे के घाटों पर समुचित प्रकाश व्यवस्था एवं घाटों पर सफाई कर्मियों की तैनाती की जायें।

# कप्तान साहब : सट्टा कारोबारियों पर अंकुश कब

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** पुलिस वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे के कुशल नेतृत्व में पुलिस नित नए आयाम गढ़ रही है, बड़े बड़े अपराधों को अपनी कार्य कुशलता और मुखबिरों के मजबूत नेटवर्क से जल्द खुलासा कर रही है पर सट्टा कारोबारियों पर अंकुश लगाने में फेल नजर आती दिखाई दे रही है। मथुरा जनपद में सट्टे की जड़ धीरे धीरे मजबूत होती जा रही है ऐसा कोई थाना जिले का नहीं है जहां सट्टे का कारोबार न फल फूल रहा हो, ऐसा मुमकिन नहीं है कि मथुरा के होनहार थाना प्रभारियों को इसकी भनक ना हो पर जाने किस मजबूरी के कारण होनहार पुलिस अधिकारियों के हाथ बंधे हुए हैं। सूत्रों से पता चल रहा है कि मथुरा के थाना यमुनापार इलाके के लक्ष्मी नगर में सट्टा कारोबार मजबूती के साथ अपनी जड़ें जमा रहा है जिसके कारण अधिकांश परिवारों की खुशी मै पलीता लग रहा है। दिन भर मेहनत मजदूरी कर परिवार की उदरपूर्ति के लिए मजदूरी करने वाले लोग नशा और सट्टे के आदि बन चुके है कि अपनी दिन भर की गाढ़ी कमाई शाम होते होते नशा और सट्टा कारोबारियों को देकर खाली हाथ घर पहुंच रहे है जिससे घर का माहौल जंग के रूप मै परिवर्तित हो जाता है। सूत्रों का तो यहां तक कहना है कि मथुरा के थाना यमुना पार इलाके के लक्ष्मी नगर क्षेत्र में अपराधों का ग्राफ भी नशा और सट्टा कारोबारियों के खेल के कारण ही बढ़ रहा है। इलाके के लोगों का कहना यहां तक है कि इन सट्टा कारोबारियों के संबंध इलाके के कुछ पुलिसिया कर्मचारियों से भी है जो अक्सर इन सट्टा कारोबारियों की चौखट पर माथा टेकने आते रहते है , ऐसे लोगों का संरक्षण पा कर ही ऐसे अवेध कारोबारियों के हौसले बुलंद होते रहते है, मथुरा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को मथुरा की जनता की भलाई के हित मैं काम करते हुए सट्टे के कारोबार की कमर तोड़नी चाहिए जिससे जनता का भला हो सके और जो नए नए अपराधी नशा और सट्टे के खेल मै फंस कर अपराधों को अंजाम देते है उस पर भी अंकुश लगाया जा सके।

# छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी यातायात अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात आलोक कुमार तिवारी मय टीम के ग्राम पनारी स्थित पहलवान गुरूदीन महाविद्यालय में पहुंचकर छात्राओं को जागरूक किया गया। इस दौरान टीएसआई ने बताया कि छात्राओं को 18 वर्ष आयु पूर्ण कर एआरटीओ विभाग से निर्धारित मानकों को पूरा करके ड्राईविंग लाइसेंस बनवाकर ही वाहन का संचालन करना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने शहर के प्रमुख चौराहों पर वृहद चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान तीन सवारी, बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस, बिना बीमा, बिना फिटनेस, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग, अवैध हूटर्स आदि के खिलाफ प्रभावी प्रवर्तन की कार्यवाही करते हुए 233 वाहनों का चालान किया गया एवं 07 वाहनों को सीज किया गया। निर्धारित क्षमता से अतरिक्त सवारी न बैठाने, दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तत्काल मदद पहुंचाने हेतु जागरूक किया गया।

# हर पथ विक्रेता के पास होगा अपना फोटो पहचान पत्र

■ शहर को सुंदर व स्वच्छ बनाने के लिए डीएम की अनोखी पहल

■ वेंडिंग एवं नॉन वेंडिंग जोन के स्थल चयन हेतु किया पैदल भ्रमण

■ चार वेंडिंग जोन चिन्हित कर स्ट्रीट वेंडर्स को जल्द से जल्द विस्थापित करने के दिए निर्देश



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** नगर क्षेत्र में पथ विक्रेताओं/स्ट्रीट बैंडर्स को व्यवस्थित करने एवं वार्डो में वेंडिंग व नॉन वेंडिंग जोन के स्थल चयन हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने नगर के नदीपुरा मोहल्ले से रावतयाना प्रथम और द्वितीय में पैदल भ्रमण किया गया। बता दें कि शहर को सुंदर व स्वच्छ बनाने के लिए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने एक नई पहल शुरू की है जिसके तहत नगर क्षेत्र में पथ विक्रेताओं/स्ट्रीट वेंडर्स को वेंडिंग जोन में व्यवस्थित कर यातायात को सुगम बनाया जाएगा। साथ ही स्ट्रीट वेंडर्स को एक फोटो युक्त आईडी देकर उन्हें चिन्हित भी किया जाएगा। इस पहल के अंतर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा लगभग सभी वार्डो में स्ट्रीट वेंडर्स को चिन्हित कर लिया गया है, जिनके विस्थापन हेतु वार्डो में वेंडिंग एवं नॉन वेंडिंग जोन हेतु स्थलों के चयन की कार्रवाई की जा रही है। इसी के क्रम में आज जिलाधिकारी ने नगर में पैदल भ्रमण कर पथ विक्रेताओं से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनी। भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने चार वेंडिंग जोन चिन्हित किए, जिनमे जल्द ही स्ट्रीट वेंडर्स कमेटी के माध्यम से विस्थापन की कार्यवाही की जाएगी। मौके पर ईओ द्वारा अवगत कराया गया कि पथ विक्रेताओं को व्यवस्थित करने के लिए नगर पालिका क्षेत्र के सभी वार्डो का सर्वे कर लिया गया है और क्रॉस वेरिफिकेशन भी करा लिया गया है। उक्त पथ विक्रेताओं को फोटो युक्त पहचान पत्र/प्रमाण पत्र उपलब्ध कराते हुए वार्डवार व्यवस्थित किया जाएगा, जिससे शहर में आवागमन की स्थिति प्रभावित नहीं होगी। उन्होंने यह भी बताया कि यदि वेंडिंग जोन में अत्यधिक भीड़भाड़ होती है तो ऐसी स्थिति में पथ विक्रेताओं को अन्य स्थान पर समायोजित किया जाएगा। इसके अलावा पथ विक्रेताओं को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि उनके द्वारा स्वच्छता मानकों का पूरा ध्यान रखा जाएगा व शहर को सुंदर वा स्वच्छ बनाने में पूरा सहयोग दिया जाएगा।

## जिलाधिकारी ने केपीएम श्री विद्यालय पाठकपुर का निरीक्षण किया



**संभल (बहजोई)** जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया द्वारा विकासखंड बहजोई के पी.एम. श्री विद्यालय पाठकपुर का निरीक्षण किया। सभी व्यवस्थाओं एवं निर्माण कार्य की गुणवत्ता का जायजा लिया तथा कार्य को शीघ्र कराने के निर्देश दिए एवं सफाई कार्य को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा विकासखंड बनियाखेडा के पी.एम.श्री विद्यालय आटा का निरीक्षण किया निर्माण कार्य की गुणवत्ता को चैक किया तथा कार्य को शीघ्र कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा परिसर में स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का भी निरीक्षण किया। संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी विद्यालय के तिथि भोजन में भी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह,डिप्टी कलक्टर निधि पटेल, खंड विकास अधिकारी बहजोई अखिलेश कुमार, खंड विकास अधिकारी बनिया खेड़ा कमल कांत, खंड शिक्षा अधिकारी मुंशी लाल पटेल, एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## समय-समय पर हम सभी करेंगे रक्तदानः सानू बाबा

**ललितपुर।** कई वर्षो से सेवा के क्षेत्र में निरंतर अपनी सेवाएं देते हुये समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका में रह कर सेवा के लिए तत्पर ललितपुर सेवा ग्रुप रजि. जिले में रक्तदान के लिए हमेशा ही सेवा ग्रुप के साथी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते है और जागरूकता भी करते है। ऐसे ही एक महिला जिसकी डिलेवरी होना थी पर उसका हीमोग्लोबिन काफी कम था, जिससे डिलेवरी होने मे काफी परेशानी हो रही थी। ग्रामीण क्षेत्र से होने के कारण यहां पर कोई नहीं था और जो लोग साथ थे उनका ग्रुप मैच नहीं कर रहा था। ब्लड बैंक मे भी उस ग्रुप का ब्लड नहीं था एवं ताजे रक्त की आवश्यकता थी, जिसके चलते ललितपुर सेवा ग्रुप से सम्पर्क किया गया तो सौरभ जैन जिनका ब्लड ग्रुप महिला के ब्लड ग्रुप से मैच कर गया। इन्होने ब्लड बैंक पहुँच कर पहली बार रक्तदान किया। रक्तदान के बाद इन्होने बताया की रक्त देने के बाद बहुत अच्छा महसूस हो रहा, जब भी जरूरत रहेगी इसी तरह सहयोग करता रहूँगा। रक्त दान करने से कई तरह के फायदे भी हमें मिलते है। रक्तदान करने से दिल से जुड़ी बीमारियों का खतरा कम होता है। रक्तदान करने से रक्त की चिपचिपाहट कम होती है। जिससे दिल का दौरा और स्ट्रोक का खतरा कम हो सकता है।

# एसडीएम ने लगायी मतदाता सूची प्रकाशन की खुली चौपाल

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिले में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 की गतिविधियां 29 अक्टूबर से शुरू हो गई है। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की गतिविधियों को लेकर आज नगर पंचायत कार्यालय में कस्बे के मतदाताओं एवं जनप्रतिनिधियों के साथ खुली बैठक आयोजित की गयी और उन्हें मतदाता सूची के प्रारूप की हार्ड कॉपी दिखाई गई। बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी गोवर्धन नीलम श्रीवास्तव ने की। चौपाल का शुभारंभ सोंख चेयरमैन योगेश लंबरदार एवं ईओ आशीष कमल द्वारा सामूहिक रूप से किया गया । सुपरवाइजर अंकित अग्रवाल द्वारा सभी अतिथियों को पट्का पहनाकर स्वागत किया गया। चौपाल में उपजिलाधिकारी ने मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम और प्रारूप मतदाता सूची के संबंध में जानकारी दी। खुली चौपाल पर भावी मतदातओं की एक ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें युवाओं ने बढ चढ कर प्रतिभाग किया । क्विज प्रतियोगिता काफी रोमांचक रही । जिसमें विजेता प्रतिभागियों को उपजिलाधिकारी द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया । क्विज प्रतियोगिता का क्रियान्वयन खंड शिक्षा अधिकारी गोवर्धन के कार्यालय सहायक आनन्द वशिष्ठ ने किया । ÷09, 10 एवं 23 तथा 24 नवंबर को लगेंगे विशेष शिविर÷ सेक्टर प्रभारी अंकित अग्रवाल ने बताया कि फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 अंतर्गत विशेष शिविर लगाए जाएंगे। यह शिविर 09 एवं 10 नवंबर तथा 23 एवं 24 नवंबर को महात्मा गांधी स्मारक इंटर कालेज सोंख में लगाए जाएंगे। जिसमें समस्त बीएलओ अपने-अपने बूथ पर बैठकर मतदाता सूची का वाचन कर फॉर्म 6, 7 और 8 का आवेदन प्राप्त करेंगे। एवं 28 नवंबर तक आवेदन लिए जाएंगे । भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन की सुविधा प्रदान की गई है।

# रेलवे में कीमैन हो रहे हैं लगातार हादसे का शिकार

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** ट्रैकमैन कर्मचारियों का एक प्रतिनिधिमंडल नॉर्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन झांसी मंडल के मंडल अध्यक्ष एवं मंडल सचिव से मिला और उन्होंने यूनियन से इंजीनियरिंग विभाग में कीमैन के साथ हो रहे लगातार रेल हादसों से हताहत होकर पश्चिम मध्य रेलवे की तर्ज पर कीमैन कर्मचारियों के साथ एक ट्रैकमैन कर्मचारी लगाने की बात रखी। कीमैन का कार्य रेलवे में लगातार कठोर एवं बढ़ता जा रहा है उसे अपनी ड्यूटी के घंटो के दौरान लगातार रेल ट्रैक पर ही अपने कार्य का निष्पादन करना पड़ता है झांसी बीना खंड में थर्ड लाइन बनने के बाद सभी स्टेशन यार्ड बड़े-बड़े हो गए हैं एवं उनमें प्वाइंट्स की संख्या बढ़ गई है एवं 6 किलोमीटर सेक्शन के रखरखाव की जिम्मेदारी भारतीय रेल में सबसे अधिक एकमात्र कीमैन पर है। अपनी ड्यूटी के दौरान यार्ड एवं पॉइंट में कार्य करते समय कार्य के दबाव में अकेला होने की वजह से अक्सर वह गाड़ी के आवागमन का वास्तविक अनुमान नहीं लगा पता है जिस कारण रेल हादसे का शिकार होकर रनओवर हो जाता है। झांसी बीना खंड में इस तरह की कई घटनाएं पूर्व में घट चुकी है और रेल प्रशासन से लगातार ट्रैकमैन कर्मचारी एवं यूनियन ने यह मांग रखी है कि कीमैन कर्मचारियों के साथ एक ट्रैकमैन कर्मचारी को लगाया जाए ताकि रेल सुरक्षा के साथ-साथ कर्मचारी अपनी संरक्षा का भी ध्यान रख सके। 5 नवंबर 2024 को ललितपुर यार्ड में अपनी ड्यूटी पर सुबह 6.30 बजे ललितपुर के कीमैन सोहन विश्वकर्मा के साथ फिर एक बार दुर्घटना हुई जिसमें उसकी मृत्यु हो गई कर्मचारी के जाने के बाद उसके परिवार के लिए इस क्षति की पूर्ति कोई नहीं कर सकता। ट्रैकमैन कर्मचारियों में उक्त घटना से झांसी बीना खंड में बड़ा रोष है ट्रैकमैन कर्मचारियों ने अपनी बात यूनियन के माध्यम से रेल प्रशासन तक पहुंचाने की अपील की है। यूनियन ने इसके पूर्व में दो बार पीएनएम मीटिंग के माध्यम से कीमैन कर्मचारियों के साथ एक ट्रैकमैन कर्मचारियों को लगाने की बात प्रशासन से रखी है परंतु प्रशासन ने इस पर ध्यान नहीं दिया जिस कारण इस तरह की घटनाएं बढ़ती जा रही है। मंडल सचिव एवं मंडल अध्यक्ष हृष्ट्क्ररू ने आश्वासन दिया कि रेल प्रशासन तक आपकी बात पहुंचाकर उक्त के संबंध में अविलंब आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। ललितपुर शाखा कार्यालय में हमारे रेल कर्मचारी साथी कीमैन श्री सोहन विश्वकर्मा की रेल हादसे मे असामयिक मृत्यु होने पर एक शोक सभा का आयोजन कर दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिवार को इस दुखद घड़ी में साहस प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। यूनियन कार्यालय में शोक सभा के दौरान मनोज तिवारी, नितिन शर्मा, सचिन, सागर अग्निहोत्री, शाकिर खान, शांतनु पुरोहित, डीके चतुर्वेदी, सुभाष कुमार, पप्पू कुमार आदि समेत तमाम रेल कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वृक्ष कटान में एक और एफआईआर दर्ज

■ तीन नामजद और अज्ञात के खिलाफ थाना हाइवे में दर्ज कराई गई है रिपोर्ट

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** वृंदावन के डालमिया फार्म हाउस प्रकरण के बाद अवैध वृक्ष कटान की घटनाओं पर प्रशासन संजीदा है। जिलाधिकारी ने इस तरह की घटनाओं सख्त कार्यवाही की बात कही है। साथ ही लोगों से अपील की है कि नियम विरूद्ध वृक्ष कटान न करें। ऐसा करने वालों को गंभीर कानूनी प्रक्रिया का सामना करना पडेगा। मंगलवार को गोवर्धन रोड गुलमोहर कॉलोनी के समीप एक निजी खेत की भूमि में हुए वक्ष कटान का मामला प्रशासन तक पहुंचा। इस मामले में हितेश उर्फ रिंकू, हारून, शाकिर के नामजद और अज्ञात के खिलाफ थाना हाइवे में अभियोग पंजीकृत कराया गया है। डीएफओ मनीष मित्तल ने बताया कि कल दोपहर बाद सूचना मिली कि एक खेत में पेडों का कटान हुआ है। तत्काल क्षेत्रीय वन अधिकारी स्टाफ के साथ पहुंच कर कार्यवाही की। वहां 46 पेड और 11 गाड़ियों का कटान पाया गया। इस मामले में एफआईआर दर्ज करा दी गई है। मौके पर जो ट्रैक्टर ट्राली और कटान में प्रयुक्त अन्य सामान मिला था उसे जब्त कर लिया गया है। टीटीजेड के तहत यह अपराध है। यह धाराएं भी इसमें लगाई गई हैं। आगे की विधिक कार्यवाही इसमें की जा रही है। नामजद और अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

> वन विभाग को यह सूचना प्राप्त हुई थी कि कुछ लोग वक्ष काट रहे हैं। सूचना पर वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। वहां पर ट्रैक्टर ट्राली और पेड़ काटने के उपकरण वहां पकडे गये। इसके लिए जो दोषी गोस्वामी हैं उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इस तरह की घटनाओं पर गंभीरता से संज्ञान लिया जा रहा है। लोगों से अपील है कि इस तरह की कोई आवश्यक्ता हो तो प्रक्रिया का पलान करते हुए ही कटान करें अन्यथा की स्थिति में उन्हें गंभीर कानूनी असुविधाओं का सामना करना पडेगा।
>
> **शैलेन्द्र कुमार सिंह, जिलाधिकारी, मथुरा**

# मेगा ऑक्शन के लिए जेम्स एंडरसन ने भी दिया नाम, कोई भी कीमत देने को तैयार रहेंगी ये 3 टीमें

आईपीएल मेगा ऑक्शन 2025 की तारीख का ऐलान हो चुका है। सऊदी अरब के जेद्दाह शहर आईपीएल मेगा ऑक्शन की मेजबानी करेगा। इस ऑक्शन का आयोजन 24 नवंबर और 25 नवंबर को होना है। इससे पहले भारत समेत दुनियाभर के खिलाड़ी ऑक्शन के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करवा रहे हैं। वहीं पिछले दिनों इंटरनेशल क्रिकेट को अलविदा कहने वाले इंग्लैंड के दिग्गज तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने आईपीएल मेगा ऑक्शन के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करवाया है, लेकिन सवाल है कि कौन सी टीम 43 साल के जेम्स एंडरसन में दिलचस्पी दिखाएगी?



वहीं आईपीएल ऑक्शन के इतिहास पर नजर डालें तो चेन्नई सुपर किंग्स को सीनियर प्लेयर्स खूब रास आते रहे हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के बारे में कहा जाता है कि ये टीम सीनियर और अनुभवी खिलाड़ियों को तवज्जो देना पसंद करती है। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए महेंद्र सिंह धोनी 43 साल की उम्र में खेल रहे हैं, लेकिन क्या ये टीम अपने स्क्वॉड में जिम्मी एंडरसन को शामिल करेगी? खैर, इस सवाल का जवाब तो वक्त आने पर मिलेगा, लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि जेम्स एंडरसन भले ही 43 साल के हो गए हैं, पर चेन्नई सुपर किंग्स बोली लगा सकती है।

आईपीएल मेगा ऑक्शन से पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने विराट कोहली, रजत पाटीदार और यश दयाल को रिटेन किया। इसके अलावा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने अपने सारे खिलाड़ियों को रिलीज कर दिया। वहीं आरसीबी को बल्लेबाजों के अलावा गेंदबाजों के साथ अच्छी स्क्वॉड बनानी होगी। जिसके बाद माना जा रहा है कि आरसीबी जिम्मी एंडरसन पर बोली लगा सकती है। अगर जिम्मी एंडरसन आरसीबी का हिस्सा होते हैं तो टीम के युवा खिलाड़ियों को जिम्मी एंडरसन के अनुभव से काफी कुछ सीखने को मिलेगा।

आईपीएल मेगा ऑक्शन में पंजाब किंग्स सबसे ज्यादा 110.5 करोड़ पर्स के साथ उतरेगी। इससे पहले पंजाब किंग्स ने अपने महज 2 खिलाड़ियों को रिटेन किया। इस तरह पंजाब किंग्स को पूरी स्क्वॉड बनानी होगी। वहीं पिछले दिनों पंजाब किंग्स ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को अपना कोच बनाया है। पंजाब जिम्मी एंडरसन को अपनी टीम में जोड़ने के लिए बड़ी रकम खर्च कर सकती है।

## कौन है जलज सक्सेना? जिन्होंने रणजी ट्रॉफी में 5 विकेट लेकर रचा इतिहास

जलज सक्सेना रणजी ट्रॉफी में छा गए। उन्होंने बुधवार 6 नवंबर को थुंबा में उत्तर प्रदेश के खिलाफ केरल के चौथे दौर के मैच के दौरान 6 हजार रन और 400 विकेट का डबल हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। इसके साथ ही जलज रणजी ट्रॉफी के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर बन गए हैं। घरेलू क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी जलज सक्सेना रणजी ट्रॉफी में छा गए। उन्होंने बुधवार 6 नवंबर को थुंबा में उत्तर प्रदेश के खिलाफ केरल के चौथे दौर के मैच के दौरान 6 हजार रन और 400 विकेट का डबल हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। इसके साथ ही जलज रणजी ट्रॉफी के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर बन गए हैं। कोलकाता में पिछले दौर में 6 हजार रन पार करने वाले सक्सेना ने ये उपलब्धि तब हासिल की जब उन्होंने उत्तर प्रदेश के खिलाप अपना चौथा विकेट लिया। ये उनका 400वां रणजी ट्रॉफी विकेट था।

# रोहित शर्मा की कप्तानी में खेलेंगे बाबर आजम सहित पाकिस्तान खिलाड़ी


दरअसल, भारत और पाकिस्तान को हमेशा से ही एक-दूसरे के खिलाफ खेलते हुए देखा है। लेकिन आने वाले समय में रोहित शर्मा की कप्तानी में बाबर आजम सहित पाकिस्तानी खिलाड़ियों को खेलते हुए देखा जा सकता है। अफ्रीका क्रिकेट एसोसिएशन की हाल में हुई एजीएम में अफ्रो-एशिया कप को फिर से कराने पर चर्चा हो रही है।



आईपीएल में रोहित शर्मा की कप्तानी में कई विदेशी खिलाड़ियों को देखते हुए देखा गया है। लेकिन अगर रोहित शर्मा की कप्तानी में अगर पाकिस्तान के खिलाड़ी खेलते हुए दिखेंगे तो हर किसी को हैरानी होगी। दरअसल, भारत और पाकिस्तान को हमेशा से ही एक-दूसरे के खिलाफ खेलते हुए देखा है। लेकिन आने वाले समय में रोहित शर्मा की कप्तानी में बाबर आजम सहित पाकिस्तानी खिलाड़ियों को खेलते हुए देखा जा सकता है। बता दें कि, अफ्रीका क्रिकेट एसोसिएशन की हाल में हुई एजीएम में अफ्रो-एशिया कप को फिर से कराने पर चर्चा हो रही है। ये टूर्नामेंट 2005 और 2007 में आयोजित हो चुका है। अगर अफ्रीकी बोर्ड का प्लान आगे बढ़ता है तो जल्द ही इसका तीसरा सीजन देखने को मिल सकता है। क्रिकेट प्रेमी जानते हैं कि अफ्रो-एशिया कप अफ्रीकन इलेवन और एशियन इलेवन के बीच खेला जाता है। अफ्रीकन इलेवन में ज्यादातर साउथ अफ्रीका और जिम्बाब्वे के खिलाड़ी शामिल होते हैं। एशियन इलेवन में भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के खिलाड़ी दिख सकते हैं। वहीं पहली बार 2005 में अफ्रो-एशिया में एशियन इलेवन की कप्तानी पाकिस्तान के इंजमाम उल हक ने संभाली थी। अफ्रीका इलेवन की कमान शॉन पोलक को मिली थी। ग्रीम स्मिथ ने भी अफ्रीकी टीम की कप्तानी की थी। एशियन इलेवन में इंजमाम की अगुवाई में भारत की तरफ से 6 खिलाड़ी, राहुल द्रविड़, अनिल कुंबले, वीरेंद्र सहवाग, इरफान पठान, आशीष नेहरा और जहीर खान शामिल थे।

# अनिल कुंबले को उम्मीद, दक्षिण अफ्रीका में युवा खिलाड़ियों को मिलेगा मौका

पूर्व कप्तान अनिल कुंबले का मानना है कि यश दयाल, विशाक विजयकुमार और रमनदीप सिंह को घरेलू क्रिकेट में उनके शानदार रिकार्ड को देखते हुए भारतीय टी20 टीम के दक्षिण अफ्रीका दौरे में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण का मौका मिलना चाहिए। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम डरबन में शुक्रवार से शुरू होने वाली पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगी। पूर्व दिग्गज बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण इस टीम के कोच हैं। कुंबले ने जिओ सिनेमा से कहा, ''मुझे उम्मीद है कि इन तीनों खिलाड़ियों को भारतीय टीम की तरफ से खेलने का मौका मिलेगा क्योंकि उन्होंने घरेलू स्तर पर वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया है।'' कुंबले ने तेज गेंदबाज यश दयाल की शानदार वापसी करने के लिए प्रशंसा की, जिन पर रिंकू सिंह ने आईपीएल 2023 के दौरान लगातार पांच छक्के



जड़े थे। उन्होंने कहा, ''यश दयाल जिन पर रिंकू सिंह ने लगातार पांच छक्के लगाए थे, उन्होंने क्या शानदार वापसी की। इससे उनके जज्बे का पता चलता है। वह बाएं हाथ का शानदार तेज गेंदबाज है जो दोनों तरफ गेंद को मूव कर सकता है।''कुंबले ने हैरानी जताई कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने विजयकुमार को रिटेन नहीं किया। उन्होंने कहा, ''विजयकुमार वास्तव में बहुत अच्छा तेज गेंदबाज है जिसने घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है। मुझे वास्तव में हैरानी हुई कि आरसीबी ने उसे रिटेन नहीं किया। मुझे उम्मीद है कि दक्षिण अफ्रीका में उसे मौका मिलेगा। उसके पास डेथ ओवरों के लिए हर तरह का वेरिएशन है।''कुंबले ने कहा कि अगर रमनदीप को अंतिम एकादश में जगह मिलती है तो उनका गेंदबाज के रूप में भी उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ''रमनदीप अच्छा आक्रामक बल्लेबाज और शानदार क्षेत्ररक्षक है। मुझे उम्मीद है कि उसका गेंदबाज के रूप में भी उपयोग किया जाएगा क्योंकि आईपीएल में इंपैक्ट प्लेयर के नियम के बाद लोग ऑलराउंडर को नजर अंदाज करने लगे हैं।

# आईपीएल 2025 की 24 और 25 नवंबर को सऊदी अरब के जेद्दा में होने वाली नीलामी में 1574 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को घोषणा की कि 1165 भारतीय खिलाड़ियों सहित कुल 1574 क्रिकेटरों ने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 से पहले सऊदी अरब के जेद्दा में 24 और 25 नवंबर को होने वाली बड़ी नीलामी के लिए पंजीकरण कराया है। इस सूची में 320 कैप्ड (जिसने अंतरराष्ट्रीय मैच खेला हो) खिलाड़ी जबकि 1,224 अनकैप्ड (जिसने अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला हो) खिलाड़ी और एसोसिएट देशों के 30 खिलाड़ी शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ियों में 48 भारत के हैं। इसके अलावा देश के 965 अनकैप्ड खिलाड़ी भी नीलामी का हिस्सा होंगे। खिलाड़ियों का पंजीकरण आधिकारिक तौर पर सोमवार को बंद हो गया।

कुल 409 विदेशी खिलाड़ियों ने नीलामी के लिए पंजीकरण किया है। यह लगातार दूसरा साल है जब नीलामी विदेश में हो रही है। आईपीएल 2024 से पहले पिछली नीलामी दुबई में हुई थी। नीलामी 22 नवंबर से पर्थ में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच शुरू हो रहे पहले क्रिकेट टेस्ट के तीसरे और चौथे दिन के खेल से टकराएगी।



प्रत्येक फ्रेंचाइजी अधिकतम 25 खिलाड़ियों (संबंधित रिटेन खिलाड़ियों सहित) की टीम बना सकेगी और नीलामी से कुल 204खिलाड़ी खरीदे जा सकेंगे। इस साल की नीलामी में ऋषभ पंत, लोकेश राहुल, श्रेयस अय्यर और अर्शदीप सिंह जैसे कुछ बड़े भारतीय सितारे भी शामिल होंगे। नीलामी में 91 खिलाड़ियों के साथ दक्षिण अफ्रीका का दूसरा सबसे बड़ा खिलाड़ी पूल है जिसके बाद 76 खिलाड़ियों के साथ ऑस्ट्रेलिया का नंबर आता है।

इंग्लैंड से 52 और न्यूजीलैंड से 39 क्रिकेटर नीलामी में हिस्सा लेंगे जबकि वेस्टइंडीज (33) और अफगानिस्तान (29) और श्रीलंका (29) इस सूची में अगले पायदान पर हैं। एसोसिएट देशों में यूएसए (10), नीदरलैंड (12), कनाडा (4), इटली (1), यूएई (1) और स्कॉटलैंड (2) के खिलाड़ी नीलामी का हिस्सा लेंगे। नीलामी के दौरान 10 फ्रेंचाइजी के पास 204 खिलाड़ियों पर खर्च करने के लिए सामूहिक रूप से लगभग 641.5 करोड़ रुपये होंगे।

इन 204 स्थानों में से 70 विदेशी खिलाड़ियों के लिए निर्धारित हैं। अब तक 10 फ्रेंचाइजी ने 558.5 करोड़ रुपये के सामूहिक खर्चे के साथ 46 खिलाड़ियों को रिटेन किया है। प्रत्येक फ्रेंचाइजी को अपनी टीम बनाने के लिए 120 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे लेकिन 31 अक्टूबर को रिटेंशन (खिलाड़ियों को अपने साथ बरकरार रखा) प्रक्रिया खत्म होने के बाद पंजाब किंग्स के पास सबसे अधिक 110.5 करोड़ रुपये हैं।

पंजाब की टीम ने सिर्फ दो अनकैप्ड खिलाड़ियों शशांक सिंह और प्रभसिमरन सिंह को कुल 9.5 करोड़ रुपये में रिटेन किया है। संजू सैमसन की अगुआई वाली राजस्थान रॉयल्स के पास छह खिलाड़ियों को रिटेन करने के बाद सबसे कम 41 करोड़ रुपये की राशि है। कोलकाता नाइट राइडर्स ने भी छह खिलाड़ियों को रिटेन किया है लेकिन उनके पास 51 करोड़ रुपये की राशि बची है।

# रणबीर कपूर-साई पल्लवी की रामायण की रिलीज डेट तय, दूसरे भाग के बारे में भी निर्माता ने दिया अपडेट

नितेश तिवारी की महाकाव्य नाटक रामायण की बहुप्रतीक्षित आधिकारिक घोषणा बुधवार, 6 नवंबर को की गई। प्राइम फोकस स्टूडियो के संस्थापक और वैश्विक सीईओ नमित मल्होत्रा ने सोशल मीडिया पर फिल्म का एक पोस्टर साझा किया, जिसमें खुलासा किया गया कि फिल्म दो भागों में रिलीज होगी - एक 2026 में और दूसरी 2027 में। प्राइम फोकस स्टूडियो के पीछे दूरदर्शी शक्ति के रूप में, नमित मल्होत्रा हॉलीवुड की कुछ सबसे बड़ी परियोजनाओं में शामिल रहे हैं, जिनमें ड्यून और इनसेप्शन शामिल हैं, साथ ही हाल ही में द गारफील्ड मूवी जैसी हिट फ़िल्में भी शामिल हैं। उन्होंने एंग्री बर्ड्स 3 की भी घोषणा की। विजुअल स्टोरीटेलिंग की नमित मल्होत्रा की गहरी समझ ने उन्हें हॉलीवुड में सबसे महत्वपूर्ण भारतीयों में से एक बना दिया है! निर्माता ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट के कैप्शन में लिखा, एक दशक से भी अधिक समय पहले, मैंने 5000 से अधिक







वर्षों से अरबों दिलों पर राज करने वाले इस महाकाव्य को बड़े पर्दे पर लाने के लिए एक महान खोज शुरू की थी। और आज, मैं इसे खूबसूरती से आकार लेते हुए देखकर रोमांचित हूं क्योंकि हमारी टीमें केवल एक उद्देश्य के साथ अथक परिश्रम कर रही हैं हमारे इतिहास, हमारी सच्चाई और हमारी संस्कृति-हमारी रामायण का सबसे प्रामाणिक, पवित्र और आश्चर्यजनक रूप से शानदार रूपांतरण दुनिया भर के लोगों के सामने पेश करना। रणबीर कपूर और साई पल्लवी स्टारर रामायण की हर डिटेल जानने के लिए फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस साल की शुरुआत में फिल्म के सेट से कई तस्वीरें और वीडियो वायरल हुए थे, जिसने फैंस को बेचैन कर दिया था। राम के रूप में रणबीर कपूर की झलक ने लोगों का दिल जीत लिया था। फिल्म की आधिकारिक घोषणा के बिना ही लोगों ने फिल्म को लेकर कयास लगाने शुरू कर दिए थे। दावों के मुताबिक, 800 करोड़ से ज्यादा के बजट पर बन रही नितीश तिवारी की फिल्म का अब आधिकारिक ऐलान हो गया है। मेकर्स ने फिल्म को लेकर एक खास पोस्ट किया है और साथ ही खुलासा किया है कि फिल्म दो पार्ट में बनाई जा रही है। फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया गया है। फिलहाल फिल्म की स्टार कास्ट का अभी आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है।

जैसा कि हम सभी जानते हैं कि रणबीर कपूर राम की भूमिका निभाएंगे और साई पल्लवी देवी सीता के रूप में नजर आएंगी। लेकिन क्या आप जानते हैं कि केजीएफ स्टार यश रावण की भूमिका में नजर आएंगे? जी हां! कन्नड़ स्टार ने हाल ही में खुलासा किया। दूसरी ओर टीवी एक्टर रवि दुबे लक्ष्मण की भूमिका में बॉलीवुड में डेब्यू करेंगे। रिपोर्ट्स की मानें तो सनी देओल ने भगवान हनुमान की भूमिका निभाने के लिए हां कर दी है, जबकि मिस यूनिवर्स 2000 और अभिनेत्री लारा दत्ता कियाकयी की भूमिका में नजर आएंगी। इसके अलावा, रणबीर कपूर की फिल्म में दोहरी भूमिका होगी, वह राम के साथ परशुराम की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म के दोनों भागों का निर्देशन दंगल फेम नितेश तिवारी ने किया है।

# शारदा सिन्हा के निधन के बाद अकेले पड़ गए उनके बच्चे, अपने पीछे इतनी संपत्ति छोड़ गई गायिका

बिहार की लोक गायिका शारदा सिन्हा का 5 नवंबर को निधन हो गया। अपने छठ गीतों के लिए मशहूर पद्म भूषण से सम्मानित शारदा सिन्हा को 27 अक्तूबर को नई दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनके बेटे अंशुमान सिन्हा ने गायिका के निधन की पुष्टि इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा कर दी। महान गायिका का दुनिया से चले जाना इंडस्ट्री के लिए एक सदमा है। छठ गीतों के लिए मशहूर गायिका का निधन छठ महापर्व पूजा के पहले दिन हुआ। उनके निधन के बाद से परिवार सदमे में है। चलिए जानते हैं गायिका अपने पीछे क्या छोड़ गई हैं। 72 वर्षीय शारदा सिन्हा 2018 से मल्टीपल मायलोमा, एक प्रकार के रक्त कैंसर से जूझ रही थीं। अंशुमान ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल से शारदा सिन्हा की एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, आपकी प्रार्थनाएं और प्यार हमेशा मेरी मां के साथ रहेगा। छठी मैया ने उन्हें अपने



पास बुला लिया है। वह अब भौतिक रूप में हमारे बीच नहीं हैं। शारदा सिन्हा अपने लोकगीत के लिए केवल बिहार में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में मशहूर थीं।

1 अक्तूबर 1952 को बिहार में जन्मी शारदा सिन्हा मुख्य रूप से मैथिली और भोजपुरी में गाती थीं, जिसके कारण उन्हें बिहार कोकिला का उपनाम मिला। छठ पर्व को समर्पित उनके गीत बिहार के लोगों के बीच खास तौर पर लोकप्रिय हैं और उनके विवाह गीत शादियों में एक मुख्य विशेषता बन गए हैं। 2016 में उनके द्वारा गाया गया गीत, जिसका शीर्षक पहिले पहिल हम कई छठ था, कई श्रोताओं की आंखों में आंसू ला देता है, क्योंकि यह प्रियजनों के साथ रहने की तीव्र इच्छा को जगाता है। शारदा के परिवार की बात करें तो गायिका अपने पीछे बेटी वंदना और बेटे अंशुमान सिन्हा को छोड़ गई हैं। बेटी भी मां की तरह लोक गायिका हैं। इसके अलावा उनकी बहु यानी अंशुमान की पत्नी भी हैं। साथ ही उनकी पोती यानी अंशुमान की एक बेटी भी हैं। हाल ही में शारदा सिन्हा के पति का भी निधन हुआ था, जिसके बारे में खुद गायिका ने फेसबुक पर पोस्ट साझा कर जानकारी दी थी। हाल ही में शारदा सिन्हा ने जब पति ब्रजकिशोर सिन्हा की आखिरी तस्वीर साझा की थी तो उसमें पति के गोद में उनकी पोती थी। हालांकि, शारदा सिन्हा की संपत्ति के बारे में आधिकारिक रूप से कोई जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो उनकी संपत्ति करीब 35 से 42 करोड़ के बीच बताई गई है। संपत्ति का बंटवारा उनके बेटे और बेटी के बीच ही होगा। शारदा सिन्हा के अन्य लोकप्रिय छठ गीतों में केलवा के पात पर उगलन सूरज मल झाके झुके, हे छठी मईया, हो दीनानाथ, बहंगी लचकत जाए, रोजे रोजे उगेला, सुना छठी माई, जोड़े जोड़े सुपावा और पटना के घाट पर शामिल हैं। उन्होंने वसंत ऋतु का जश्न मनाने वाले गीतों में भी अपनी आवाज दी है।

# अभिनेता टोनी मीरचंदानी का 54 वर्ष की उम्र में निधन, लंबे समय से बीमार थे

टोनी मीरचंदानी की मौत सोमवार 4 नवंबर को दिग्गज अभिनेता टोनी मीरचंदानी के निधन से भारतीय फिल्म उद्योग को एक दुखद क्षति हुई है। निधन के समय उनकी उम्र 54 वर्ष थी। बता दें कि मीरचंदानी लंबे समय से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे। टोनी मीरचंदानी के उल्लेखनीय करियर में कई फिल्में और टेलीविजन शो शामिल हैं, जिन्होंने इंडस्ट्री पर अपनी अमिट छाप छोड़ी है। विशेष रूप से, वह कई प्रतिष्ठित फिल्मों में दिखाई दिए, जिनमें ऋतिक रोशन की कोई मिल गया (2003) और सनी देओल की गदर (2001) शामिल हैं, जिसमें एक प्रतिभाशाली अभिनेता के रूप में उनकी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, टोनी मीरचंदानी लंबे समय से बीमार थे, जिसके चलते उनका निधन हो गया। अभिनेता के निधन की खबर से उनके प्रशंसक और इंडस्ट्री में उनके करीबी दुखी हैं। वे उन्हें न केवल फिल्म उद्योग में उनके




योगदान के लिए बल्कि उनके जीवंत व्यक्तित्व और सकारात्मक प्रभाव के लिए भी याद करते हैं। टोनी मीरचंदानी के लिए एक प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा। यह प्रार्थना सभा सिंधु भवन सिंधी झूलेलाल मंदिर 45, पीजी रोड, सिंधी कॉलोनी बेगमपुर, सिकंदराबाद हैदराबाद, तेलंगाना में आयोजित की जा रही है। टोनी मीरचंदानी ने फिल्मों के अलावा टीवी शो में भी काम किया है। वह एक मल्टी टैलेंटेड एक्टर थे। कोई मिल गया में उनके रोल को दर्शकों ने खूब सराहा था। गदर से भी उन्होंने दर्शकों के मन पर गहरी छाप छोड़ी थी। एक्टर का काम कला के प्रति उनके जुनून को दर्शाता है। वह टीवी की दुनिया में भी एक लोकप्रिय चेहरा थे। उन्होंने कई शो में भी काम किया। वह पर्दे पर जटिल किरदार निभाने में माहिर थे, जो एक एक्टर के तौर पर उनकी काबिलियत को बयां करता है। वह अक्सर सेट पर नए एक्टर्स को सलाह देते थे, जिसका खुलासा उनके को-एक्टर्स ने कई इंटरव्यू में किया था।

# शर्मिला टैगोर की एक भी तस्वीर पटौदी पैलेस में नहीं, सैफ अली खान ने किया खुलासा

बता दें कि सैफ अली खान का पैतृक घर पटौदी पैलेस हरियाणा के गुरुग्राम में 10 एकड़ जमीन पर फैला है। इसमें करीब 150 कमरे हैं। इस पैलेस को इब्राहिम कोठी के नाम से भी जाना जाता है। इसमें सात बेडरूम, सात ड्रेसिंग रूम और सात बिलियर्ड्स रूम भी है। शर्मिला टैगोर भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री रहने के साथ साथ एक अच्छी पत्नी और मां भी हैं। उन्हें अपने बच्चों की देखभाल करना पसंद हैं। उन्होंने पटौदी भवन को एक सुंदर महल में बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, इस महल में शर्मिला टैगोर की एक भी तस्वीर नहीं हैं। एक पुराने साक्षात्कार में सैफ अली खान ने इसका खुलासा किया था। सैफ ने बताया कि उनकी मां किसी भी सामान को नहीं फेंकती हैं। वे उन्हें जोड़ती हैं और एक अवतार में बदल देती हैं। उन्होंने आगे बताया कि केवल कॉरिडोर में राष्ट्रीय अवॉर्ड लेने वाली तस्वीर के अलावा उनकी कोई तस्वीर पटौदी महल में नहीं हैं।

सैफ अली खान ने एक साक्षात्कार में कहा, मेरी मां कुछ भी नहीं फेंकती हैं। वह उन चीजों को जोड़कर उसे एक नए अवतार में बदल देती है। एक शाही परिवार में शादी करने के बाद उन्होंने





पटौदी भवन को संजोने और एक सुंदर महल में बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हैं। उन्होंने आगे कहा, पटौदी हाउस में उनकी कोई तस्वीर नहीं है। सिर्फ बुक केस के पास एक तस्वीर है, जब उन्हें नेशनल अवॉर्ड मिला तब की। बेशक उनकी तस्वीर नहीं है, लेकिन उनका आभामंडल हर जगह मौजूद है। बगीचों से लेकर ब्लाइंड्स तक हर जगह उनका विवरण मौजूद है। उनकी मौजूदगी को दर्शाने के लिए किसी भी तस्वीर की जरूरत नहीं है।

करियर और परिवार में शर्मिला टैगोर की भूमिका की सराहना करते हुए सैफ अली खान ने कहा, किसी अभिनेता के लिए मेरी मां की तरह घर चलाना आसान नहीं है। वह एक फिनिशिंग स्कूल की तरह है और अपने स्टाफ को बहुत अच्छे से सिखाती हैं। वह परेशान हो जाती थ, क्योंकि हमारे सामने रहने वाला एक व्यापारी हमारे स्टाफ का वेतन दोगुना करके उन्हें अपने पास रख लेता था। इसी साक्षात्कार में सैफ ने बताया कि शर्मिला टैगोर ने कैसे अपने पोते-पोतियों का स्वागत पटौदी हाउस में किया था। उन्होंने कहा, जब हम पटौदी में थे, तब वह तैमूर के लिए ट्रैम्पोलिन जंप्स का आयोजिन करती हैं। उसे बहुत ही सुंदर उपहार देती हैं, जिससे मनोरंजन और शिक्षा का संतुलन बना रहे। इससे पहले पटौदी हाउस के बारे में बात करते हुए शर्मिला टैगोर ने कहा था, मेरे तीन बच्चे सैफ, सबा और सोहा पिछले कुछ समय से मुंबई में हैं, लेकिन मेरा टाइगर (उनके दिवंगत पति मंसूर अली खान पटौदी, जो एक मशहूर क्रिकेटर भी थे) को छोड़ने का मन नहीं हो रहा है। इसलिए मैं यहां हूं। पटौदी मेरे काफी नजदीक हैं और मैं कभी-कभी मुंबई जाती हूं।÷

शर्मिला टैगोर ने कहा, ÷मेरे तीनों ही बच्चे पटौदी को बहुत पसंद करते हैं। इस घर का एक इतिहास है और वहां बहुत सारी यादें हैं। गुलमोहर में सूरज शर्मा के किरदार आदित्य की तरह ही मेरे बच्चे भी वहां एल्बम देखते हैं और पुरानी यादों को याद करते हैं। जब वे अपने बच्चों को खेलते हुए देखते हैं तो उन्हें अपने बचपन की याद आती हैं। ये यादें ही हैं, जो दो पीढ़ियों के बीच संबंधों को मजबूत करते हैं।÷

बता दें किबता दें कि सैफ अली खान का पैतृक घर पटौदी पैलेस हरियाणा के गुरुग्राम में 10 एकड़ जमीन पर फैला हुआ है। इसमें करीब 150 कमरे हैं। इस पैलेस को इब्राहिम कोठी के नाम से भी जाना जाता है। इसमें सात बेडरूम, सात ड्रेसिंग रूम और सात बिलियर्ड्स रूम भी है। इसमें शाही डाइनिंग और ड्रॉइंग रूम भी है। सैफ के पिता और दादा को यहीं दफनाया गया है। इस पैलेस में वीर-जारा, ईट प्रे लव, मंगल पांडे, मेरे ब्रदर की दुल्हन एनिमल और प्राइम शो तांडव की शूटिंग हो चुकी है।

# मप्र. के उज्जैन में स्काई डाइविंग फेस्टिवल नौ नवंबर से




**भोपाल।** मध्य प्रदेश में एडवेंचर टूरिज्म को बढ़ावा देने और पर्यटन गतिविधियों में विविधता लाने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड के तत्वावधान में लगातार चौथे साल 09 नवंबर से स्काई डाइविंग फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष उज्जैन में तीन माह के लिए पर्यटकों को 10 हजार फीट की ऊंचाई से छलांग लगाकर महाकाल की नगरी को देखने का रोमांचकारी अनुभव मिल सकेगा। यह जानकारी प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भावसिंह लोधी ने बुधवार को पत्रकार वार्ता में दी। मंत्री लोधी ने बताया कि प्रदेश को प्रमुख पर्यटन गंतव्य बनाने के उद्देश्य विभिन्न आयोजन एवं गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी कड़ी में मध्य प्रदेश को एडवेंचर टूरिज्म का हब बनाने के उद्देश्य से उज्जैन में 09 नवंबर से स्काई डाइविंग फेस्टिवल की शुरुआत की जा रही है, जो तीन माह तक 09 फरवरी 2025 तक चलेगी। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति विभाग और प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि स्काई डाइविंग फेस्टिवल के तीन संस्करण की सफलता व एडवेंचर गतिविधि के प्रति पर्यटकों के उत्साह को देखते हुए इस वर्ष उज्जैन में चतुर्थ संस्करण (तीन माह के लिए) आयोजन किया जा रहा है।

# शाह की सभा में 'उकसाने वाले' बयान पर मिथुन चक्रवर्ती के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**दफना**

**मैं मुख्यमंत्री नहीं हूं, पर कह रहा हूं कि तुम्हें तुम्हारी ही जमीन में दफना देंगे।**



**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में भाजपा नेता एवं मशहूर अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती के उकसाने वाले बयान देने के मामले में कोलकाता पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। यह प्राथमिकी कोलकाता के बउबाजार थाने में दर्ज की गई है। शिकायत में कहा गया है कि मिथुन ने शाह की उपस्थिति में भाजपा की एक सभा में भड़काऊ बयान दिए थे। सुरक्षा कारणों से शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय रखा गया है। स्थानीय पुलिस के अनुसार, मिथुन के विरुद्ध बउबाजार थाने में एफआईआर संख्या-255 दर्ज की गयी है। एक अधिकारी के मुताबिक, हाल ही में तृणमूल कांग्रेस के विधायक हुमायूं कबीर द्वारा भड़काऊ बयान देने का मुद्दा उठाते हुए मिथुन ने कहा था, ÷मैं गृहमंत्री के सामने कह रहा हूं कि जो करना होगा, करेंगे। हमारे एक नेता कहते हैं कि 70 प्रतिशत मुस्लिम और 30 प्रतिशत हिंदू हैं। ऐसे में गंगा में बहा देंगे। सोचा मुख्यमंत्री कुछ कहेंगी, पर कुछ नहीं हुआ। मैं मुख्यमंत्री नहीं हूं, पर कह रहा हूं कि तुम्हें तुम्हारी ही जमीन में दफना देंगे। हमें ऐसे सदस्य चाहिए जो निर्भीकता से कहें कि हमला करो, हम देख लेंगे। हम ऐसे कार्यकर्ता नहीं चाहते जो पैसे लेकर काम करते हैं। अगर ऐसा करना है तो तृणमूल में चले जाओ। यदि हमारे बाग का एक फल तोड़ोगे, तो हम चार तोड़ेंगे। मिथुन ने यह भी कहा था कि यह अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती नहीं, बल्कि 1968 का 28 वर्षीय मिथुन बोल रहा है, जिसने राजनीति में कदम रखा था। इस तरह के भड़काऊ बयानों के कारण ही मिथुन के खिलाफ यह एफआईआर दर्ज की गई है। मिथुन की हाल की फिल्मों की बात करें तो वे तृणमूल विधायक और अभिनेता सोहम चक्रवर्ती के साथ फिल्म शास्त्री में नजर आए। इसके अलावा वे तृणमूल विधायक एवं निर्देशक राज चक्रवर्ती की आगामी फिल्म संतान में भी भूमिका निभा रहे हैं। मिथुन के भाजपा में होने के बावजूद तृणमूल नेताओं के साथ काम करने पर भी चर्चाएं हो रही हैं। मिथुन इस पर फिलहाल चुप्पी साधे हुए हैं।

## उप्र के हरदोई में सड़क हादसा, 10 लोगों की मौत, पांच घायल

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में ग्राम रोशनपुर के पास बुधवार को डीसीएम और ऑटो की टक्कर में 10 लोगों की मौत हो गई और पांच लोग घायल हो गए। जान गंवाने वालों में 05 महिलाएं, 02 बच्चियां, 01 बच्चा और 02 पुरुष हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। साथ ही संबंधित अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने बताया कि रोशनपुर गांव के पास सामने से आ रहे डीसीएम की ऑटो से टक्कर हो गई। इस हादसे में ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया, उसमें सवार सात सावारियों की मौके पर मौत हो गई, जबकि आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

## उमर अब्दुल्ला पाकिस्तान को खुश करने के लिए संसद, सुप्रीम कोर्ट और संविधान का अपमान कर रहे हैं: चुघ

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरूण चुघ ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर में उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली एनसी सरकार द्वारा विधानसभा में अनुच्छेद 370 पर प्रस्ताव लाने को संविधान और भारत के सर्वोच्च न्यायालय जैसी संस्थाओं का घोर अपमान बताया है। उनका कहना है कि यह संसद का अनादर करने के समान है, जिसने अनुच्छेद 370 के उन्मूलन पर अपनी मुहर लगाई थी। चुघ ने कहा कि संसद ने जो मंजूरी दी है और जिसे सुप्रीम कोर्ट ने अनुमति दी है उसे उलटने की कोशिश की गई है। बुधवार को मीडिया से बातचीत में तरुण चुध ने एनसी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह उमर अब्दुल्ला सरकार का घोर राष्ट्रविरोधी कृत्य है, जिसका उद्देश्य पाकिस्तान आईएसआई द्वारा निर्धारित एजेंडे को आगे बढ़ाना है। एनसी सरकार आम आदमी की समस्याओं का समाधान करने के बजाय पाकिस्तान के एजेंडे पर चलने के लिए प्रतिबद्ध है। चुघ ने इसे उमर अब्दुल्ला सरकार की ÷घटिया राजनीतिक नौटंकी बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास अनुच्छेद 370 के उन्मूलन के समर्थन में जम्मू-कश्मीर के लोगों का बड़ा जनादेश है। चुघ ने कहा कि उमर अब्दुल्ला सरकार जानबूझकर ऐसे मुद्दों का राजनीतिकरण करके जम्मू-कश्मीर में कानून-व्यवस्था की स्थिति को बिगाड़ने की कोशिश कर रही है और जम्मू-कश्मीर को पाषाण युग में वापस ले जाने की कोशिश कर रही है।

## केंद्र सरकार एफसीआई में करेगी 10,700 करोड़ रुपये का इक्विटी निवेश

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) में वित्तीय वर्ष 2024-25 में कार्यशील पूंजी के लिए 10,700 करोड़ रुपये का इक्विटी निवेश करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने आज कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने और देश भर में किसानों के कल्याण को सुनिश्चित करने के उक्त निर्णय को मंजूरी प्रदान की। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक पत्रकार वार्ता में कहा कि यह रणनीतिक कदम किसानों को समर्थन देने और भारत की कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एफसीआई न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खाद्यान्नों की खरीद, रणनीतिक खाद्यान्न भंडार के रखरखाव, कल्याणकारी उपायों के लिए खाद्यान्नों के वितरण और बाजार में खाद्यान्न की कीमतों को स्थिर करके खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इक्विटी निवेश एफसीआई की परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे वह अपने अतिरिक्त खर्च को प्रभावी ढंग संभाल पायेगी। पहले एफसीआई फंड की कमी को दूर करने के लिए अल्पकालिक उधार लेता था। अब इस निवेश से ब्याज का बोझ कम करने में मदद मिलेगी और अंततः केन्द्र सरकार की सब्सिडी कम होगी।

## कैबिनेट ने 'पीएम विद्यालक्ष्मी' योजना को दी मंजूरी, मेधावी छात्रों को मिलेगी ऋण सहायता

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए पीएम विद्यालक्ष्मी योजना लाई है। इस योजना के तहत 8 लाख रुपये तक की वार्षिक पारिवारिक आय वाले छात्रों को स्थगन अवधि (पढ़ाई करते समय) के दौरान 10 लाख रुपये तक के ऋण पर सामान्य ब्याज दर के मुकाबले 3 प्रतिशत की छूट मिलेगी। योजना के तहत देश के शीर्ष 860 गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश पाने वाले मेधावी छात्रों को शिक्षा ऋण में लाभ मिलेगा। इसका अर्थ है कि हर साल 22 लाख से अधिक छात्र योजना के दायरे में आयेंगे। कोई भी छात्र बैंकों और वित्तीय संस्थानों से बिना किसी जमानत या गारंटर के ऋण ले सकेगा। कवरेज के विस्तार और बैंकों को सहायता देने के लिए 7.5 लाख रुपये तक की ऋण राशि पर भारत सरकार 75 प्रतिशत क्रेडिट गारंटी देगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को केन्द्रीय क्षेत्र की योजना को मंजूरी प्रदान की। योजना का लाभार्थी बनने के लिए छात्र को किसी अन्य सरकारी छात्रवृत्ति या ब्याज छूट योजना के तहत लाभ का पात्र नहीं होना चाहिए।

## कसारा स्टेशन के पास बैंकर इंजन पटरी से उतरा, ट्रेन सेवाएं बाधित

**मुंबई।** कसारा स्टेशन के पास बुधवार को बैंकर इंजन के पटरी से उतर जाने के बाद ट्रेन सेवाएं बाधित हो गई हैं। इस घटना की सूचना मिलते ही मध्य रेलवे की टीम मौके पर पहुंचकर इंजन हटाने का काम कर रही है। सेंट्रल रेलवे (सीआर) के मुंबई डिवीजन के डिवीजनल रेलवे मैनेजर ने एक्स पर कहा, कसारा स्टेशन के पास बैंकर इंजन के पटरी से उतरने के कारण कुछ मेल एक्सप्रेस ट्रेनें निर्धारित समय से देरी से चल रही हैं। मरम्मत का काम जारी है। उपनगरीय सेवाओं पर कोई असर नहीं हुआ है। कसारा जाने वाली उपनगरीय सेवाएं तय समय के अनुसार चल रही हैं। रेलवे के अनुसार बैंकर इंजन आमतौर पर दो या तीन के सेट में घाट पहाड़ी दर्रे सेक्शन पर चढ़ते समय माल और यात्री ट्रेन को पीछे से धक्का देते हैं।

## आईएफएफआई 2024 के फिल्म बाजार व्यूइंग रूम में प्रदर्शित की जाएंगी 208 फिल्में

55th International Film Festival of India, Goa
20th - 28th November, 2024

**नई दिल्ली।** 55वें भारत अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) के फिल्म बाजार व्यूइंग रूम में इस बार 208 फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अनुसार गोवा में 20 से 28 नवंबर तक आयोजित होने जा रहे आईएफएफआई महोत्सव के व्यूइंग रूम लाइब्रेरी में इस साल 208 फिल्में उपलब्ध होंगी, जिनमें 145 फीचर फिल्में, 23 मध्यम लंबाई की फिल्में और 30 लघु फिल्में हैं। एनएफडीसी-एनएफएआई की 10 पुनर्स्थापित क्लासिक फिल्में भी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि 30-70 मिनट की फिल्में, जिन्हें व्यूइंग रूम में सबमिट किया जाता है, उन्हें मिड-लेंथ फिल्म्स नामक श्रेणी में प्रदर्शित किया जाता है। 30 मिनट से कम समय वाली फिल्में लघु फिल्म श्रेणी में होंगी। उल्लेखनीय है कि फिल्म बाजार एक बीटूबी प्लेटफॉर्म है जिसका उद्देश्य दक्षिण एशियाई फिल्मों को अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय बाजार में बढ़ावा देना है। फिल्म बाजार का व्यूइंग रूम ऐसा मंच है जो फिल्म निर्माताओं को अपनी फिल्म को अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों, विश्व बिक्री एजेंटों और खरीदारों के बीच व्यक्तिगत रूप से प्रचारित करने के लिए प्रदान किया जाता है। इसके लिए उन्हें कुछ शुल्क का भुगतान करना पड़ता है। व्यूइंग रूम एक प्रतिबंधित क्षेत्र है जो विक्रेताओं (फिल्म निर्माताओं) को दुनिया भर के खरीदारों (फिल्म प्रोग्रामर, वितरक, विश्व बिक्री एजेंट और निवेशक) से जोड़ता है। फिल्म बाजार टीम द्वारा खरीदारों की उनके प्रोफाइल के आधार पर जांच की जाती है।

# प. बंगाल में भाजपा नेता की हत्या के मामले में तृणमूल कांग्रेस का फरार नेता गिरफ्तार

**मंडल**

**भूनिया की हत्या पिछले साल मई में पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले के मोयना में हुई थी। एनआईए के एक अधिकारी के अनुसार, नवकुमार मंडल को पूर्व मेदिनीपुर के गोरामहल गांव से पकड़ा गया।**

**कोलकाता।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता विजय कृष्णा भूनिया की हत्या के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेता नवकुमार मंडल को गिरफ्तार कर लिया है। भूनिया की हत्या पिछले साल मई में पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले के मोयना में हुई थी। एनआईए के एक अधिकारी के अनुसार, नवकुमार मंडल को पूर्व मेदिनीपुर के गोरामहल गांव से पकड़ा गया। बुधवार को उसकी मेडिकल जांच करवाई गई, जिसके बाद उसे कोलकाता की विशेष अदालत में पेश किया गया। इससे पहले अप्रैल में कलकत्ता हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता की एकल पीठ ने इस हत्या मामले की जांच एनआईए को सौंप दी थी। भूनिया मोयना में भाजपा के बूथ अध्यक्ष थे और कथित तौर पर तृणमूल कांग्रेस के पूर्व विधायक संग्राम कुमार दोलुई के करीबी लोगों ने हमला कर उनकी हत्या कर दी थी। मामले में शुरुआती जांच राज्य पुलिस के एसडीपीओ स्तर पर की जा रही थी लेकिन पुलिस की जांच में खामियों के आरोप सामने आए। आरोप था कि हत्या स्थल से बरामद बमों का उल्लेख चार्जशीट में नहीं किया गया और कई आरोपितों के नाम भी इसमें शामिल नहीं थे। इस मामले में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) ने भी स्वतः संज्ञान लिया था। उस समय एनसीएससी के अध्यक्ष अरुण हलदर ने मोयना का दौरा किया और आरोप लगाया कि भूनिया की हत्या राज्य सरकार की अनुसूचित जाति के लोगों की सुरक्षा में असफलता का प्रमाण है। राज्य की कुल मतदाताओं में अनुसूचित जाति की आबादी लगभग 22 प्रतिशत है, जिनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने में सरकार नाकाम रही।

# अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप का ऐतिहासिक प्रदर्शन



**फ्लोरिडा।** संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी जीत का ऐलान कर दिया है। ट्रंप ने यहां के वेस्ट पाम बीच में अपने अभियान की वॉच पार्टी में देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह जीत अविश्वसनीय और ऐतिहासिक है। उन्होंने देश के सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। वेस्ट पाम बीच में डोनाल्ड ट्रंप का जोरदार स्वागत किया गया। उनके साथ मंच पर जेडी वेंस, उनकी पत्नी मेलानिया और अभियान के कर्मचारी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि यह बड़ी राजनीतिक जीत है। ट्रंप ने इस मौके पर जेडी वेंस को अगले उपराष्ट्रपति के लिए बधाई भी दी। वेंस ने कहा कि यह ट्रंप की अब तक की सबसे बड़ी राजनीतिक वापसी है। रिपब्लिकन ट्रंप ने कहा कि चुनाव में उनकी पार्टी ने इतिहास रचा है। आज का अवसर उनके जीवन का सबसे महत्वपूर्ण दिन है। उन्होंने कहा, ÷अमेरिका ने हमें एक अभूतपूर्व और शक्तिशाली जनादेश दिया है। ट्रम्प ने अपनी पत्नी मेलानिया को धन्यवाद देते हुए उन्हें प्रथम महिला बताया। उन्होंने संबोधन में अपने सभी बच्चों का नाम लिया और चुनाव प्रचार में योगदान के लिए उनका आभार जताया। ट्रंप ने अपने अभियान के महत्वपूर्ण स्तंभ एक्स के मालिक और दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क को अद्भुत÷व्यक्ति बताया। ट्रंप ने एलन मस्क को रिपब्लिकन पार्टी का नया सितारा बताया। उल्लेखनीय है कि ट्रंप ने इस चुनाव में जीत की घोषणा कर दी है लेकिन वे अभी तक इलेक्टोरल कॉलेज वोटों की आवश्यक संख्या तक नहीं पहुंच पाए हैं। उन्हें 270 वोटों की आवश्यकता है, लेकिन वे इससे चार वोट पीछे हैं। कमला हैरिस 218 वोटों पर हैं।


## अमेरिका के एरिजोना में छोटा विमान उड़ान भरते समय वाहन से टकराया, पांच की मौत

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के दक्षिण-पश्चिमी राज्य एरिजोना में छोटे विमान के एक वाहन से टकराने से पांच लोगों की मौत हो गई। यह यात्री होंडा जेट एरिजोना के मेसा में फाल्कन फील्ड से उड़ान भरने की कोशिश करते समय एक वाहन से टकरा गया। इसके बाद उसमें आग लग गई। पुलिस ने कहा कि यह हादसा मंगलवार शाम 4:40 बजे हुआ। होंडा जेट उड़ाने भरने की कोशिश के दौरान फाल्कन फील्ड की बाड़ को तोड़ता हुआ वाहन से टकरा गया। संघीय उड्डयन प्रशासन ने कहा कि विमान में पांच लोग सवार थे। मेसा पुलिस विभाग के अधिकारी रिचर्ड एनकिनास के अनुसार घटनास्थल पर पांच लोग मारे गए। यह स्पष्ट नहीं है कि मरने वाले सभी लोग विमान में सवार थे या नहीं।

# डोनाल्ड ट्रंप को दुनिया भर से बधाइयों का तांता

**सहयोग**

**हम पारस्परिक रूप से लाभकारी राजनीतिक और आर्थिक सहयोग विकसित करने में रुचि रखते हैं जो हमारे दोनों देशों को लाभान्वित करेगा।**



**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी जीत की घोषणा करते हुए मतदाताओं का आभार जताया है। फ्लोरिडा में अपनी जीत का जश्न मना रहे ट्रंप ने इसे अविश्वनीय और ऐतिहासिक बताया। इस बीच दुनिया भर से उन्हें बधाई संदेश मिलने शुरू हो गए हैं। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ट्रंप को 'इतिहास की सबसे बड़ी वापसी' के लिए बधाई दी है। नेतन्याहू ने कहा, ÷इतिहास की सबसे बड़ी वापसी के लिए बधाई! व्हाइट हाउस में आपकी ऐतिहासिक वापसी अमेरिका के लिए एक नई शुरुआत और इजराइल और अमेरिका के बीच महान गठबंधन के लिए एक शक्तिशाली प्रतिबद्धता प्रदान करती है।÷ हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन ने कहा, ÷अमेरिकी राजनीतिक इतिहास में सबसे बड़ी वापसी! राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उनकी शानदार जीत के लिए बधाई। दुनिया के लिए एक बहुत जरूरी जीत! ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने ट्रंप को ÷ऐतिहासिक चुनावी जीत के लिए बधाई दी है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने कहा, ÷मैं आने वाले वर्षों में आपके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। उन्होंने कहा, सबसे करीबी सहयोगी के रूप में हम स्वतंत्रता, लोकतंत्र और उद्यम के अपने साझा मूल्यों की रक्षा के लिए कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। विकास और सुरक्षा से लेकर नवाचार और तकनीक तक मुझे पता है कि आने वाले वर्षों में अटलांटिक के दोनों किनारों पर यूके-यूएस विशेष संबंध समृद्ध होते रहेंगे।÷

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने ट्रंप को उनकी प्रभावशाली चुनावी जीत पर बधाई है। उन्होंने कहा, मुझे सितंबर में ट्रम्प के साथ हमारी शानदार बैठक याद है, जब हमने यूक्रेन-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी, विजय योजना और यूक्रेन के खिलाफ रूसी आक्रामकता को समाप्त करने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की थी। उन्होंने कहा,मैं वैश्विक मामलों में ÷शक्ति के माध्यम से शांति÷ दृष्टिकोण के लिए राष्ट्रपति ट्रंप की प्रतिबद्धता की सराहना करता हूं। यह बिल्कुल वही सिद्धांत है जो व्यावहारिक रूप से यूक्रेन में न्यायपूर्ण शांति ला सकता है। मुझे उम्मीद है कि हम इसे एक साथ क्रियान्वित करेंगे। हम ट्रंप के निर्णायक नेतृत्व में एक मजबूत संयुक्त राज्य अमेरिका के युग की आशा करते हैं। हम संयुक्त राज्य अमेरिका में यूक्रेन के लिए निरंतर मजबूत द्विदलीय समर्थन पर भरोसा करते हैं। हम पारस्परिक रूप से लाभकारी राजनीतिक और आर्थिक सहयोग विकसित करने में रुचि रखते हैं जो हमारे दोनों देशों को लाभान्वित करेगा। यूरोप की सबसे मजबूत सैन्य शक्तियों में से एक के रूप में यूक्रेन हमारे सहयोगियों के समर्थन से यूरोप और ट्रांस अटलांटिक समुदाय में दीर्घकालिक शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। मैं ट्रंप को व्यक्तिगत रूप से बधाई देने तथा संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ यूक्रेन की रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए उत्सुक हूं। उल्लेखनीय है कि ट्रंप ने जीत की घोषणा तो कर दी है लेकिन वो अभी तक इलेक्टोरल कॉलेज वोटों की आवश्यक संख्या तक नहीं पहुंच पाए हैं। उन्हें 270 वोटों की आवश्यकता है, लेकिन वो चार वोटों से पीछे हैं।

## अब तक की मतगणना में ट्रंप का सितारा बुलंद

**मुकाबले**

**नॉर्थ कैरोलाइना में मुकाबला कांटे का रहा। यहां की 16 इलेक्टोरल कॉलेज सीटों के लिए मुकाबले में ट्रंप को 50.9 फीसदी वोट मिले हैं।**



**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका में इस बार के राष्ट्रपति चुनाव में अब तक हुई मतों की गिनती में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का सितारा बुलंद दिख रहा है। ट्रंप ने 246 इलेक्टोरल वोट जीत लिए हैं और छह स्विंग स्टेट्स पर वो आगे चल रहे हैं। रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रंप डेमोक्रेट उम्मीदवार कमला हैरिस पर बढ़त बनाए हुए हैं। ट्रंप नॉर्थ कैरोलिना में भी जीत गए हैं। जार्जिया में निर्णायक बढ़त बनाए हुए हैं। अमेरिका में स्विंग स्टेट्स को राष्ट्रपति उम्मीदवार का भाग्य तय करने वाला माना जाता है। इस चुनाव में पेंसिलवेनिया सबसे महत्वपूर्ण राज्य बनकर उभरा है। यहां 19 निर्वाचक मंडल वोट हैं। यहां अब तक डोनाल्ड ट्रंप 51.3 फीसदी वोटों के साथ आगे हैं। हैरिस 47.8 फीसदी वोट हासिल कर चुकी हैं। नॉर्थ कैरोलाइना में मुकाबला कांटे का रहा। यहां की 16 इलेक्टोरल कॉलेज सीटों के लिए मुकाबले में ट्रंप को 50.9 फीसदी वोट मिले हैं। वहीं, कमला हैरिस को 48.4 प्रतिशत वोट मिले हैं। जॉर्जिया की 16 इलेक्टोरल कॉलेज वोट के लिए जारी जंग में ट्रंप 51.1 फीसद वोट हासिल कर चुके हैं, जबकि हैरिस को 48.2 फीसद वोट मिले हैं। मिशिगन के 15 इलेक्टोरल कॉलेज वोट के लिए मुकाबले में ट्रंप 51.7 फीसदी वोट हासिल कर चुके हैं। वह हैरिस के 46.5 फीसद वोट के आंकड़े से आगे हैं। एरिजोना में 11 निर्वाचक मंडल वोट हैं। इनके लिए सबसे करीबी मुकाबला जारी है। ट्रंप 49.7 फीसद वोटों के साथ बढ़त बनाए हुए हैं। कमला हैरिस 49.5 फीसदी वोट हासिल कर चुकी हैं।

विस्कॉन्सिन में 10 इलेक्टोरल कॉलेज वोट हैं। इनके लिए मुकाबले में डोनाल्ड ट्रंप को अब तक 50.7 फीसदी वोट मिले हैं, जबकि हैरिस 47.9 प्रतिशत वोट पा चुकी हैं। नेवाडा में छह निर्वाचक मंडल वोट हैं। यहां मतगणना अभी शुरू नहीं हुई है।

## काठमांडू के विमानस्थल से 5 किलो सोने की तस्करी में एक चीनी सहित 3 विदेशी गिरफ्तार



**काठमांडू।** नेपाल के विमानस्थल से सोने की तस्करी का मामला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय विमानस्थल से बुधवार को सुबह तीन विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से तस्करी के लिए लाया गया 5 किलो से अधिक सोना बरामद किया गया है। सोने की यह खेप स्पीकर के भीतर छिपा कर लाई गई थी। गिरफ्तार तस्करों में एक चीनी और दो म्यांमार के नागरिक हैं। डीएसपी थापा के मुताबिक बुधवार की सुबह शारजाह से काठमांडू आई एयर अरेबिया के विमान से आने वाले यात्रियों की नियमित जांच की जा रही थी।इसी दौरान तीन विदेशीं नागरिकों के पास से पांच किलो से अधिक सोना बरामद किया गया। सोना लाने वाले तीनों यात्रियों को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की। विमान स्थल की सुरक्षा कमान संभाल रहे सशस्त्र प्रहरी बल के डीएसपी शैलेन्द्र थापा ने बताया कि इन तीनों यात्रियों के पास से 5 किलो 700 ग्राम सोना बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि हिरासत में लिए गए यात्रियों में चीनी नागरिक जियान जोंग और म्यांमार के नागरिक सान दाइंग तुंग तथा नोंग फु हैं, जिन्हें कस्टम विभाग को सौंप दिया गया है।

## अमेरिका में जारी मतदान के बीच ट्रम्प ने किए जीत के दावे, स्वींग स्टेट्स बदल सकते हैं खेल

**वाशिंगटन।** अमेरिका में मंगलवार को राष्ट्रपति के चुनाव हो रहे हैं। 47वें राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी के डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ से भारतवंशी कमला हैरिस मैदान में हैं। वहीं, रिपब्लिकन पार्टी की ओर से उपराष्ट्रपति पद के लिए जेडी वेंस प्रत्याशी है, तो उनके सामने डेमोक्रेटिक पार्टी ने टिम वॉल्ज़ को उम्मीदवार बनाया है। फिलहाल कमला हैरिस अमेरिका की उप-राष्ट्रपति हैं, जबकि ट्रंप, जो बाइडेन से पहले राष्ट्रपति रह चुके हैं।अमेरिकी समय के मुताबिक 5 नवंबर को शाम 7 बजे तक (भारतीय समयानुसार 6 नवंबर सुबह 4:30 बजे) वोटिंग पूरी हो जाएगी, जिसके बाद वोटों की गिनती शुरू होगी। फाइनल नतीजे आने में एक या दो दिन लग सकते हैं। रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने पत्नी मेलानिया ट्रंप के साथ फ्लोरिडा के पाम बीच पर वोट डाला है। इस दौरान उन्होंने जीत का दावा करते हुए कहा कि हम जीतने जा रहे हैं। उन्होंने कहा, ÷ये अब तक का सबसे शानदार कैंपेन रहा। निश्चित रूप से मेरी जीत पक्की है।÷ उन्होंने आगे कहा कि रिपब्लिकन पार्टी की लहर है और हिंसा की कोई जगह नहीं है। रिपब्लिकन समर्थकों को जागते रहना होगा और नजर बनाए रखनी होगी। डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस ने आखिरी समय में वोटर्स से अपील करते हुए कहा कि चुनाव का दिन आ गया है। आज, हम मतदान करते हैं, क्योंकि हम अपने देश से प्यार करते हैं। हम अमेरिका के वादे पर विश्वास करते हैं। अपनी आवाज सुनें और वोट करें। अमेरिकी चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप के रनिंग मेट (रिपब्लिकन पार्टी से उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार) जेडी वेंस ने ओहायो के सिनसिनाटी में अपने मताधिककार का उपयोग किया। वोटिंग के बाद उन्होंने कहा कि वह जीत को लेकर आश्वस्त हैं। वो अपनी अपनी पत्नी उषा वेंस और बच्चों के वोट डालने के लिए सेंट एंथोनी ऑफ पडुआ चर्च पहुंचे थे।

न्यू हैम्पशायर के डिक्सविल नॉच में नतीजे सामने आ गए हैं। यहां सिर्फ 6 वोट थे, इनमें 4 रिपब्लिकन पार्टी के रजिस्टर्ड वोटर हैं। हालांकि, रिपब्लिकन पार्टी को 3 और डेमोक्रेटिक पार्टी को 3 वोट मिले। रिपब्लिकन का एक वोटर पलट गया। फ्लोरिडा के सेक्रेटरी ऑफ स्टेट कॉर्ड बायर्ड के मुताबिक, फ्लोरिडा में मंगलवार देर रात को चुनाव के नतीजे आ सकते हैं। 8.3 मिलियन लोगों ने अर्ली वोटिंग की थी, जबकि 560,000 लोगों ने मंगलवार सुबह बैलेट बॉक्स के जरिए वोट डाला है।वहीं, पेंसिल्वेनिया में वोटिंग भारतीय समयानुसार सुबह 6.30 बजे तक पूरी होगी। मिशिगन और विस्कॉन्सिन भारत के समय मुताबिक सुबह साढ़े सात बजे तक वोटिंग तो पूरी हो जाएगी।

# महाकुंभ 2025: हर आपात स्थिति से निपटने की तैयारी

- केमिकल, बायलॉजिकल, रेडिएशनल और न्यूक्लियर प्रॉब्लम से निपटने को कर्मचारियों को दी जाएगी ट्रेनिंग
- श्रद्धालुओं के मेडिकल टेस्ट के लिए टीबी सप्रू और स्वरूपरानी अस्पताल को किया जा रहा अपग्रेड
- एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम स्वास्थ्य कर्मियों के साथ मिलकर चलाएगी अभियान

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 के वृहद आयोजन को सफल बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार हर आपात स्थिति से निपटने की तैयारी कर रही है। दुनिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम में परिंदा भी पर न मार सके, इसके लिहाज से स्वास्थ्य कर्मियों के साथ एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की कई टीमें मिलकर काम कर रही हैं। महाकुंभ से पहले केमिकल, बायलॉजिकल, रेडिएशनल और न्यूक्लियर प्रॉब्लम से निपटने के लिए भी टीम को तैयार कर लिए जाने की योजना है। इसके लिए बाकायदा कर्मचारियों को हर आपदा से निपटने की विधिवत ट्रेनिंग दी जाएगी। यही नहीं योगी सरकार के निर्देश पर श्रद्धालुओं के मेडिकल टेस्ट के लिए भी प्रयागराज के अस्पतालों को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अपग्रेड करने में लगे हैं। संयुक्त निदेशक (चिकित्सा स्वास्थ्य) प्रयागराज वीके मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महाकुंभ के दौरान स्वास्थ्य विभाग सभी इंतजाम पुख्ता करने में जुटा है। इसके तहत कर्मचारियों को महाकुंभ में हर आपात स्थिति से निपटने की ट्रेनिंग दी जाएगी। महाकुंभ में देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के मेडिकल टेस्ट के लिए टीबी सप्रू और स्वरूपरानी अस्पताल को तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम के साथ स्वास्थ्य कर्मियों को मिलकर काम करने की योजना बनाई गई है। सनातन धर्म के सबसे बड़े आयोजन के दौरान हर एक श्रद्धालु को केमिकल, बायलॉजिकल, रेडिएशनल और न्यूक्लियर संबंधी हर प्रॉब्लम से सुरक्षित रखने के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं।

### अनुभवी चिकित्सकों की ही तैनाती

**प्रयागराज।** महाकुंभ के दौरान देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की देखरेख के लिए 291 एमबीबीएस व स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की तैनाती रहेगी। इसके अलावा 90 आयुर्वेदिक और यूनानी विशेषज्ञ भी इस अभियान में सहयोग के लिए मौजूद रहेंगे। साथ ही 182 स्टॉफ नर्स इन चिकित्सकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर जरूरतमंदों के स्वास्थ्य की देखभाल करेंगी। इस प्रक्रिया में ज्यादातर अनुभवी चिकित्सकों को ही महाकुंभ के दौरान तैनाती दी जा रही है।

## मुक्त विश्वविद्यालय ने निकाली सड़क सुरक्षा रैली

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज ने सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियमों के प्रति जनमानस में जागरूकता फैलाने के लिए बुधवार को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत विश्वविद्यालय में गठित सेफ्टी क्लब के तत्वावधान में गंगा प्रांगण से लेबर चौराहा, शांतिपुरम तक सड़क सुरक्षा रैली कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जन मानस में जागरूकता लाने के लिए शपथ दिलाई एवं हरी झंडी दिखाकर सड़क सुरक्षा रैली का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने मोटरसाइकिल चालकों को जीवन रक्षा के लिए हेलमेट लगाकर वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया। लोगों को जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किए गए। रैली के संयोजक प्रोफेसर सत्यपाल तिवारी ने इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम का स्वागत किया। रैली में शामिल प्रतिभागियों ने हेलमेट लगाएं, जीवन बचाएं। सीट बेल्ट लगाना है, जीवन बचाना है। दुर्घटना से दूरी, हेलमेट है जरूरी आदि स्लोगन के माध्यम से जनमानस को जागरूक किया। रैली में विश्वविद्यालय के निदेशक, अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

# एनएचएआई द्वारा करवाए जा रहे कार्यों की हुई समीक्षा

- हर 15 दिन पर देखेंगे कार्यों की प्रगति



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा क्रियान्वित की जा रही विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आज एनएचएआई के अध्यक्ष संतोष यादव की अध्यक्षता तथा प्रमुख सचिव, नगर विकास, अमृत अभिजात, प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग, अजय चौहान, अपर पुलिस महानिदेशक, भानु भास्कर, मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, मेलाधिकारी विजय किरन आनंद, एमडी, जल निगम अमित कुमार सिंह, जिलाधिकारी रविंद्र कुमार माँदड़ तथा अन्य सभी संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में मेला प्राधिकरण कार्यालय स्थित आईसीसीसी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रमुखता रिंग रोड, प्रयागराज- रायबरेली मार्ग के चौड़ीकरण तथा सिक्स लेन ब्रिज संबंधित सभी कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गई जिसके अंतर्गत अध्यक्ष ने तीनों कार्यों से जुड़े प्रोजेक्ट डायरेक्टर से उनके वीकली माइक्रो प्लान के टारगेट को समझते हुए कार्यों में आ रही मटेरियल, मैनपॉवर एवं फंड संबंधित समस्याओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। तीनों ही परियोजनाओं में जहाँ भी मटेरियल अथवा मैनपॉवर संबंधित समस्याओं के बारे में अवगत कराया गया वहां पर उन्होंने एनएचएआई के अन्य शहरों से रिसोर्सेस एवं मनपॉवर को शिफ्ट करते हुए कार्यों में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त सभी प्रोजेक्ट डायरेक्टर को कार्यों की डेली प्रगति समीक्षा करते हुए रिपोर्ट करने के निर्देश देते हुए यह भी स्पष्ट किया कि वह स्वयं वी सी के माध्यम से हर 15 दिन में सभी कार्यों की प्रगति समीक्षा करेंगे।

महाकुंभ से सम्बंधित एनएचएआई की सभी सड़कों पर ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस कि विशेष व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए गए हैं ताकि आवश्यकता पडने पर छोटी मोटी मरम्मत का काम तुरंत कराया जा सके। इस कार्य के दृष्टिगत उन्होंने हर आपरेशन एंड मेंटेनेंस एजेंसी को एक विशेष टीम लीडर नियुक्त करने के भी निर्देश दिए हैं।

प्रमुख सचिव, नगर विकास ने सभी एनएचएआई की सड़कों पर आइआरसी गाइडलाइन का अनुपालन करते हुए अपेक्षित फॉर्मेट में मल्टी लिंगुल साइन बोर्ड लगाने के भी निर्देश दिए जिससे कि आने वाले सभी श्रद्धालुओं को रास्ता समझने में आसानी हो सके। प्रमुख सचिव पीडब्ल्यूडी ने सभी कार्यों के निरंतर अनुश्रवण हेतु रेगुलर रिव्यू मीटिंग करने तथा मण्डलायुक्त ने एनएचएआई के अधिकारियों को सभी संबंधित जनपदों के संबंधित अधिकारियों से बेहतर समन्वय बनाते हुए कार्यों का निष्पादन करने को कहा। मेला अधिकारी ने मेला क्षेत्र एवं आस पास कराए जा रहे कार्यों का प्रस्तुतीकरण करते हुए मेले की दृष्टि से अपेक्षित कार्यों के बारे में अवगत कराया।

## 12 नवंबर को निकलेगी भगवान शालिग्राम की बारात शोभायात्रा

**प्रयागराज।** तुलसी विवाह महोत्सव समिति प्रयागराज के तत्वाधान में विष्णु यज्ञ तुलसी विवाह महोत्सव का शुभारंभ समिति के अध्यक्ष कृष्ण भगवान केसरवानी के नेतृत्व में मंगल कलश यात्रा के साथ निकालकर की गई। इस अवसर समिति के संस्थापक एवं संयोजक यज्ञाचार्य संतोषानंद महाराज ने पूर्ण विधि विधान के अनुसार बारादरी यमुना घाट पर मां यमुना जी की पूजन अर्चन आरती कर गाजे बाजे के साथ मंगल कलश यात्रा का शुभारंभ किया। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि मंगल कलश यात्रा बारादरी यमुना घाट से होते हुए बलुआ घाट, सत्ती चौरा, पंचमुखी, मालवीय नगर से होते हुए कार्यक्रम स्थल बाबा तारा राम पीली संगत मालवीय नगर प्रयागराज में संपन्न हुई। महोत्सव के अंतर्गत 7 नवंबर को मंडप वेदी पूजन प्रातः 8:00 बजे से 12:00 बजे तक हवन सुबह 10:00 बजे से 12:00 तक एवं 11 नवंबर तक प्रतिदिन होगी और 12 नवंबर को यज्ञ की पूर्णाहुति के साथ तुलसी विवाह मांगलिक कार्यक्रम एवं भगवान शालिग्राम की बारात शोभा यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा में प्रमुख रूप से धर्मेंद्र केसरवानी, सत्या जायसवाल, मालती केसरवानी आदि सैकड़ो महिलाएं उपस्थिति रही

## हज-2025 के लिए चयनित हज यात्री 11 नवंबर तक प्रथम किस्त करें जमा

**प्रयागराज।** हज-2025 के लिए चयनित हज यात्रियों की प्रथम किस्त रु 1,30,300/- जमा करने की अन्तिम तिथि 31 अक्टूबर से बढाकर 11 नवंबर कर दी गयी है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कृष्ण मुरारी ने बताया कि धनराशि जमा कर पे-इन-स्लिप/ऑनलाइन जमा रसीद, हज आवेदन फार्म व घोषणा पत्र, मेडिकल स्क्रीनिंग एण्ड फिटनेस सर्टिफिकेट (वेबसाइट पर उपलब्ध निर्धारित प्रारुप पर), स्वहस्ताक्षरित अन्तर्राष्ट्रीय पासपोर्ट की फोटोप्रति उ0प्र0 राज्य हज समिति के उक्त पते पर डाक अथवा दस्ती 14 नवम्बर या उससे पूर्व जमा करना आवश्यक है। निर्धारित समय से धनराशि जमा न होने की स्थिति में चयन निरस्त किया जा सकता है।

# गायन में अंकना और नृत्य में अलंकर्ता रहीं विजेता

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** जगत तारन महिला महाविद्यालय में बुधवार को सांस्कृतिक क्रियाकलाप समिति द्वारा छात्राओं हेतु प्रतिभा खोज प्रतियोगिता तथा इन्डक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण तथा दीप प्रज्वलन से हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो0 अशिमा घोष ने स्नातक प्रथम वर्ष की छात्राओं का स्वागत किया तथा सभी को संबोधित किया। छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में समय समय पर प्रतियोगिताएं और कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं जिसमें छात्राएं अवश्य भाग लें ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। प्रतियोगिता गायन और नृत्य कला विधाओं के अंतर्गत आयोजित किया गया। जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गायन में प्रथम स्थान पर अंकना चौधरी, द्वितीय स्थान पर ईशा त्रिपाठी और तृतीय स्थान पर श्रेया चैटर्जी रहीं। नृत्य में प्रथम स्थान पर अलंकृता, द्वितीय स्थान शुभी तिवारी और तृतीय स्थान दिव्या जैसवाल ने प्राप्त किया.विशेष प्रस्तुति के रूप में सुश्री शुभकामना सोनकर ने गिटार वादन की सुमधुर प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका डॉ0 शुचि तिवारी, सुश्री संगीता भारद्वाज और सुश्री संगीता विश्वकर्मा ने निभाई। संचालन महाविद्यालय की छात्राओं, शुभी और अन्तरा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन सांस्कृतिक क्रियाकलाप समिति की प्रभारी डॉ0 नम्रता देब ने किया।




जगत तारन महिला महाविद्यालय में छात्राओं हेतु प्रतिभा खोज प्रतियोगिता तथा इन्डक्शन कार्यक्रम का आयोजन

कार्यक्रम में महाविद्यालय मेजर अर्चना पॉल, प्रो0 शिखा दीक्षित, प्रो0 नंदिनी मुखर्जी, प्रो0 काजल देब, प्रो0 मिनाश्री यादव, सुश्री संगीता सहगल, डॉ0 कस्तूरी भारद्वाज, डॉ0 अजीता ओझा, डॉ0 फ़ातिमा नूरी, डॉ0 प्रमा द्विवेदी, डॉ0 अंकिता चतुर्वेदी, डॉ0 अनुज वर्मा, डॉ0 शालिनी सिंह, डॉ0 ऐश्वर्य सिंह, डॉ0 आशीष मिश्रा, डॉ0 निर्मला यादव, डॉ0 रीना यादव, डॉ0 प्रभात रंजन, लाल बहादुर पटेल, अश्विनी केसरवानी, प्रांशू मिश्रा, संदीप चक्रवर्ती आदि शिक्षक और कर्मचारी तथा महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित थे।

## प्रदेश सचिव के बाद शारिक़ को मिली बड़ी ज़िम्मेदारी

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के युवा नेता मोहम्मद शारिक़ को समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव नामित करने के बाद एक बड़ी ज़िम्मेदारी दी है। फूलपुर उपचुनाव को लेकर उन्हें मुख्य चुनाव प्रभारी इन्द्रजीत सरोज के साथ समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी मुजतबा सिद्दीकी के चुनाव प्रबन्धन का ज़िम्मा सौंपा गया। वहीं मोहम्मद शारिक़ लगातार फूलपुर में बैठक कर रणनीतिक वार्ता में लग गए हैं। तमाम समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ समन्वय स्थापित करने और मतदान तिथि में बदलाव के बाद की स्थिति पर नई रणनीति पर मंथन कर जीत सुनिश्चित कराने को लगातार फूलपुर विधान सभा के एक एक गांव कस्बों व सेक्टरों में जनसंपर्क कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### चौधरी नौनिहाल क्लब बी फाइनल में

**प्रयागराज।** चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब बी ने विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल को दस रन से हराकर मनीष देब-स्कंद गुप्त अंडर-16 क्रिकेट लीग (सत्र 2023-24) के फाइनल में प्रवेश कर लिया। जहां उसका मुकाबला आठ नवंबर को चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब ए से होगा। फाफामऊ मैदान पर बुधवार को खेले गए मैच में चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब बी ने 39.5 ओवर में 214 रन (हार्दिक नारायण तिवारी 90, आर्यन बनर्जी 26, सचिन मिश्र 25, अवनीश सिंह 3/32, आदर्श तिवारी 2/42, उज्जवल शर्मा 1/32) बनाए। जवाब में विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल की टीम 40 ओवर में 9 विकेट पर 204 रन (उज्जवल शर्मा 70, अवि कुमार 40, नितीश पाल 23, सचिन मिश्र 3/30, आर्यन बनर्जी 2/37) ही बना सकी। मैच में शिशिर मेहरोत्रा व सुधीर सोनकर अंपायर एवं आशीष भारतीय स्कोरर रहे।

### पीए यूनिटी क्लब फाइनल में

**प्रयागराज।** पीए यूनिटी क्लब ने दौलत हुसैन इंटर कॉलेज को चार विकेट से हराकर यश हॉस्पिटल ट्रॉफी अंडर-15 क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल के जगह बना ली। दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ने बुधवार को अपने मैदान पर खेले गए पहले सेमीफाइनल में 27.3 ओवर में 128 रन (अमीन इब्ने मोइन 32, मोहम्मद उमम व अहमर अख्तर 27-27, अर्चित सिंह 3/20, अज़ान 3/32) बनाये। जवाब में पीए यूनिटी क्लब ने 27.1 ओवर में छह विकेट पर 130 (अनुराग शुक्ल 50, आर्यन मिश्र 23, अभय गौतम 3/29, नोमान 2/11) बना लिए। अज़ान को मैन ऑफ दि मैच चुना गया।

### एंटी करप्शन कोर ऑफ इंडिया ने ग्रामीण पुलिस अधीक्षक को किया सम्मानित



**आजमगढ़।** एंटी करप्शन कोर ऑफ इंडिया द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आईपीएस चिराग जैन को उनके कार्यालय पर पहुंचकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कोर ऑफइंडिया के मंडल मीडिया प्रभारी संजय कुमार पांडेय सरस ने सम्मान पत्र एवं अंतरराष्ट्रीय भोजपुरी संगम भारत के अंतर्राष्ट्रीय संयोजक अरविंद चित्रांश ने स्मृति चिन्ह एवं अमर भारती ब्यूरो चीफ दुर्गेश तिवारी ने बुके देकर सम्मानित किया।तत्पश्चात एंटी करप्शन कोर के मंडल मीडिया प्रभारी संजय कुमार पांडेय श्सरसश् ने कहा कि जनपद के प्रभावशाली अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आईपीएस चिराग जैन के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह बहुत मिलनसार अधिकारी हैं। आए हुए फरियादियों का त्वरित गति से समस्याओं को निपटाने का कार्य करते हैं,जो बहुत ही प्रशंसनीय है । इसी क्रम में अंतरराष्ट्रीय भोजपुरी संगम भारत के अंतरराष्ट्रीय संयोजक अरविंद चित्रांश ने कहा कि ऐसे अधिकारी जनपद में साहित्य और संस्कृत के गतिविधियों को बढ़ावा देते हैं। जो अति सराहनीय है।अपने सम्मान से अभिभूत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन ने एंटी करप्शन कोर के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समाजसेवी विपिन कुमार, शिव पब्लिक स्कूल प्रबंधक मनोज पांडेय उपस्थित रहे।

# धोखाधड़ी में मछलीशहर नगर पंचायत चेयरमैन गिरफ्तार

- फर्जी कागजात तैयार करके ट्रेलर बेचने का है आरोप

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** धोखाधड़ी और फर्जी तरीके से कागजात तैयार करके ट्रेलर बेचने के आरोप में मछलीशहर नगर पंचायत के चेयरमैन, संजय जायसवाल को पुलिस ने मंगलवार की रात हिरासत में ले लिया। उनके खिलाफ 11 सितंबर को छोटे भाई अनुराग जायसवाल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस इस मामले में पूछताछ कर रही है।

नगर के शादीगंज मोहल्ला निवासी नगर पंचायत अध्यक्ष के छोटे भाई अनुराग जायसवाल ने संयुक्त गृह सचिव (पुलिस) को प्रार्थना पत्र दिया था कि उन्होंने अपने बड़े भाई नगर पंचायत अध्यक्ष संजय जायसवाल एसकेपी रोडलाइंस ट्रांसपोर्ट कंपनी मछलीशहर, में अपनी 13 ट्रेलर लगवाया था।

लेकिन उन्होंने छलपूर्वक बेईमानी से अनधिकृत रूप से लाभ लेने के उद्देश्य से सभी वाहन अपने कब्जे में ले लिया। उसके बाद बिना अनुराग की अनुमति के और बिना बैंक की एनओसी जारी किए फर्जी और कूट रचित कागजात तैयार कर जालसाजी लाभ पूर्वक बेच दिया। शिकायत के बाद शिक्ष संयुक्त गृह सचिव (पुलिस) ने मामले है। की जांच सीओ को दी गई थी। जांच के के बाद कोतवाली पुलिस ने 11 सितंबर को मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में क जुट गई थी। मुकदमा दर्ज होने के बाद चेयरमैन ने गिरफ्तारी से बचने के लिए वे हाई कोर्ट से स्थगन आदेश लिया था। स्थगन आदेश बढ़ाने के लिए मंगलवार को हाईकोर्ट गए थे। लेकिन स्थगन आदेश नहीं बढ़ा। वहां से लौटते समय कुंवरपुर टोलप्लाजा के पास पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। एसपी डॉ. अजय पाल शर्मा ने बताया कि हिरासत में लिया है।

## विद्यालय में यातायात नियमों की जानकारी दी गई

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक, व अपर पुलिस अधीक्षक, यातायात विवेक त्रिपाठी के कुशल निर्देशन में यातायात माह नवम्बर 2024 के दौरान यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन दो पहिया वाहन बिना हेलमेट, तीन सवारी चलने तथा ओवर लोडिंग चलाने वाले वाहन चालकों को जागरूक किया गया तथा यातायात पुलिस व जनपदीय पुलिस के द्वारा संयुक्त रूप से जनपद के विभिन्न स्कूलों/ कालेजों में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया तथा सड़क सुरक्षा के सम्बंध में जानकारी दी गयी। जिसमें कालेजों सर्वोदय पब्लिक स्कूल थाना सिधारी . जनता इण्टर कॉलेज अहरौला , थाना अहरौला के.एस. मेमोरियल इण्टर कालेज, बैदौली बेलकुण्डा थाना रौनापार छांगुर ग्रामीण बालिका इण्टर कालेज बड़गहन थाना बरदह ,अमजद अली इण्टर कालेज मुहम्मदपुर थाना गम्भीरपुर,पंचायत इण्टर कालेज बानपुर सरायमीर थाना सरायमीर आदि है।

# हत्या का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**



**मुबारकपुर,आजमगढ़।** जनपद में पूर्व की घटना अवगत कराना है कि 16 सितम्बर को वादी मुकदमा योगेन्द्र सिह पुत्र अरविन्द सिंह निवासी ग्राम अतरडीहा थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ ने थाना मुबारकपुर पर लिखित तहरीर दी कि प्रतिवादी रामाश्रय चौरसिया (मुल्ला) द्वारा वादी के भाई को 50,000 रुपया में गाय बेचने हेतु तय किया गया तथा बयाना के तौर पर 5000 रुपया ले लिया गया और पुनः उसी गाय को रमेश दुबे को बेच दिया गया तथा वादी के भाई द्वारा पूछने पर कहना कि मै गाय को रमेश दुबे को बेच दिया हूँ जो करना है कर लेना तथा वादी व वादी के भाई द्वारा उस गाय के बारे मे बात करने के लिये रमेश दुबे के पास ग्राम मोईनाबाद सी0सी0 रोड पर पहुँचकर रमेश दुबे से बात करना कि उसी समय रमेश दुबे के लड़के अमित दुबे, सुरेश दुबे, बब्लू दुबे आदि का मौके पर आ गये तथा बात चीत के दौरान वादी व वादी के भाई को मारने-पीटने लगे तथा उसी मे से किसी एक व्यक्ति द्वारा दौड़कर घर से असलहा (बन्दुक) लेकर आया और वादी के भाई को गोली मार दी गयी, तथा शेष व्यक्तियो द्वारा ईट पत्थर चलाया गया व वादी के भाई को इलाज हेतु अस्पताल ले जाते समय रास्ते मे मृत्यु हो गयी, के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 धारा 191 (2),191 (3), 115(2), 125, 61(2), 103 (1) व 25,27, 30 आयुध अधि0 बनाम 1.रमेश दुबे पुत्र अज्ञात 2- अमित दुबे पुत्र रमेश दुबे 3-सुरेश दुबे पुत्र रमेश दुबे 4-बब्लू दुबे पुत्र रमेश दुबे निवासीगण देवकली तारन थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ़ 5- रामाश्रय चौरसिया (मुल्ला) पुत्र अज्ञात सा0 इब्राहिमपुर थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ़ पंजीकृत किया गया है जिसकी विवेचना प्रभारी निरीक्षक मुबारकपुर निहार नन्दन कुमार द्वारा की जा रही है। पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त घटना स्थल का निरीक्षण किया गया एवं घटना कारित किये जाने वाले अभियुक्तों के गिरफ्तारी के हेतु कुल पाँच टीमों का गठन किया गया था।

## कोर्ट के आदेश से विदा होकर ससुराल गई पत्नी से पति ने की हैवानियत

**जौनपुर।** परिवार न्यायालय प्रथम कोर्ट के समक्ष पत्नी शबनम को विदा कराकर पति घर ले गया। घर ले जाकर कमरा बंद कर उसके साथ हैवानियत की।पुलिस अधीक्षक के आदेश से पति फिरोज के खिलाफ लाइन बाजार थाने में मुकदमा दर्ज हुआ। एफआईआर की कॉपी सीजेएम कोर्ट में भेजी गई। शबनम बानो निवासी लाइन बाजार ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया कि उसका निकाह फिरोज अंसारी निवासी चंदवक से हुआ था।उसने पति फिरोज की प्रताड़ना से तंग आकर दहेज उत्पीड़न एवं भरण पोषण का मुकदमा दीवानी न्यायालय में दाखिल किया है। भरण पोषण के मुकदमे में फैमिली कोर्ट प्रथम के आदेश से वादिनी न्यायालय से ही 21 अक्टूबर 2024 को विदा होकर अपने पति के स्वीकार करने और कहने पर उसके साथ गई लेकिन पति कपट पूर्वक धोखा देकर उसे लिवा जाने के लिए राजी हुआ था। ससुराल ले जाकर वादिनी को अंधेरे कमरे में बाहर से बंद करके रखा और रात 9:00 बजे के कमरे में शराब पीकर पहुंचा और उसके साथ हैवानियत की।

# सिन्थेटिक प्लास्टिक का प्रयोग ना करें: डॉ. मनश्वी

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** संयुक्त सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग भारत सरकार डा0 मनश्वी कुमार के द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में स्वास्थ्य विभाग से सम्बन्धित योजनाओं के सम्बन्ध में बैठक की गयी। जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र के द्वारा संयुक्त सचिव को अंगवस्त्रम प्रदान कर स्वागत किया गया। संयुक्त सचिव ने स्वास्थ्य संबंधी नीतियों और योजनाओं के क्रियान्वयन, स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार, स्वास्थ्य संबंधी आंकड़ों और अनुसंधान का विश्लेषण, स्वास्थ्य मंत्रालय के विभिन्न विभागों के बीच समन्वय सहित सम्बन्धी बिन्दुओं पर अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की गयी। पीएम जन आरोग्य योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य बहुत ही संवेदनशील मुद्दा है। जिसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, समाजिक न्याय और सशक्तिकरण सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के बीच समन्वय अति आवश्यक है जिससे सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के उद्देश्य को पूर्ण किया जा सके। उन्होंने कहा कि हमारी जीवन शैली, प्राकृतिक प्रतिरक्षा को प्रभावित करती है जो हमारे स्वास्थ्य का निर्धारण करती है। उन्होंने जनपद में जैविक खेती को बढावा देने, सिन्थेटिक प्लास्टिक का प्रयोग न करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड प्रत्येक पात्र व्यक्ति का अधिकार है इसलिए आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति को बढाया जाए। नवजात शिशु के पोषण के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने जनपद के अस्पतालों में दवाओं की उपलब्धता के सम्बन्ध में मुख्य चिकित्साधिकारी से जानकारी ली। जनपद के आकांक्षात्मक ब्लाक मछलीशहर और रामपुर में संचालित स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा भी की। उन्होंने सैम-मैम बच्चों के चिन्हांकन, आंगनबाड़ी केन्द्र, ई-संजीवनी, सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं, सरकारी ईकाईयों में प्रसव, एएनसी में पंजीकृत गर्भवती महिलाओं, टीबी रोगियों की स्क्रीनिंग, 06 माह से लेकर 06 वर्ष के बच्चों के लिए संचालित पोषण अभियान आदि की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि उपरोक्त स्वास्थ्य सम्बन्धी महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है जिससे शासन के मंशानुरुप स्वास्थ्य के क्षेत्र में सही दिशा में कार्य किया जा सके। उन्होंने हाइपरटेन्शन, टी.बी., सर्वाइकल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर के ईलाज एवं रोकथाम के विषय पर भी विस्तृत चर्चा की। उन्होंने नशा मुक्त भारत अभियान की समीक्षा करते हुए नशा उन्मूलन से संबंधित सफलता की कहानी दिखाने के निर्देश दिए।



संयुक्त सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग स्वास्थ्य विभाग से सम्बन्धित योजनाओं के सम्बन्ध में बैठक की गयी

संयुक्त सचिव ने जनपद के लोगो के खान पान, जीवन शैली में बदलाव लाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि अच्छी जीवनशैली अच्छी स्वास्थ्य की पहचान है। सन्तुलित आहार लेना अत्यन्त आवश्यक है जिससे स्वास्थ्य सम्बन्धी चुनौतियों एवं प्रतिकूल प्रभाव से बचा जा सकता है। मुख्य विकास अधिकारी ने संयुक्त सचिव को आश्वस्त कराया कि जो भी सुझाव एवं निर्देश दिये जा रहे है उनका शत-प्रतिशत पालन कराया जाएगा। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सौरभ कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी डा0 अरूण कुमार यादव, सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# छठ पूजा : डीएम व एसपी ने किया घटों निरीक्षण



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में छठ पूजा के पावन पर्व के दृष्टिगत जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र द्वारा पुलिस अधीक्षक डॉ0 अजयपाल शर्मा के साथ मंगलवार देर रात गोमती नदी पर स्थित हनुमान घाट, अचला घाट, गोपी घाट सहित अन्य घाटों पर छठ पूजा के दृष्टिगत की गयी तैयारियों यथा घाटों की साफ़-सफाई, घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था, प्रकाश की व्यवस्था, बैरिकेडिंग, घाट पर जाने वाले रास्तों की स्थिति आदि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया गया कि घाटों पर साफ-सफाई, पेयजल सहित मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कराये, जिससे लोगो को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पडे। इस दौरान उन्होंने छठ पूजा समिति के पदाधिकारीयों को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अधिकारियों ने अचला घाट पर अचला देवी के दर्शन भी किये। निरीक्षण के दौरान स्थानीय छठ पूजा समिति के अध्यक्ष तथा स्थानीय जनता से वार्ता कर छठ पूजा की तैयारियों के विषय में जानकारी प्राप्त की गयी जिस पर उनके द्वारा संतोष व्यक्त किया गया, इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी से आग्रह किया कि छठ पूजा के दौरान घाट एवं नदी की साफ़-सफाई में अपना सहयोग अवश्य प्रदान करें। छठ पूजा के लिए पुलिस और मजिस्ट्रेट की ड्यूटी सभी जगह लगाई गयी है। इस अवसर पर सम्बन्धित अधिकारीगण सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## 10 नवंबर को होगा गड्ढा गार्डन में महासम्मेलन

**प्रयागराज।** ब्राह्मण परिषद उत्तर प्रदेश विगत दो वर्षो से प्रदेश के विभिन्न जनपदों में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले ब्राह्मण परिवार के लिये उनके जीविकोपार्जन की व्यवस्था हेतु अनेक महिलाओं को विधवा माता पेन्शने के रूप में 1000/- रूपये प्रतिमाह का वितरण कर रहा है। परिषद शिक्षा के क्षेत्र में आर्थिक रूप से अक्षम छात्रों को निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था भी प्रदान कर रहा है। चिकित्सा के क्षेत्र में कई ब्राह्मण परिवारों की सहायता की गयी है। यह जानकारी ब्राह्मण परिषद के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र मिश्रा ने प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि सनातन संस्कृति के प्रचार प्रसार हेतु हर रविवार को विभिन्न मन्दिरों में हनुमान चालीसा (सुन्दर काण्ड) का पाठ आयोजित करता रहता है। गरीब कन्याओं की शादी हेतु सहयोग प्रदान करना, सक्षम व्यक्तियों से धन एकत्रित कर गरीब परिवारों की सहायता करना संस्था के मुख्य उद्देश्यों में से एक है। राष्ट्र हित में हमारी संस्था के द्वारा आरक्षण को जातिगत आधार पर न लागू कर आर्थिक आधार पर राष्ट्र के समस्त अक्षम व्यक्तियों को आरक्षण प्रदान करने की मांग करता है।

# भारत ने एडीबी के साथ 200 मिलियन डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए



**नई दिल्ली।** भारत सरकार और एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने बुधवार को उत्तराखंड में जलापूर्ति, स्वच्छता, शहरी गतिशीलता और अन्य शहरी सेवाओं सहित बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए 200 मिलियन डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

वित्त मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में बताया कि 200 मिलियन डॉलर के ऋण समझौते पर भारत सरकार की ओर से वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग की संयुक्त सचिव जूही मुखर्जी और एडीबी की ओर से भारत निवासी मिशन की कंट्री डायरेक्टर मियो ओका ने हस्ताक्षर किए हैं। यह परियोजना राज्य के आर्थिक केंद्र हल्द्वानी में 16 किलोमीटर जलवायु-अनुकूल सड़कों का विकास करेगी। शहर को आपदाओं के खिलाफ तैयार करने के लिए, परियोजना बाढ़ प्रबंधन में सुधार और एक प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली को लागू करने के लिए 36 किलोमीटर तूफानी पानी और सड़क के किनारे नालियों का निर्माण करेगी। इसके साथ ही अन्य चार शहरों में इस परियोजना का लक्ष्य स्मार्ट वाटर मीटर, 26 ट्यूबवेल, नए जलाशयों और 3.5 मिलियन लीटर प्रतिदिन जल उपचार संयंत्र के साथ 1,024 किलोमीटर जलवायु-अनुकूल पाइपलाइनों का निर्माण करके जलसेवा कवरेज को 100 फीसदी तक बढ़ाना है।

इस अवसर पर जूही मुखर्जी ने कहा कि विकासनगर में सीवेज ट्रीटमेंट सुविधाओं से स्वच्छता कवरेज में सुधार होगा, जिससे लगभग 2,000 घरों को लाभ होगा। जल आपूर्ति प्रणालियों की निगरानी में महिलाओं की भूमिका को देखते हुए यह परियोजना जल आपूर्ति और स्वच्छता सेवाओं के संचालन और प्रबंधन में कमजोर परिवारों की महिलाओं सहित महिलाओं की क्षमता का निर्माण करेगी। यह परियोजना भारत सरकार के शहरी विकास एजेंडे के साथ-साथ उत्तराखंड सरकार की शहरी सेवाओं को बढ़ाने की पहलों के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य शहरों में रहने की क्षमता और स्थिरता को बढ़ावा देना है।

# एसबीआई का दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 6.5 फीसदी रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर सुस्त पड़कर 6.5 फीसदी रहेगी। हालांकि, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया आरबीआई ने दूसरी तिमाही के लिए वास्तविक जीडीपी 7 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। स्टेट बैंक के शोध विभाग ने बुधवार को एक रिपोर्ट में कहा, ÷घरेलू अर्थव्यवस्था पर कुछ दबाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।÷ रिपोर्ट में उम्मीद जताई गई है कि जुलाई-सितंबर तिमाही में भारत की जीडीपी में लगभग 6.5 फीसदी की वृद्धि दर्ज होगी, जो तीसरी और चौथी तिमाही के आंकड़ों के साथ मिलकर चालू वित्त वर्ष 2024-25 की समग्र जीडीपी वृद्धि को 7 फीसदी के करीब पहुंचा सकती है। एसबीआई में समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष ने कहा कि कई उच्च आवृत्ति संकेतक संकेत देते हैं कि कुल मांग में वृद्धि जारी है।

देश की आर्थिक वृद्धि दर और इसके धीमे होने की आशंका को लेकर चिंताओं के बीच विश्लेषकों ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2024-25 में आर्थिक वृद्धि दर 7 फीसदी के करीब पहुंच जाएगी।

भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्त वर्ष 2023-24 में यह अनुमान से अधिक 8.2 फीसदी की दर से बढ़ी है। इसको देखते हुए अधिकांश विशेषज्ञों को उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष में भी अर्थव्यवस्था में मजबूती जारी रहेगी। रिजर्व बैंक के अनुमानों के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में जीडीपी की वृद्धि दर 7.2 फीसदी रहेगी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के जारी आंकड़ों के अनुसार अप्रैल-जून तिमाही में जीडीपी 6.7 फीसदी रही थी।

# अवादा फाउंडेशन द्वारा सोनभद्र में क्रिकेट टूर्नामेंट और भोजपुरी गायक रविकिशन जी द्वारा सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

**सोनभद्र।** 6 नवंबर अवादा फाउंडेशन ने सोनभद्र जिले के गाँव चिचलिक में आयोजित वार्षिक आदिवासी मेले में एक क्रिकेट टूर्नामेंट और सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया। इस आयोजन में था।

इस टूर्नामेंट के माध्यम से आदिवासी युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक मंच मिला। टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में गाँव के प्रधान श्री राकेश कुमार गुर्जर



बॉलीवुड अभिनेता और गोरखपुर से सांसद श्री रविकिशन जी ने विशेष रूप से उपस्थित होकर अपनी प्रस्तुति से समां बांधा। साथ ही, अवादा फाउंडेशन के डायरेक्टर्स जय शंकर शुक्ला एवं ऋतु पटवारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आदिवासी युवाओं में खेल भावना और आपसी सहयोग को बढ़ावा देना और अवादा फाउंडेशन के वरिष्ठ प्रतिनिधि मौजूद थे। स्थानीय पुलिस, पीएसी टीम और ग्रामीणों के सहयोग से यह आयोजन आंचलिक संस्कृति एवं एकता का प्रतीक बन गया।

सांस्कृतिक संध्या में स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति देकर समां बांधा। श्री रविकिशन जी ने भी अपनी गायकी से सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर अवादा फाउंडेशन के डायरेक्टर्स की उपस्थिति ने युवा क्रिकेटरों और स्थानीय समुदाय के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बना दिया।

अवादा फाउंडेशन ग्रामीण और आदिवासी समुदायों के विकास और उनके जीवन स्तर को सुधारने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है। गाँव चिचलिक, खोदैला (रॉबर्ट्सगंज तहसील) और अरगुर, बसुहारी (ओबरा तहसील) जैसे क्षेत्रों में, फाउंडेशन सामुदायिक विकास के प्रयासों में योगदान दे रहा है। हाल ही में, फाउंडेशन ने इन क्षेत्रों की 1500 से अधिक आदिवासी महिलाओं को साड़ी और मच्छरदानी वितरित कीं और दुर्गा पूजा के अवसर पर हजारों लोगों के लिए भव्य प्रसाद वितरण का आयोजन किया। इन गतिविधियों के माध्यम से अवादा फाउंडेशन स्थानीय लोगों को प्रेरित कर रहा है कि वे अपने विकास के कार्यों में सक्रियता से शामिल हों, जिससे उनके आत्मसम्मान और सामुदायिक एकता को मजबूती मिले।

# स्कोडा ऑटो इंडिया ने ऑल-न्यू काइलैक के साथ किया नई शुरुआत का आगाज़

मुंबई। स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी बहुप्रतीक्षित एसयूवी काइलैक का अनावरण किया है। इसे भारत और दुनिया में पहली बार सबके सामने पेश किया गया है। काइलैक भारत में स्कोडा ऑटो के लिए एक नए युग की शुरुआत करेगी क्योंकि यह नए बाजारों में प्रवेश करने के साथ ही नए ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित करने वाली है। कंपनी ने इस साल फरवरी में इस एसयूवी की घोषणा के साथ भारत में और विस्तार करने की अपनी महत्वाकांक्षाओं की पुष्टि की थी। इस साल अक्टूबर में, स्कोडा ऑटो इंडिया ने काइलैक के कैमोफ्लॉज्ड प्री-प्रोडक्शन वर्ज़न की ड्राइव चलाई थी। इसके एक महीने बाद,काइलैक ने अब अपना वर्ल्ड प्रीमियर किया है, और 2 दिसंबर, 2024 से इसकी बुकिंग शुरू हो जाएगी।

स्कोडा ऑटो के सीईओ क्लॉस ज़ेलमर ने कहा, ÷स्कोडा काइलैक हमारी पहली सब-4 मीटर एसयूवी है, जिसे भारत में और भारत के लिए डिजाइन किया गया है, यह हमारे ब्रांड के लिए एक नया प्रवेश बिंदु है। भारत हमारी अंतर्राष्ट्रीयकरण



योजनाओं के लिये महत्वपूर्ण है, यह दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कार बाजार है, और एसयूवी नई गाड़ियों की बिक्री में 50त्न योगदान करती हैं। हम चाहते हैं कि काइलैक नए ग्राहकों का स्वागत करे जो इस लोकप्रिय और तेजी से बढ़ते सेगमेंट में बहुत रुचि ले रहे हैं। अपनी अपील को बढ़ाते हुए,काइलैक भारत में हमारी मॉडर्न सॉलिड डिज़ाइन लैंग्वेज को लेकर आएगी और इसमें विजुअल एक्सेंट भी नए होंगे। यह अलग-अलग वैरिएंट, कलर्स और फीचर्स में आएगी और इसमें सुरक्षा की 25 से अधिक ऐक्टिव एवं पैसिव तकनीकें स्टैण्डर्ड पैकेज के तौर पर उपलब्ध होंगी। रुपये 7,89,000 रुपये की बेहद प्रतिस्पर्धी शुरुआती कीमत पर,काइलैक भारत में स्कोडा का सबसे सुलभ मॉडल है।÷

स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रैंड डायरेक्टर पेट्र जैनेबा ने कहा, ÷काइलैक को वास्तव में जमीनी स्तर पर पेश किया गया है और अगले कुछ वर्षों में यह भारत में हमारे विकास को गति देने वाली है। यह भारत में हमारे लिए एक नए युग की शुरुआत है। हमें पता है कि हम मौजूदा समय में भारत के सबसे प्रतिस्पर्धी सेगमेंट में प्रवेश कर रहे हैं। और हमें विश्वास है कि काइलैक में अपनी सुरक्षा और जबर्दस्त ड्राइविंग डायनैमिक्स के साथ सबको प्रभावित करने की क्षमता है। इसके अलावा, काइलैक में सीट वेंटिलेशन के साथ सिक्स-वे फ्रंट इलेक्ट्रिक सीट एडजस्टमेंट और श्रेणी में अग्रणी 446 लीटर बूट स्पेस जैसे कुछ सेगमेंट-लीडिंग फीचर्स हैं। कुशाक और स्लाविया के बाद काइलैक ने भारत पर फोकस करने वाले हमारे प्रोडक्ट लाइनअप को मजबूत बनाना जारी रखा है और यह नए बाजारों में प्रवेश करने और नए ग्राहकों को स्कोडा फैमिली की हिस्सा बनाने के हमारे लक्ष्य को आगे बढ़ाएगी।

हमारा मानना है कि हम काइलैक को किफायती दामों पर पेश करने के अपने वादे पर खरा उतरे हैं और हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि यह भारत में यूरोपीय टेक्नोलॉजी को सभी तक पहुंचाने में सक्षम हो। यह एक कॉम्पैक्ट कार है लेकिन काफी बेहतरीन है।

और यही कारण है कि हमने पहले कभी ना देखे गए एक मोशन पिक्चर प्रीमियर के माध्यम से इसका शानदार प्रीमियर किया है।

# डॉलर के मुकाबले ऑल टाइम लो पर पहुंचा रुपया

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में आई मजबूती के बावजूद मुद्रा बाजार में आज रुपया बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। डॉलर के मुकाबले रुपया आज अभी तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। दिनभर के कारोबार के बाद भारतीय मुद्रा 21 पैसे की कमजोरी के साथ 84.30 रुपये प्रति डॉलर (अस्थाई) के ऑल टाइम लो क्लोजिंग लेवेल पर बंद हुआ।

भारतीय मुद्रा ने आज सुबह डॉलर के मुकाबले 14 पैसे की कमजोरी के साथ 84.23 रुपये के स्तर से कारोबार की शुरुआत की थी। दिन के कारोबार के दौरान रुपये ने रिकवरी भी की और 84.15 रुपये प्रति डॉलर के स्तर तक पहुंचा। लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए हुए चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को बढ़त मिलते ही डॉलर इंडेक्स में तेजी आ गई। डॉलर इंडेक्स की मजबूती ने रुपये को एक बार फिर गोता लगाने पर मजबूर कर दिया, जिसकी वजह से भारतीय मुद्रा कमजोर होकर 84.31 के ऑल टाइम लो लेवल पर पहुंच गई। हालांकि बाद में इसने 1 पैसे की रिकवरी करके 84.30 रुपये प्रति डॉलर का ऑल टाइम लो क्लोजिंग का रिकॉर्ड बनाते हुए आज के कारोबार का अंत किया।

जानकारों का मानना है कि घरेलू शेयर बाजार से विदेशी निवेशकों द्वारा लगातार पैसे की निकासी की वजह से डॉलर की मांग पहले से ही सर्वोच्च स्तर पर पहुंची हुई है। ऐसे में डॉलर इंडेक्स की मजबूती के कारण भारतीय मुद्रा समेत ज्यादातर देशों की मुद्रा में डॉलर की तुलना में कमजोरी आई है। माना जा रहा है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व (यूएस फेड) की कल होने वाली बैठक में ब्याज दरों में एक बार फिर कटौती की जा सकती है। अगर यूएस फेड ब्याज दरों में कटौती करेगा तो इससे अमेरिकी बाजार में लिक्विडिटी बढ़ेगी, जिसका असर डॉलर इंडेक्स पर भी पड़ेगा। इसलिए आने वाले दिनों में डॉलर की कीमत में और तेजी आने यानी भारतीय मुद्रा समेत दूसरी मुद्राओं में कमजोरी आने की आशंका लगातार बनी हुई है।

# टाटा संपन्न अनपॉलिश्ड दालें

**नई दिल्ली।** दालें खाने का स्वाद बढ़ाती हैं, दाल के बिना खाना अधूरा होता है। इतनाही नहीं, भारतीय रसोइयों में दालें न्यूट्रिशन का एक प्रमुख स्त्रोत है। टाटा संपन्न दालें इस विरासत का एक उदहारण है, जो आपके हर खाने को संपूर्ण, संपन्न और स्वादिष्ट बनाती हैं। बहुत ही सावधानी से सोर्स की गयी, अनपॉलिश्ड रखी गयी टाटा संपन्न दालों में उनके प्राकृतिक गुणों और लाभों को बरक़रार रखा गया है।

टाटा संपन्न दालों को प्रोटीन के साथ पैक किया गया है, इसी वजह से यह दालें स्वाद के साथ-साथ पोषण भी देती हैं। हर दाल में उसका अपना अनोखा स्वाद बरक़रार रखा गया है, इसीलिए अलग-अलग पारंपरिक व्यंजनों को बनाने के लिए सबसे सही हैं।

अपने परिवार के डाइट को बेहतर बनाना है या सबसे स्वादिष्ट व्यंजन बनाना है, टाटा संपन्न दालें आवश्यक पोषण और अनोखे स्वाद के साथ पैक की गयी हैं और आपका सबसे अच्छा स्वाद देने की संपूर्ण क्षमता इनमें हैं। उनके हर निवाले में स्वास्थ्य और स्वाद भरा हुआ है।

अपने खाने को स्वादिष्ट और पोषण से भरपूर बनाने के लिए टाटा संपन्न दालें चुनिए और भारत के असली स्वाद का लुफ्त उठाइए। पौष्टिक जीवनशैली का स्वीकार करें, जिसमें शुद्धता, प्रोटीन और गुणवत्ता को बरक़रार रखा गया है।

# हीरो मोटोकॉर्प ने त्यौहारी सीजन में अब तक की सबसे ज्यादा बिक्री का रिकॉर्ड बनाया

हीरो मोटोकॉर्प, दुनिया में मोटरसाइकल और स्कूटर बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी, ने नवरात्रि से शुरू हुए अपने हालिया 32 दिनों के फेस्टिव पीरियड में सबसे ज्यादा रिटेल बिक्री की है।

कंपनी ने 15.98 लाख से ज्यादा गड़ियों की बिक्री करते हुए 2023 के फेस्टिव सीजन की तुलना में शानदार 13% बढ़ेतरी दर्ज की है।

हीरो मोटोकॉर्प के उत्पादों की मांग में तेजी शहरी तथा ग्रामीण भारत में स्पष्ट दिखी। इस तेजी में 125सीसी मोटरसाइकल सेगमेंट की एक्सट्रीम 125आर का योगदान काफी महत्वपूर्ण रहा, जबकि बिक्री के मामले में कंपनी के मजबूत प्रदर्शन में 100 सीसी सेगमेंट का योगदान भी सकारात्मक रहा।

हीरो मोटोकॉर्प के इलेक्ट्रिक व्हीकल ब्रैंड विडा ने इस अवधि में 11600 यूनिट्स की खुदरा बिक्री के साथ एक महत्वपूर्ण आंकड़ा पार किया। विडा का नेटवर्क लगातार बढ़ रहा है और उसे हीरो प्रीमिया तथा हीरो 2.0 आउटलेट्स का सहयोग भी मिल रहा है। इसके साथ ही टॉप 30 टाउन्स में ज्यादा जोर दिये जाने से सकारात्मक नतीजे मिल रहे हैं। पोर्टफोलियो के आगामी विस्तार से ब्रैंड को और भी तेजी मिलेगी।

हार्ले-डेविडसन एक्स440 की 2800 से ज्यादा यूनिट्स बिकी हैं, जो इस ब्रैंड की लोकप्रियता दिखाती है। कंपनी का लक्ष्य इस वित्त-वर्ष के अंत तक प्रीमिया नेटवर्क को बढ़ाकर 100 से ज्यादा जगहों पर पहुँचाना है। इससे महत्वाकांक्षी ब्रैंड की पहुँच तथा सुलभता बढ़ेगी।

हीरो मोटोकॉर्प के मुख्य कार्यकारी अधिकारी निरंजन गुप्ता ने कहा, ''हमने लगातार दूसरे वर्ष सबसे ज्यादा फेस्टिव रिटेल सेल्स हासिल की हैं और यह प्रमाण देता है कि हीरो मोटोकॉर्प को भारत में कितना पसंद किया जाता है। अपने लाखों ग्राहकों के अटूट भरोसे के लिये हम आभारी हैं। देश के ज्यादातर भागों में गति और वृद्धि अच्छी रही और त्यौहार के सीजन के बाद वाले आधे हिस्से में ग्रामीण अंचलों ने शहरों जितना कमाल कर दिखाया। हमें आशा है कि यह गति जारी रहेगी और बाकी बचे साल को लेकर भी हमारी सोच सकारात्मक है।''

त्यौहारों के दौरान हीरो मोटोकॉर्प के बेजोड़ प्रदर्शन ने उसकी अग्रणी स्थिति को और भी मजबूत बनाया है। कंपनी लगातार नवाचार, ग्राहक संतोष और बिक्री के मजबूत नेटवर्क पर केन्द्रित है। इससे पता चलता है कि वह उच्च-गुणवत्ता के उत्पाद देने और अपने ग्राहकों की विभिन्न जरूरतें पूरी करने के लिये प्रतिबद्ध है।

## फिर बनने जा रहा है एक साम्राज्य- रिडली स्कॉट और माइकल प्रूस ने ग्लेडिएटर की सदाबहार विरासत पर बात की



ग्लेडिएटर सिर्फ एक फिल्म नहीं थी, बल्कि सिनेमा का वो शानदार नगीना थी, जिसने ऐतिहासिक ड्रामा को नये आयाम देकर दुनियाभर के दर्शकों को लुभाया। उसकी दमदार स्टोरीटेलिंग और मशहूर हुए किरदारों ने फिल्मों के इतिहास को लंबे वक्त के लिये एक विरासत दी। यह महान कहानी एक बार फिर हमारा दिल जीतने आ रही है और ग्लेडिएटर 2 उसी उत्साह को नये सिरे से जगाने के लिए आ गई है। दूरदर्शी सोच वाले निर्देशक रिडली स्कॉट और निर्माता माइकल प्रूस इस धुंआधार कहानी की वापसी पर दिलचस्प जानकारियाँ दे रहे हैं स्टोरीटेलिंग का जुनून रखने वाले रिडली स्कॉट ने बताया, ''इस पैमाने की फिल्म बनाने को लेकर रोमांच चरम पर है। इसमें तनाव भी चरम पर होगा। हमें तनाव को अपनाना ही होगा! मैं यही करता हूँ और मुझे इसका नशा है। काम में डिटेल ही डिटेल है। और आप आइडिया को जितना फैलाते हैं, उतने ही विचार आपसे जुड़ते जाएंगे। ग्लेडिएटर की लोकप्रियता लगातार बढ़ी है। यह फिल्म लोगों के दिमाग पर छा गई। मैं जानता था कि हमें इसके सीक्वल पर सोचना होगा, लेकिन यह तय करने में सालों बीत गये कि कहानी आखिर कैसी होगी।'' स्कॉट फ्री प्रोडक्शंस में फिल्म के प्रेसिडेंट और प्रोड्यूसर माइकल प्रूस ने स्कॉट के साथ मिलकर काम करते हुए एक दशक से ज्यादा समय बिताया है। उन्होंने कहा, ''पहली फिल्म दुनियाभर में फिल्मों के शौकीनों के लिये सांस्कृतिक पैमाने का एक प्रतीक बन गई।

# जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने दो नए 7-सीटर वेरिएंट के साथ किया हेक्टर लाइनअप का विस्तार

**गुरुग्राम।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने भारत की पहली इंटरनेट एसयूवी, एमजी हेक्टर लाइनअप का विस्तार करने की घोषणा की है। इस नई हेक्टर को दो नए 7-सीटर वेरिएंट, हेक्टर प्लस 7-सीटर सेलेक्ट प्रो और स्मार्ट प्रो के साथ पेश किया गया हैं। यह नई हेक्टर उन ग्राहकों को एक स्पेशियस और वर्सेटाइल कार का विकल्प प्रदान करती है, जो एक प्रीमियम एसयूवी का अनुभव चाहते हैं। हेक्टर सेलेक्ट प्रो में सीवीटी ट्रांसमिशन के साथ के साथ 1.5टी पेट्रोल इंजन मिलेगा। इसका सीवीटी ट्रांसमिशन एक स्मूथ और बेहतरीन ड्राइविंग का अनुभव प्रदान करता है। वहीं स्मार्ट प्रो वेरिएंट को 2.0एल डीजल इंजन के साथ पेश किया गया है। इसमें 6-स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन दिया गया है, जो बेहतर माइलेज और टॉर्क प्रदान करता है।

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के चीफ कॉमर्शियल ऑफीसर,



सतिंदर सिंह बाजवा ने इस अवसर पर कहा कि हेक्टर के नए 7-सीटर वेरिएंट यह दिखाते हैं कि अपने ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया कितना प्रतिबद्ध है। भारतीय बाजार में एमजी हेक्टर को मिली सफलता को ध्यान में रखते हुए ये नए एडिशन पेश किए गए हैं। इस नई हेक्टर में क्वालिटी, कंफर्ट और सर्वश्रेष्ठ तकनीक से कोई समझौता नहीं किया गया है। यह नई हेक्टर एक स्पेशियस और वर्सिटाइल अनुभव प्रदान करती है। हेक्टर की इन्हीं खूबियों ने इसे ग्राहकों के बीच एक सबसे पसंदीदा विकल्प बना दिया है। हमें विश्वास है कि हेक्टर प्लस 7-सीटर सेलेक्ट प्रो और स्मार्ट प्रो वेरिएंट आगे भी एसयूवी के शौकीन ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करेंगे, साथ ही ग्राहकों की उम्मीदों पर खरा उतरते रहेंगे।

नई हेक्टर को बाजार में बेहद प्रतिस्पर्धी कीमतों पर पेश किया गया है। हेक्टर के नए वेरिएंट में वे सभी प्रमुख फीचर्स दिए गए हैं, जिन्होंने हेक्टर को एक लोकप्रिय एसयूवी के रूप में स्थापित किया है। हेक्टर के इन शानदार फीचर्स में इसकी कमांडिंग रोड प्रेजेंस, एडवांस टेक्नोलॉजी और बेहतरीन ड्राइविंग कंफर्ट शामिल हैं। भारत में अपनी सफलता को आगे बढ़ाते हुए, नए सेलेक्ट प्रो और स्मार्ट प्रो वेरिएंट में पहले से बेहतर इन-कार इंफोटेनमेंट प्रदान किया गया है। हेक्टर के इन खास फीचर्स की बात करें तो इसमें भारत का सबसे बड़ा 14-इंच एचडी पोर्ट्रेट इंफोटेनमेंट सिस्टम, 75 से अधिक कनेक्टेड कार फीचर्स के साथ i-SMART तकनीक, वायरलेस एप्पल कारप्ले और एंड्रॉइड ऑटो और एक वायरलेस फोन चार्जर दिया गया है।

# नई निसान मैग्नाइट के लिए बढ़ी मांग के दम पर निसान मोटर इंडिया ने अक्टूबर में 5570 कारों की बिक्री की

**होलसेल**

**पिछले महीने हुई कुल बिक्री के अंतर्गत निर्यात बाजार में 2449 कारें और घरेलू होलसेल में 3121 कारें बेची गईं।**

**गुरुग्राम।** इस त्योहारी सीजन में निसान मोटर इंडिया को नई निसान मैग्नाइट के लिए जबर्दस्त मांग देखने को मिली है। त्योहारी सीजन में खरीद के दम पर कंपनी ने अक्टूबर, 2024 में होलसेल मार्केट में कुल 5570 कारों की बिक्री की।

पिछले महीने हुई कुल बिक्रीके अंतर्गत निर्यात बाजार में 2449 कारें और घरेलू होलसेल में 3121 कारें बेची गईं। यह शानदार प्रदर्शन तेजी से बदलते बाजार में गुणवत्तापूर्ण उत्पाद प्रदान करने और ग्राहकों की संतुष्टि पर ध्यान देने की निसान की प्रतिबद्धता को दिखाता है।

निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सौरभ वत्स ने कहा, 'इस त्योहारी सीजन में नई निसान मैग्नाइट को लेकर दिखी शानदार प्रतिक्रिया के लिए हम अपने मूल्यवान ग्राहकों का धन्यवाद करना चाहते हैं। यह देखना सच में प्रेरणादायक है कि कैसे अपने ग्राहकों से मजबूती से जुड़ते हुए मैग्नाइट ने बाजार में नया उत्साह भरा है। हम गुणवत्ता, इनोवेशन और कार ऑनरशिप का सुगम अनुभव देने पर फोकस कर रहे हैं। इस त्योहारी सीजन ने ऑटोमोटिव इंडस्ट्री में नए उत्साह का संचार किया है और हम आगामी महीनों में भी यह सकारात्मक दौर बने रहने को लेकर उत्साहित हैं।'

भारतीय बाजार को लेकर निसान की प्रतिबद्धता और ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए कंपनी ने हाल ही में नई निसान मैग्नाइट की लॉन्चिंग के साथ अपने प्रोडक्ट लाइन अप को विस्तार दिया है। यह लॉन्चिंग कंपनी की 'वन कार, वन वर्ल्ड' के सिद्धांत के अनुरूप है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में 'मेड इन इंडिया' मैग्नाइट को लेकर बढ़ती मांग से निसान 45 से ज्यादा नए बाजारों में अपना निर्यात बढ़ाने में सक्षम हुई है। इसी के साथ कंपनी की मौजूदगी अब 65 से ज्यादा देशों में हो गई है। इनमें लेफ्ट-हैंड ड्राइविंग वाले बाजार भी शामिल हैं। इस उपलब्धि ने निसान के लिए एक महत्वपूर्ण एक्सपोर्ट हब के तौर पर भारत की स्थिति को मजबूत किया है। इंटीरियर और एक्सटीरियर में बोल्ड एवं स्टाइलिश डिजाइन के साथ नई निसान मैग्नाइट में 20 से ज्यादा फर्स्ट एवं बेस्ट-इन-सेगमेंट फीचर्स और 55 से ज्यादा सेफ्टी फीचर्स हैं।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज करना जारी रखा॰ अक्टूबर 2024 में 30,845 गाड़ियां बेचीं

**बैंगलोर।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज 30,845 गाड़ियों की बिक्री के साथ एक और महीने में मजबूत प्रदर्शन की सूचना दी। यह अक्टूबर 2023 की तुलना में 41त्न की वृद्धि है जब 21,879 गाड़ियों की बिक्री हुई थी। अक्टूबर 2024 के दौरान, टीकेएम की घरेलू बिक्री 28,138 इकाई रही जबकि निर्यात 2707 इकाई घोषित किया गया। वित्त वर्ष 2024 के पहले सात महीनों में, टीकेएम ने 1,93,468 इकाइयों की बिक्री के साथ बिक्री का एक उल्लेखनीय मील का पत्थर हासिल किया। यह वित्त वर्ष 2023 की इसी अवधि में बेची गई 1,45,818 गाड़ियों से 33त्न अधिक है। इस वृद्धि का एक प्रमुख चालक टीकेएम की विस्तारित उत्पादन क्षमता है, जिसे तीन-शिफ्ट संचालन की शुरूआत के माध्यम से हासिल किया गया है, जिसने कंपनी को बढ़ती बाजार मांग को बेहतर ढंग से पूरा करने में सक्षम बनाया है।

बिक्री प्रदर्शन- निर्धारित समय - सीमा

अक्टूबर - 2024 अक्टूबर - 2023 विकास साल के मुकाबले साल 30,845 गाड़ियां 21,879 गाड़ियां 41% टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के सेल्स-सर्विस-यूज्ड कार बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट श्री सबरी मनोहर ने इस शानदार प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कहा, हमारे उत्पादों की पूरी रेंज ने शानदार बिक्री का अनुभव किया है, जिससे टोयोटा में हम सभी के लिए त्यौहारी खुशियाँ आ गई हैं। यह वृद्धि हमारे एसयूवी और एमपीवी के लिए बढ़ती हुई फुटफॉल और मजबूत मांग के साथ-साथ अर्बन क्रूजर हाइराडर, अर्बन क्रूजर टैसर, ग्लैंजा और रुमियन के फेस्टिवल लिमिटेड एडिशन की शुरूआत को महत्वपूर्ण बढ़ावा मिलने से हुई है। इन्हें विशेष रूप से इस सीजन के लिए लॉन्च किया गया था। इसके अलावा, अच्छे ऑर्डर प्राप्ति और कुशल डिलीवरी ने हमारी वृद्धि को बढ़ावा दिया है।

# राम चरण की आगामी फिल्म गेम चैंजेर का टीज़र 9 नवंबर लखनऊ में होगा रिलीज़

**लखनऊ।** राम चरण अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म गेम चेंजर को 10 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज करने के लिए पूरी तरह तैयार है ऐसे में लोगों की उत्सुकता और बढाती जा रही है। 9 नवम्बर को फिल्म का टीज़र लांच किया जायेगा और आप को बता दें कि ऐसा पहली बार हो रहा है कि किसी फिल्म का टीज़र भारत के हार्टलैंड लखनऊ में किया जा रहा है जो ग्लोबल स्टार की प्रसिद्धि को और बढ़ाएगा। हमने अब तक कई पैन इंडिया फिल्म के टीज़र या ट्रेलर अक्सर मुंबई या दिल्ली में किया गया है गेम चेंजर ने हकीकत में गेम चेंज कर दिया है।

इस बहुप्रतीक्षित टीज़र में , उन्हें राम चरण और कियारा आडवाणी सहित अन्य लोगों का सहयोग भी देखने को मिलेगा। रा मचा मचा, जरागंडी गानों ने लोगों के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है और अब यह टीज़र निश्चितरूप से फिल्म के प्रति उनकी उत्सुकता को और बढ़ाएगा कि राम चरण इस बार शंकर



शनमुगम निर्देशित फिल्म के में उनके लिए क्या लेकर आ रहे हैं।

गेम चेंजर में राम चरण एक आईएएस अधिकारी की भूमिका निभाते नजर आएंगे जो निष्पक्ष चुनाव की वकालत करके भ्रष्ट राजनेताओं से मुकाबला करता है। यह एक्शन-थ्रिलर 10 जनवरी, 2025 को बड़े पर्दे पर आने के लिए पूरी तरह तैयार है। फिल्म का निर्माण दिल राजू और सिरीश द्वारा किया गया है, कहानी कार्तिक सुब्बाराज की है और लेखन एसयू वेंकटेशन और विवेक द्वारा किया गया है। हर्षित द्वारा सह-निर्मित, सिनेमैटोग्राफी एस. थिरुनावुक्कारासु द्वारा नियंत्रित की जाती है, संगीत एस. थमन द्वारा रचित है, और संवाद साई माधव बुर्रा द्वारा लिखे गए हैं। लाइन प्रोडक्शन की देखरेख नरसिम्हा राव एन. और एसके जबीर करते हैं, जबकि अविनाश कोल्ला कला निर्देशक हैं। एक्शन कोरियोग्राफी अनबरीव द्वारा की गई है, जिसमें डांस सीक्वेंस प्रभु देवा, गणेश आचार्य, प्रेम रक्षित, बॉस्को मार्टिस, जॉनी और सैंडी द्वारा निर्देशित हैं। गीत रामजोगैया शास्त्री, अनंत श्रीराम और कसारला श्याम द्वारा लिखे गए हैं। फिल्म का निर्माण श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स के बैनर तले किया गया है।

# मोबाइल टॉयलेट फांक रहा धूल मथौली की सड़कों पर हो रही गंदगी

अवधनामा संवाददाता



कस्बे के वार्ड नंबर 6 सिरसिया धुस पर धूल फांक रहा मोबाइल टॉयलेट वैन

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** नगर पंचायत मथौली में एक वर्ष से मोबाइल टॉयलेट धूल फांक रहा है, लेकिन जिम्मेदार अनजान बने हुए है। लाखों रुपए से खरीदी गई मोबाइल टॉयलेट सिरसिया धुस पर लावारिस हालत में पड़ा है। जबकि नगर के विभिन्न वार्डों में सड़कों पर गंदगी पटी पड़ी है। ताज्जुब इस बात कि है कि उक्त मोबाइल टॉयलेट वैन पर पूर्व में तैनात रही ई ओ सीमा राय का नाम भी हटाया नहीं गया है। बता दें कि आज छठ पर्व है, पोखरे व छठ घाट पर महिलाओं व अन्य लोगों की भारी भींड लगती है।

नगर को स्वच्छ रखने व आमजनों की सुविधा के लिए नगर पंचायत मथौली द्वारा लगभग 10 लाख रुपए से मोबाइल टायलेट वैन खरीदा है, लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता के कारण एक वर्ष से वार्ड नंबर 6 महाराणा प्रताप नगर सिरसिया धुस सिंहासिनी देवी स्थान के पीछे लावारिस हालत में पड़ा है। रख रखाव व प्रयोग में न लाने के कारण उक्त मोबाइल टॉयलेट पर मिट्टी व धूल जम गई है और अगल बगल बड़े बड़े घांस उग आए है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पंचायत के द्वारा सुविधा के नाम पर लाखों रूपये का सामान खरीदा जा रहा है, लेकिन देखरेख के अभाव व इस्तेमाल में न लाने के कारण इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। नगर पंचायत का काम केवल सामग्री की खरीदारी कर उससे मुनाफा कमाना मात्र रह गया है। उधर कस्बे के मुख्य चौराहों समेत हफ्ते में तीन दिन शुक्रवार, रविवार व मंगलवार को बाजार लगता है, जहां दूर दराज से लोग आते जाते है लेकिन नगर में कहीं सार्वजनिक शौचालय न होने से काफी परेशानी झेलनी पड़ती है, सबसे ज्यादा दिक्कत महिलाओं को होती है। मोबाइल टॉयलेट तो है लेकिन लावारिस हालत में धूल फांक रहा है। नगर की तमाम सड़के मानव मल से पटी रहती है। इस संबंध में अधिशाषी अधिकारी सर्वेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जांच करवा रहे है। किस कारण मोबाइल टॉयलेट वैन खड़ा पड़ा है। जल्द ही ठीक कराकर उक्त मोबाइल टॉयलेट को इस्तेमाल में लाया जाएगा।

**लावारिस हालत में वार्ड नं. 6 सिरसिया धुस पर पड़ा है मोबाइल टॉयलेट वैन**

## खरना के साथ शुरू हुआ 36 घंटे का निर्जला व्रत

**अमेठी।** लोकआस्था व प्रकृति पूजा के महापर्व छठ पूजा में दूसरे दिन बुधवार को खरना के साथ छठ व्रतियों ने 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू किया। 4 दिन तक चलने वाले इस महापर्व को लेकर व्रती पिछले कई दिनों से तैयारी कर रहे हैं। जनपद में पूर्वांचल के विभिन्न जनपदों से लोग नौकरी पेशा व्यवसाय और वैवाहिक बंधनों के वजह से रह रहे हैं। जिससे छठ का महापर्व जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भी धूमधाम से मनाया जाने लगा है। मंगलवार को इस पर्व की शुरुआत नहाय खाय के साथ व्रतियों ने शुरू कर दी है। छठ पूजन के लिए घाट सजाए जा रहे हैं। बाजारों में जमकर खरीददारी हो रही है। डाला सुप्ती नींबू नारियल गन्ना मूली केला के घौद से बाजार रंग-बिरंगा हो रहा है। लोग षष्ठी माता और भगवान सूर्य नारायण को प्रसन्न करने की तैयारी में जुटे हैं। यह त्योहार पूरे परिवार के साथ धूमधाम से मनाया जाता है इसलिए जो लोग नौकरी या व्यवसाय के सिलसिले में घर से दूर रहते हैं वे अब छठ पूजा में घर जा रहे हैं। कार्तिक शुक्ल षष्ठी तक चलने वाले इस पर्व को छठ पूजा डाला छठ आदि कई नामों से जाना जाता है।

# रुद्रपुर में छठ घाट पर निर्माण को लेकर दो सभासद भिड़े

अवधनामा संवाददाता



**नगर पंचायत में लगाया भ्रष्टाचार का आरोप, भाजपा नेता ने समझा बुझाकर मामला कराया शांन्त**

**देवरिया।** देवरिया में छठ पूजा को लेकर सेमरौना स्थित बथुआ रिवर फ्रंट पर नगर पंचायत द्वारा कराए जा रहे कार्य के दौरान मंगलवार को एक विवाद खड़ा हो गया। विवाद छठ घाट के सीढ़ियों की मरम्मत को लेकर हुआ, जिसमें गोला वार्ड और चौहट्टा वार्ड के सभासद आपस में भिड़ गए। इस झगड़े में गोला वार्ड के सभासद सुशील निगम का आरोप है कि कार्य गलत तरीके से किया जा रहा है और मानक का पालन नहीं किया जा रहा।

सुशील निगम ने कहा कि बथुआ रिवर फ्रंट गोला वार्ड में आता है, लेकिन ठेकेदार से काम न कराकर चौहट्टा वार्ड के सभासद अजय जायसवाल से कार्य कराया जा रहा था। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो अजय जायसवाल और उनके समर्थक मारपीट पर उतारू हो गए। इस घटना में सुशील निगम का कपड़ा भी फट गया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि छठे लाल निगम ने इस घटनाक्रम पर कहा कि दोनों सभासदों के बीच झगड़ा हुआ था, लेकिन उन्होंने मौके पर पहुंचकर दोनों को समझा-बुझाकर मामला शांत करवा दिया। वहीं, नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी नितेश गौरव ने बताया कि छठ घाट सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर बैरिकेडिंग, लाइटिंग, सफाई और सजावट के लिए नगर पंचायत ने लगभग दस लाख रुपये का टेंडर जारी किया है। इस विवाद का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें सभासदों के बीच मारपीट दिखाई दे रही है। इस पर जनता ने नगर पंचायत और सभासदों को निशाना बनाते हुए कई टिप्पणियां की हैं, जिसमें आरोप लगाया गया कि वे जनता के विकास के बजाय अपनी व्यक्तिगत सियासी उन्नति की ओर ध्यान दे रहे हैं।

# छठ पर्व की तैयारियां पूरी

## अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य आज


छठा पर्व को लेकर खरीददारी करते श्रद्धालु

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** आस्था में फल व कपड़े के दाम भले ही महंगे हो पर महंगाई पर आस्था भारी पड़ते हुए देखा गया। आज गुरुवार को अस्ताचलगामी सूर्य को पहले अर्घ्य देने के लिए लोगों ने बुधवार को जमकर खरीदारी की। आस्था का महापर्व छठ की तैयारियां लगभग पूरी हो गई है। जिले के मुख्य बाजारों, कस्बों व शहरों में काफी चहल पहल देखने को मिली। पडरौना, कसया, तमकुहीराज, खड्डा, हाटा, कप्तानगंज के अलावा नगरीय क्षेत्र रामकोला, सुकरौली, मथौली, फाजिलनगर, दुदही, छितौनी आदि जगहों पर सड़क के दोनों किनारे दुकानें सजी है। लोक आस्था का महापर्व मंगलवार से ही शुरू हो गया। इस मौके पर लोगों ने जमकर खरीदारी की। बाजारों में छठ पूजा सामग्री में फल, कपड़ा व अन्य सामग्रियों की खूब खरीदारी हुई। आज अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य देने के लिए लोगों ने अपनी खरीदारी पूरी कर ली। इसको लेकर बाजारों में काफी चहल पहल देखा गया। सड़को के दोनों तरफ केला, सेब, अन्नास, नींबू, सुथनी, गंजी, हल्दी, नारियल, ईख, आंवला, सिघांडा, लौकी आदि की दुकानें सजी थी, जहां लोगों ने जमकर खरीदारी किया।

**महंगाई पर आस्था भारी लोगों ने की जमकर खरीददारी**

## प्राचार्य, प्रो. शीला श्रीवास्तव बनी एडिशनल डीन

**लालगंज रायबरेली।** बैसवारा डिग्री कॉलेज की प्राचार्य, प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव को लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा एडिशनल डीन कॉलेज डेवलपमेंट काउंसिल नियुक्त किया गया है। रायबरेली जिले से प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव की नियुक्ति कुलपति, लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ के अनुमोदन के उपरांत किया गया। महाविद्यालय के प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह महाविद्यालय के लिए गर्व की बात है। श्री सिंह ने आगे कहा कि इससे महाविद्यालय के अकादमिक उन्नयन और शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ रमेश चंद्र यादव ने बताया की बैसवारा कॉलेज से पहली बार किसी प्राचार्य को एडिशनल डीन, कॉलेज डेवलपमेंट काउंसिल नियुक्त किया गया है। महाविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों छात्र एवं छात्राओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

# लोक आस्था के पर्व के बिना जीवंत समाज की कल्पना नहीं की जा सकती : रणजीत सिंह

अवधनामा संवाददाता



**भाटपार रानी, देवरिया।** भाटपार रानी उपनगर स्थित उच्च शिक्षण संस्थान मदन मोहन मालवीय पीजी कॉलेज में दीपावली और छठ पर्व तथा भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में सबसे पहले दीपावली तथा छठ पर्व विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपने हुनर का प्रदर्शन करते हुए भगवान सूर्य को अर्घ देती व्रती का चित्र बनाया स्केचिंग किया। तत्पश्चात एक सभा का आयोजन हुआ जिसमें दीपावली और छठ पर्व पर छात्र-छात्राओं ने पर्वो के उद्भव, महत्व एवं प्रासंगिकता पर अपने विचार प्रस्तुत किये।इसकी वैज्ञानिकता और व्यावहारिकता पर भी प्रकाश डालकर इसे मानव जीवन के लिए संजीवनी बताया। तत्पश्चात छठ माता पर्व से संबंधित लोकगीतों की छात्र-छात्राओं ने झड़ी लगा दी और एक से एक गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम मे उपस्थित सभी लोग संगीत सुनकर भाव विभोर हो गए। कार्यक्रम का निर्देशन कर रहे कार्यक्रम अधिकारी डॉ रणजीत सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह लोक आस्था के पर्व भारतीय ज्ञान परंपरा को प्रतिबिंबित करते हैं, और मुख्य धारा से कटे समाज को भी अपने प्रवाह से अभिसिंचित कर उनके जीवन को अनुप्राणित करते हैं। इन लोक आस्था के पर्वों के बिना जीवंत समाज की कल्पना संभव नहीं है। मनुष्य के जीवन को उत्सव का स्वरूप देने में ईनकी भूमिका असंदिग्ध है।

## जनपद में 300 भवन स्वामियों को नोटिस लाइन के नीचे कब्जा हटाने का अल्टीमेटम

**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** कम लागत की जमीन खरीद कर आशियाना बन चुके 300 भवन स्वामियों को ट्रांसमिशन के अभियंताओं ने नोटिस थमा दिया और जल्द लाइन के नीचे से कब्जा हटा हटाने का अल्टीमेटम भी दे दिया है। जनपद में 132,220 और 400 केवी क्षमता के उपकेंद्रों की लाइनों के नीचे आवास लोगों ने बना लिए हैं और इन लाइनों का निर्माण पहले हुआ था लोगों ने कम लागत की जमीन खरीद कर घर बनाए हैं कहीं-कहीं तो कई मंजिलें इमारते बनाकर तैयार हो गई हैं ऐसे में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है इसको ध्यान रखते हुए विभाग ने कमर का असली है नोटिस देकर एक हफ्ते के अंदर अतिक्रमण को स्वयं हटा लेने की हिदायत दी गई है ऐसा न करने वालों पर और शिकंजा कैसा जाएगा। रायबरेली सदर की शक्ति नगर में आशीर्वाद इंटर कॉलेज के आसपास तो हद ही पर हो गई है 11000 की लाइन के खंभे लोगों ने दीवारें खींचकर अपने घरों के अंदर कर ली हैं। मूल निवासी बताते हैं ऐसे में किसी भी समय बड़ी घटना हो सकती है लेकिन अभी तक यहां पर किसी को नोटिस नहीं मिला है इसी तरह शहर के अन्य हिस्से भी हैं जहां पर लोग ट्रांसफार्मर तक की जमीन को कब्जा कर लेना चाहते हैं। विद्युत विभाग भी ऐसे लोगों को लगातार नोटिस दे रहा है लेकिन जन सुरक्षा को ताक पर रखने वाले पूरी तरह से बेलगाम है। सौरभ प्रजापति, उपखंड अधिकारी ट्रांसमिशन ने कहा जिन लोगों ने लाइनों के नीचे मकान बना लिए है उन्हें नोटिस दिया गया है। तय समय में कब्जा नहीं हटाया तो कार्यवाही की जाएगी।



## उप्र एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट के प्रांतीय महामंत्री राधेश्याम लाल कर्ण को श्रद्धांजलि देने पहुंचे प्रदेश एवं राष्ट्रीय पदाधिकारी

**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** जनपद के दिवंगत वरिष्ठ पत्रकार एवं उपज संगठन के प्रांतीय महामंत्री राधेश्याम लाल कर्ण जी को त्रयोदश संस्कार के अवसर पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। राष्ट्रीय सचिव सुरेश शर्मा ने कहा की श्री कर्ण का जाना पत्रकार जगत के लिए क्षति हैं जिसे जल्दी पूरा नहीं किया जा सकता। जिला सूचना अधिकारी अनुराग रंजन ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए श्री कर्ण के सरल स्वभाव एवं व्यक्तित्व के बारे में बताया। उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट के प्रांतीय महामंत्री राधेश्याम लाल जी कर्ण को श्रद्धांजलि देने के लिए रायबरेली में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में राष्ट्रीय महामंत्री सुरेश शर्मा एवं यूपीएजे के प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश सिंह,राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य राजीव शुक्ल प्रदेश कोषाध्यक्ष बाल मुकुंद तिवारी एवं कौशाम्बी जिलाध्यक्ष सुनील पांडेय, महामंत्री अशोक केसरवानी, मुजफ्फरनगर से प्रदेश उपाध्यक्ष फल कुमार पंवार, जिलाध्यक्ष डॉक्टर एम ए तोमर, वाराणसी से अजीत नारायण सिंह,प्रयागराज से राजीव रंजन मिश्रा, लखनऊ से हेमंत, प्रमोद कुमार, बाराबंकी से दिलीप श्रीवास्तव, गाजियाबाद से महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष सुनीता उपाध्याय सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



## डीएम-एसपी ने किया हैंडबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ के समन्वय से डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम अमेठी में प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालक हैंडबॉल प्रतियोगिता 2024 का आयोजन किया जा रहा है।बुधवार को जिलाधिकारी निशा अनंत और पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इसके उपरांत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा की। इस अवसर पर डीएम व एसपी ने आए हुए खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनका उत्साह वर्धन किया। डीएम ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी टीम भावना से खेले पूरी मेहनत और लगन के साथ हैंडबॉल प्रतियोगिता में अपने कौशल का प्रदर्शन करें। उन्होंने कहा कि खेल के साथ-साथ पढ़ाई भी जरूरी है आप लोग पढ़ाई पर भी ध्यान दें उसमें भी कड़ी मेहनत करें। इस अवसर पर डीएम ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। उप क्रीड़ाधिकारी मुशर्रफ़ खां ने बताया कि प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालक हैंडबॉल प्रतियोगिता 2024 का आयोजन डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में किया जा रहा है यह प्रतियोगिता 6 से 9 नवंबर 2024 तक आयोजित की जाएगी इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 16 मंडल के खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रतियोगिता का समापन 9 नवंबर 2024 को किया जाएगा जिसमें विजेता टीम को पुरस्कार वितरण के कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# डीएम व एसपी ने पडरौना व रामकोला स्थित पोखरा छठ घाट का किया निरीक्षण


रामकोला घाट का जायजा लेते डीएम व एसपी

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने संयुक्त रूप से छठ पूजा की तैयारियों के मद्देनजर पडरौना नगर के छावनी मोहल्ला स्थित शिवम पोखरा छठ घाट एवं रामकोला कस्बा स्थित बाईपास रोड पोखरा छठ घाट का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने छठ पूजा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से मनाने के संबन्ध में मौके पर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि छठ पूजा स्थलों एवं घाटों पर प्रशासन द्वारा विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि छठ पूजा के दृष्टिगत जनपद, तहसील, ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को मजिस्ट्रेट के रुप में तैनात किया गया है तथा ईओ, बीडीओ का दायित्व निर्धारित करते हुए निर्देशित किया गया है कि पूजा स्थल, घाटों पर प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, तालाब, बैरिकेडिंग, नदी घाटों के निकट गोताखोर आदि बुनियादी सुविधाओ व अन्य समुचित व्यवस्था की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने छठ पूजा स्थल का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत आवश्यक दिशा निर्देश सभी संबंधित को दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि छठ पूजा स्थलों पर पर्याप्त मात्रा में लाइटें, गहरे पानी से बचाव हेतु बैरिकेडिंग, पार्किंग व्यवस्था सहित होने वाले भीड़ के दृष्टिगत सभी व्यवस्थाएं पूर्ण किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

इस अवसर पर मौके पर कार्यरत कर्मियों से भी वार्ता कर स्थिति की जानकारी ली गई। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने निरीक्षण के दौरान छठ पूजा स्थलों पर कड़े सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम करने के निर्देश देते हुए कहा कि छठ पूजा स्थलों की सतत निगरानी की जाएगी। छठ घाटों पर एवं उसके नजदीक एवं आवश्यकतानुसार तिराहा, चौक चौराहों पर पुलिस कर्मियों की तैनाती करने व ट्रैफिक की व्यवस्था हेतु पूर्व से ही सभी तैयारियां पूर्ण कर लिए जाने का निर्देश दिए गए।

**छठ घाट पर हो रहे साफ सफाई व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं की ली जानकारी**

**भीड़ के मद्देनजर सभी व्यवस्थाएं सुलभ कराने का दिया निर्देश**

## लक्ष्मीपुर छठ घाट का प्रधान ने लिया जायजा, दी बधाई


लक्ष्मीपुर छठ घाट का जायजा लेते प्रधान अकमल

**मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खंड मोतीचक के ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर में छठ घाट का प्रधान अकमल हुसैन ने बुधवार को तैयारियों का जायजा लिया। बता दें कि छठ घाट पर प्रधान द्वारा साफ सफाई, वेदियों की रंगाई, पानी की शुद्धता, रंग बिरंगे गुब्बारे, सजावट व जलपान का व्यवस्था कराया जाता है। छठ घाट पर पहुंचकर उन्होंने तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि छठ पर्व को लेकर हर वर्ष श्रद्धालुओं में आस्था बढ़ती जा रही है। इसके साथ ही छठ घाटों पर वेदियों की संख्या भी बढ़ रही है। महिलाओं की सुविधा के लिए घाट को बिजली के रंग-बिरंगे झालरों से सजाया जा रहा है। पथ प्रकाश की व्यवस्था की गई है।

# नाबालिग लड़की पर ज्वलनशील पदार्थ फेंकने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

अवधनामा ब्यूरो



**दोनों आरोपियों को मीडिया के समक्ष पेश करते एसपी संतोष कुमार मिश्र**

**कुशीनगर।** हनुमानगंज थाना क्षेत्र के एक किशोरी पर ज्वलनशील पदार्थ फेंकने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया। मेडिकल कॉलेज में किशोरी के मेडिकोलीगल में केमिकल बर्न की पुष्टि भी हुई है। बुधवार को घटना का खुलासा करते हुए एसपी संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि हनुमानगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 16 वर्षीय किशोरी सोमवार की देर रात अपने घर के बरामदे में झाड़ू लगा रही थी। इसी दौरान बाइक से दो मनचले पहुंचे और किशोरी के ऊपर ज्वलनशील पदार्थ फेंक भाग निकले। ज्वलनशील पदार्थ शरीर पर पड़ते ही किशोरी अचेत होकर गिर गई। किशोरी को गिरता देख उसके दादा ने शोर मचाया। शोर सुनकर पड़ोसी पहुंचे और निजी साधन से किशोरी को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां मंगलवार की भोर में किशोरी होश में आई। किशोरी के पिता के मुताबिक दो मनचले अचानक दरवाजे पर आए और दूर से ही बेटी के ऊपर ज्वलनशील पदार्थ फेंककर भाग निकले। इस संबंध में पुलिस की दर्ज कर 24 घंटे के अंदर दो आरोपियों मुकेश राजभर पुत्र शम्भू राजभर व सूरज राजभर पुत्र नन्द लाल राजभर निवासीगण केरवनिया थाना नेबुआ नौरंगिया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

**एक तरफा प्यार में घटना को दिया अंजाम–** पूछताछ में अभियुक्त मुकेश द्वारा बताया गया कि लड़की को एक तरफा पसंद करता था तथा उससे बातचीत करना चाहता था। जिसमें सफल न हो पाने पर घटना के दिन घास में डालने वाले केमिकल में पानी मिलाकर कोल्ड ड्रिंक के बोतल में भरकर अपने साथी सूरज के साथ मिलकर मोटरसाईकिल से लड़की के घर जाकर डराने के उद्देश्य से उसके ऊपर फेंक दिया।

## कनखोरिया हत्याकांड में बाप-बेटा को जेल

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** कसया थाना क्षेत्र के कनखोरिया में बीते सोमवार की रात छेड़खानी के मामले में एक व्यक्ति को चाकू से घोंपकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बुधवार को घटना का खुलासा करता हुए एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि कसया थाना क्षेत्र के कनखोरिया गांव में एक युवती पर छींटाकसी व छेड़खानी के मामले में विवाद हो गया था। इस दौरान एक पक्ष के व्यक्ति को चाकू से घोंपकर हत्या कर दिया गया था। पुलिस इस मामले में केस दर्ज कर दो अभियुक्तों सत्यम तिवारी पुत्र आनन्द प्रकाश तिवारी व आनन्द प्रकाश तिवारी पुत्र विन्ध्यवासिनी तिवारी निवासी कनखोरिया थाना कसया जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि घटना के दिन मृतक सतीश यादव से हम लोगों का वाद विवाद व कहासुनी हुई थी उसके उपरान्त पुनः हम लोगों का विवाद सतीश से हो गया और चाकू से यह घटना को अंजाम दिया गया।

## आधा दर्जन सड़कों का विधायक पीएन पाठक ने का किया लोकार्पण

अवधनामा संवाददाता


सड़कों का लोकार्पण करते विधायक पाठक

**कसया कुशीनगर।** कुशीनगर विधायक पी एन पाठक ने बुधवार को अपने विधायक निधि से निर्मित आधा दर्जन सड़कों का लोकार्पण पूरे विधि-विधान पूर्वक किया। इस मौके पर कहा कि क्षेत्र का विकास कराना सर्वोच्च प्राथमिकता में है तथा केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा भी विकास कार्य किए जा रहे है।

कुबेरनाथ शिव मन्दिर परिसर में 19 लाख की लागत से हुई इंटरलॉकिंग कार्य का लोकार्पण करते हुए उन्होने बताया कि क्षेत्र के मंदिरों का विकास मेरे प्राथमिकता में है। इसके साथ ही उनके द्वारा हरैया में 8 लाख की लागत से इंटरलॉकिंग लोकार्पण भी किया गया। उन्होंने कहा कि कुशीनगर विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया जाएगा कोई ऐसा गांव अछूता नहीं रहेगा जहां पक्की सड़क न हो पूरे प्रदेश में कुशीनगर विधानसभा एक किर्तिमान स्थापित करेगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष बच्चा सिंह, विधायक प्रतिनिधि रुद्र प्रकाश सिंह, महंथ राज कुमार गिरी, गोलू सिंह, जनार्दन मिश्रा, नीतीश यादव, राजकुमार शर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

**विधान सभा क्षेत्र में सड़कों का बिछ रहा जाल: पाठक**

## वाहनों में रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप का करें प्रयोग

**अमेठी।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी सर्वेश कुमार सिंह ने बताया कि शीत ऋतु में घने कोहरे से होने वाली दुर्घटनाओं में कमी लाने के दृष्टिगत 05 नवम्बर 2024 को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि बैठक में जिलाधिकारी ने ट्रैक्टर व अन्य व्यावसायिक वाहनों में रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप लगाये जाने के साथ ही स्कूली वाहनों तथा सड़क के किनारे खड़े व्यावसायिक वाहनों में रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा एसआई गौरीगंज को एसीसी टिकरिया एवं गौरीगंज के मुख्य चौराहों पर चेकिंग हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान लोक निर्माण विभाग स्वास्थ्य विभाग परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ जनपद के अन्य विभागों के विभागाध्यक्ष बैठक में उपस्थित रहे।

# परिवहन विभाग के निजीकरण का फैसला अपनी जेबों को भरने का बहाना : यासर शाह

**सात वर्षों से क्यों नहीं की गई परिवहन विभाग में नई भर्तियां**

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जनपद के सपा नेता पूर्व कैबिनेट मंत्री यासर शाह ने भारतीय जनता पार्टी पर फिर से निशाना साधते हुए परिवहन विभाग के निजी करण को सरकार की विफलता बताते हुए कहा कि उनके कार्यकाल के समय सपा सरकार में ये विभाग फायदे में आ गया था सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सरकार को आड़े हाथों लेते हुए लिखा है कि जिस विभाग को आज संसाधन अपूर्ण होने का बहाना बना कर उसे निजी हाथों में सौंपा जा रहा है वही परिवहन विभाग वर्ष 2015-16 में आर्थिक घाटा समाप्त कर संचालनात्मक व्ययों से अधिक कमाई कर फायदे में आ चुका था।

ड्राइवर कंडक्टर का संविदा पर होना अलग बात है लेकिन तकनीकी स्टाफ अगर निजी संस्था का होगा तो मुनाफा कमाने के लिए परिवहन निगम की बसों का रखरखाव सही नहीं हो सकता है और आने वाले समय में उनकी स्थिति बद से बदतर होती चली जाएगी। अगर तकनीकी कर्मचारियों की कमी ही निजीकरण का कारण है तो पिछले सात सालों में कोई नई भर्ती क्यों नहीं निकाली गई?

भले आज भाजपा के समर्थक इस फैसले का विरोध ना करें लेकिन ये सत्य उन्हें सुनना ही पड़ेगा के आरक्षण प्रणाली अप्रत्यक्ष रूप से समाप्त करने और अपनी जेबें भरने का बहाना है परिवहन विभाग के निजीकरण का फैसला।

### लगातार घाटा दिखाकर बनाया गया निजीकरण जाने का प्लान

**आरक्षण का लाभ समाप्त करने का खेला जा रहा है खेल**

सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर यासर ने लिखा कि मैं बहुत पहले से कह रहा हूँ के परिवहन विभाग को पूर्णतः निजी हाथों में सौंपने की तैयारी है इसी लिए लगातार घाटा दिखाया जाता है और बसों और वर्कशॉप के रखरखाव को नज़र अंदाज़ किया जाता है। सच ये है के श्चक्कस्त्रञ्जष्ट।क्तवो बेहतरीन विभाग है जिसका उत्तर प्रदेश के किसी विभाग से कोई मुक़ाबला नहीं है। अगर कोई सही नियत से इस विभाग को चलाये तो ना सिर्फ़ ये जनता के काम आयेगा बल्कि वॉल्वो स्कैनिया की टक्कर की बसें ये स्वयं बना सकता है। उत्तर प्रदेश या यूँ कहें की सारे देश में सरकारी विभागों को सिर्फ़ धन्ना सेठों और व्यवसायियों को फ़ायदा पहुँचाने के लिए बर्बाद किया जा रहा है और एक बहुत बड़ा षड्यंत्र है और वो है आरक्षण पर चोट पहुंचाना। अब आरक्षण तो ख़त्म नहीं कर सकते लेकिन आरक्षण का लाभ समाप्त करने का खेल है ये सारा।

# लाखों रूपये वसूलने के बाद भी ड़ेंगू मरीज के हालात में नहीं हुआ सुधार

अवधनामा संवाददाता




**सुल्तानपुर।** मामला कोतवाली नगर के पयागीपुर इलाके में स्थित बायोनिका हॉस्पिटल का है।अभी पिछले वर्ष इस हॉस्पिटल की ओपनिंग जब हुई तो लगा कि गरीब,निर्धन मरीजो का वेस्ट इलाज कम पैसे पर होगा। इस हॉस्पिटल में डॉ चन्द्र शेखर पांडेय मुख्य रुप से इलाज करते है। या यूं कहें कि ये ही इस अस्पताल के मुखिया हैं। हद तो तब हो जाती है की मरीज चाहे ठीक हो या ना हो मोटी रकम हर हाल में वसूल लेते है। बानगी के तौर पर थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के मिश्र पुर निवासी डॉ प्रभाकर पांडेय के बेटे सुधाकर पांडे 20 वर्षीय को उनके परिजनों ने बायोनिका हॉस्पिटल में 29 अक्टूबर को भर्ती कराया। डेंगू के साथ ही प्लेटलेट्स 175000 थी दूसरे दिन 125000 हो गई,अंत मे प्लेटलेट्स घटकर 92 हजार हो गई। जब मरीज के दादा ने सुधार न होने की जानकारी चाही तो डॉक्टर व कर्मी बताने के बजाय दुर्व्यवहार पर उतारू हो गए।तब मजबूरन मरिज को 2 नवंबर को डिस्चार्ज कराते समय फिलहाल मरीज को अन्यत्र अस्पताल में भर्ती कराया गया। सीनियर चिकित्सको का कहना है कि शुरुआती दौर मरीज का सही इलाज नही हुआ। जिसके चलते मरीज सीरियस होते होते प्लाज्मा चढ़ने की नौबत आ गई हैं। परिजनों का आरोप है मरीज तो स्वस्थ नही हुआ लेकिन इलाज के एवज में करीब 50-60 हजार रु प्राइवेट अस्पताल बायोनिका के जिम्मेदारों ने ले लिए है। जब डिस्चार्ज के समय रसीद मांगी गई तो शेष रसीदे नही दी गई। ऐसे में इस तरह इलाज के नाम पर जिले में दर्जन भर अस्पतालों द्वारा की जा रही लूट की शिकायत तीमारदार ने सीएमओ, डीएम, स्वास्थ मंत्री से की है।

## संक्षिप्त समाचार

### जोगीबीर में बांका लेकर विशेष वर्ग युवकों ने मचाया तांडव, दो सगे भाई हुए घायल



**सुल्तानपुर।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के जोगीबीर के निकट विशेष वर्ग के युवकों ने दो सगे भाई लल्लन व संतोष पर हमला कर दिया। हमले में ट्रक चालक लल्लन (36) और उसका बड़ा भाई संतोष (38) घायल हो गया। सूचना पर 112की दो गाडियाँ मौके पर पहुँची तब तक पड़ोस के रहने वाले हमलावर सलमान, रुक्सार, कौसर मुख्तार भाग निकले। दोनों चोटहिल भाइयों को पुलिस ने जिला अस्पताल भर्ती कराया।घायलों के परिजनों ने बताया कि एक लड़की वहीं एक लड़के से बात कर रही थी, रात्रि के पहर में आपत्ति जताते हुए लल्लन ने दोनों को वहां से हट जाने को कहा जिसके थोड़ी देर बाद लड़की पक्ष से आधा दर्जन बदमाश बाँका लेकर पहुँचे और अचानक से हमला कर दिया। बताया गया कि हमला चोटहिलों के दरवाजे पर हुआ।

### इन्टरलॉकिंग रोड का लोकार्पण



**सुलतानपुर, दूबेपुर।** विकास खंड क्षेत्र के बंधुआ कला स्थित बाबा जी का सगरा पर बुधवार को इंटरलॉकिंग रोड का लोकार्पण किया गया। 200 मीटर इस सड़क को कुल नौ लाख 98 हजार रुपए की लागत से बनाया गया है।मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने जर्जर हो चुकी इस सड़क को बनाने के लिए ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अखिलेश प्रताप सिंह उर्फ डिम्पल का आभार व्यक्त किया। इस दौरान वे खुद फीता काटकर शिलान्यास करने पहुंचे थे। इस मौके पर बंधुआ कला प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद अकरम, हरखी दौलतपुर प्रधान प्रदीप अग्रहरि, बीडीसी मोहम्मद कलीम, गणेश मिश्र, रेखा देवी, मोहम्मद असलम, गंगाराम पांडे, देवानंद मिश्र, जमीर अली, डब्लू, आदि मौजूद रहे।

### अंधा बांटे रेवड़ी, घर वाले ही खाय



**सुल्तानपुर।** डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिका के राष्ट्रपति का चुनाव जीतने पर नॉर्मल कंपाउंड स्थित दीपाली क्लीनिक में तीन चिकित्सकों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस आशा के साथ की भारत के साथ अमेरिका के संबंध अच्छे रहेंगे। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉक्टर रामजी गुप्ता ने कहा कि आज हम लोग ट्रंप के दुबारा राष्ट्रपति बनने पर नॉर्मल कंपाउंड में डॉ पीके पांडे के संयोजन में मिष्ठान खा रहे हैं। साथ ही साथ भारत के साथ अमेरिका का संबंध आने वाले समय में अच्छा रहेगा, यही हम उम्मीद करते है। डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के 47 वे राष्ट्रपति होंगे। एक बार फिर चुनाव जीत कर उन्होंने इतिहास रच दिया है। वही कमला हैरिस के पहली महिला राष्ट्रपति बनने की उम्मीद खत्म हो गई है। आज तक अमेरिका में कोई महिला राष्ट्रपति नहीं बनी है। प्रमुख रूप से उक्त अवसर पर वरिष्ठ डॉक्टर कुलदीप पांडे, डॉक्टर रामजी गुप्ता तथा अमित सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

### चैतन्य टेक्नो स्कूल के छात्र गणित सूत्रों में बनाएंगे विश्व में नया रिकॉर्ड




**टूंडला।** चैतन्य टेक्नो स्कूल, फिरोजाबाद के छात्र गणित के क्षेत्र में विश्व रिकॉर्ड बनाने जा रहे हैं। ये छात्र गणित के विभिन्न सूत्रों को आत्मसात करके यह उपलब्धि हासिल करेंगे। इस दौरान स्कूल की प्रधानाचार्य शिवा नागरानी ने बताया कि छात्रों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है, और वे इस चुनौती के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। छात्रों ने अपनी मेहनत और प्रतिभा से यह मुकाम हासिल करने के लिए कठिन परिश्रम किया है। विश्व रिकॉर्ड की घोषणा की जाएगी। स्कूल और छात्रों को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक शुभकामनाएं। स्कूल के एक्जिक्यूटिव एजीएम विक्रम रेड्डी ने कहा कि हमें अपने छात्रों पर गर्व है। उनकी इस उपलब्धि से हमारा स्कूल और शहर भी गौरवान्वित होगा। छात्रों के परिजनों ने भी अपने बच्चों की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया है। विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले छात्रों में वाणी नरूला आहान शिव हरे, है। आगे की योजना विद्यालय के एजीएम वामसी ने बताया कि विश्व रिकॉर्ड बनाने के बाद छात्रों को आगे भी प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्हें और भी उच्च शिक्षा और प्रशिक्षण देने की योजना है।

### 5 किग्रा0 प्रति यूनिट राशन का होगा निःशुल्क वितरण

**फिरोजाबाद।** जिला पूर्ति अधिकारी ने सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग उ.प्र.के अन्तर्गत अवगत कराया गया है कि माह नवम्बर, 2024 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत आवंटित खाद्यान्न पर अन्त्योदय गेहूँ 17 किग्रा. व चावल 18 किग्रा. (कुल 35 किग्रा.) प्रति कार्ड तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को उनके कार्ड से सम्बद्ध प्रत्येक यूनिट पर 2.50 किग्रा. गेहूं व 2.50 किग्रा. चावल (कुल 05 किग्रा. प्रति यूनिट) वितरण किया जायेगा। निर्धारित वितरण तिथि दिनांक 7.11.2024 से 25.11.2024 तक निःशुल्क वितरण किया जायेगा। उक्त वितरण नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में सुनिश्चित कराया जायेगा। दिनांक 25.11.2024 को मोबाइल ओ.टी.पी. के माध्यम से आधार ऑथेन्टिकेशन से खाद्यान्न प्राप्त न कर पाने वाले उपभोक्ताओं को वितरण सम्पन्न किया जा सकेगा। वितरण कार्य निश्चित समयानुसार सुनिश्चित किया जायेगा। जिससे कोई भी पात्र लाभार्थी खाद्यान्न प्राप्त करने से वंचित न रहे। अतः समस्त कार्डधारकों / उपभोक्ताओं से अपील है कि वह शासन द्वारा निर्धारित वितरण तिथि पर अपना खाद्यान्न निःशुल्क उचित दर विक्रेताओं से नियमानुसार प्राप्त करें एवं वितरित फोर्टिफाइड चावल का अधिक से अधिक स्वयं प्रयोग करते हुये अपने सह सम्बन्धियों को भी प्रयोग करने हेतु जागरूक करें।

# कतर्नियाघाट में पर्यटन सत्र की हुई शुरुआत वन मंत्री अरुण कुमार सक्सेना ने किया उद्घाटन

**मंगलवार की भी खुला रहेगा कतर्नियाघाट**

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जनपद बहराइच में कतर्नियाघाट ईको पर्यटन सत्र का शुभारंभ बुधवार को भव्य तरीके से किया गया। सत्र की शुरुआत बुधवार छह नवम्बर को मुख्य अतिथि अरुण कुमार सक्सेना मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन पर्यावरण एंव जलवायु परिवर्तन विभाग के हाथों से शुभारंभ के साथ हुआ। बतादें कि इस बार पर्यटन सत्र का मुख्य उद्घाटन कार्यक्रम कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के कतर्नियाघाट रेंज में रखा गया जिसमें बुधवार को दोपहर 2 बजे कतर्नियाघाट के नेचर इंटर प्रटेशन सेंटर (घड़ियाल सेंटर) पर भव्य तैयारियों के बीच वन विभाग, वन निगम, डब्ल्यू डब्ल्यू एफ, गजमित्र (न्यूज़), बाघमित्र की टीम व स्थानीय ग्रामीणों की मौजूदगी में वन मंत्री द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में की शुरुआत वन मंत्री व विधायक ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मंत्री सक्सेना ने पर्यटन मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए पर्यटन को बढ़ावा देने व पर्यटन के क्षेत्र में सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों व उपलब्धियों को बताया गया। एफडी ने नेचर प्रटेशन सेंटर में मौजूद लोगों को प्रोजेक्टर पर जंगल व पर्यटन पर बनी वीडियो शॉर्ट फिल्म दिखाते हुए लोगों के इस पर्यटन सत्र की व्यवस्थाएं और विशेषताएं बताया। जिसके बाद उद्घाटन के दौरान मंत्री सक्सेना ने विधायक व वन विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ जिनान जिप्सी से जंगल सफारी व बोटिंग कर पर्यटन सत्र की तैयारियों का जायजा लिया। पर्यटन प्रभारी वन दरोगा मयंक पांडे ने बताया कि पर्यटक सत्र के पहले दिन से ही कतर्नियाघाट व निशानगाड़ा रेंज के घने जंगलों में जंगल सफारी कर जंगल की सुंदरता का दीदार कर सकेंगे साथ ही गेरुआ नदी में बोटिंग का आनंद ले सकेंगे।

इस अवसर पर सुधीर शर्मा प्रधान मुख्य वन संरक्षक, मनोज सिंह अपर मुख्य सचिव, संजय श्रीवास्तव प्रधान मुख्य वन संरक्षक, पीपी सिंह सीएसएफ, अदिति शर्मा सीएसएफ, विधायक सरोज सोनकर, राजेश गुप्ता मंडल अध्यक्ष, प्रीतम निषाद प्रधान प्रतिनिधि, इकरार अंसारी प्रधान, घूरे प्रसाद मौर्य, प्रमोद आर्य, मुकेश चन्द्रा मुख्य विकास अधिकारी, अरुण कुमार, एसडीओ वन विभाग संतोष कुमार, डीएलएम वन निगम नारायण सिंह गुप्ताल, रेंजर कतर्नियाघाट आशीष गौड़, वन दरोगा मयंक पांडे, रेंजर मुर्तिहा रतनेश कुमार, पंजाब सिंह आदि मौजूद रहे।

# मां धनपती देवी स्मृति कहानी प्रतियोगिता का परिणाम घोषित

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** मां धनपती देवी स्मृति कथा साहित्य सम्मान 2024 हेतु आयोजित अखिल भारतीय हिन्दी कहानी प्रतियोगिता का परिणाम घोषित कर दिया गया है।सौ से अधिक आई कहानियों का मूल्यांकन दो चरणों में कराया गया।जिसमें रीवा मध्यप्रदेश के रमेश कुमार रिपु की कहानी चुभन तथा नोयडा की शोभना श्याम की कहानी स्टूल, छतरी और दर्द की गोली कहानी को प्रथम स्थान मिला। किरदार जिंदा है कहानी लता अग्रवाल, भोपाल तथा डस्टबिन कहानी वंदना पाण्डेय कानपुर को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है।कुसुम रानी नैथानी, देहरादून की कहानी अपनों की कैद को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। इसके अतिरिक्त खसुआ कुशलेंद्र श्रीवास्तव, नरसिंह पुर, शिकार पूनम मनु, मेरठ कैंट तथा लालची औरत अशोक व्यास,भोपाल को प्रोत्साहन सम्मान हेतु चुना गया है।

परिणाम की घोषणा करते हुए प्रतियोगिता के आयोजक डॉ शोभनाथ शुक्ल ने बताया कि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच चयनित ये कहानियाँ निःसंदेह अपनी खूबियों के कारण पाठकों को प्रभावित करने में समर्थ है। इस बार समान अंक पाने के कारण प्रथम और द्वितीय स्थान पर दो-दो कहानीकारों का चयन हुआ है।

इस प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल के सदस्य वरिष्ठ आलोचक डा. विनय दास बाराबंकी, कहानीकार अखिलेश श्रीवास्तव चमन लखनऊ,रायगढ़ के कहानीकार डा. रमेश शर्मा और कथाकार दिनेश प्रताप सिंह चित्रेश सुलतानपुर रहे।यह चौदहवां आयोजन है।इस प्रतियोगिता का आयोजन 2011 से निरन्तर किया जा रहा है। सभी चयनित कथाकारों को 20 दिसम्बर 2024 को सुल्तानपुर में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया जायेगा।

### थारू हस्तशिल्प उत्पादों की प्रदर्शनी रही आकर्षण का केंद्र

**बहराइच।** पर्यटन सत्र के उद्घाटन के मौके पर प्रधानमंत्री वन धन योजना के अंतर्गत कतर्नियाघाट के नेचर इंटर प्रटेशन सेंटर पर जनजाति महिलाओं द्वारा वन निगम के सहयोग से थारू हस्तशिल्प उत्पाद प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें थारू कल्चर के तहत पेड़ पौधों से बने स्वदेशी उत्पादों का स्टॉल लगाया गया जसमें दो दर्जन से अधिक उत्पादों को बिक्री के लिए लगया गया जिसमें पिटरिया, गमला, टोकरी, चप्पल, पर्स, पावदान, टोपी आदि बिक्री हेतु लगाया गया। उद्घाटन के दिन पहले ग्राहक गिरीजापुरी शारदा सहायक परियोजना इंटर कॉलेज के शिक्षक पुनीत गुप्ता रहे जिन्होंने एक टोपी 300 रुपए में खरीदी इस दौरान वह काफी खुश नजर आए उन्होंने कहा कि लोगों को स्वदेशी और हस्तशिल्प चीजों को खरीद कर जनजाति लोगों का हौसला बढ़ाना चाहिए। प्रदर्शनी स्टाफ की मुख्य कार्यकर्ता निर्मला ने बताया कि पर्यटन सत्र के सभी दिनों बिक्री के लिए ये सब उत्पाद यहां कतर्नियाघाट में केविन में मौजूद रहेगा पर्यटक इसकी खरीददारी उचित मूल्य पर कर सकते हैं। इस दौरान स्टाफ में उनके साथ गायत्री, जया, सुनीता आदि मौजूद रही।

# अपर जिलाधिकारी ने अनुपस्थिति पर मांगा स्पष्टीकरण

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** अपर जिलाधिकारी ने कलेक्टेउट्र सभागार में आयोजित की गयी बैठक में अपर नगर आयुक्त के अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों को स्पष्टीकरण के निर्देश दिए तथा औद्योगिक पार्क ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्थापित किए जाने की भी बात कही।

अपर जिलाधिकारी विशु राजा की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में आयोजित की गई, इस बैठक में जिले के समस्त उद्योगपतियों के साथ-साथ कतिपय अधिकारियों ने भी अपनी भागीदारी की, इस बैठक में सर्वप्रथम उन प्रस्तावों पर परिचर्चा की गई, जिनका निर्णय गत बैठकों में लिया गया था, इस बैठक में उद्योगपतियों ने विद्युत की समस्या को प्रमुखता से उठाया, उन्होंने कहा कि माननीय न्यायालय का निर्णय भी है की औद्योगिक क्षेत्र में निर्वाध विद्युत आपूर्ति की जाए, परंतु इस मानक का परिपालन जिले में नहीं किया जा रहा है, जिस पर एक्स इ एन विद्युत ने बताया कि इस स्थिति को शीघ्र ठीक कर लिया जाएगा, उद्योगपतियों ने इस बैठक के दौरान अतिक्रमण की समस्या को भी उठाया जिस पर अपर जिलाधिकारी ने कहा कि एक विस्तृत अभियान चलाकर शीघ्र ही इस समस्या को दूर किया जाएगा, बैठक में उद्योगपतियों को अवगत कराया गया कि मीरा चौराहे से लालऊ रोड पर लगीं लाइटों को सही कर लिया गया है परंतु उपस्थित उद्योगपति इस जवाब से संतुष्ट नहीं थे उन्होंने कहा कि अभी लाइटे पूरी तरीके से सही नहीं कराई गई हैं, अपर नगर आयुक्त के अनुपस्थित रहने पर उनको स्पष्टीकरण जारी करने के आदेश दिए, अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जसराना जैसे क्षेत्र में भी औद्योगिक आस्थान विकसित किए जाएं, उद्योगपतियों ने कहां की जनपद में हजारों की संख्या में ई रिक्शा, जुगाड़ रेडी का संचालन बिना ड्राइविंग लाइसेंस के हो रहा है, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है, अतः अपंजीकृत वाहनों तथा उनके चालको के विरुद्ध कठोर विधिक कार्यवाही की जाए, अपर जिलाधिकारी ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन को निर्देशित करते हुए कहा कि इस पर त्वरित कार्रवाई की जाए, जिससे इस समस्या से निजात पाया जा सके। बैठक के अंत में अपर जिलाधिकारी ने कहा कि आधारभूत संरचना संबंधित जो भी कमजोरि याँ है, उनको दुरुस्त किया जाए, सड़कें दुरुस्त की जाए, साथ ही साथ औद्योगिक पार्क ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्थापित की जाएं, बैठक के दौरान नगर मजिस्ट्रेट राजेंद्र कुमार सिंह, अग्निशमन अधिकारी, उपयुक्त उद्योग दुष्यंत कुमार, यू पी सी डा के आर एम सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुनरीक्षण 28 नवम्बर तक

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) व उप जिला निर्वाचन अधिकारी विशु राजा ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01.01.2025 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 29 अक्टूबर, 2024 से 28 नवम्बर, 2024 तक कराया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत विशेष अभियान तिथियां यथा 09.11.2024 (शनिवार), 10.11.2024 (रविवार), 23.11.2024 (शनिवार), एवं 24.11..2024 (रविवार), को सभी मतदान केन्द्रों/स्थलों पर दावे/आपत्तियाँ प्राप्त करने के लिए विशेष अभियान आयोजित कराया जायेगा। उक्त विशेष अभियान तिथियां को सभी मतदान केन्द्रों / स्थलों पर तैनात पदाभिहित अधिकारी प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक उपस्थित रहेंगे। उक्त अवधि के दौरान अर्ह नागरिकों के नाम सम्मिलित (नये युवा मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जुड़वाने हेतु), अपमार्जन (मृतक मतदाता / डबल मतदाता / बाहर चले गये मतदाता के नाम), संशोधन आदि कराने हेतु फार्मो का निम्नानुसार प्रयोग किया जायेगा। नये मतदाताओं के लिए आवेदन पत्र-विद्यमान निर्वाचक नामावली में सम्मिलित नाम को हटाने के प्रस्ताव के आपेक्ष हेतु मतदाता आवेदन पत्र। विद्यमान निर्वाचक नामावली/ईपीआईसी प्रतिस्थापन / दिव्यांगजन चिन्हांकित करने संबंधी प्रविष्टियों का सुधार / निवास स्थानान्तरण हेतु मतदाता आवेदन पत्र। उपरोक्त आवेदन पत्र बी0एल0ओ0 के माध्यम से या संबंधित तहसील (95-टूण्डला (अ0जा0)/96-जसराना / 97-फिरोजाबाद/98-शिकोहाबाद एवं 99-सिरसागंज विधानसभा क्षेत्र) एवं जिला निर्वाचन कार्यालय फिरोजाबाद में जमा किये जा सकते है।

# यातायात अभियान के दौरान दो वांछित दबोचे गये

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 620/2024 धारा 109(1)/115(2)/352/351(2)/324(4)/309(6) बीएनएस में वांछित 02 अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी टूण्डला के कुशल नेतृत्व में टूण्डला पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति वाहन व चैकिंग के दौरान दीपा चौराहा को जाने वाले रोड पर रेलवे फाटक थाना क्षेत्र टूण्डला जनपद फिरोजाबाद से 06/11/2024 को मु0अ0सं0 620/2024 धारा109(1)/115(2)/352/351(2)/324(4)/309(6) बीएनएस से सम्बन्धित दो वांछित अभियुक्तगण शिवजीत उर्फ शिवाजीत पुत्र श्रीनाथ, रविन्द्र कुमार पुत्र श्रीनाथ निवासीगण देवी नगर लाइनपार थाना टूण्डला जिला फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम में प्र0नि0 अन्जीश कुमार, उ0नि0 महेन्द्र सिंह, उ0नि0 सावन कुमार, है0का0 346 दिलीप कुमार, है0का0 672 सुशील कुमार, का0 123 भूपेन्द्र सिंह, का0 572 भवतोष कुमार थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

# मतदान 20 नवम्बर को : अंजीन कुमार सिंह

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** जिला निर्वाचन अधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने राजनैतिक दलों के साथ आयोजित बैठक में बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधान सभा करहल के उप निर्वाचन कि मतदान की तिथि में परिवर्तन किया गया है, अब करहल विधान सभा क्षेत्र में दि. 13 नवम्बर के स्थान पर दि. 20 नवम्बर को मतदान होगा, मतगणना की तिथि पूर्व निर्धारित 23 नवम्बर एवं निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण करने की तिथि 25 नवम्बर ही रहेगी। उन्होंने राजनैतिक दलों के पदाधिकारी से कहा कि प्रचार के दौरान निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करें, ऐसा कोई कृत्य न करें जिससे किसी की भावना को ठेस पहुंचे, मतदाताओं को डराने-धमकाने, प्रलोभन देकर किसी के पक्ष में मताधिकार करने के लिए विवश करने, धार्मिक आधार पर वोट मांगने को आयोग ने प्रतिबंधित किया है, कोई भी राजनैतिक दल, प्रत्याशी बिना अनुमति के प्रचार में वाहनों का प्रयोग न करें, बिना भवन स्वामी की अनुमति के उसके भवन पर प्रचार सामग्री न लगायें, किसी भी सरकारी, अर्द्ध सरकारी भवन, परिसर, विद्युत, टेलीफोन पोल आदि पर किसी भी दशा में प्रचार सामग्री न लगाई जाए। श्री सिंह ने उपस्थित प्रत्याशियों, राजनैतिक दलों के पदाधिकारी से कहा कि दि. 07, 08 एवं 09 नवम्बर को सुदिति ग्लोबल एकैडेमी में मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण के दौरान 02 फैसिलिटेशन सेंटर स्थापित होंगे, जिन पर मतदान प्रक्रिया में ड्यूटी पर लगे कार्मिकों द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया जाएगा। उन्होंने उम्मीदवारों, राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से कहा कि तत्काल अपने-अपने एजेंट तैनात कर रिटर्निंग अधिकारी को सूची उपलब्ध करायें साथ ही नियुक्त अभिकर्ताओं को दि. 07 नवम्बर से 09 नवम्बर तक प्रातः 10 बजे तक फैसिलिटेशन सेंटर सुदिति ग्लोबल एकैडेमी में उपस्थित होने हेतु अपने स्तर से निर्देशित करें। उन्होंने कहा कि मतदान की तिथि संशोधित होने के फलस्वरूप 110-विधानसभा करहल उप निर्वाचन के दृष्टिगत लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा-77 के अंतर्गत प्रत्येक प्रत्याशी को निर्वाचन के दौरान नाम-निर्देशन की तिथि से लेकर परिणाम घोषित होने की तिथि तक किए गए व्यय कौ दैनिक लेखा रजिस्टर में दर्शाते हुऐ उसे व्यय प्रेक्षक के समक्ष प्रस्तुत कर निरीक्षण कराना होगा, इस हेतु दि. 11 एवं 18 नवंबर की तिथियां व्यय लेखा रजिस्टर के परीक्षण हेतु निर्धारित की गई है, समस्त प्रत्याशी निर्धारित तिथियों पर प्रातः 10 बजे कलेक्ट सभागार में स्वयं या अपने निर्वाचन एजेंट के माध्यम से व्यय लेखा परीक्षण हेतु प्रस्तुत करें। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम जी मिश्र, उप जिलाधिकारी करहल, रिटर्निंग अधिकारी नीरज कुमार द्विवेदी, निर्वाचन कार्यालय से अविनाश सक्सैना, अजय अम्बेश, मनीष यादव, के अलावा सर्वसमाज जनता पार्टी के प्रत्याशी सुनील कुमार मिश्रा, निर्दलीय प्रत्याशी सचिन कुमार, सपा से देवेन्द्र सिंह यादव, बी.जे.पी. से करन पाल सिंह चौहान, योगेन्द्र कुमार, अर्जुन सिंह, बहुजन समाज पार्टी से कुलदीप नारायण, सर्वजन सुखाय पार्टी से कौशल किशोर सिंह आदि उपस्थित रहे।

उत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 28.11.2024 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेगे।

| | |
|---|---|
| निविदा सूचना संख्या | 12002024 दिनांक 05.11.2024 |
| कार्य का नाम | सहायक मंडल इंजीनियर प्रतापगढ़ के अधीन सीनियर सेक्शन इंजीनियर जंघई के अनुभाग में रेल और स्लीपरों का आकस्मिक नवीनीकरण ओवरहालिंग डिस्ट्रेसिंग LWR की बॉक्सिंग और प्रोफाइलिंग आदि जैसे वचे हुए कार्य। |
| अनुमानित राशि | Rs. 1,49,56,598.60 |
| धरोहर राशि | Rs. 2,24,800.00 |
| कार्य समापन की अवधि | स्वीकृत पत्र की तिथि से12 माह |
| निविदा डालने का प्रारंभ | 14.11.2024 |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 28.11.2024 15.00 बजे. |
| वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

टिप्पणी: निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 3434/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अवधनामा



# खाद लेने के लिए रात में ही लगी लाईनें, किसानों ने किया हाईवे जाम

अवधनामा संवाददाता



**मौदहा हमीरपुर।** रबी की फसल बुआई का समय निकलने को है लेकिन सरकार किसानों को खाद उपलब्ध नहीं करा पा रही है जिसके चलते खाद आने की सूचना पर रात से ही खरीद केंद्रों के बाहर लम्बी लाईनें लग गई और लोग अपनी बारी का इंतजार करते रहे। वहीं खाद नहीं मिलती देख एक बार फिर से किसानों के सब्र का बांध टूट गया और उन्होंने नेशनल हाईवे जाम करने के साथ ही नारेबाजी शुरू कर दी, सूचना पर पहुंची पुलिस एवं अधिकारियों ने किसानों को समझा बुझाकर जाम खुलवा दिया। बुधवार को सुबह कस्बे के पीसीएफ केंद्र और सहकारी क्रय विक्रय समिति में खाद लेने पहुंचे किसानों की लम्बी लम्बी लाईनें लग गई इतना ही नहीं जहां महिला किसानों ने चूल्हा चौका छोडकर लाईनें लगाई तो वहीं छात्र भी कापी किताबें लिए लाईनों में लगे देखे गए। किसानों को खाद न मिलने पर आक्रोशित किसानों ने पीसीएफ खरीद केंद्र के बाहर नेशनल हाईवे में जाम लगाकर नारेबाजी शुरू कर दी और देखते ही देखते कानपुर सागर हाईवे पर लम्बा जाम लग गया? जिससे अधिकारियों में हड़कंप मच गया।नेशनल हाईवे जाम की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस सहित अन्य अधिकारियों ने किसानों को खाद मिलने का आश्वासन देकर किसी तरह जाम खुलवा दिया। गौरतलब हो कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है बीते दिनों कई बार खाद में गड़बड़ी एवं खाद की किल्लत को लेकर किसान हाईवे जामकर प्रदर्शन कर चुके हैं लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है और पीसीएस केंद्र प्रभारी पर कोई असर नहीं हो रहा है। जो कहीं न कहीं जिम्मेदार अधिकारियों पर भी सवाल खड़ा करता है।जबकि बीते दिनों जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने भी किसानों को टोकन के माध्यम से खाद देने की बात कही थी।लेकिन सुबह से ही केंद्र में अव्यवस्था फैल गई। इतना ही नहीं कुछ किसानों ने आरोप लगाया है कि उन्हें जितनी खाद की जरूरत है उतनी खाद नहीं मिल रही है और जो खाद मिल रही है उसके बाद भी उन्हें ब्लैक से खाद लेना पड़ रही है।

## बिजली विभाग के घोर लापरवाही के कारण करंट लगने से चार गोवंश की मौत

**बाँदा।** यह घटना सदर तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत जमालपुर की है यहां पर 11000 वोल्टेज की हाई पावर लाइन जमीन से छूते हुए निकली हुई है जिसमें आज चार पालतू गोवंशों की मौत हो गई ऐसे घर लापरवाही बिजली विभाग के कर्मचारियों के लाभ मुकदमा लिखकर जेल भेजना चाहिए क्योंकि वर्तमान समय में कोई गोवंश नहीं पलता ह लेकिन कोई गोवंश रखता है तो बिजली विभाग के घोर लापरवाही कारण गोवंशों की मौत हो जाती है ऐसे विभाग के खिलाफ उचित कार्रवाई माननीय मुख्यमंत्री जी करें अगर कार्रवाई नहीं होती है तो बिजली विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। लगातार विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति के द्वारा कई बार जिम्मेदार अधिकारियों का अवगत कराया गया है कि बिजली विभाग के कारण कई बार गोवंशों की मौत हो गई है करंट लगने से लेकिन अभी तक कोई ठोस खत्म नहीं उठाया गया इस विभाग के खिलाफ इसकी पूर्ण रूप से जांच होनी चाहिए जो भी बिजली विभाग का कर्मचारी लापरवाही की है उसे खिलाफ ठोस कार्रवाई हो जिससे दोबारा ऐसी घटना ना हो।

# रसगुल्ला मैन: अनुज का ओएमजी बुक में दर्ज हो चुका है

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** गुलाब जामुन खाना सभी को पसंद है। लेकिन शहर के शांति कॉलोनी में रहने वाले सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर रामसेवक के 29 वर्षीय पुत्र अनुज कुमार का गुलाब जामुन खाने का अंदाज ही अलग है। वह गुलाब जामुन को 20 से 30 फीट ऊपर उछाल कर खाते हैं। करीब 10 साल से अलग अंदाज से गुलाब जामुन खाने की वजह से उनका नाम अजीबोगरीब कारनामा करने वाली किताबों में दर्ज हो गया है। हाल ही में उनका नाम ओएमजी बुक में दर्ज हो चुका है। वह इस उपलब्धि को हासिल करने वाले इटावा के पहले युवा हैं। उनके इस अनूठे अंदाज की वजह से उन्हें लोग रसगुल्ला मैन कहकर बुलाते हैं। वह अपनी इस कला का प्रदर्शन तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के समक्ष लखनऊ में पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के जन्म दिन पर भी कर चुके हैं। इस पर उन्हें पुरस्कृत भी किया गया था। इसके अलावा उन्हें कई शिक्षण संस्थानों में भी अपनी प्रतिभा दिखा चुके हैं व सम्मानित हो चुके हैं। वह इटावा महोत्सव के पंडाल में भी रसगुल्ला उछालकर खा चुके हैं। दिल्ली में उन्हें शोभना सम्मान से भी सम्मानित किया जा चुका है। अनुज कुमार बताते हैं कि उन्हें अपने परिवार खासकर पत्नी रुचि कुमारी का पूरा सहयोग मिलता है। कंधे से कंधा मिलाकर साथ देती आ रही हैं। वह हमेशा हौसला बढ़ाने का कार्य करती आ रही हैं। दो बच्चे भी उनकी इस कामयाबी पर काफी खुश हैं। हाल ही में नेशनल बुक ने भी उनका नाम दर्ज करने की स्वीकृति प्रदान की है। लेकिन उनका सपना है कि उनका नाम गिनीज बुक ऑफ बर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हो। इसके लिए वह प्रयासरत हैं और टीम से संपर्क भी कर चुके हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क दुघर्टना में दो लोग घायल, रेफर



**मौदहा हमीरपुर।** क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल हो गए जिसके बाद दोनों घायलों को लहुलुहान हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल में प्राथमिक इलाज हेतु भर्ती कराया गया जहां दोनों की हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात नेशनल हाईवे में घाटमपुर निवासी पवन 50 वर्ष पुत्र काली चरन सड़क दुर्घटना में घायल हो गया जिसे गंभीर अवस्था में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं दूसरी घटना के अनुसार नेशनल हाईवे में बिलग्राम हरदोई निवासी शहबाज 20 वर्ष पुत्र अखलाक खान के घायल हो जाने पर कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### छठ पूजा की तैयारियो को लेकर डीएम व एसपी ने तपोभूमि सुमेरपुर का किया निरीक्षण



**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना एवं पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा ने संयुक्त रूप से छठ पूजा पर्व को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत सुमेरपुर के तपोभूमि पर स्थित करोड़न घाट का निरीक्षण किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने घाट पर बेहतर साफ सफाई ,मोबाइल टायलेट एवं अच्छे से चूना छिड़काव कराए जाने एवं लाइट/ प्रकाश की व्यवस्था, ठंड से बचाव के दृष्टिगत आग जलाने की व्यवस्था के निर्देश अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सुमेरपुर को दिए। उन्होंने कहा कि छठ पूजा पर्व पर विशेष व्यवस्था रखी जाय, पूजा करने वाले लोगों को किसी तरह की असुविधा न हो इसके लिए सभी तैयारी पूर्ण रखी जाए , नदी/ नाले की और बेहतर ढंग से सफाई कराकर घाट का सुंदरीकरण कराया जाय। कहा कि सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस बल/ पेट्रोलिंग आदि की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सुमेरपुर सहित अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारी मौजूद रहे।

### हादसे में बाल-बाल बचा चालक



**हमीरपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र में लक्ष्मीबाई तिराहे पर बड़ा हादसा होते-होते टल गया। आज दोपहर कबरई से कानपुर जा रहा गिट्टी से भरा एक डंपर अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी कार पर पलट गया। कार चालक नीरज पाल घटना से चंद सेकेंड पहले बाहर निकल गए थे। जिससे वे बाल-बाल बच गए। हालांकि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने डंपर और कार को हटवाया और यातायात को चालू कराया। बताया जा रहा है कि डंपर चालक गलत दिशा से आ रहा था और नियंत्रण खो बैठा। जिससे यह हादसा हुआ। पुलिस ने डंपर चालक को हिरासत में लेकर पुलिस मामले की जांच कर रही है। कार चालक नीरज पाल ने बताया कि वह सजेती थाने के बगरिया गाँव से लौट रहे थे। तिराहे के पास कार खड़ी कर अपने परिचित से मिलने के लिए जैसे ही नीचे उतरे। तभी डंपर कार पर आकर पलट गया।

### सिद्धचक्र महामंडल विधान का अपर मुख्य अधिकारी को दिया गया आमंत्रित पत्रिका



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** शहर से 12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित श्री अजितनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र बल्लभपुर बरही में अष्टान्हिका महापर्व के उपलक्ष्य मे श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान व विश्व शांति महायज्ञ रथ यात्रा महोत्सव 8 नंबर से 16 नंबर तक होने जा रहा है। क्षुल्लिका श्री 105 सुअथेष्ट माता जी का सानिध्य विधानचार्य पं मुकेश कुमार जैन शास्त्री संगीतकार धीरज एंड पार्टी व शास्त्र प्रवचन अनिल जैन कार्यक्रम संचालन दिनेश जैन द्वारा आयोजित किया जायेगा। प्रातःकाल श्रीजी अभिषेक व शांतिधारा पीले वस्त्र धारण कर मुकुट माला पहनकर इंद बनकर की जायेगी घटयात्रा मे महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर सिर पर मंगलकलश लेकर मंदिर निकलकर गाजेबाजे के साथ गांव मे भम्रण कर मंदिर जी पुनःपहुंचेंगे भूमि शुद्धि मंत्रोच्चारण के साथ की गई इसके उपरांत संगीत के साथ विधान प्रारंभ किया जायेगा सायंकाल श्रीजी की महाआरती प्रवचन सांस्कृतिक कार्यक्रम किये जायेंगे। इसी बीच सिद्धचक्र महामंडल विधान कमेटी द्वारा अपर मुरव्य अधिकारी स्वाति जैन को आमंत्रण पत्रिका देकर आमंत्रित किया गया। जिससे प्रभुदयाल जैन पूर्व अध्यक्ष बरही कमेटी महावीर प्रसाद जैन नरेश जैन महेश चंद्र जैन अकित जैन व सकल दिगंबर जैन समाज मौजूद रहेगा।

### छठ महापर्व पर आज डूबते सूर्य को अर्ध देगी महिलाएं



**सोनभद्र/चोपन।** छठ महापर्व पर श्रद्धालु महिलाएं डूबते सूर्य को अर्ध देंगी। देश भर में उत्सव का माहौल है और विशेष रूप से बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड और दिल्ली सहित कई राज्यों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ घाटों पर उमड़ीती है। व्रती महिलाएं पूरे श्रद्धा और आस्था के साथ छठी मईया की पूजा कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करेंगी। महिलाएं विशेष पूजा सामग्री के साथ घाटों पर पहुंचेंगी और डूबते सूर्य को जल का अर्ध्य अर्पित करेंगी। घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हैं वहीं आदर्श नगर पंचायत द्वारा घाटों को आकर्षण तरीके से सजाया गया है और सफाई की विशेष व्यवस्था की गई है छठ घाट पर आने जाने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसका विशेष ध्यान रखा गया है बताते चलें कि छठ पूजा में चार दिनों तक कठिन उपवास और नियमों का पालन किया जाता है। इसे सूर्य देवता और छठी मइया की उपासना का पर्व माना जाता है। महिलाएं सुबह से ही तैयारी में जुटी हैं और शाम को जलाशयों, नदियों और तालाबों के किनारे पहुंचकर इस महापर्व की विधि-विधान से पूजा करेंगी। यह पर्व केवल धार्मिक ही नहीं बल्कि सामाजिक एकता का भी प्रतीक है, जहां लोग मिल-जुलकर इस उत्सव को मनाते हैं।

### श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए चोपन छठ घाट पर पुलिस द्वारा की गई गहन जांच

**सोनभद्र/चोपन।** पुलिस अधीक्षक,अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी के कुशल निर्देशन में वुधवार को चोपन छठ घाट पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एलआईयू की टीम द्वारा पूरे घाट परिसर की गहनता से जांच की गई। छठ पूजा के अवसर पर घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, सभी आवश्यक सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की गई। पुलिस की इस जांच का उद्देश्य घाट पर किसी भी प्रकार की अनहोनी को रोकना और श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है। टीम ने छठ घाट परिसर में विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण कर हर संभावित जोखिम की जांच की। पुलिस प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे प्रशासन का सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत संबंधित अधिकारियों को दें पुलिस प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं ताकि सभी लोग सुरक्षित और शांतिपूर्ण तरीके से छठ पूजा के इस पर्व का आनंद ले सकें।

# डी.बी.ए. व सी.बी.ए. इटावा ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया



अवधनामा ब्यूरो

- जुलूस निकालकर जिंदाबाद, मुर्दाबाद के नारे लगाये

**इटावा।** जनपद न्यायाधीश गाजियाबाद के न्यायालय में असंवैधानिक व बर्बर तरीके से जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार के 29.10.2024 के आदेश से उन्हीं के न्यायालय अधिवक्ताओं के ऊपर लाठी चार्ज के विरोध में बुधवार को डी.बी.ए.व सी.बी.ए.ने संयुक्त रूप से न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया और विशाल जुलूस निकालकर जिंदाबाद, मुर्दाबाद के गगन चुम्बी नारे लगाये। आंदोलनकारी अधिवक्ताओं ने मांग की घायल अधिवक्ताओं को दो-दो लाख रूपये की आर्थिक क्षति तत्काल दी जाये तथा तत्कालीन जज को निलंबित किया जाये।उक्त जानकारी डी.बी.ए.के मीडिया प्रभारी मनोज कुमार दीक्षित ने बताया कि उक्त प्रकरण पर एक ज्ञापन जिला जज इटावा को हड़ताल पर रहने की सूचना दी है। गाजियाबाद प्रकरण पर आंदोलन की अगुवाई थाने वाले डी.वी.ए. अध्यक्ष अनिल कुमार गौर, महामंत्री देवेन्द्र पाल व सी.वी.अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी व महामंत्री अरूण गुप्ता के अलावा अश्वनी सिंह, देवेन्द्र मिश्र कोषाध्यक्ष, अवनीश यादव, मुकेश यादव, कु.साक्षी शर्मा, अनिल यादव, मोहित भदौरिया, अभिषेक वर्मा, अतुल सिंह, पवन मिश्रा, रविन्द्र यादव, सौरभ यादव, अनिल शाक्य, शिवम सेंगर इत्यादि सैकड़ों अधिवक्ता शामिल थे।

## राष्ट्रीय सूचना एवं मानवाधिकार मिशन जिला अध्यक्ष बने शशि प्रकाश



**सोनभद्र।** राष्ट्रीय सूचना एवं मानवाधिकार मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद कुमार मिश्रा द्वारा बुधवार को जनपद सोनभद्र के निवासी शशि प्रकाश मिश्रा को जिले के संगठन के जिला अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि भारतीय संविधान एवं मानव अधिकारों की रक्षा करना एवं भ्रष्टाचार मानवाधिकार आनंद महिला उत्पीड़न बाल श्रम आदि को रोकने के लिए प्रशासन के साथ दे सहित में कार्य करना संगठन का साथ ही अच्छे चरित्र एवं सामाजिक हित के प्रति जागरूक व्यक्तियों को संगठन का सदस्य बनाने की दी गई जिम्मेदारी वही नव नियुक्त जिलाध्यक्ष शशि प्रकाश मिश्रा ने बताया कि संगठन द्वारा मिले दायित्वों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करते हुए समाज के साथ संगठन को मजबूत करने का कार्य किया जाएगा।

# एनटीपीसी-विंध्याचल: आपसी सम्मान और विश्वास उत्सव का पुरस्कार वितरण के साथ समापन

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी-विंध्याचल परियोजना में दिनांक 06.11.2024 को परियोजना के प्रशासनिक भवन रामानुजन सभागार मे कोर वैल्यू के अंतर्गत अक्टूबर माह में आपसी सम्मान और विश्वासउत्सव का पुरस्कार वितरण के साथ समापन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य-अतिथि कार्यकारी निदेशक(विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार, मुख्य महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा, मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सालय) डॉ. बी सी चतुर्वेदी, महाप्रबंधक (प्रचालन) राजशेखर पाला, महाप्रबंधक(मेंटीनेंस) ए जे राजकुमार, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) राकेश अरोड़ा, सभी विभागाध्यक्ष, अधिकारीगण एवं कर्मचारी, यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारीगण, कोर वैल्यू चैंपियन सदस्य के साथ-साथ विजयी प्रतिभागीगण भी उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम आपसी सम्मान और विश्वास के समापन अवसर पर कोर वैल्यू चैम्पियन सीनियर स्पेशलिस्ट (विंध्य चिकित्सालय) प्रतिमा महेंद्र ने सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं अपने स्वागत भाषण के माध्यम से सितंबर माह में कोर वैल्यू के अंतर्गत आपसी सम्मान और विश्वास प्रतियोगिता की स्थिति से सभी को अवगत कराया। साथ ही आपसी सम्मान और विश्वास उत्सव प्रतियोगिता के दौरान स्कूली बच्चों, महिलाओं (गृहिणियों),कर्मचारियों एवं संविदा कर्मचारियों हेतु आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विंध्य चिकित्सालय मे कार्यरत नर्सो द्वारा एक लघु नाटिका का मंचन भी किया गया, जिसे उपस्थित अतिथियों द्वारा सराहा गया। कार्यकारी निदेशक(विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार नें अपने विचार प्रकट करते हुये कहा कि एनटीपीसी की कार्य संस्कृति सकारात्मक है, वह अपने कर्मचारियों के कल्याण के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। एनटीपीसी विंध्याचल ने कर्मचारियों, उनके परिवारों और संविदा कर्मियों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं और गतिविधियों का आयोजन करके अक्टूबर 2024 में आपसी सम्मान और विश्वास के अपने मूल मूल्य का जश्न मनाया। यह पहल सभी संगठनात्मक स्तरों पर नैतिक आचरण और अखंडता को बढ़ावा देने के लिए एनटीपीसी के समर्पण को प्रदर्शित करती है। उन्होने यह भी कहा कि आपसी सम्मान और विश्वास कार्यस्थल पर सबसे महत्वपूर्ण मानवीय मूल्य है इसे हमेशा बरकरार रखना चाहिए।

# एनसीएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2024 का समापन

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/सिंगरौली।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्डस लिमिटेड में मंगलवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2024 के समापन समारोह का आयोजन हुआ। 28 अक्टूबर से 03 नवम्बर 2024 तक 'सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि' थीम पर आयोजित सतर्कता जागरूकता के समापन समारोह का केंद्रीय कार्यक्रम एनसीएल मुख्यालय में आयोजित किया गया। इस अवसर पर एनसीएल के सीएमडी बी. साईराम, निदेशक (कार्मिक) मनीष कुमार, निदेशक (तकनीकी/संचालन) जितेन्द्र मलिक, निदेशक (तकनीकी/ परियोजना एवं योजना) सुनील प्रसाद सिंह, सीवीओ, एनसीएल रविंद्र प्रसाद उपस्थित रहे। साथ ही मुख्यालय के विभागाध्यक्ष, सभी परियोजनाओं से महाप्रबंधक तथा बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारीगण एवं स्कूली छात्र-छात्राएँ भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान अपने उद्बोधन में एनसीएल के सीएमडी बी.साईराम ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2024 में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में कर्मियों, स्कूल के बच्चों व निकटवर्ती समुदाय की वृहद स्तर पर सहभागिता हेतु आयोजकों बधाई दी। इस अवसर पर उन्होने आज के एस प्रतिस्पर्धी युग में किसी संगठन के विकास में सतर्कता की भूमिका को अहम बताया। साथ ही साईराम ने अपने उद्बोधन में एनसीएल कर्मियों से राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा में अहम योगदान देते हुए दीर्घकालिक दृष्टि के साथ विश्व की श्रेष्ठ पद्धतियों को अपनानने हेतु आह्वान किया। कार्यक्रम को निदेशक (कार्मिक) मनीष कुमार, निदेशक (तकनीकी/संचालन) जितेन्द्र मलिक, निदेशक (तकनीकी/ परियोजना एवं योजना) सुनील प्रसाद सिंह ने भी संबोधित कर सतर्कता जागरूकता पर अपने विचार रखे। समापन समारोह कार्यक्रम में सीवीओ, एनसीएल रविंद्र प्रसाद ने सभी का स्वागत किया व सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान किए गए विभिन कार्यो का विस्तार से ब्योरा रखा। इस अवसर पर महाप्रबंधक (सतर्कता विभाग) ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यक्रम के दौरान एक वीडियो के माध्यम से सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान सभी क्षेत्रों इकाइयों में सम्पन्न विभिन्न गतिविधियों को दर्शाया गया। साथ ही एक ई-सतर्कता विशेषांक का विमोचन भी किया गया। उल्लेखनीय है कि सतर्कता जागरुकता सप्ताह के दौरान एनसीएल में सतर्कता झांकी, रैली, स्टेकहोल्डर्स मीट एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे चित्रकला, निबंध लेखन, तात्कालिक भाषण व प्रशिक्षण कार्यक्रमों आदि का आयोजन किया गया। इनके माध्यम से एनसीएल कर्मियों एवं हितग्राहियों को सभी कार्यालयीन एवं दैनिक कार्यो के निर्वहन में निवारक सतर्कता, सुचिता, जवाबदेही एवं पारदर्शिता स्थापित करने हेतु जागरूक किया गया। इस अवसर पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के दौरान आयोजित की गई विभिन्न प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ एनसीएल कर्मी, स्कूली छात्र-छात्राएँ एवं परियोजना व इकाईयों को पुरस्कृत किया गया।

# बच्चों को यातायात विभाग के द्वारा किया गया जागरूक

अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा बालकृष्ण त्रिपाठी एवं पुलिस उप महानिरीक्षक अजय कुमार सिंह ,जिलाधिकारी नगेंद्र प्रताप एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने संयुक्त रूप से यातायात माह नवंबर 2024 के निर्देशन में पूरे नवंबर माह में चलने वाले यातायात माह के अंतर्गत प्रतिदिन वाहनों की चेकिंग के साथ-साथ लोगों को जागरूक करने का अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज जीआईसी राजकीय इंटर कॉलेज बांदा के छात्रों के द्वारा शहर में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, सी0ओ0 यातायात राजवीर सिंह, यातायात प्रभारी राजेश चंद्र मिश्रा, मास्टर ट्रेनर पीयूष मिश्रा, सुनील सक्सेना (सदस्य जिला स्तरीय समन्वय समिति दुर्घटना जांच समिति), समस्त यातायात टीएस आई एवं यातायात आरक्षी,पुलिस कांस्टेबालों के सहयोग से गुजरने वाले राहगीरों को जो यातायात के साधनों का इस्तेमाल कर रहे थे उनको जागरूक किया गया। जिन्होंने सीट बेल्ट, हेलमेट नहीं लगाया सभी को स्कूली बच्चों के द्वारा संवाद करते हुए यातायात नियमों के पालन करने के लिए प्रेरित किया गया और दोबारा ऐसी गलती न करने के लिए शपथ दिलाई गई। इसी क्रम में 5 नवंबर 2024 एवं आज 6 नवंबर 2024 को लगभग 800 से अधिक दो पहिया चार पहिया वाहनों जिसमें बिना हेलमेट, बिना शीट बेल्ट, हूटर,काली फिल्म आदि यातायात से संबंधित वाहनों के चालान भी किए गए चालान करने के साथ-साथ सभी को हिदायत दी गई की अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज एवं सीओ ट्रैफिक राजवीर सिंह ने लोगों से अपील करते हुए बताया कि यातायात नियम का पालन करें अगर पालन नहीं करेंगे तो आपके ऊपर कठोर कार्यवाही संभव हैद्य नाबालिक बच्चे जिनकी उम्र 18 वर्ष से कम हैद्य एवं ड्राइविंग लाइसेंस नहीं है वो वाहनों का इस्तेमाल कतई ना करें।

# 100 शैय्या व जिला संयुक्त चिकित्सालय लोढ़ी का निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** राज्य महिला आयोग की सदस्य नीलम प्रभात द्वारा आज कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय उरमौरा का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान बालिकाओं के शौचालय की स्थिति बेहतर नहीं पायी गयी, जिस पर सदस्या ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को शौचालय की मरम्मत कराने के निर्देश दियें, इसी प्रकार से सदस्या ने वन स्टॉप सेंटर लोढ़ी का भी निरीक्षण की, इस दौरान वन स्टाप सेन्टर पर दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से प्राप्त की, इस दौरान उन्होंने कहा कि यदि महिलाओं के अपमानित करने हेतु कोई व्यक्ति डायन शब्द का इस्तेमाल करता है, तो उसके विरूद्ध आपराधिक धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया जायेगा, नारी शक्ति का सम्मान समाज के हर वर्ग को करना चाहिए। इसके पश्चात उन्होंने मातृ शिशु छाया 100 शैय्या अस्पताल का निरीक्षण की, निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि हॉस्पिटल में बाल रोग विशेषज्ञ भी नही है, जिसके संबंध में उन्होंने संबन्धित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि नियमानुसार कार्यवाही करते हुये डाक्टर की नियुक्त हेतु शासन स्तर पर पत्राचार किया जाये, इस दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दियें। इसके पश्चात जिला संयुक्त चिकित्सालय लोढ़ी का निरीक्षण की, निरीक्षण के दौरान यह तथ्य संज्ञान में आया कि हॉस्पिटल में डॉक्टर द्वारा कुछ मरीजों की पर्ची पर बाहर की दवाएं लिखना पाया गया, जिस पर उन्होंने सी0एम0एस0 को निर्देशित करते हुए कहा कि मरीजों की बाहर की दवाएं न लिखी जायें।

# स्पोर्ट्स डे आयेंगे पैरालंपिक पदक विजेता नवदीप और अजीत

- 30 नवंबर को है, डीपीएस का स्पोर्ट्स डे
- इन दोनों ने इस बार जीते हैं गोल्ड और सिल्वर
- पीएम मोदी ने हाल ही में किया इन्हें सम्मानित

वहाज अली निहाल



**इटावा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल इस बार फिर अपने स्पोर्ट्स डे 30 नवम्बर, 2024 को देश की ओलंपिक हस्तियों को बुला रहा है, जो स्कूल के बच्चों को प्रोत्साहित करने के साथ इटावा की धरती को भी धन्य करेंगे। 2024 पेरिस पैरालम्पिक खेलों में जैवलिन थ्रो स्पर्धा में इंडिया के लिये गोल्ड मैडल जीतने वाले नवदीप सिंह और सिल्वर मैडल जीतने वाले अजीत सिंह डीपीएस इटावा में पधार रहे है। इस बात की जानकारी एसएमजीआई चेयरमैन डॉ.विवेक यादव और डीपीएस इटावा की प्रिंसिपल भावना सिंह ने देते हुए बताया है कि दिल्ली पब्लिक स्कूल इटावा के यंग टेलेंटिड एथलीट्स को प्रोत्साहन के लिये यह दोनों पैरालंपिक विजेता खिलाड़ी स्कूल में आ रहे हैं। उल्लेखनीय हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने इन दोनों विजेताओं जैवलिन थ्रोअर नवदीप सिंह और अजीत सिंह को व्यक्तिगत तौर पर प्रधानमंत्री आवास बुलाकर उन्हें शुभकामनायें देते सम्मानित किया है। दिल्ली पब्लिक स्कूल के चेयरमैन डॉ.विवेक यादव ने बताया कि पूर्व में भी उनके स्कूल के एनुअल स्पोर्ट्स डे के अवसरों पर विश्व के सर्वश्रेष्ठ और भारत के लिये विभिन्न खेलों में पदक जीतकर गौरवान्वित करने वाले स्पोर्ट्स स्टार मैरी कॉम, साइना नेहवाल, धनराज पिल्लै, दीपक ठाकुर, देवेश चौहान आदि हमारे स्कूल के खिलाडियों को प्रोत्साहित करने आ चुके हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि दिल्ली पब्लिक स्कूल अपने विधार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिये हमेशा से कृतसंकल्पित है, इसी का परिणाम है कि डीपीएस में पढ़ने वाले बच्चे सीबीएसई परीक्षा परिणामों में टॉपर्स के रूप में अपना प्रदर्शन देते हैं, साथ ही सीबीएसई की नेशनल और जोनल स्तर की विभिन्न खेल स्पर्धाओं में पदकों को जीतकर स्कूल और अपनी स्पोर्ट्स क्षमताओं का निरंतरव गौरवपूर्ण प्रदर्शन कर रहे हैं। यह सब स्कूल के शानदार खेल इंफ्रास्ट्रक्चर और योग्य खेल कोचों की वजह से ही संभव हुआ है। इस वर्ष विभिन्न खेल स्पर्धाओं में सीबीएसई नेशनल गेम्स, खेलो इंडिया और जोन स्तरीय खेलों में दिल्ली पब्लिक स्कूल इटावा के बच्चों ने ही अकेले 50 से ज्यादा गोल्ड सिल्वर, ब्रॉन्ज मैडल जीतकर जनपद इटावा को गौरवान्वित किया है। विवेक यादव ने कहा कि इसलिये ही वह इटावा के अपने यंग एथलीट्स को प्रोत्साहन के लिये निरंतर देश के विश्व स्तरीय खिलाडियों को हर वर्ष अवश्य आमंत्रित करते रहे हैं।

सुरेश कुमार खन्ना ने छठ महापर्व के आयोजन को लेकर लक्ष्मण मेला मैदान घाट पर तैयारियों का निरीक्षण किया

# घाटों पर आने वाले श्रद्धालुओं के प्रवेश एवं निकास हेतु पर्याप्त व्यवस्था की जाए : खन्ना

- अधिकारियों को छठ घाटों पर सभी व्यवस्थाओं को चॉक-चौबंद करने हेतु दिए जरूरी निर्देश
- वैकल्पिक प्रवेश एवं निकास द्वारों की भी व्यवस्था रखी जाए



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा जनपद लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने छठ महापर्व के आयोजन को देखते हुए आज लक्ष्मण मेला मैदान घाट पर तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि घाटों पर आने वाले श्रद्धालुओं के सुगम प्रवेश एवं निकास हेतु पर्याप्त व्यवस्था किया जाए वैकल्पिक प्रवेश एवं निकास द्वारों की भी व्यवस्था रखी जाए। खन्ना ने छठ महापर्व पर सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई देते हुए सभी उपासकों से स्वच्छ, सुरक्षित, जीरो वेस्ट, प्लास्टिक मुक्त पर्व मनाने एवं गोमती नदी को प्रदूषण मुक्त बनाए रखने में सहयोग हेतु अपील की। उन्होंने छठ पूजा को लेकर घाटों व मार्गा में की जा रही व्यवस्थाओं, सुंदरीकरण, घाटों की मरम्मत, साफ सफाई, प्रकाश व सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को छठ घाटों पर सभी व्यवस्थाओं को चॉक-चौबंद करने हेतु जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालुओं को कोई भी परेशानी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि श्रद्धालु अपनी मुरादे पूरी करने के लिए सूर्य भगवान को अर्घ्य देकर पूर्ण श्रद्धा और आस्था के साथ यह त्योहार मनाते हैं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि घाटों पर साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था हो। सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न हो, कूड़ा कचरा इधर-उधर न फैले इसके लिए घाटों पर डस्टबिन रखवाए जाएं। पूजा सामग्री नदी में प्रवाहित न हो इसके लिए लोगों को जागरूक किया जाए। नगर के लोग छठ पर्व को दिव्य और भव्य रूप से मनाए, इसके लिए घाटों का सुंदरीकरण कराए जाए, जिससे श्रद्धालुओं को पूर्ण शांति व खुशी का एहसास हो। गहरे पानी में जाने से बचने के लिए नदी में बैरिकेटिंग की जाएं। साथ ही किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए जल पुलिस और गोताखोर भी तैनात किए जाएं। सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि छठ घाटों और मार्गा में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था कराई जाए। सभी छठ सफाई कर्मी, मशीनों, कार्मिकों व अधिकारियों की तैनाती रहे, सभी अपनी जिम्मेदारी को मुस्तैदी के साथ करें। श्रद्धालुओ के लिए घाटों पर शुद्ध पेयजल की आपूर्ति हेतु टैंकरों की व्यवस्था रहें। घाटों में गंदगी न हो, मोबाइल टॉयलेट की पर्याप्त व्यवस्था रहे।

## शीर्ष अदालत ने योगी के बुल्डोजर न्याय को आईना दिखाया : भाकपा (माले)

**लखनऊ।** भाकपा (माले) ने कहा है कि मुख्यमंत्री योगी के बुल्डोजर न्याय को सुप्रीम कोर्ट ने कानून का आईना दिखाया है। सड़क चौड़ीकरण के नाम पर महाराजगंज जिले में बुल्डोजर चलाकर घर को ध्वस्त कर देने को अराजक व गैरकानूनी कार्रवाई मानते हुए सरकार पर 25 लाख रुपये का न सिर्फ जुर्माना लगाया और इसे भवनस्वामी को देने के लिए कहा, बल्कि मनमानी कार्रवाई करने वाले अधिकारियों के खिलाफ एक महीने के भीतर जांच व अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश भी दिए हैं। राज्य सचिव सुधाकर यादव ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि शीर्ष अदालत के आदेश के बाद योगी के विध्वंसकारी बुल्डोजर का पहिया थमना चाहिए। क्योंकि प्रदेश में बुल्डोजर सिर्फ घरों पर ही नहीं, संविधान और लोकतंत्र पर भी चल रहा है। बहराइच में सड़क चौड़ीकरण के नाम पर 23 घरों पर बुल्डोजर चलाने की सरकार की योजना है। सरकार नफरत की राजनीति कर रही है। बहराइच हिंसा की आड़ में समुदाय विशेष को निशाना बनाया जा रहा है।

## वाहन स्वामियों के लिए एकमुश्त समाधान योजना दोबारा की गई लागू

- वाहन स्वामी एकमुश्त समाधान योजना में प्राप्त छूट का लाभ लेते हुए जमा करायें बकाया राशि : दयाशंकर सिंह

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह की पहल पर प्रदेश के वाहन स्वामियों को एक बार पुनः एकमुश्त शास्ति समाधान योजना का लाभ प्रदेश सरकार ने उपलब्ध कराया है। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव परिवहन एल0 वेंकेटेश्वर लू ने अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना में कहा गया है कि इस अधिसूचना के गजट में प्रकाशित किये जाने के तिथि से पूर्व तक रजिस्ट्रीकृत वाहनों पर संदेय कर के विलम्ब संदाय हेतु शास्ति के संदाय से इस अधिसूचना के गजट में प्रकाशित किये जाने के तिथि से तीन माह की अवधि के लिए छूट प्रदान की गई है। जारी अधिसूचना के तहत ऐसे वाहन स्वामी अथवा उनके विधिक वारिस, जिनके मामले विभिन्न न्यायालयों के समक्ष लम्बित हों, जिनके कर/शास्ति के विरूद्ध अपील/पुनरीक्षण, उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र) अथवा उप परिवहन आयुक्त (यात्रीकर) के समक्ष लम्बित हों, पात्र होंगे। वाहन स्वामियों को वाद प्रत्याहत करने के लिए, यथास्थिति सम्बन्धित न्यायालयों/उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र)/उप परिवहन आयुक्त (यात्रीकर), के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करना होगा। परिवहन यानों के समस्त स्वामी अथवा उसके विधिक वारिस, जिनके विरूद्ध इस अधिसूचना के गजट में प्रकाशित किये जाने के तिथि तक कर एवं शास्ति हेतु वसूली प्रमाण पत्र जारी किया गया हो, भी इस अधिसूचना के अधीन पात्र होंगे। अधिसूचना में कहा गया है कि स्वामी अथवा उसके विधिक वारिस को विभाग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन)/ कराधान अधिकारी को तिपहिया एवं हल्के मोटर यानों (7500 कि0ग्रा0 सकल यान भार तक) के मामले में आवेदन शुल्क के रूप में 200/- रूपये की धनराशि एवं अवशेष यानों हेतु आवेदन शुल्क के रूप में 500/- रूपये की धनराशि सहित आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

## बड़े इमामबाड़े की पवित्रता को लेकर रौशन जैकब ने लिखा डीएम को पत्र

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने ऐतिहासिक आसिफी इमामबाड़ा बड़ा इमामबाड़े में आपत्तिजनक रील बनाने पर कड़ा रुख अख्तियार करते हुए जिलाधिकारी और पुलिस आयुक्त को पत्र लिख कर बड़े इमामबाड़े की पवित्रता और सुरक्षा सुनिश्चित कराए जाने का निर्देश दिया है। उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी ने बड़े इमामबाड़े में आए दिन आपत्तिजनक रील बनाने और उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने का जिक्र किया था। मण्डलायुक्त ने पत्र का संज्ञान लेते हुए पुलिस आयुक्त और जिलाधिकारी को बड़े इमामबाड़े की पवित्रता और सुरक्षा के लिए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। पत्र में कहा गया है कि बड़े इमामबाड़े में इस तरह की गतिविधियां न केवल धार्मिक स्थल की पवित्रता को कमजोर करती है बल्कि इस ऐतिहासिक स्मारक की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करती है। बड़ा इमामबाड़ा हमारी समृद्ध विरासत और आस्था का प्रतीक है। इसकी गरिमा बनाए रखने के लिए तत्काल आवश्यक कदम उठाए जाएं।

## जमात-ए-इस्लामी हिन्द के प्रदेश अध्यक्ष ने उच्चतम न्यायालय के निर्णय का स्वागत किया

**लखनऊ/अवधनामा ब्यूरो।** जमात-ए-इस्लामी हिन्द पूर्वी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डॉ. मलिक फैसल ने उत्तर प्रदेश मदरसा अधिनियम को बरकरार रखने के उच्चतम न्यायालय के निर्णय का स्वागत किया है। डॉ. मलिक फैसल ने एक बयान में कहा कि उच्चतम न्यायालय का यह फैसला अल्पसंख्यक समुदाय के लिए उत्साहवर्धक है। इससे उन्हें अपने शैक्षिक अधिकारों को बनाए रखने व आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह फैसला मदरसा छात्रों और धार्मिक अल्पसंख्यकों व उनके शैक्षिक संस्थानों के शैक्षिक अधिकारों की रक्षा करेगा। निर्णय उन संवैधानिक सिद्धांतों की भी पुष्टि करता है जो धार्मिक अल्पसंख्यकों के शैक्षिक संस्थानों को सुरक्षा प्रदान करते हैं। निर्णय प्रदेश सरकार को यह संदेश भी देता है कि उसे धार्मिक शिक्षण संस्थानों को अपनी पहचान के साथ शिक्षा प्रदान करने के अधिकार का सम्मान करना चाहिए। अक्सर मदरसों को लेकर राजनीति की जाती है और मदरसा शिक्षा को राजनीतिक रंग दिया जाता है। ऐसे माहौल में यह फैसला बहुत अहम है। उन्होंने प्रदेश सरकार से मदरसों को निशाना बनाने के बजाए मदरसों में बेहतर शिक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने की मांग की, जहां समाज के हर वर्ग को शिक्षा प्राप्त करने के समान अवसर मिलें।

## मौलाना मुजतबा हुसैन के ईसाले सवाब के लिए मजलिस रविवार को

**लखनऊ/अवधनामा ब्यूरो।** जामिया नाजमियां में प्रोफेसर रहे स्वर्गीय मौलाना मुजतबा हुसैन के ईसाले सवाब के लिए रविवार को मजलिस आयोजित होगी। स्वर्गीय मौलाना के पुत्र अजादार हुसैन ने बताया कि रविवार को विक्टोरिया स्ट्रीट स्थित नाजिम साहब के इमामबाड़े में सुबह 10 बजे तिलावते कलामे पाक से मजलिस का आगाज होगा। मजलिस को सीतापुर के खैराबाद स्थित जामिया हैदरिया मदीनतुल उलूम के मौलाना नाजिम अली खैराबादी खिताब करेंगे।

## छठ पूजा : लखनऊ में जिला स्तरीय रहेगा अवकाश

**लखनऊ।** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिलाधिकारी लखनऊ के अनुमोदन दिनांक 12.12.2023 के अनुसार मैनुअल आफ गवर्नमेन्ट आर्डस (संशोधित) 1981 संस्करण पैरा-247 (सी) की व्यवस्था अन्तगर्त जिलाधिकारी अपने स्तर से 03 स्थानीय अवकाश घोषित कर सकते हैं , के अनुसार दिनांक 07.11.2024 दिन गुरूवार को छठ पूजा पर्व के उपलक्ष मे जनपद लखनऊ में जिला स्तरीय स्थानीय अवकाश रहेगा। किन्तु विभागाध्यक्ष कार्यालयों एवं अन्य विभागों में जहाँ पाँच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू है, वहाँ कार्यकारी आदेशो के अन्तर्गत घोषित अवकाश तथा प्रस्तर-6 में उल्लिखित जिलाधिकारियों द्वारा घोषित स्थानीय अवकाश सामान्य प्रशासन अनुभाग उत्तर प्रदेश शासन की विज्ञप्ति संख्या-528 / तीन-2023-39 (2) / 2016 दिनांक 04 दिसम्बर, 2023 के अन्तर्गत प्रस्तर-6 में उल्लिखित घोषित स्थानीय अवकाश लागू नहीं होगा।

## दर्से कुरान व जलसे का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** जामिया उम्मुल मोमिनीन मैमूना इस्लामिया लिलबनात फैजुल्लागंज में आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की इस्लाहे मुआशरा कमेटी की ओर से दर्से कुरान व जलसे का आयोजन किया गया। पर्सनल लॉ बोर्ड कार्यकारिणी सदस्य निकहत परवीन खान की अध्यक्षता में आयोजित जलसे व दर्से कुरान में जैनब ने तिलावते कलामे पाक से जलसे का आगाज किया। हुमैरा आसिफ ने हम्द और नसरा आसिफ ने बारगाहे रिसालत में अपना कलाम पेश किया। जलसे में उपस्थित महिलाओं को सम्बोधित करते हुए निकहत परवीन खान ने सूरए बकरा की कुछ आयतों का अनुवाद करते हुए कहा कि नबी पर नाजिल होने वाला कुरान सिर्फ अहले इस्लाम के लिए नहीं बल्कि पूरी इंसानियत के लिए जिंदगी का तौर-तरीका बताता है। सभी को हिदायत देता है। आज हमने कुरान को पीछे छोड़ दिया है। पूरी इंसानियत कराह रही है। तरह-तरह की परेशानियां सामने हैं। कुरान पढ़ें, समझें और उसका पैगाम दुनिया तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि आज जरूरत इस बात की है कि महिलाएं समाज में फैली बुराइयों को दूर करने की कोशिश करें। शादी-ब्याह के मामले शरीयत के मुताबिक अंजाम दें। गलत रस्मो-रिवाज, फिजूलखर्ची से बचें और इसकी शुरूआत अपने घर से करें। अपने बच्चे-बच्चियों के निकाह तालीमाते नबवी की रोशनी में अंजाम दें। समाज की इस्लाह और बेहतर बनाने में अपना किरदार अदा करें। फरहा जुनैद और फाएजा जुनैद ने नात और मनकबत का नजराना पेश किया। जामिया की उप प्राचार्य उम्मे हानी ताहिराती की दुआ पर जलसा सम्पन्न हुआ।























